सूर्योदय : 6:43
सूर्यास्त : 5:14
अधिकतम तापमान : 25.1
न्यूनतम : 10.2

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-181 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 21 दिसम्बर 2025
29 जमादीउस्सानी 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



## महाराष्ट्र के 23 नगर निकायों में मतदान संपन्न

- दोपहर तक 47 प्रतिशत वोटिंग; 21 दिसंबर को मतगणना
- बारामती और अंबरनाथ में भी डाले गए वोट



**मुम्बई।** महाराष्ट्र के 23 नगर निकायों, नगर परिषदों और नगर पंचायतों, में अध्यक्ष और सदस्यों के पदों के लिए मतदान शनिवार को शाम 5.30 बजे शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। इसके साथ ही इन निकायों में सदस्यों के 143 रिक्त पदों के लिए भी वोट डाले गए। सुबह 7.30 बजे शुरू हुए मतदान में दोपहर तक 47.04 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। राज्य चुनाव आयोग के अनुसार अंतिम मतदान प्रतिशत रविवार को जारी किया जाएगा। इन चुनावों में पुणे जिले की बारामती और ठाणे जिले की अंबरनाथ जैसी प्रमुख नगर परिषदें भी शामिल रहीं। नासिक जिले के सिन्नर, ओझर और चांदवड़ की छह वार्डों में औसतन 49.47 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इसी दौरान सिन्नर के वार्ड नंबर 2 में एक 25 वर्षीय युवक को फर्जी आधार कार्ड के जरिए अपने भाई के नाम पर वोट डालने की कोशिश करते हुए हिरासत में लिया गया।

राज्य चुनाव आयोग ने बताया कि 2 दिसंबर को हुए पहले चरण सहित कुल 286 नगर परिषदों और नगर पंचायतों के मतों की गिनती 21 दिसंबर (रविवार) सुबह 10 बजे से शुरू होगी। पहले चरण में 263 नगर परिषदों और नगर पंचायतों में मतदान हुआ था। कुछ स्थानों पर चुनाव बिना मुकाबले के संपन्न हुए। डोंडाइचा नगर परिषद और अंगार नगर पंचायत में अध्यक्ष और सदस्यों का चुनाव निर्विरोध रहा, जबकि जामनेर नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए भी कोई मुकाबला नहीं हुआ।

## सड़क सुरक्षा औपचारिकता नहीं, जनआंदोलन बने : मुख्यमंत्री

- 1 से 31 जनवरी तक चलेगा सड़क सुरक्षा जनआंदोलन
- आदतन नियम तोड़ने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 01 जनवरी से 31 जनवरी, 2026 तक प्रदेशव्यापी 'सड़क सुरक्षा माह' आयोजित करने के निर्देश देते हुए कहा है कि नए वर्ष की शुरुआत केवल औपचारिक आयोजनों से नहीं, बल्कि जनजीवन से सीधे जुड़े सड़क सुरक्षा जैसे अत्यंत संवेदनशील विषय पर ठोस संकल्प, व्यापक जनभागीदारी और व्यवहार परिवर्तन के लक्ष्य के साथ होनी चाहिए। सड़क सुरक्षा अभियान किसी भी स्थिति में औपचारिकता बनकर न रह जाए, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक के जीवन से जुड़ा जनान्दोलन बने।

मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में सड़क सुरक्षा अभियान की समीक्षा की। इस अवसर पर परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह, शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस बैठक में जनपद स्तर के वरिष्ठ अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा माह को 4-ई मॉडल के आधार पर संचालित किया जाए, जिसमें एजुकेशन, एन्फोर्समेण्ट, इंजीनियरिंग एण्ड इमरजेंसी केयर चारों स्तम्भों पर समान रूप से और समन्वित ढंग से कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों को केवल नियमों की जानकारी देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह समझाना आवश्यक है कि यातायात नियमों का पालन उनके स्वयं के जीवन, उनके परिवार और समाज की सुरक्षा से सीधे जुड़ा है।

शिक्षा के माध्यम से बच्चों, युवाओं और आम नागरिकों में सही सड़क व्यवहार विकसित किया जाए। प्रवर्तन के तहत नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित हो। इंजीनियरिंग के माध्यम से सड़कों के ब्लैक स्पॉट और क्रिटिकल पॉइंट सुधारे जाएं। इमरजेंसी केयर के अंतर्गत त्वरित एम्बुलेंस सेवा और बेहतर ट्रॉमा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इन चारों स्तम्भों पर संतुलित और एक साथ कार्य किए बिना सड़क दुर्घटनाओं में वास्तविक कमी सम्भव नहीं है।

बैठक में विभागीय अधिकारियों ने प्रस्तुत आंकड़ों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि वर्ष 2025 में नवम्बर माह तक प्रदेश में कुल 46,223 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं, जिनमें 24,776 लोगों की मृत्यु हुई है। मुख्यमंत्री ने इन आंकड़ों को अत्यंत गम्भीर बताते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाएं केवल प्रशासनिक या तकनीकी समस्या नहीं हैं, बल्कि यह एक बड़ी सामाजिक चुनौती है। एक भी दुर्घटना में किसी व्यक्ति की मृत्यु पूरे परिवार को जीवन भर का दर्द दे जाती है और इस पीड़ा को वही परिवार समझ सकता है। इसलिए, सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए संवेदनशीलता के साथ-साथ कठोर निर्णय लेना भी आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जनवरी के पहले सप्ताह में विशेष रूप से जागरूकता पर फोकस किया जाए और सभी विभाग अपनी-अपनी तैयारियां समय से पूरी करें। प्रदेश की प्रत्येक तहसील, ब्लॉक, जिला और सभी प्रमुख मुख्यालयों पर जागरूकता सम्बन्धी प्रचार सामग्री अनिवार्य रूप से लगाई जाए।

# बंगाल जंगल राज से होगा आज़ाद

### ममता सरकार पर पीएम मोदी का तीखा प्रहार

### बंगाल को टीएमसी के महा जंगल राज सआजाद करने का समय : मोदी

बिहार के लोगों ने बार-बार दिखाया है कि उन्हें जंगल राज की वापसी में कोई दिलचस्पी नहीं है। अब पश्चिम बंगाल में टीएमसी की वजह से फैले महा जंगल राज से खुद को आजाद करने का भी समय है। बीजेपी स्पीड और स्केल में विश्वास करती है। बीजेपी सुशासन में विश्वास करती है। लेकिन, टीएमसी को सिर्फ कट और कमीशन की चिंता है। आवास, स्वास्थ्य सेवा, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा और बहुत कुछ सहित हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएँ टीएमसी के असहयोगी रवैये के कारण आगे नहीं बढ़ रही हैं।



### टीएमसी पश्चिम बंगाल का विकास क्यों रोक रही है

अगर टीएमसी मोदी का विरोध करना चाहती है, तो वह सौ बार ऐसा कर सकती है। अगर टीएमसी बीजेपी का विरोध करना चाहती है, तो वह बार-बार ऐसा कर सकती है। लेकिन टीएमसी पश्चिम बंगाल का विकास क्यों रोक रही है? उनकी राजनीति स्वार्थ से भरी है।

### टीएमसी घुसपैठियों को बचाने के लिए पूरी ताकत लगहा रही : प्रधानमंत्री मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोगों ने हाल के वर्षों में बहुत कुछ सहा है। पश्चिम बंगाल की नारी शक्ति की हालत बहुत दुखद है। पश्चिम बंगाल जैसा फुटबॉल प्रेमी राज्य टीएमसी की वजह से शर्मसार हुआ। हाल की घटना ने फुटबॉल पसंद करने वाले कई युवाओं का दिल तोड़ दिया है। टीएमसी उन घुसपैठियों को बचाने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा रही है, जो बदले में पश्चिम बंगाल के गरीबों को लूटते हैं, आतंक और अराजकता फैलाते हैं और हमारी नारी शक्ति के खिलाफ अत्याचार करते हैं। उन्होंने कहा कि यह मोदी का पश्चिम बंगाल के लोगों से वादा है कि राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पीएम ने कहा कि मैं हर मतुआ और नामाशूद्र परिवार को भरोसा दिलाता हूं कि हम हमेशा उनकी सेवा करेंगे। वे यहां टीएमसी की दया पर नहीं हैं। उन्हें CAA की वजह से भारत में सम्मान के साथ रहने का अधिकार है, जिसे हमारी सरकार लाई है। पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनने के बाद हम मतुआ और नामाशूद्र समुदायों के लिए और भी बहुत कुछ करेंगे।

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में नादिया में रैली न कर पाने को लेकर खेद प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि नदिया में श्री चैतन्य महाप्रभु की भूमि होने के कारण यह क्षेत्र भारतीय संस्कृति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। पीएम मोदी एक्स पर लिखा कि और भी कई मुद्दे हैं, जिन्हें मैं रानाघाट में उठाता, लेकिन मौसम की वजह से मैं रैली में पर्सनली शामिल नहीं हो पाया।

- हमारी सरकार चौबीसों घंटे काम कर रही: प्रधानमंत्री

पीएम मोदी ने कहा कि हम सभी जो भारतीय संस्कृति की महानता में विश्वास करते हैं, उनके लिए नदिया का एक बहुत ही खास स्थान है। यह भूमि श्री चैतन्य महाप्रभु से जुड़ी है। इस भूमि का दूसरों की सेवा करने का इतिहास रहा है, एक ऐसी भावना जो मेरी मतुआ बहनों और भाइयों में झलकती है। इसलिए, नदिया और पश्चिम बंगाल के विकास के लिए काम करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार पश्चिम बंगाल के लोगों को सशक्त बनाने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रही है। 52 लाख घरों को मंजूरी दी गई है, जो हमारी इस प्रतिबद्धता को दिखाता है कि हर व्यक्ति के सिर पर छत हो। राज्य के एक करोड़ से ज़्यादा परिवारों को जल जीवन मिशन से फायदा हुआ है। एक बार पश्चिम बंगाल में बीजेपी सरकार बनने के बाद, काम और भी तेजी से होगा ताकि लाभार्थियों की संख्या बढ़ सके।

पश्चिम बंगाल के लोगों को बेहतरीन क्वालिटी और किफायती स्वास्थ्य सेवा देने के लिए, 13,000 से ज्यादा आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए गए हैं। 750 से ज्यादा PM-भाजपा केंद्र हैं जो किफायती दरों पर दवाएं देते हैं।

### पीएम मोदी की रैली में नादिया जाते समय तीन की मौत

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री मोदी की रैली में जाते समय घने कोहरे के बीच ट्रेन की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। इसमें तीन अन्य घायल हुए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। जानकारी के अनुसार ये लोग पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के ताहेरपुर में पीएम की रैली में शामिल होने जा रहे थे। अधिकारी ने बताया कि यह घटना पूर्वी रेलवे के सियालदह-कृष्णानगर खंड के अंतर्गत ताहेरपुर और बडकुल्ला रेलवे स्टेशनों के बीच हुई।

### प्रधानमंत्री ने कोलकाता हवाई अड्डे पर जताया शोक

घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण पीएम का हेलीकॉप्टर ताहेरपुर में नहीं उतर सका, उन्होंने कोलकाता हवाई अड्डे से अपने आभासी संबोधन में भाजपा कार्यकर्ताओं की मौत पर शोक व्यक्त किया। मोदी ने कहा कि मुझे पता चला है कि रैली में जाते समय कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं की रेल दुर्घटना में जान चली गई। मेरी संवेदनाएं मृतकों के परिवारों के साथ हैं और मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

### उत्तर प्रदेश पुलिस में 537 पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया शुरू, आवेदन की आखिरी तारीख भी आउट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस में पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) के रिक्त 537 पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पुलिस भर्ती बोर्ड ने शनिवार को अपनी वेबसाइट पर इसकी विज्ञप्ति जारी की है। अभ्यर्थी 19 जनवरी तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। भर्ती बोर्ड के अनुसार वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर भर्ती के लिए पात्रता, आनलाइन आवेदन करने की प्रकिया, शुल्क जमा करने की प्रक्रिया, शैक्षिक अर्हता, अधिमानी अर्हता, प्रमाण पत्रों का प्रोफार्मा, लिखित परीक्षा, पाठ्यक्रम, आरक्षण, आयु सीमा आदि के संबंध में निर्धारित महत्वपूर्ण निर्देश की जानकारी उपलब्ध कराई गई है। आवेदन की समय सारिणी के तहत 19 दिसंबर तक आवेदन शुल्क जमा किया जा सकता और जमा किए गए शुल्क का समायोजन 22 जनवरी तक किया जा सकता है।

## पूर्व अग्निवीरों के लिए बीएसएफ में कांस्टेबल पद पर अब 50 प्रतिशत कोटा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीमा सुरक्षा बल में कांस्टेबल भर्ती के लिए पूर्व अग्निवीरों का कोटा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। इस संबंध में एक गजट अधिसूचना जारी कर दी गई है। आरक्षण में यह बढ़ोतरी सीमा सुरक्षा बल सामान्य ड्यूटी कैडर (गैर-गजटेड) भर्ती नियम, 2015 में संशोधन करके की गई है। अधिसूचना के अनुसार, पूर्व अग्निवीरों को शारीरिक मानक परीक्षण और शारीरिक दक्षता परीक्षण से भी छूट दी जाएगी। सीधी भर्ती (पचास प्रतिशत सहित) में हर भर्ती वर्ष में पूर्व अग्निवीरों के लिए रिक्तियां आरक्षित रहेंगी। इसके अलावा पूर्व सैनिकों के लिए दस प्रतिशत और सालाना खाली पदों को भरने में काम्बैटाइज्ड कांस्टेबल (ट्रेड्समैन) के लिए तीन प्रतिशत तक पद आरक्षित रहेंगे।

पहले चरण में पूर्व अग्निवीरों के लिए निर्धारित 50 प्रतिशत रिक्तियों के लिए भर्ती नोडल बल यानी बीएसएफ द्वारा की जाएगी। दूसरे चरण में, स्टाफ सेलेक्शन कमीशन द्वारा पूर्व अग्निवीरों के अलावा अन्य उम्मीदवारों के लिए शेष 47 प्रतिशत रिक्तियों (जिसमें 10 प्रतिशत पूर्व सैनिक शामिल हैं) के लिए भर्ती की जाएगी। साथ ही पहले चरण में एक विशेष श्रेणी में पूर्व अग्निवीरों की भरी नहीं गई रिक्तियों के लिए भी।

जून 2022 में, सरकार ने अग्निपथ भर्ती योजना शुरू की थी जिसका उद्देश्य तीन सेवाओं की आयु प्रोफाइल को कम करना था। अग्निवीर योजना के तहत, साढ़े 17 साल से 21 वर्ष की आयु के उम्मीदवारों का चयन किया जाता है और उन्हें चार वर्षों के लिए सेना, वायु सेना और नौसेना में अग्निवीर के रूप में भर्ती किया जाता है।

### पिकनिक से लौट रही स्कूल बस डिवाइडर पार कर पलटी

**श्रीनगर।** जम्मू के बिश्नाह क्षेत्र में शनिवार को रिंग रोड पर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। पिकनिक से लौट रही एक निजी स्कूल की बस डिवाइडर पार कर पलट गई, जिससे कम से कम 35 से अधिक स्कूली छात्र घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

अधिकारियों के अनुसार, यह बस निजी स्कूल प्रगवाल अखनूर के छात्रों को पिकनिक से वापस ला रही थी। अचानक बस चालक का नियंत्रण बिगड़ गया, जिससे बस डिवाइडर पर चढ़ते हुए सड़क के दूसरी ओर जाकर पलट गई। हादसे में घायल छात्रों को तुरंत उपचार के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया गया। कुछ गंभीर रूप से घायल छात्रों को एआईआईएमएस जम्मू रेफर किया गया है, जबकि अन्य को नजदीकी अस्पतालों में उपचार दिया जा रहा है।

## जर्मनी में भारत विरोधी लोगों से मिले राहुल गांधी : भाजपा



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जर्मनी दौरे को लेकर तल्ख टिप्पणी की। भाजपा ने शनिवार को आरोप लगाया कि संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान विदेश जाकर राहुल गांधी ने न केवल भारत को बदनाम किया, बल्कि भारत विरोधी ताकतों से मुलाकात भी की। भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का पहला कर्तव्य संसद में मौजूद रहना होता है, लेकिन राहुल गांधी संसद सत्र छोड़कर जर्मनी चले गए। भाटिया ने कहा, विदेश जाकर भारत को बदनाम करना और भारत विरोधी लोगों से मिलना, यह काम देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कर रहे हैं, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी जर्मनी के हर्टी स्कूल गए, जहां उन्होंने डॉ. कॉर्नेलिया वोल से मुलाकात की। उन्होंने दावा किया कि डॉ. वोल सेंट्रल यूरोपियन यूनिवर्सिटी (सीईयू) की ट्रस्टी हैं, जिसे अमेरिकी निवेशक और परोपकारी जॉर्ज सोरोस से जुड़ा बताया जाता है। भाजपा का आरोप है कि जॉर्ज सोरोस और उनसे जुड़े संस्थानों के भारत विरोधी रुख रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता ने एक राजनीतिक मीम का जिक्र करते हुए कहा कि राहुल गांधी और जॉर्ज सोरोस के बीच करीबी संबंध हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी संसद सत्र चल रहा होता है, राहुल गांधी विदेश यात्रा पर निकल जाते हैं और ऐसे लोगों से मिलते हैं जो भारत के विरोधी हैं या भारत की प्रगति से जलन रखते हैं। गौरव भाटिया ने सवाल उठाया कि आखिर नेता प्रतिपक्ष किस एजेंडे के तहत विदेशों में जाकर भारत के खिलाफ माहौल बनाते हैं।

### परिवहन मंत्री का ऐलान
### दिल्ली की हवा साफ करने को नई ईवी पॉलिसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि राजधानी को स्वच्छ बनाने और प्रदूषण पर नियंत्रण करने के लिए सरकार इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति लेकर आयेगी।

डॉ. पंकज ने शनिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि दिल्ली में स्वच्छ हवा सुनिश्चित करने के लिए हम जनहित में इलेक्ट्रिक वाहन नीति ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब उनकी सरकार बनी तब परिवहन विभाग में मात्र 300 ईवी बसें थीं जबकि आज यह संख्या बढ़कर 3,518 हो गई है। उन्होंने कहा कि अगले साल मार्च तक इसे 5,000 तक पहुंचा देंगे। पिछले साल के 80 हज़ार की तुलना में इस साल ईवी वाहनों का पंजीकरण एक लाख का आंकड़ा पार कर चुका है ।

**स्पेस** — व्हीलचेयर से अंतरिक्ष तक- जर्मनी की इंजीनियर ने रचा इतिहास

## पहली दिव्यांग महिला ने भरी स्पेस में उड़ान

- एक हादसे में घायल हो गईं थी माइकला बेंथॉस



**बर्लिन।** जर्मनी की एक पैराप्लेजिक (कमर के नीचे लकवाग्रस्त) इंजीनियर ने इतिहास रच दिया है। माइकला बेंथॉस व्हीलचेयर का इस्तेमाल करने वाली पहली व्यक्ति बन गईं, जिन्होंने अंतरिक्ष की उड़ान भरी। शनिवार को उन्होंने अमेरिका के वेस्ट टेक्सास से उड़ान भरी और कुछ मिनटों के लिए पृथ्वी को ऊपर से निहारा, इस दौरान उनकी व्हीलचेयर धरती पर ही रह गई और वह अंतरिक्ष में भारहीनता का अनुभव करती रहीं।

माउंटेन बाइक हादसे में सात साल पहले गंभीर रूप से घायल होने के बाद माइकला बेंथॉस चल नहीं सकतीं। इसके बावजूद उन्होंने ब्लू ओरिजिन की रॉकेट उड़ान में हिस्सा लिया। यह कंपनी अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस की है। इस खास उड़ान में उनके साथ जर्मनी में जन्मे और स्पेसएक्स के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी हैंस कोएनिग्समैन भी थे। उन्होंने बेंटहाउस की यात्रा के आयोजन और प्रायोजन में मदद की। टिकट की कीमतों का खुलासा नहीं किया गया।

करीब 10 मिनट की इस उप-कक्षीय (स्पेस को छूने वाली) उड़ान के लिए केवल मामूली बदलाव करने पड़े। ब्लू ओरिजिन के अनुसार, उनका न्यू शेफर्ड कैप्सूल पहले से ही इस तरह डिजाइन किया गया है कि अलग-अलग क्षमताओं वाले लोग भी उड़ान भर सकें। माइकला बेंथॉस के लिए कैप्सूल में एक खास ट्रांसफर बोर्ड लगाया गया, ताकि वह हैच से अपनी सीट तक आसानी से जा सकें। लैंडिंग के बाद रेगिस्तान में तुरंत उनकी व्हीलचेयर तक पहुंच बनाने के लिए कालीन बिछाया गया। लॉन्च पैड पर पहले से मौजूद लिफ्ट से सात मंजिल ऊपर कैप्सूल तक पहुंच संभव हुई।

### यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के ग्रेजुएट ट्रेनी प्रोग्राम का हिस्सा हैं बेंथॉस

33 वर्षीय माइकला बेंथॉस नीदरलैंड्स में यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के ग्रेजुएट ट्रेनी प्रोग्राम का हिस्सा हैं। उन्होंने 2022 में पैरबोलिक फ्लाइट के जरिए भारहीनता का अनुभव किया था और बाद में पोलैंड में दो हफ्ते के सिम्युलेटेड स्पेस मिशन में भी भाग लिया। उड़ान से पहले उन्होंने कहा, मुझे कभी नहीं लगा था कि अंतरिक्ष यात्रा मेरे लिए एक वास्तविक विकल्प होगी। हादसे के बाद तो यह सपना और भी दूर लगता था, क्योंकि विकलांग लोगों के अंतरिक्ष जाने का कोई इतिहास नहीं था। यह निजी मिशन था और इसमें ईएसए की सीधी भागीदारी नहीं थी। इसी साल ईएसए ने रिजर्व अंतरिक्ष यात्री जॉन मैकफॉल को भविष्य में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की उड़ान के लिए मंजूरी दी है। मैकफॉल एक पैर कटने के बावजूद प्रोस्थेटिक के सहारे चलते हैं, जबकि बेंथॉस चल नहीं सकतीं। आपात स्थिति में उनकी मदद के लिए कोएनिग्समैन को विशेष रूप से जिम्मेदारी दी गई थी। माइकला बेंथॉस का कहना है कि वह ज्यादा से ज्यादा काम खुद करना चाहती थीं। उनका लक्ष्य सिर्फ अंतरिक्ष ही नहीं, बल्कि धरती पर भी विकलांग लोगों के लिए पहुंच (एक्सेसिबिलिटी) बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि यह रास्ता मेरे जैसे लोगों के लिए खुलेगा।

## सरकार के जी राम जी विधेयक पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** विपक्षी कांग्रेस रविवार को पूरे त्रिपुरा में केंद्र सरकार के 20 साल पुराने मनरेगा को वीबी-जी राम जी करने के विरोध में प्रदर्शन करेगी। कर्नाटक में सत्ताधारी कांग्रेस ने आज मनरेगा को बदलने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इसी के साथ नेशनल हेराल्ड मामले में भी भाजपा पर नफरत की राजनीति का आरोप लगाया।

वरिष्ठ कांग्रेस विधायक सुदीप रॉय बर्मन ने शनिवार को कहा, ÷कांग्रेस को नाम में राम से कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन जिस तरह से ऐतिहासिक कानून से महात्मा गांधी का नाम हटाया गया है, वह मंजूर नहीं है। न सिर्फ़ राष्ट्रपिता का नाम हटाया गया, बल्कि एनडीए सरकार ने करोड़ों जॉब कार्ड धारकों के अधिकार भी छीन लिए।

रॉय बर्मन ने कहा कि VB-G RAM-G बिल में हर जॉब कार्ड धारक को 125 दिन का काम देने का प्रस्ताव है, और फंड केंद्र और राज्यों को 60:40 के अनुपात में देना होगा।




### कर्नाटक में लगातार विरोध जारी

कर्नाटक में शनिवार को जी राम जी और नेशनल हेराल्ड को लेकर विरोध हुआ। यहां फ्रीडम पार्क में हुए इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व राज्य कांग्रेस अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने किया, जिसमें पार्टी के कई नेता और विधायक शामिल हुए।

शिवकुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके कार्यकर्ता गांधी के भारत को गोडसे के भारत में बदलने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि नाथूराम गोडसे की पार्टी (स्पष्ट रूप से भाजपा का जिक्र करते हुए) महात्मा गांधी का नाम हटाने की कोशिश कर रही है, जिन्होंने देश की एकता और आजादी के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। उन्होंने मनरेगा योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने के लिए उन्हें देशद्रोही कहा।

## डीएम की अध्यक्षता में समाधान दिवस में कुल 61 शिकायती आयी मात्र 07 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी ।** संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील गोला गोकर्णनाथ के सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार ने एक ओर जहां फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं, वहीं दूसरी ओर जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपे जनसुनवाई के दौरान डीएम व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में जनसमस्याओं का समाधान सर्वोपरि है। गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं का संवेदनशीलता से तुरंत समाधान करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए संतोषजनक निस्तारण करें और भूमि विवादों में राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल कार्यवाही करे इस समाधान दिवस में कुल 61 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत हुए, जिनमें से 07 का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 35, पुलिस विभाग की 05, आपूर्ति विभाग की 06, विकास विभाग की 04, विद्युत और नगर निकाय की 02-02, बैंक, परिवहन और समाज कल्याण की 01-01 और अन्य की 04 शिकायतें शामिल रहीं। सभी प्रार्थना पत्रों को पृष्ठांकित कर संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण हेतु सौंपा गया। इस दौरान एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी, एसडीएम (न्यायिक) रेणु मिश्रा, पीडी एसएन चौरसिया, सीओ रमेश कुमार तिवारी, तहसीलदार भीमसेन सहित जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम और एसपी रैन बसेरों का किया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व शासन के निर्देश पर अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमज़ोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुँचाये जाने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ द्वारा त्रिलोक गिरी और नीलकंठ मैदान में संचालित स्थायी रैन बसेरों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी निरीक्षण के दौरान डीएम ने रैन बसेरों में ठहरने वाले लोगों के लिए की गई सुविधाओं की जानकारी ली। कंबल, बिस्तर, पेयजल, प्रकाश और साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही उपस्थिति पंजिकाओं का गहन अवलोकन कर



व्यवस्थाओं की पड़ताल की डीएम ने स्पष्ट कहा कि ठंड के मौसम में कोई भी बेसहारा व्यक्ति खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर न हो, यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। रैन बसेरों में सभी मूलभूत सुविधाएं समय से और गुणवत्तापूर्ण ढंग से उपलब्ध कराई जाएं। एसपी ने भी सुरक्षा और निगरानी को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान छात्रा से रेप के आरोपियों को किया गिरफ्तार

### घटना का मुख्य आरोपी अभी भी फरार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** फरधान थाना क्षेत्र में 15 दिसंबर को कोचिंग जा रही छात्रा से रेप के आरोपियों को शुक्रवार देर रात पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी है। उनको इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर, घटना का मुख्य आरोपी अभी भी फरार है। उसकी तलाश में पुलिस टीम में लगी हुई है। फरधान थाना क्षेत्र में रहने वाली 17 वर्षीय छात्रा 15 दिसंबर को अपनी सहेली के साथ सुबह कोचिंग जा रही थी। लखीमपुर बेहजम रोड पर लीलाकुआं के पास उसको बाइक सवार तीन युवकों ने रोक लिया।आरोपी उसे सड़क किनारे गन्ने के खेत में पकड़ कर ले गए आरोप है कि तीनों ने उसके साथ रेप किया। पीड़िता आरोपियों को पहचानती नहीं थी। उसने शक के आधार पर केस दर्ज कराया। पुलिस ने अपनी छानबीन के दौरान जल्द ही आरोपियों की पहचान कर ली। उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू हो गए। आरोपियों को पकड़ने के लिए फरधान पुलिस के अलावा एसओजी को भी लगाया गया था। तलाश के दौरान शुक्रवार की देर रात पुलिस को घटना में शामिल दो आरोपियों की लोकेशन अमन लाला गांव के पास नहर पटरी पर मिली। सूचना पाकर पुलिस ने उनकी घेराबंदी की। पुलिस को देखकर आरोपियों ने फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने भी गोलियां चलाई। कुछ देर तक चली मुठभेड़ के दौरान दो गोलियां आरोपियों के पैर में लगी और वह घायल होकर गिर गए। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों की पहचान सलमान उर्फ दानिश निवासी कोढ़ैया थाना फरधान और मुख्तार निवासी भुड़वार थाना गोला के रूप में हुई है। इलाज के लिए दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया। पुलिस आरोपियों को न्यायालय भेजने की तैयारी कर रही है। उधर घटना का मुख्य आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।

## जिला स्तरीय प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों का ससमय से हो निस्तारणः डीएम साहिबा

### तहसील दिवस में 149 शिकायत में से मात्र 6 का मौके पर निस्तारण



*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर** - डीएम मोहतरमा जसजीत कौर ने बताया कि तहसील दिवस व आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की मॉनिटरिंग शासन स्तर से की जा रही है। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त होने वाली शिकायतों को सभी अधिकारी पूरी गंभीरता से लेते हुए ससमय उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस एवं जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली शिकायतों को पूर्ण गुणवत्ता और मानक के साथ निस्तारित करना सुनिश्चित करें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी निश्चित रूप से प्राप्त कर लें, शिकायतकर्ता को संतुष्ट किये बिना शिकायत का निस्तारण स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना संभव नहीं है तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वे अपनी शिकायत को पुनः प्रेषित न कर सकें। डीएम साहिबा तहसील धामपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता द्वारा अपनी शिकायत पुनः प्रस्तुत करने का सीधा अर्थ है कि उसकी शिकायत को गंभीरतापूर्वक नहीं सुना गया या उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि विभागीय जन शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप निस्तारण करना सुनिश्चित करें और प्रयास करें कि मौके पर जा कर शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर स्थानीय लोगों से भी वार्ता करें ताकि शिकायत की सत्यता प्रमाणित होने के साथ-साथ उसका निस्तारण भी गुणवत्तापरक होना संभव हो सके। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार अति संवेदनशील एवं गंभीर है और उच्च स्तर से शिकायतों की गुणवत्ता की सीधे जांच की जाती है, अतः सभी विभागीय अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। तहसील दिवस के मौके पर कुल 149 शिकायतें दर्ज की गयीं। जिन में 06 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, उप जिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 कौशलेंद्र सिंह सहित अन्य सभी विभागों के जिला स्तरीय एवं स्थानीय अधिकारी मौजूद रहे।

## नेशनल एकता संगठन की ओर से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को 200 लिहाफ बांटे गए



*अवधनामा संवाददाता*

**अफजलगढ़।** नगर के मोहल्ला नायक सराय में स्थित पूर्व चेयरपर्सन पति शेख इरशाद हुसैन के आवास पर नेशनल एकता संगठन की ओर से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए 200 लिहाफ वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कड़ाके की ठंड को देखते हुए आयोजित इस कार्यक्रम में जरूरतमंदों को लिहाफ वितरित कर राहत पहुंचाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शेख सुलेमान एवं संगठन के उत्तराखंड प्रभारी सलीम उस्मानी सहित अन्य पदाधिकारियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। लिहाफ वितरण के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग एवं बच्चे उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक शेख सुलेमान एवं पूर्व चेयरपर्सन पति शेख इरशाद हुसैन ने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग की मदद करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यदि संगठन गरीब बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी लेता है तो नगर के जिम्मेदार लोग भी आगे आकर संगठन को हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने संगठन के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे और एकता को मजबूत करते हैं।

## मेजर दानिश निवासी नजीबाबाद का जम्मू में हुआ सम्मान





**नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** भारत सरकार की खेलो इंडिया पहल के अंतर्गत ASMITA योजना के तहत सॉफ्ट टेनिस नॉर्थ ज़ोन प्रतियोगिता का जम्मू में भव्य शुभारंभ किया गया। इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेजर दानिश ने डिविजनल सपोर्ट ऑफिसर के रूप में स्वयं खेलकर किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,दिल्ली, चंडीगढ़,जम्मू कश्मीर,पंजाब एवं हरियाणा से आई बालिकाओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। मेजर दानिश ने खिलाड़ियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया और खेल को अनुशासन, आत्मविश्वास एवं राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बताया। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों द्वारा मेजर दानिश का पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। उपस्थित खेल अधिकारियों, प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों ने उनके खेल एवं युवाओं के प्रति समर्पण की सराहना की। नजीबाबाद निवासी मेजर दानिश निरंतर देश के विभिन्न भागों में अपने कार्य, अनुशासन और सामाजिक-राष्ट्रीय योगदान के माध्यम से नजीबाबाद जनपद (बिजनौर) का नाम रोशन करते आ रहे हैं।

## कविता और राष्ट्रभाव से सजेगी अयोध्या, अटल जयंती पर होगा राष्ट्रीय कवि सम्मेलन

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर की संध्या अयोध्या साहित्य और काव्य रस से सराबोर होगी। इस अवसर पर पूर्व सांसद लल्लू सिंह के संयोजन में जीआईसी मैदान में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देशभर से ख्यातिप्राप्त कवि अपनी रचनाओं के माध्यम से अटल जी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि यह कवि सम्मेलन केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि अटल बिहारी वाजपेयी के बहुआयामी व्यक्तित्व को स्मरण करने का साहित्यिक माध्यम है। अटल जी कुशल राजनीतिज्ञ होने के साथ-साथ ओजस्वी वक्ता, संवेदनशील कवि, पत्रकार और प्रखर साहित्यकार थे। उनकी कविताएं आज भी युवाओं में राष्ट्रप्रेम, शौर्य और आत्मविश्वास का संचार करती हैं।

कवि सम्मेलन में डा.सुनील जोगी, जमुना उपाध्याय, विनीत चौहान, डा.विष्णु सक्सेना, डा.अनु सपन, प्रियांशु गजेन्द्र, रुचि चतुर्वेदी, अनिल चौबे, अभिसार गीता शुक्ला, लोकेश त्रिपाठी अपनी काव्य प्रस्तुतियां देंगे।

आयोजन को लेकर जर्मन हैंगर से विशेष पंडाल तैयार किया जाएगा, जहां ठंड से बचाव के लिए हीटर और अलाव की व्यवस्था रहेगी। शाम छह बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में थ्रीडी साउंड सिस्टम के माध्यम से कविताओं की प्रस्तुति को और प्रभावी बनाया जाएगा। जिले के प्रबुद्धजन, संत समाज और जनप्रतिनिधियों को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया जा रहा है।

## पूजा-पाठ को लेकर महिलाओं को धमकी, पुलिस से की शिकायत

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** तारुन थाना क्षेत्र अंतर्गत केशरुआ बुजुर्ग के कोटवा गांव में पूजा-पाठ करने को लेकर एक परिवार की महिलाओं को धमकाने का मामला सामने आया है। वन राजा बस्ती की आधा दर्जन से अधिक महिलाओं का आरोप है कि वे अपने घर के सामने स्थित नीम के पेड़ पर पूजा करती हैं, जिस पर आसपास के लोग आपत्ति जताते हुए उन्हें रोक रहे हैं। महिलाओं ने आरोप लगाया कि बगल के लोग जादू-टोना करने का झूठा आरोप लगाकर गाली-गलौज कर रहे हैं तथा जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे इस संबंध में महिलाओं ने विरोध जताया और तारुन थाने में शिकायत देने की बात कही।शिकायत करने वालों में सावित्री, सुशीला, मीना, चंपाकली, मीना देवी, मालती, राहुल व बदल सहित अन्य लोग शामिल हैं।

## जिला जज ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** जिला जज रणंजय वर्मा ने जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व जेल अधीक्षक के साथ जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बंदियों की स्थिति, पाठशाला, रसोईघर, भोजन, पेयजल, साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया गया। किशोर बैरक में बच्चों से संवाद किया गया तथा अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता और शीतलहर से बचाव हेतु अलाव की व्यवस्था की जानकारी ली गई।

# लूट को अंजाम देकर भाग रहे बदमाशों को,पब्लिक ने पड़कर किया पुलिस के हवाले

### विरोध में बंद किया गया बाजार, लगाया गया जाम





*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** थाना उघैती क्षेत्र के ग्राम खितौरा के मुख्य बाजार में स्थित सर्राफा कारोबारी की दुकान पर शुक्रवार सरे- शाम हुई लूट के मामले में पुलिस की फजीहत के बाद इंस्पेक्टर समेत तीन पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।एसएसपी द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। विदित हो कि थाना उघैती क्षेत्र के ग्राम खितौरा निवासी लालाराम रस्तोगी की सर्राफा की दुकान बिल्सी-सहसवान रोड खितौरा के मुख्य बाजार में स्थित है। बताया जाता है कि शुक्रवार शाम इसी दुकान पर कुछ बदमाशों द्वारा दुकान स्वामी को गन पॉइंट पर लेकर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था।वारदात को अंजाम देकर भाग रहे तीन बदमाशों को आसपास के लोगों द्वारा तत्काल मौके से ही मारपीट कर पकड़ लिया गया।लूट की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों को हिरासत में लेकर उन्हें इलाज के वास्ते भेजा और मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। घटना के बाद घटनास्थल पर घटना से नाराज़ लोगों की काफी भीड़ इकट्ठी हो गई थी।सूचना के बाद एसपी आरए शुक्रवार रात्रि को ही मौके पर पहुंच गए। एक वीडियो क्लिप के अनुसार इस दौरान वह भीड़ को समझने का प्रयास कर रहे थे तभी अचानक उन्होंने भीड़ में शामिल एक व्यक्ति को धक्का देकर वहां से हटा दिया,जिससे भीड़ और उग्र हो गई।मौके की नज़ाकत देखते हुए कुछ पुलिसकर्मियों द्वारा समझाए जाने पर भीड़ शांत हो गई।

# राष्ट्रीय विद्यालय खो खो प्रतियोगिता की रंगारंग आगाज





*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर मिनी भारत की झलक दिखाई दी राष्ट्रीय विद्यालय खो-खो प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर देशभर के 1100 खिलाड़ी अपना दम दिखाने के लिए एक साथ मैदान में स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया के महाकुंभ में खिलाड़ियों का जोश दिखाईदिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन आयुक्त राजेश कुमार महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने झंडा रोहन के साथ किया। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर संयुक्त शिक्षा निदेशक योगेंद्र कुमार सिंह, उप शिक्षा निदेशक कौस्तुभ सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक पवन कुमार तिवारी ने अतिथियों को बुके प्रदान कर उनका स्वागत किया। आयुक्त राजेश कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन कर आयोजन का आगाज किया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई इस अवसर पर यश विद्या मंदिर द्वारा मलखम्भ का शानदार प्रदर्शन किया गया। कनोसा कान्वेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा राजस्थानी लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय बाबा द्वारा फरवरी नेत्र प्रस्तुत किया गया कुसुम वर्मा द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय शिक्षक द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए अयोध्या प्रभु श्री राम की धारा पर खिलाड़ियों का अभिवादन भी किया। संयुक्त शिक्षा निदेशक ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कियावित्त एवं लेखा अधिकारी अनुपम मंडल के प्रधानाचार्य ओमकार मणि शंकर तिवारी मनोज कुमार तिवारी मंडलीय सचिव धर्मेंद्र सिंह शिवकरण सिंह अभिषेक सिंह विजेंद्र सिंह राजेश प्रताप सिंह सुल्तानपुर जिला सचिव दिलीप सिंह अंबेडकर नगर जिला सचिव अजीत सिंह बाराबंकी जिला सचिव चंदन अस्थान कपिलकांत दुर्ग विजय सिंह दिनेश सिंह आजमगढ़ एसजीएफआई के मैच टूर्नामेंट डायरेक्टर विनोद सिंह सहित खेल अध्यापक और कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रत्येक बच्चे को खेल से जोड़ने का अभियान पर काम कर रही है सरकार आयुक्त

राष्ट्रीय विद्यालय खो खो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए आयुक्त राजेश कुमार ने कहां की राज्य सरकार खेलों के विकास पर काम कर रही है विद्यालय स्तर पर खेलो के लिए प्रदेश में योजनाएं लागू की गई है।

विद्यालय के सभी छात्र को खेल से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। राष्ट्रीय विद्यालय खो खो प्रतियोगिता का आयोजन अयोध्या के गौरव और परंपरा को पूरे देश में फैलने का कार्य करेगा। खेलेंगे पढ़ेंगे बढ़ेंगे स्लोगन नहीं संकल्प बने - महापौर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के शुभारंभ पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता का स्लोगन खेलेंगे पढ़ेंगे बढ़ेंगे को स्लोगन से ऊपर संकल्प के रूप में लिया जाना चाहिए उन्होंने खिलाड़ियों से आवाहन किया कि प्रभु श्री राम की जन्मभूमि पर इस संकल्प के साथ अपने नए भविष्य का आशीर्वाद प्राप्त करें।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के विकास और उनके भविष्य को सुधारने के लिए संकल्पित है सरकार खेलों के विकास की योजना पर काम कर रही है। स्कूली खेलों के विजेता खिलाड़ियों को भी सरकार ने नगद राशि देने का कार्य किया है।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अवध प्रांत का 65वां प्रांतीय अधिवेशन संपन्न, अयोध्या के कार्यकर्ताओं को मिली नई जिम्मेदारियां

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) अवध प्रांत का 65वां प्रांतीय अधिवेशन बहराइच स्थित किसान पीजी कॉलेज में भव्य रूप से आयोजित हुआ। अधिवेशन के दौरान नई प्रांतीय कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें अयोध्या जिले के कई कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए।नई कार्यकारिणी में अयोध्या के शिवम मिश्रा को प्रांत सह मंत्री, उत्कर्ष पांडेय को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं राष्ट्रीय कला मंच सह संयोजक, मानवेंद्र प्रताप सिंह को प्रांत स्त्रष्ठ सह संयोजक, नेहा वर्मा को प्रांत राज्य विश्वविद्यालय कार्य सह संयोजक नियुक्त किया गया। वहीं काजल सागर, दिव्या श्रीवास्तव, कुलदीप बाल्मीकि, राघवेंद्र तिवारी, भूपेंद्र शुक्ल एवं आदित्य सिंह को प्रांत कार्यकारिणी सदस्य की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रांत सह मंत्री बनाए जाने पर शिवम मिश्रा ने अपने मनोगत व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद राष्ट्र निर्माण और छात्र सेवा के संकल्प के साथ निरंतर कार्य करता रहेगा। यह अधिवेशन शिक्षा, राष्ट्र निर्माण और छात्र उत्थान के क्षेत्र में संगठन के योगदान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता 'ज्ञान, शील और एकता' के आदर्शों के साथ संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।प्रांत कार्यकारिणी सदस्य काजल सागर ने कहा कि एबीवीपी देश का प्रमुख छात्र संगठन है, जो शिक्षा, राष्ट्रीय चेतना और सामाजिक दायित्व को सशक्त करने का कार्य करता है। यह संगठन छात्रों को न केवल उनकी समस्याओं की आवाज़ देता है, बल्कि उन्हें नेतृत्व, राष्ट्रहित और समाज सेवा से भी जोड़ता है। अधिवेशन युवाओं को राष्ट्रोत्थान के कार्य में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर विभाग कार्यालय मंत्री अजय तिवारी ने सभी नवनियुक्त दायित्वधारी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफल कार्यकाल की कामना की।

## सांसद राम शिरोमणि वर्मा से सभासद आरती जायसवाल की शिष्टाचार भेंट

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)**गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद एवं जय बाबा अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति की अध्यक्ष आरती जायसवाल ने गुरुवार शाम नई दिल्ली स्थित आवास पर श्रावस्ती सांसद राम शिरोमणि वर्मा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। सांसद ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। मुलाकात में अंकित जायसवाल, नेहा जायसवाल व सभासद प्रतिनिधि दिनेश कुमार जायसवाल मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, साइकिल सवार की मौत

■ दुर्घटना के बाद वाहन लेकर भाग रहे चालक को आसपास के लोगों ने पकड़कर उसे किया पुलिस के हवाले



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्टेट बैंक पनवाड़ी के पास तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे साइकिल सवार की सड़क पर गिरकर घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद वाहन लेकर भाग रहे चालक को आसपास के लोगों ने रोककर जमकर धुनाई की, बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि साइकिल बुरी तरह से क्षति ग्रस्त हो गई। थाना पनवाड़ी के शेरगढ़ गांव निवासी शिवनाथ (65) पुत्र धर्मजीत साइकिल से पनवाड़ी जा रहा था। जैसे ही वह स्टेट बैंक के समीप पहुंचा, तभी झांसी की तरफ से आ रहे ट्रक ने पीछे से साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ग्रामीण सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया, चंद मिनट बाद उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद जैसे ही ट्रक चालक भागने का प्रयास करने लगा तभी राहगीरों और आसपास के दुकानदारों ने उसे रोक लिया। कुछ लोगों ने ट्रक चालक की पिटाई कर दी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस के हवाले कर दिया। इस दुर्घटना से ग्रामीणों में खासा गुस्सा दिखाई दिया।

पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लेने साथ वाहन को भी कब्जे में लेकर थाना परिसर में खड़ा करा दिया है। ट्रक व शव के हटने के बाद यातायात व्यवस्था बहाल हुई। पुलिस की सूचना पर मौके पर पहुंचे मृतक परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। गृहस्वामी की मौत से अब मृतक के परिजनों के सामने रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है। थानाध्यक्ष पनवाड़ी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन



**फर्रूखाबाद (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में तहसील अमृतपुर का सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 33,पुलिस की 09, विकास विभाग की 11, विद्युत विभाग की 07,खाद्य व रसद विभाग की 02 व अन्य विभागों की 05 शिकायते कुल 67 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमे से 02 का मौके पर निस्तारण किया गया,इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा 02 लोगो का मौके पर आयुष्मान कार्ड बनवाकर वितरित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश संबंधित अधिकारियो को दिये। इस पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## रात्रि गश्त एवं नाइट ड्यूटी की सघन चेकिंग की गई

**फर्रूखाबाद (अवधनामा संवाददाता)** अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर के साथ कानून व्यवस्था के मद्देनजर रात्रि भ्रमण के दौरान जनपद में रात्रि गश्त एवं नाइट ड्यूटी की सघन चेकिंग की गई। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता के साथ कर्तव्य निर्वहन करने तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की प्रभावी चेकिंग हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## भूमि अधिग्रहण के विरोध में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन सौंपा ज्ञापन

**गोरखपुर।** सहजनवां तहसील क्षेत्र के ग्राम मल्हीपुर के ग्रामीणों ने गीडा द्वारा जबरन किए जा रहे भूमि अधिग्रहण के खिलाफ तहसील मुख्यालय पर करीब डेढ़ दर्जन की संख्या ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। एसडीएम सहजनवा केशरी नंदन तिवारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मल्हीपुर के किसानों की भूमि का गीडा द्वारा अधिग्रहण के लिए समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया है। जिसमें 200 के करीब मकान और विद्यालय शामिल है। ऐसा होने से ग्रामीणों को बेघर होना पड़ेगा।गीडा द्वारा इसके पूर्व तीन बार भूमि अधिग्रहण किया जा चुका है। जिसके संबंध में ग्रामीणों ने 155 गाटा पर आपत्ति की है। आपत्ति के बाद भी ग्रामीणों की सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसी दशा में ग्रामीणों को न्याय दिलाया जाय। प्रदर्शन करने वालो में विजय चौधरी,संजय सिंह, सोनमति देवी, बृजेश सिंह, मृत्यंजय सिंह, अरविंद सिंह, सावित्री देवी, रामचंद, रामसिंहमीरा देवी, रेनू देवी, जीवन, रमेश, विक्रम सिंह, कमली देवी मौजूद थे।

# बर्फ़ीली हवाओं की गिरफ्त में महोबा





■ कोहरे और पाले ने थामी रफ्तार अलाव बने सहारा

■ पहाड़ी क्षेत्रों से आ रही बर्फीली हवाओं ने जिले को ठिठुरने पर कर दिया मजबूर

**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** जिले में पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। पहाड़ी क्षेत्रों से आ रही बर्फीली हवाओं ने जिले को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया है। पिछले दो दिनों से लगातार जारी शीतलहर के कारण तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कोहरे और पाले की दोहरी मार जिले में बीते दो दिनों से सुबह की शुरुआत घने कोहरे के साथ हो रही है। दृश्यता कम होने के कारण झांसी-मिर्जापुर हाईवे और अन्य मुख्य मार्गों पर वाहनों की रफ्तार थम सी गई है। ग्रामीण इलाकों में पाला गिरने की आशंका से किसान अपनी फसलों, विशेषकर दलहन और तिलहन को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। ठंड का असर बाजारों पर भी साफ देखा जा रहा है। शाम होते ही बाजारों में सन्नाटा पसर जाता है। लोग अपने घरों में दुबकने को मजबूर हैं। शहर के प्रमुख चौराहों जैसे आल्हा चौक और बस स्टैंड, उदल चौक पर लोग नगर पालिका द्वारा जलाए गए अलाव के सहारे ठंड काटते नजर आए। प्रशासनिक सतर्कता और जनसुविधाएं बढ़ती ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन ने रैन बसेरों को सक्रिय कर दिया है। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सार्वजनिक स्थानों पर नियमित रूप से अलाव जलाए जाएं। जरूरतमंदों को कंबलों का वितरण सुनिश्चित किया जाए। अस्पतालों में ठंड से होने वाली बीमारियों (जैसे कोल्ड डायरिया और सांस की समस्या) के लिए पुख्ता इंतजाम रहें। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने लोगों को सलाह दी है कि वे बेहद जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें और शरीर को पूरी तरह गर्म कपड़ों से ढंक कर रखें खास तौर से कान हाथ और पैर ढंक कर रखें।

## राजघाट पुल बड़े और भारी वाहनों के लिए बंद सिर्फ टू-व्हीलर की एंट्री जारी रहेगी

**वाराणसी (अवधनामा ब्यूरो)** मालवीय पुल जिसे राजघाट के पुल के नाम से जाना जाता है। इस पुल को बीते कल यानी शनिवार से बंद होने के बाद बाइक,साइकिल,पैदल और स्कूली बस,लगा लम्बा जाम। दरअसल, राजघाट के पुल के जरिए शहर में आने वाले वाहनों के चलते दोनों छोर पर भीषण जाम लगने लगा है, जिसको देखते हुए ट्रैफिक विभाग ने नया प्लान शनिवार से लागू किया है। राजघाट पुल पर शनिवार से तीन और चार पहिया वाहनों की आवाजाही को रोक दिया गया है। सिर्फ टू-व्हीलर ही पुल पर जा सकेंगे। सुबह 9:00 से 10:00 और दोपहर डेढ़ से 2:30 बजे तक एक-एक घंटे से स्कूल के वाहनों को जाने की छूट दी जाएगी। वही एडीसीपी ने कहा कि ड्रेनेज स्पॉट एक्सपेंशन ज्वाइंट की मरम्मत के कार्य के कारण यातायात को डायवर्ट किया गया है। यह डायवर्जन 20 दिसंबर से 13 जनवरी तक लागू रहेगा। राजघाट और सामने के पुल से सवारी वाहन,हल्के भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस 64 मामले में 7 का निस्तारण

**गोरखपुर (अवधनामा ब्यूरो)** शनिवार को सहजनवा तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान की अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी चंद्रमणि वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान 64 मामले आए थे। जिसमें 7 मामले का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। राजस्व 28, पुलिस 18, विकास 5, शिक्षा 1, आपूर्ति 4, अन्य 8 मामले आए थे। राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित किया गया है। जबकि पुलिस के मामले की जांच कराकर कारवाई करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान एसडीएम केशरी नंदन तिवारी, तहसीलदार राकेश कन्नौजिया, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी धर्मेंद्र कुमार सिंह, बीडीओ सत्यकाम तोमर,बृजेश यादव, राकेश कुमार शुक्ल, अधीक्षक डा व्यास कुशवाहा, डा सतीश सिंह, एसएचओ अश्वनी पाण्डेय, थानेदार महेश कुमार चौबे, ईओ सूर्यकांत सहित अनेक विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण



**फर्रुखाबाद (अवधनामा संवाददाता)** आबकारी आयुक्त, उ0प्र0 के आदेश एवं जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद जी0पी0गुप्ता के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 20/ 12/2025 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 सुधांशु चौधरी द्वारा मय स्टॉफ अवैध शराब की बिक्री एवं ओवररेटिंग की रोकथाम के दृष्टिगत तहसील कायमगंज अंतर्गत स्थित आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। दुकानों पर टेस्ट परचेज कराया गया। स्टाक रजिस्टर, pos से बिक्री, online Payment, CCTV कैमरा का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## ग्राम नगला हूसा में चौपाल का आयोजन

**फर्रुखाबाद (अवधनामा संवाददाता)** आज जाने माने वरिष्ठ पत्रकार कानपुर के भाजपा सांसद के गृह ग्राम नगला हूसा जो फर्रुखाबाद जनपद की तहसील अमृतपुर की ग्राम पंचायत नगला हूसा वि0ख0 राजेपुर के प्राथमिक विद्यालय में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में आये हुए ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी अधिकारियो द्वारा प्रदान की गई व उनकी समस्याओं को सुना गया। जिलाधिलारी द्वारा इस दौरान ग्राम के 18 साल से ऊपर के युवक युवतियों को फार्म 06 भरने के लिये प्रेरित किया व बूथ पर मृतक व एबसेंट लोगो की सूची पढ़कर सुनाई गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, मुख्य विकास अधिकारी,परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, तहसीलदार अमृतपुर,खंड विकास अधिकारी राजेपुर व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## नगर पंचायत ने आवारा पशुओं के खिलाफ चलाया अभियान, आठ गौवंश भेजे गौशाला

**गोरखपुर (अवधनामा संवाददाता)** नगर पंचायत सहजनवा में आवारा पशुओं से त्रस्त हो चुके नगरवासियों को आवारा पशुओं से जल्द छुटकारा मिलने जा रहा है। इसके लिए नगर पंचायत द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को उपजिलाधिकारी सहजनवा केशरी नंदन तिवारी अधिशासी अधिकारी सहजनवा सूर्यकांत में नगर में अवारा पशुओं के खिलाफ अभियान चलाया गया। नगर के वार्डो में जो भी अवारा पशु विचरण करते मिले उन्हें पकड़ लिया गया। इस दौरान 8 अवारा पशुओं को पकड़ा गया। और उन्हें वाहन पर द्य लाद कर हरपुर स्थित गौशाला में भेज दिया गया।

इस दौरान ईओ सूर्यकांत ने कहा कि नगर में अवारा पशुओं के धर पकड़ के लिए विशेष अभियान चलता रहेगा। और किसी व्यक्ति के निजी पशु पकड़े जायेगे तो नगर पंचायत द्वारा जुर्माना लगाया जायेगा।

## सार्वजनिक सूचना

एतद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुहम्मदिया मस्जिद समिती,मौहल्ला नागलयान ग्राम व पो. खेडा अफगान, तह. नकुड, जि. सहारनुपर के पंजीकरण हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त समिति की प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी/सदस्य है-1 वसीम अध्यक्ष 2. इरशाद उपाध्यक्ष 3. प्रवेज खां सचिव 4. सरवर अहमद कोषाध्यक्ष 5. इस्लाम खा सदस्य 6. अमजद सदस्य 7. शाहनवाज अली सदस्य 8. इमरान सदस्य 9. सिकन्दर खां सदस्य 10. शमीम सदस्य 11 शुऐब सदस्य 12. राशिद सदस्य सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये हैं यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत मस्जिद के पंजीकरण के विरुद्ध किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर मस्जिद के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी हुआ है।

**आज्ञा (शिवेन्द्र कुमार पाण्डेय)**
**सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स सहारनपुर।**

## सहजनवा नगर पंचायत में हुई अलाव की व्यवस्था

**गोरखपुर।** कड़ाके की ठंड में जहां जनजीवन अस्त व्यवस्था है वहीं नगर के 16 वार्डो में नगरवासियों को ठंड से बचाने के लिए प्रयास तेज कर दिया गया है। नगर के 36 स्थानों पर अधिशासी अधिकारी ने अलाव जला कर लोगों को ठंड से राहत पहुंचाने का सराहनीय कार्य किए। शनिवार को सहजनवा नगर पंचायत में बढ़ती ठंड को देखते हुए अधिशासी अधिकारी सूर्यकांत ने अलाव की व्यवस्था की है। यह व्यवस्था नगर पंचायत के मुख्य-मुख्य स्थानों पर की गई है, ताकि आने-जाने वाले लोगों को ठंड से राहत मिल सके। अधिशासी अधिकारी ने स्वयं नगर पंचायत का भ्रमण कर यह सुनिश्चित किया कि सभी जगहों पर अलाव सुचारू रूप से जल रहे हैं। इस दौरान नगर पंचायत के कर्मचारी भी उनके साथ मौजूद रहे।

# 105 वाहनों का चालान, 10 को किया सीज

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने तथा रात्रि एवं कम दृश्यता की परिस्थितियों,विशेषकर कोहरे के दौरान दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से परिवहन विभाग, वाराणसी द्वारा रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप के बिना संचालित वाणिज्यिक वाहनों के विरुद्ध सघन प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। गत दो सप्ताह के दौरान चलाए गए इस विशेष अभियान में कुल 105 वाहनों का चालान किया गया तथा 10 वाहनों को सीज किया गया। केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 के नियम 104 के अंतर्गत रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप के बिना संचालित वाणिज्यिक वाहन पर 10,000 का दंड निर्धारित है, जिसके तहत यह कार्रवाई की गई। उक्त प्रवर्तन अभियान सुधांशु रंजन,एआरटीओ (प्रवर्तन) एवं अखिलेश पांडेय,यात्रिकर अधिकारी के नेतृत्व में निरंतर संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक करना एवं सड़क पर सभी उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

परिवहन विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप जैसी छोटी-सी सावधानी कम दृश्यता, विशेषकर कोहरे के समय,अत्यंत प्रभावी सिद्ध होती है, जिससे वाहनों की दूर से पहचान संभव होती है और दुर्घटनाओं की संभावना में उल्लेखनीय कमी आती है। प्रवर्तन अधिकारियों ने वाहन चालकों से अपील की है कि घने कोहरे की अवधि में,विशेषकर देर रात एवं तड़के सुबह,अनावश्यक यात्रा से बचें। कम दृश्यता की स्थिति में लेन मार्किंग का पालन करें,फॉग लाइट एवं वाहन की सेफ्टी लाइट्स का उपयोग करें, धीमी गति से वाहन चलाएँ,अनावश्यक लेन परिवर्तन से बचें तथा गलत दिशा में वाहन न चलाएँ, ताकि सुरक्षित रूप से गंतव्य तक पहुँचा जा सके। परिवहन विभाग द्वारा बताया गया कि द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

## स्विट्ज़रलैंड की राजदूत ने रोपवे प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया



**वाराणसी (अवधनामा ब्यूरो)** वाराणसी दौरे पर पहुंची स्विट्जरलैंड की राजदूत माया तिस्साफी, जो वर्तमान में भारत और भूटान में स्विट्जरलैंड की राजदूत हैं। उन्होंने केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार की पर्वतमाला परियोजना के तहत देश का पहला शहरी ट्रांसपोर्ट रोपवे प्रोजेक्ट रोपवे प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रथयात्रा और काशी विद्यापीठ स्टेशनों का दौरा किया। बता दे कि, रोपवे का निर्माण नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएचएलएमएल) और स्विट्जरलैंड की कंपनी बार्थलेट द्वारा किया जा रहा है। निरीक्षण के बाद उन्होंने कहा कि,वाराणसी रोपवे एनएचएलएमएल के तत्वावधान में एक ऐतिहासिक शहरी गतिशीलता परियोजना है। इस प्रोजेक्ट के शुरू होने से भीड़भाड़ को कम करेगा, स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, यातायात सुगम होगा,पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा शहर के आध्यात्मिक स्वरूप को संरक्षित किया जा सकेगा।

## जिलाधिकारी पे बाबा लक्ष्मण दास वृहद गौशाला आश्रय का किया निरीक्ष

**हरदोई।** सम्पूण समाधान दिवस के उपरान्त जिलाधिकारी अनुनय झा ने ब्लाक भरखनी के बाबा लक्ष्मण दास वृहद गौशाला आश्रय स्थल अमिरता का निरीक्षण किया तथा गौशाला में गौ माता को माला पहनाकर गुण-चना व हरा चारा दिखालाया तथा वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने गौशाला में 12 एकड़ में बोये गये हरे चारे, तालाब, मत्स्य पालन, सीसी कैमरा, पशुओं की चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, टीन शेड एवं ठंढ से बचाव हेतु तिरपाल आदि व्यवस्थाओं को देखा तथा प्रशंसा की।

जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं ग्राम प्रधान से कहा कि गौशाला में जैविक विधिसे फल, फूल व सब्जी के रोपित कराये तथा जैविक खेती के लिए लोगों को जागरूक करें। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने डीएम को जैविक खेती से तैयार हरी सब्जी प्रदान की। निरीक्षण में उप जिलाधिकारी मंयक कुण्डू, सीवीओ अशोक कुमार सिंह, बीडीओ भरखनी, एडीओ पंचायत, पशु चिकित्सा अधिकारी भरखनी व अन्य अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

## महिला सीबीएससी एसजीएफआई अंडर -19 क्रिकेट टीम में नमस्या का चयन

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** महिला सीबीएससी एसजीएफआई अंडर -19 क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रयागराज की बहुमुखी खिलाड़ी नमस्या प्रताप सिंह का टीम में चयन किया गया हैं। लुकरगंज निवासी उदय प्रताप सिंह व जया सिंह पुत्री नमस्या प्रताप सिंह दाए हाथ के बल्लेबाजी के साथ ऑफ ब्रेक गेंदबाजी भी करती हैं, टीम को 31 दिसंबर को शिवपुरी के लिए टीम रवाना होंगी। वर्तमान समय में नमस्या सिंह डीएसए मैदान पर जावेद अहमद से क्रिकेट की प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

# पात्र लोगों को आयुष्मान, राशन, सुमंगला एवं बाल सेवा योजना का लाभ दिलायें: डीएम

■ ईओ मुख्य-मुख्य चौराहों, बस स्टाप, रैन बसेरा, अस्पताल एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों के पास प्राथमिकता पर अलाव जलवायें: अनुनय

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** तहसील सवायजपुर में आहूत सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अनुनय झा ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजना आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना एवं पेंशन आदि योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को सम्बन्धित विभाग के अधिकारी लाभान्वित करायें। उन्होने नगर निकाय के ईओ को निर्देश दिये भीषण ठंढ के दृष्टिगत रखते हुए नगर के मुख्य-मुख्य चौराहों, बस स्टाप, रैन बसेरा, अस्पताल एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों के पास प्राथमिकता पर अलाव जलवायें ताकि आने-जाने एवं आम जनमानस को राहत मिले और खण्ड विकास अधिकारी आवश्यकतानुसार ग्राम पंचायतों एवं ग्रामों में अलाव जलवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में आपसी भूमि विवाद शिकायतों के संबंध में जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग के कानूनगों एवं लेखपालों को निर्देश दिये इन प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गांव में जाकर ग्राम प्रधान, सचिव, अन्य गणमान्य व्यक्तियों एवं स्वयं की उपस्थित में दोनों पक्षों की सहमति अनुसार निष्पक्ष करायें। सरकारी एवं गरीबों की भूमि पर अवैध कब्जों की शिकायत पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि भूमि पर अवैध कब्जों के प्रकरणों को गम्भीरता से लेते हुए संबंधित थाने की पुलिस के सहयोग से समस्त सरकारी एवं गरीबों की भूमि कब्जा मुक्त करायें और कब्जा करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करायें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विद्युत, राशन, पेंशन आदि विभाग की शिकायतों के लिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय पर करायें और निस्तारण की जानकारी शिकायतकर्ता का उपलब्ध करायें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने एक विकंलाग को कम्बल प्रदान किया तथा अन्तोदय कार्ड बनाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 भावनाथ पाण्डे, डीएफओ जेबी शेंडे, उप जिलाधिकारी मंयक कुण्डू व तहसीलदार विनोद कुमार सवायजपुर, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित जिलास्तरीय अधिकारी, बीडीओ, थानाध्यक्ष एवं फरियादी आदि उपस्थित रहे।

## वसीयाबाद यूथ एकादश की खिताबी जीत

**प्रयागराज।** वसीयाबाद यूथ एकादश ने द हरिकेन हजार्ड्स को 63 रन से हराकर मोहम्मद यूनुस खान स्मृति टी-20 त्रिकोणीय क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया। गवर्नमेंट प्रेस मैदान पर शनिवार को खेले गए फाइनल मैच में वसीयाबाद यूथ एकादश ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 219 रन (मोहम्मद खालिद 55, दानिश अली 50, रवींद्र आनंद व इमरोज़ अली 36-36, एमन सिद्दीकी 21 नाबाद, शिवम अरोड़ा 2/40, ऋषभ मिश्रा, सैफ अहमद व पीके पाठक एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में द हरिकेन हजार्ड्स की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 156 रन (आजाद खान 51, आकाश श्रीनेत्र 37, विनीत तिवारी 27, लाइक नेहाल 3/18, अजय यादव 3/34, रवींद्र आनंद 1/24) ही बना सकी। मैच के बाद नुसरत सलमान, कलीम खान, कौसर खान ने पुरस्कार वितरित किये।

## कोहरे को देखते हुए चलाया जागरूकता अभियान

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा, प्रबल प्रताप सिंह के दिशा-निर्देशन में और प्रभारी यातायात महोबा, सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में शनिवार को यातायात पुलिस टीम ने ठंड के मौसम में कोहरे के कारण सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान के तहत यातायात पुलिस टीम ने रोडवेज बस स्टैंड एवं टैक्सी बस स्टैंड पर पहुंचकर सभी वाहन चालकों और परिचालकों को एकत्रित किया। इस दौरान उन्हें कोहरे और कम दृश्यता की स्थिति में वाहन संचालन के सुरक्षित तरीके, सड़क पर सावधानी बरतने के उपाय, और यातायात नियमों का पालन करने के महत्व के विषय में विस्तृत निर्देश दिए गए। साथ ही, यात्रियों और वाहन चालकों को सुरक्षा संबंधी पंपलेट वितरित किए गए, जिनमें कोहरे के दौरान वाहन संचालन, गति नियंत्रित करने और वाहन की रोशनी का सही उपयोग करने के उपाय शामिल हैं। अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं की संख्या को कम करना और सभी सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। यातायात प्रभारी ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता अभियान लगातार जारी रहेंगे ताकि सभी वाहन चालक और यात्री सुरक्षित यात्रा कर सकें। उन्होंने सभी से अपील की कि वे सुरक्षित ड्राइविंग का पालन करें और मार्गदर्शन को गंभीरता से अपनाएँ।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आई 62 शिकायतें, छह का निस्तारण

**अवधनामा संवाददाता**



■ एसपी ने शेष शिकायतों को संबन्धित विभाग के अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर निस्तारण कराए जाने के दिए निर्देश

**महोबा।** सदर तहसील में शनिवार को जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम व पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने आए हुए फरियादियां की शिकायतों को गंभीरत से सुनते हुए 62 शिकायतों में छह का मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों को संबन्धित विभाग के अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। शिकायत का निस्तारण करने से पहले जांच टीम शिकायतकर्ता से जरूर बात करे और शिकायत निस्तारण से यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारी आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है, इसलिए शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अंतर्गत किया जाए, जिससे फरियादियों को इधर उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि निस्तारण की गई शिकायतों की जंच की जायेगी, यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिलता है तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएं तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ डॉ प्रदीप कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। उधर शनिवार को तहसील चरखारी में समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपजिलाधिकारी धीरेंद्र कुमार ने की। उन्होंने फरियादी की समस्याओं को गंभीरता सुनते हुए 25 शिकायतों में 03 का मौके पर निस्तारण किया। इसी प्रकार तहसील कुलपहाड़ में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम की अध्यक्षता एवं उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार की उपस्थिति में समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

## कोर्ट नोटिस

मा. न्यायालय अपर सिविल जज,सीडी सहारनपुर इजराये वाद संख्या 4/2015 कंवर पाल बनाम कुशल पाल आदि में दि.9.12.2025 व दि.18.12. 2025 में मा. न्यायालय के द्वारा नीलामी के संबंध में आदेश पारित किया गया है,अतः उपरोक्त के संबंध में इजराये वाद में कुर्क की गयी सम्पत्ति की पब्लिक नीलाम कराई जानी है उक्त पब्लिक नीलामी निम्न प्रकार होगी.. नियत दि07.1.2026 ...(नीलामी) दिन- बुधवार नीलामी का समय..11 प्रातः से 4 बजे सायं तक नीलामी स्थल-पंचायत घर,ग्राम कादरपुर परगना फैजाबाद, तहसील बेहट, जिला सहारनपुर। उक्त के संबंध में आप पल्बिक नीलामी हेतु सूचना जारी करने की तारीख 20/12/25 ।

आज्ञा से मुंसरिम/प्रस्तुतकर्ता न्याया.
मा. अपर सिविल जज (सी0डि0) सहारनपुर

## कोर्ट नोटिस

समन बनाम सायल मुकाम कानूनी मुद्दअलेह मुतवफ्का (आर्डर 22 कायदा 4) न्याय. मा. लघुवाद न्यायाधीश सहारनपुर। समन बनाम सायल मुकाम कानूनी मुद्दअलेह मुतवफ्फा (लघुवाद संख्या 44 सन 2016.) मो0 अदीब आदि बनाम राजेश कुमार आदि(नोटिस बनाम) .. 2/1. श्रीमती किरण पत्नी अरूण कुमार निवासी मैसर्स अरुण कुमार दीपक कुमार निकट धर्मशाला मैन बाजार लक्सर जिला हरिद्वार(उत्तराखण्ड)2/2.श्रीमती नीलम रहेजा पत्नी गुलशन रहेजा निवासी एफ-2, गोपाल नगर, रूडकी कैम्प, सहारनपुर(वारसान) प्रतिवादी सं. 2 एवं लघुवाद संख्या (45 सन 2016.) मो. अदीब आदि बनाम राजेश कुमार आदि नोटिस बनामः 2/1- श्रीमती किरण पत्नी अरूण कुमार निवासी गैसर्स अरुण कुमार दीपक कुमार निकट धर्मशाला मैन बाजार लक्सर जिला हरिद्वार (उत्तराखण्ड) 2/2 श्रीमती नीलम रहेजा पत्नी गुलशन रहेजा नि. एफ-2, गोपाल नगर, रूडकी कैम्प,सहारनपुर (वारसान) प्रतिवादी नम्बर-2। हरगाह वादी गण मुद्दई ने एक नालिश इस अदालत में तारीख़ 6/12/24 बनाम श्रीमती आशा रानी प्रतिवादनी न-2 मुद्दाअलेह के रूजू की थी, जो बाद को फोत हो गयी और हरगाह मुद्दई मजकूर ने एक दरख्वास्त इस अदालत में गुजारनी है. जिसमें वह लिखता है कि आप श्रीमती आशा रानी मुतवफ्फा मजकूर के कायम मुकाम कानूनी हैं और चाहता है कि आप बजाय मुद्दअलैह बनाये जाये लिहाजा आपको हुकम होता है कि आप दि. 23 माह 12 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन इस अदालत में हाजिर होकर मुकदमात मजकूर की जवाब देही करें अगर आप हाजिर न होगें तो मुकदमात बगैर हाजिरी आपके मसमुआ फैसला होगा.बदस्त मेरे दस्तखत मोहर अदालत के आज दि.16/12/ 2025 को जारी किया गया।

**आज्ञा से लघुवाद न्यायाधीश सहारनपुर।**

# दो दिवसीय विधायक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ, प्रतिभाओं को मिल रहा है मंच



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ. भीमराव आंबेडकर क्रीड़ा संकुल डाभासेमर में आयोजित दो दिवसीय विधायक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलन एवं गुब्बारे उड़ाकर किया। उद्घाटन अवसर पर विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। आयोजन समिति की ओर से अमल गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया गया।प्रतियोगिता के प्रथम दिन एथलेटिक्स, बैडमिंटन एवं वॉलीबॉल की स्पर्धाएं आयोजित की गईं, जबकि दूसरे दिन रविवार को कबड्डी और कुश्ती प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर आर्थिक नीतियां बनाई गई हैं, जिससे देश पुनः अपने गौरव को प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में देश की आर्थिक स्थिति कमजोर थी, लेकिन 11 वर्षों में भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और शीघ्र ही जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचने वाला है। खेल नीति के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिला है और छोटे शहरों की प्रतिभाओं को मंच देने के लिए विधायक खेल प्रतियोगिता जैसे आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि विधायक खेल प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को आगे लाना है। ऐसे आयोजनों से युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ती है और उन्हें अनुशासन व स्वस्थ जीवन की दिशा मिलती है। भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खेलो इंडिया योजना और प्रदेश सरकार की खेल नीति के कारण आज खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और अवसर मिल रहे हैं। प्रतियोगिता में जूनियर वॉलीबॉल के सात मुकाबले खेले गए, जिनमें राजपूत क्लब और कैम्ब्रियन स्कूल विजेता रहे। अवध क्लब ने ललई पुरवा को, ग्रामोदय किसान टीम ने अजंना को, डाभासेमर ने जीआईसी को, गुरुनानक टीम ने ताहिरपुर को, रघुपुर ने मलिकपुर को तथा आईएमए ने श्याम क्लब को पराजित किया।

## संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनीं जनसमस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में तहसील सदर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रत्येक फरियादी की शिकायत को व्यक्तिगत रूप से ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं का निस्तारण गंभीरता, संवेदनशीलता एवं समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान ग्राम कुम्हिया, विकासखंड मया से भूमि पर अवैध कब्जा एवं अतिक्रमण हटाने से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई, जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को जांच कर न्यायोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वहीं ग्राम मड़ना, विकासखंड पूराबाजार से चहारदीवारी निर्माण संबंधी शिकायत पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) को जांच के निर्देश दिए।इसी क्रम में ग्राम दुर्गापुरी जनौरा, विकासखंड मसौधा से विद्युत कनेक्शन, ग्राम तारडीह कछौली, विकासखंड पूराबाजार से जमीन विवाद तथा ग्राम तारापुर रजौली, नगर निगम क्षेत्र से रास्ता न निकाले जाने संबंधी शिकायतें प्राप्त हुईं। इन सभी मामलों में जिलाधिकारी ने तहसीलदार सदर को निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## पहले बिछेगी सीवर लाइन फिर होगा गलियों का निर्माण

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** अशोक सिंघल नगर एवं परमहंस रामचंद्र दास वार्ड में जल निकासी का प्रबंध करने के साथ ही सीवर लाइन डाली जाएगी। इसके बाद पेयजल के लिए पाइपलाइन बिछाने का काम पूरा कर गलियों का निर्माण कराया जाएगा। यह वादा महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने नगर की सरकार आपके द्वार अभियान के तहत नगर आयुक्त श्री जयेंद्र कुमार के साथ भ्रमण के दौरान किया। सुबह 8.30 बजे महापौर एवं नगर आयुक्त दीनबंधु अस्पताल के पास पहुंचे और अशोक सिंघल वार्ड के सोना देवी मार्ग से निरीक्षण शुरू किया। उनके साथ पार्षद अंकित तिवारी भी थे। मुख्य मार्ग से जुड़े सोना देवी मार्ग का रैंप कच्चा देखकर महापौर ने नाराजगी जताई और खुले नाले के कॉर्नर में पटिया रखवाने का निर्देश दिया। उन्होंने विराट विश्वकर्मा मंदिर के पास नाली निर्माण का वादा किया। यहां स्थानीय लोगों ने बताया कि नाली क्रॉसिंग के कारण सीवर लाइन बिछाने में कठिनाई हो रही है। महापौर ने समस्या का समाधान कराने का भरोसा दिया। उन्होंने सोतिया नाला निर्माण के लिए भी प्रस्ताव तैयार करने को कहा। महापौर ने सफाई खराब पाए जाने पर नाराजगी जताई और अभियान चला कर सफाई करने को कहा। महापौर में निरीक्षण के दौरान रामदासजी महाराज मंदिर के निकट नाली की टूटी पटिया बदलने का निर्देश दिया। रामपथ पर उन्होंने सोलर लाइट लगाने की योजना बनाने का निर्देश दिया। रामघाट चौराहे पर नाले का कोना खुला पाया गया और अतिक्रमण की शिकायत स्थानीय लोगों ने की। उन्होंने जांच कर समस्या के समाधान करने का निर्देश जोनल अधिकारी को दिया। श्रीराम जन्मभूमि कार्यशाला की ओर बढ़ने पर लगाए गए जल प्याऊ की महापौर ने जांच की तो पानी नहीं आ रहा था। इस पर उन्होंने अवर अभियंता जलकर को तलब कर लीकेज ठीक कराकर पानी सुचारू रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त ने बिजली विभाग के केवल डालते समय पेयजल की पाइप क्षतिग्रस्त न हो, इस पर निगरानी करने का निर्देश अवर अभियंता जलकर को दिया। उन्होंने कोने पर निर्माणाधीन नाले का भी जायजा लिया। अहिराना पहुंचने पर महापौर ने शौचालय के सामने मुख्य मार्ग पर सिगनेज लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने गली में पानी का लीकेज ठीक करने का निर्देश दिया और गलियों की मरम्मत का भी वादा किया।

## खाली मैदान में बार-बार मृत गोवंश फेंके जाने से आक्रोश, हिंदू जागरण मंच ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में स्थित एक खुले मैदान में लगातार मृत गोवंश और उसके अवशेष फेंके जाने की घटनाओं को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। इस गंभीर मामले को लेकर हिंदू जागरण मंच ने कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी स्वदेश शर्मा ने बताया कि बन्नू बाल नगर, बड़ी बिहार और परवाना नगर के पीछे स्थित एक खाली मैदान, जिसे स्थानीय लोग बग्गा ग्राउंड के नाम से जानते हैं, वहां बार-बार मृत गोवंश के अवशेष डाले जा रहे हैं। उनका कहना है कि यह सिलसिला काफी समय से जारी है और कई बार पुलिस व संबंधित विभागों को सूचना देने के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। मंच का आरोप है कि यह कार्य सुनियोजित तरीके से किया जा रहा है और बाहर से मृत गोवंश लाकर इस मैदान में फेंका जा रहा है, जिससे क्षेत्र का माहौल लगातार बिगड़ रहा है। स्वदेश शर्मा ने कहा कि बग्गा ग्राउंड के चारों ओर घनी हिंदू आबादी निवास करती है।

## इंस्पेक्टर को धमकाने का मामला गरमाया, पसमांदा मंच ने तौफीक प्रधान पर सख्त कार्रवाई की उठाई मांग

**बरेली। (अवधनामा सवाददाता)** थाना बारादरी के प्रभारी निरीक्षक को कथित रूप से धमकाने से जुड़ा एक मामला सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो के बाद चर्चा का विषय बन गया है। आरोप है कि पशुपति विहार कॉलोनी निवासी तौफीक उर्फ तौफीक प्रधान ने फोन के माध्यम से पुलिस अधिकारी पर अनुचित दबाव बनाने का प्रयास किया। पुलिस द्वारा गलत कार्य करने से इनकार करने पर कथित रूप से धमकी दिए जाने की बात सामने आई है। इस प्रकरण को गंभीर बताते हुए हिंदुस्तानी पसमांदा मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष शारिक अब्बासी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोपी के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

## भारतरत्न अटल की याद मे दो दिवसीय खेल खुद प्रतियोगिता की तैयारियां जोरो पर



*अवधनामा संवाददाता*

**रामनगर बाराबंकी।** अटल जन्म शताब्दी महोत्सव के अवसर पर लोधेश्वर महादेवा महोत्सव स्थल पर होने वाले दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता व काव्यांजलि कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए भाजपा नेता एवं भारतीय किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री सिद्धार्थ अवस्थी ने महादेवा आकर खेलकूद मैदान तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल का अपने सहयोगियों के साथ अवलोकन कर कार्यक्रमों को अंतिम रूप देने के लिए डाक बंगला रामनगर पर समीक्षा बैठक कर कार्यकर्ताओं व पत्रकारों से विचार विमर्श भी किया। ज्ञात हो कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी के अवसर पर भाजपा नेता एवं भारतीय किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री पंडित सिद्धार्थ अवस्थी ने इसे यादगार बनाने के लिए महादेवा महोत्सव स्थल पर दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया है 24 दिसंबर को वॉलीबॉल तथा 25 दिसंबर को कबड्डी प्रतियोगिता होगी प्रतियोगिता की समाप्ति पर 25 दिसंबर को ही प्रतियोगिता में विजई प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। 26 दिसंबर को अपराह्न 4:00 बजे महादेवा में काव्यांजलि कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है इन सभी कार्यक्रमों की तैयारिया जोरों पर चल रही हैं।

## दिव्यांग बच्चों को भेजे विद्यालय,विलक्षण प्रतिभाओं के होते है धनीः जैनेंद्र कुमार



**मसौली बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार शुक्रवार को समेकित शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के उन्मुखीकरण हेतु ब्लॉक मसौली के पूर्व प्राथमिक विद्यालय उधौली परिसर में तृतीय पैरेंटस काउंसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी मसौली जैनेंद्र कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी जैनेंद्र कुमार ने अभिभावकों से अपील कर कहा कि अपने दिव्यांग बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय जरूर भेजें।दिव्यांग बच्चों के अंदर विलक्षण प्रतिभाएं होती है। जिसको नजर अंदाज नही किया जा सकता है। विकास खण्ड के दिव्यांग बच्चों व अभिभावकों ने पैरेंटस काउंसलिंग में प्रतिभाग कर बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र की उपयोगिता एवं लाभ एस्कार्ट, स्टाइपेंड,मेजरमेन्ट कैम्प व मेडिकल असेसमेंट कैम्प,इन लार्ज प्रिंट बुक,लार्ज प्रिंट बुक, ब्रेल बुक,पीडब्ल्यू डी एक्ट के बारे में स्पेशल एजुकेटर कमलेश कुमार से जानकारी हासिल की।स्पेशल एजुकेटर एकता सक्सेना ने बच्चों को मिलने वाली सरकारी सुविधाओं और दिव्यांगता सम्बंधी जानकारी पर विस्तृत परिचर्चा की ।इस मौके पर प्रधानाध्यापिका अरुण लता, संतोष दीक्षित, सीमा, स्वेता, मधुलिका सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## बरेली में पैरा खेलों का महाकुंभ, 10वीं यूपी स्टेट पैरा चैंपियनशिप का भव्य आग़ाज़

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में पैरा खेलों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित 10वीं यूपी स्टेट पैरा पावरलिफ्टिंग एवं पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025-26 का शुभारंभ बरेली स्थित बीएल एग्रो स्टेडियम में उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर के मेयर उमेश गौतम ने किया।

## खेत मे लगे कटीले तार से नील गाय ज़ख्मी

**मसौली बाराबंकी। (अवधनामा सवादाता)** खेत की फसल को बचाने के लिए किसानो द्वारा खेत के चारो तरफ लगाई गई कंटीली बाड़ में एक नीलगाय फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलने पर पहुंचे गोसेवको ने नीलगाय के प्राण बचाते हुए पशु चिकित्सालय के पैरावेट की मदद से इलाज कराया। ग्रामीणों के अनुसार कंटीली बाड़ में फंसी नीलगाय जितना निकलने का प्रयास करती उतना ही घायल होती जाती। शनिवार की भोर शौच के लिए गये अमदहा के ग्रामीणों ने देखा कि एक नीलगाय कंटीले तारों के बींच फंसी हुई है जिसकी जानकारी जब गांव के गोसेवकों को हुई तो गोसेवकों की पूरी टीम मौके पर पहुंच गई।

## चार घंटे की रिमांड पर लाया गया आरोपी नदीम खान, अस्पताल से लेकर सड़कों तक कड़ा पहरा

**बरेली। (अवधनामा सवाददाता)** बरेली में हुए दंगों के एक प्रमुख आरोपी और आईएमसी से जुड़े नेता नदीम खान को शनिवार को पुलिस ने चार घंटे की कस्टडी रिमांड पर कड़ी सुरक्षा के बीच जिला अस्पताल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जेल से अस्पताल तक का पूरा रूट हाई अलर्ट पर रखा गया, वहीं पूरे इलाके को अस्थायी रूप से छावनी में तब्दील कर दिया गया।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कई थानों की पुलिस फोर्स, पीएसी के जवान, एसपी सिटी और क्षेत्राधिकारी मौके पर मौजूद रहे। किसी भी संभावित तनाव या अप्रिय घटना से निपटने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया गया। एहतियातन कुछ प्रमुख मार्गों पर आम नागरिकों की आवाजाही भी नियंत्रित की गई।

# सीडीओ ने नगर क्षेत्र में अलाव व रैन बसेरों का किया औचक निरीक्षण

### शहर के 22 जगहों पर अलाव एवं 5 जगहों पर बनाये गए है



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** भीषण शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन द्वारा नगर क्षेत्र में संचालित अलाव एवं रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया गया। सीडीओ द्वारा नगर के प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक स्थलों एवं रैन बसेरों में जलाए जा रहे अलावों की व्यवस्था देखी गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अलाव नियमित रूप से जलते रहें तथा ईंधन की किसी भी प्रकार की कमी न होने पाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया कि अलाव के आसपास साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखा जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि प्रशासन द्वारा नगर क्षेत्र में कुल 22 चिन्हित स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की गई है, वहीं 5 जगहों पर अस्थाई रैन बसेरे भी बनाये गए है जहां ठंड से बचाव के लिए गैस हीट रिफलेक्टर सहित सभी मूलभूत सुविधाये उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे रात्रि में ठहरने वाले व्यक्तियों को पर्याप्त गर्माहट मिल सके। निरीक्षण के दौरान रैन बसेरों में उपलब्ध कंबल, पेयजल, शौचालय एवं प्रकाश व्यवस्था की भी जांच की गई। जिला अस्पताल में बनाए गए रैन बसेरे के निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा वहां ठहरे हुए लोगों से संवाद स्थापित कर उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया गया। इस अवसर पर रैन बसेरे में ठहरे व्यक्तियों ने मिलने वाली सुविधाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया। सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रैन बसेरों में आने वाले प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि शीतलहर के दृष्टिगत प्रशासन की यह प्राथमिक जिम्मेदारी है कि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण असुविधा या संकट का शिकार न हो। निरीक्षण के समय अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ससुरालजनों पर दहेज़ उत्पीड़न मुक़दमा दर्ज

**मसौली बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** ससुराली जनो की प्रताड़ना से परेशान विवाहिता ने पति सहित 6 लोगो के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम बनियातारा निवासी हरिश्चंद्र वर्मा की पुत्री रुमा की एक वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र के ग्राम गह्ररैला निवासी जगन्नाथ वर्मा के पुत्र विकास वर्मा के साथ हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार शादी हुई थी शादी मे विदाई के बाद से विवाहिता के पति विकास वर्मा, ससुर जगन्नाथ, सास दुलारी, जेठ आकाश वर्मा व जेठानी शिल्पा दहेज मे कार व सोने की जंजीर को लेकर प्रताड़ित करते रहे जिसकी शिकायत कई बार अपने पिता से की लेकिन पिता ने हर बार समझा बुझा कर ससुराल भेज देते थे लेकिन ससुराली जन आये दिन परेशान करते रहे जिससे तंग पीड़िता ने सुसराली जनो के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है ।

## रोटरी क्लब की अध्यक्ष बनने पर डॉ रश्मि श्रीवास्तव को दी गई बधाई




**महाराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** शुक्रवार की देर शाम को नगर के एक हाल में रोटरी क्लब की मंथली मीटिंग संपन्न हुईद्य रोटरी क्लब के चार्टर्ड प्रेसिडेंट विंध्यवासिनी सिंह ने कहा कि रोटरी क्लब एक सामाजिक संस्था हैद्य रोटरी क्लब सदैव सामाजिक कार्यों को करते हुए महाराजगंज ही नहीं अपित प्रदेश में भी अपना स्थान बनाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में रोटरी क्लब का काम सामाजिक स्तर पर इतना अधिक हो जाएगा कि प्रदेश में भी महाराजगंज रोटरी क्लब का नाम होगा द्य मंथली बैठक की शुरुआत रोटरी के चार्टर्ड के सामने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई द्य सचिव विनोद गुप्ता ने बताया कि रोटरी क्लब में दिसंबर और जनवरी माह में होने वाले 6 बिंदुओं पर चर्चा की गई द्य जिसमें मुख्य रूप से फ्री मेडिकल कैंप, प्रमुख मार्गों पर रोटरी क्लब का बोर्ड लगवाने, बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए समय-समय पर निराश्रित एवं असहाय लोगों को मदद करना, एवं जनवरी माह में सांस्कृतिक कार्यक्रम करने पर सहमति जताई गई। रोटरी क्लब के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने कहा कि मंथली मीटिंग में वर्ष 2026-27 के लिए पहले से अध्यक्ष पद के लिए हमीदुल्लाह खान एवं सचिव आत्माराम गुप्त को चयनित किया जा चुका है।

## स्थापना दिवस पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**मिठौरा (महराजगंज) (अवधनामा संवाददाता)** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के 115वें स्थापना दिवस के अवसर पर मिठौरा शाखा द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों व जरूरतमंदों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। बैंक के सामाजिक दायित्व (छ्स्क्र) के तहत आयोजित इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सामान्य रोगों, रक्तचाप, शुगर, बुखार, सर्दी-खांसी, जोड़ों के दर्द सहित मौसमी बीमारियों की जांच की और आवश्यक दवाएं निःशुल्क वितरित कीं। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर करुणापति यादव, शाखा प्रबंधक प्रतीक कुमार तथा बीसी अविनाश कुमार उपस्थित रहे। शाखा प्रबंधक प्रतीक कुमार ने कहा कि बैंक स्थापना काल से ही सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्ध रहा है और ऐसे आयोजन उसी परंपरा का हिस्सा हैं।

# सिसवा में छात्रों की वैज्ञानिक सोच का उत्सव

### चोखराज तुलस्यान सरस्वती विद्या मंदिर में विज्ञान व रंगोली प्रदर्शनी आयोजित



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महाराजगंज)।** सिसवा नगरपालिका क्षेत्र स्थित चोखराज तुलस्यान सरस्वती विद्या मंदिर इंटरमीडिएट कॉलेज में शनिवार को विज्ञान एवं रंगोली प्रदर्शनी का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं द्वारा कुल 75 विज्ञान आधारित मॉडल एवं 28 आकर्षक रंगोली कलाकृतियाँ प्रस्तुत की गईं, जिन्होंने दर्शकों को खासा प्रभावित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) प्रदीप शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने विद्यार्थियों के नवाचारी मॉडलों का अवलोकन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार एवं रचनात्मक सोच को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक एवं मौलिक विचारों पर निरंतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य निरंकार सिंह ने बताया कि इस तरह की गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ उनकी सृजनात्मक प्रतिभा को निखारना है। प्रदर्शनी में स्मार्ट हेलमेट, जल शुद्धिकरण यंत्र, वाटर लेवल इंडिकेटर, रिमोट नियंत्रित मिसाइल लॉन्चर गन, चंद्रयान-3 मॉडल, वेस्ट टू एनर्जी सिस्टम, एयर प्यूरीफायर, भूकंप अलार्म, ऑटोमेटिक स्ट्रीट लाइट, अर्थक्वेक अलर्ट सिक्योरिटी सिस्टम, स्टन ग्लव्स एवं नेचर ऑफ सिक्योरिटी जैसे उपयोगी व नवाचारी प्रोजेक्ट्स विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

इस अवसर पर बृजेश पांडेय, मृगेंद्र सिंह, हरिराम भालोटिया, प्रदीप तुलस्यान, वेदप्रकाश अग्रवाल, महेंद्र त्रिपाठी, मनीष पांडेय, बालमुकुंद यादव, राजेश यादव, रजनीश पांडेय, राममिलन गोंड, परमानंद पांडेय, मार्कंडेय दूबे सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# करंट लगने से मजदूर की मौत, गांव में शोक



*अवधनामा संवाददाता*

**चिउटहा महाराजगंज।** सिंदुरिया थाना क्षेत्र के ग्राम चिउटहा में शनिवार दोपहर मकान निर्माण कार्य के दौरान करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में अफरातफरी मच गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार 30 वर्षीय शिवेंद्र पाण्डेय, गांव निवासी सम्भु प्रसाद के निर्माणाधीन मकान में मजदूरी कर रहा था।

सरिया सीधा करते समय वह ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार की चपेट में आ गया। गंभीर रूप से झुलसे शिवेंद्र को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा था और करीब दो वर्ष पूर्व उसकी शादी हुई थी। घटना से गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

## डीएम के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले चिकित्सक, वेतन बाधित

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा जिला महिला अस्पताल का बीती देर रात औचक निरीक्षण कर अलाव सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिसमें जिलाधिकारी ने सबसे पहले अस्पताल परिसर में अलाव व्यवस्था को देखा। अस्पताल परिसर में अलाव जलता हुआ पाया गया। मरीजों के परिजनों से वार्ता कर अलाव के विषय में जानकारी ली। सभी ने अलाव व्यवस्था को लेकर संतोष व्यक्त किया। इसके उपरांत उन्होंने महिला चिकित्सालय को देखा। निरीक्षण के दौरान ईएमओ डॉ अभिषेक त्रिपाठी और ऑन कॉल चिकित्सक डॉ शालिनी वर्मा बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित मिले, जिस पर जिलाधिकारी ने सख्त नाराजगी जताते हुए कार्यवाही का निर्देश दिया। जिलाधिकारी के निर्देश पर सीएमएस डॉ ए.के. द्विवेदी द्वारा दोनों चिकित्सकों का वेतन बाधित कर दिया गया।

# सिसवा ब्लॉक में रबी कृषि निवेश मेला संपन्न



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महाराजगंज)।** कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम योजना के अंतर्गत विकासखंड सिसवा परिसर में शनिवार को विकासखंड स्तरीय रबी कृषि निवेश मेले का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख कोदई निषाद ने की। मेले में कृषि वैज्ञानिक डॉ. शिवपूजन यादव, एडीओ (कृषि) धीरेंद्र सिंह, एडीओ (पीपी) दीनानाथ पटेल, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी राकेश पटेल, एपीओ सौरभ चौधरी, ग्राम प्रधान दिनानाथ सिंह, राहुल पटेल, बलवीर सिंह, भूपेंद्र प्रताप सिंह, सत्यपाल सहित विकासखंड के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कृषि वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों ने किसानों को रबी फसलों की उन्नत खेती, आधुनिक तकनीकों, उत्तम बीज चयन, उर्वरक प्रबंधन तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही किसानों को वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।

# सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में आये 48 मामले

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा अभिषेक महाजन की उपस्थिति में शनिवार को तहसील कार्यालय सभागार बांसी में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें कुल 48 फरियादी पेश हुए और पांच मामलों का निस्तारण मौके पर हुआ। इस मौके पर वरासत करने के लिए रुपया मांगने की शिकायत मिलने पर लेखपाल को निलंबित करने का निर्देश जिलाधिकारी ने एस डी एम को दिया।

तहसील समाधान दिवस में पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया गया। अवलोकन के पश्चात जिलाधिकारी ने तत्काल जिला स्तरीय टीम बनाकर मौके का जांच कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि से संबधित विवाद मौके पर जाकर निरीक्षण कर निस्तारण कराए। उन्होंने उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आई जी आर एस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाय।



■ जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस

जिलाधिकारी ने कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिया कि भूमि संपत्ति रजिस्टर एवं भूमि विवाद रजिस्टर अवश्य बना ले। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए। यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किया जाएगा। लेखपाल एवं कानूनगो मौके पर जाकर शिकायत के निस्तारण से पूर्व निरीक्षण कर उसके बाद की आख्या लगायेगे इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए।

# प्रभारी अधिशाषी अधिकारी ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** जनपद की बहुचर्चित नगर पालिका परिषद टांडा के द्वारा वित्तीय वर्ष में कराए गए नगर क्षेत्र के हयातगंज मोहल्ले में विकास कार्यों के तहत सीसी रोड व आर सीसी रोड के निर्माण हुए मानकों और गुणवत्ता के विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए नवागत अधिशाषी अधिकारी/एसडीएम न्यायिक टांडा नगर पालिका ने निरीक्षण कर जानी खुली हकीकत इस दौरान नगर क्षेत्र के हयातगंज पश्चिम मोहल्ले के वार्ड संख्या 15 में पुलिस चौकी के बृजराज अग्रवाल के मकान तक व सावित्री सोनकर के मकान से आरिफ मरहूम व सरफराज के मकान से होते हुए शकुंतला देवी के मकान तक सीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत अवलोकन किया इस दौरान निवासियों ने संतुष्टि जाहिर करते हुए आर सीसी सड़क व इंटर लॉकिंग सड़क निर्माण कार्य की सराहना किया।

उल्लेखनीय हैं कि नवागत एसडीएम न्यायिक/अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका टांडा नीरज गौतम ने जबसे पदभार ग्रहण किया है तब से वार्डवार निरीक्षण कर विकास कार्यों और जनहित से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं और आमजन की मूलभूत सुविधाओं के तहत समीक्षा कर उनके आगामी विकास के लिए रूप रेखा तैयार करने का पुरजोर प्रयास कर रहे है। नगर पालिका टांडा में फैली विसंगतियों पर सुधारात्मक पहल करते भी प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार देखा जा रहा हैं। नवागत अधिशाषी अधिकारी, एसडीएम न्यायिक नीरज गौतम के द्वारा जल की आपूर्ति से जुड़े मामले में जनता को होने वाली परेशानी के कारण मिलने वाली शिकायतों पर विराम लगाने का भी पुरजोर प्रयास किया जा रहा हैं।

# तहसील समाधान दिवस पर डीएम की अनुपस्थित से फरियादी दिखे निराश

अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** जलालपुर तहसील सभागार में आयोजित तहसील समाधान दिवस उस समय फीका पड़ गया, जब निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अध्यक्षता करने वाले जिलाधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। जिलाधिकारी की अनुपस्थिति के चलते समाधान दिवस की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) आनंद कुमार शुक्ला ने की, लेकिन डीएम के न आने की चर्चा के कारण अपेक्षाकृत कम संख्या में फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे।

समाधान दिवस में दूर-दराज के गांवों से आए लोगों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं दर्ज कराईं। दर्ज शिकायतों में राजस्व विभाग से संबंधित मामले सबसे अधिक रहे, जिनमें ज़मीन विवाद, पैमाइश, सार्वजनिक रास्ते पर कब्जा, नाली की सफाई और अन्य आधारभूत समस्याएं प्रमुख रहीं। इस दौरान कुल 110 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से केवल 10 मामलों का मौके पर निस्तारण किया जा सका। समाधान दिवस के कुछ घंटे बाद ही जलालपुर और भियांव के वीडीओ, समाज कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला कार्यक्रम अधिकारी और जिला पंचायती राज अधिकारी अपनी-अपनी कुर्सियां छोड़कर तहसील परिसर से अनुपस्थित पाए गए, जिससे फरियादियों में नाराजगी देखी गई। परकौली निवासी फूलजहां खातून ने आरोप लगाया कि उनकी बैनामाशुदा जमीन पर विपक्षियों द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया है, लेकिन बार-बार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई।, महमदपुर उद्दरपुर निवासी जोगेंद्र सिंह ने बताया कि एक वर्ष पूर्व खेत की पैमाइश कर लोहे का पोल लगाया गया था, जिसे दबंगों ने उखाड़ दिया। तब से पुनः सीमांकन और कार्रवाई की मांग की जा रही है।, नूरपुर कला निवासी कमला प्रसाद गौड़ के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सार्वजनिक रास्ते पर अवैध कब्जे की शिकायत की।, भियांव गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद ने बंजर खाते में दर्ज भूमि पर अवैध कब्जे का मामला उठाया। किशनदासपुर निवासी संतोष पांडे ने स्टे शुदा जमीन पर कब्जे की कोशिश का आरोप लगाया।, चैनपुर निवासी बलदेव मिश्रा ने पड़ोसी द्वारा घर के सामने गंदा पानी गिराने की समस्या बताई।



# पुरानी रंजिश में हत्या, चार आरोपी गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**हजपुरा, अंबेडकरनगर।** थाना सम्मनपुर क्षेत्र के ग्राम अस्ताबाद में पुरानी रंजिश को लेकर हुई युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और तीन डंडे भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, बीते 19 दिसंबर को ग्राम अस्ताबाद में दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई थी। इस दौरान आरोपियों ने शैलेश कुमार पर हसिया और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था। गंभीर रूप से घायल शैलेश को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में मृतक के भाई कन्हैयालाल पुत्र झिंगुरी, निवासी ग्राम अस्ताबाद की तहरीर पर थाना सम्मनपुर में मुकदमा अपराध संख्या 288/25 धारा 103(1), 115(2), 352, 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस तभी से आरोपियों की तलाश में जुटी थी।

# समाधान दिवस इटवा : 26 शिकायतें

**इटवा सिद्धार्थनगर।** इटवा तहसील में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं एएसपी ने भी सुना। कुल 17 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें राजस्व के 9, पुलिस 2, विकास 1, नगर पंचायत 2 व विद्युत विभाग के 3 मामले आये थे, जिनमें से राजस्व के 3 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। अपर जिलाधिकारी अभय श्रीवास्तव ने राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गंभीरता से लें। उन्होंने शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। एएसपी प्रशांत कुमार ने उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से सुना जाए।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज के प्रशिक्षण हाल में शनिवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। जिसमें दिव्यांग बच्चों की पहचान और उन्हें तमाम विभागीय योजनाओं से लाभ के संबंध में जानकारी दी गई।

स्पेशल एजुकेटर डुमरियागंज के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण का उद्देश्य बाल विकास विभाग व शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से दिव्यांग बच्चों को योजनाओं का लाभ दिलाना है। प्रशिक्षण के प्रथम दिन विशेष शिक्षक गणेश गौड़ ने बताया कि दिव्यांग बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ना तथा उन्हें सरकारी सुविधाएं भी उपलब्ध कराना



■ प्रथम दिन दिव्यांग बच्चों की पहचान और भूमिका पर दी गई जानकारी

सरकार का उद्देश्य है। इस उद्देश्य को तभी सफल बनाया जा सकता है जब बाल विकास विभाग के कर्मचारी भी अपनी भूमिका निभाएं। आंगनबाड़ी कार्यकत्री ही प्रथम सीढ़ी होती है। बाल वाटिका के प्रारंभिक अवसर के बाद बच्चे परिषदीय विद्यालय में आते हैं इस बीच तमाम दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें जानकारी देना आवश्यक है। प्रशिक्षण में जानकारी देते हुए अंजनी कुमार सिंह व शिवम शुक्ला ने बताया कि दिव्यांग बच्चों की पहचान कर आंगनबाड़ी केंद्रों को भी अधिक समावेशी बनाया जा सकता है। इस अभियान में आशा की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए अंशिका श्रीवास्तव व अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि दिव्यांग बच्चों की पहचान के तमाम चरण हैं जिसके जिसकी जानकारी करने के बाद ही बच्चों की पहचान की जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### सफाईकर्मियों को ठंड से राहत के लिए जूता-जैकेट वितरित



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर (अवधनामा संवाददाता)।** कड़ाके की ठंड व शीतलहर को देखते हुए नगर पंचायत डुमरियागंज में अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार द्वारा कर्मचारियों के हित में सराहनीय पहल की गई। नगर पंचायत कार्यालय पर लिपिक सैय्यद हसन ताकीब रिजवी के साथ सभी सफाई कर्मचारियों को ठंड से बचाव के लिए जूता व जैकेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार ने कर्मचारियों को ठंड के मौसम में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए। साथ ही नगर में नियमित व बेहतर साफ-सफाई बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में अलाव जलाने व रैन बसेरा की समुचित व्यवस्था की गई है, ताकि ठंड से आमजन व जरूरतमंदों को राहत मिल सके। नगर पंचायत की इस पहल से सफाई कर्मचारियों में संतोष और उत्साह देखा गया।

### चला विशेष सफाई अभियान

**टांडा अम्बेडकरनगर (अवधनामा संवाददाता)।** आज नगर पालिका परिषद टांडा अध्यक्ष शबाना नाज, उपजिलाधिकारी(न्यायिक)/प्रभारी अधिशाषी अधिकारी नीरज गौतम के निर्देश पर नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 21 मो0 सकरावल पश्चिम में मार्गों गलियों नालियों की विशेष सफाई अभियान चला कर सफाई का कार्य किया गया वार्ड में कीटनाशक एंटीलार्वा दवाओं का छिड़काव किया गया खाली पड़ी भूमियों की सफाई कर कूड़ा हटवाया गया वार्ड में स्वच्छता कार्यों में सहयोग हेतु नागरिकों को जनजागृक किया गया। नगर पालिका परिषद टांडा के कर अधीक्षक, नोडल सफाई व्यवस्थाके नेतृत्व में आशीष कुमार चौहान अवर अभियंता जलकल मोहम्मद अहमद, मोहम्मद हुसैन, परवेज अहमद, मो. इदरीश सफाई नायक और सफाई कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



### लेखपालों का धरना प्रदर्शन स्थगित

**जलालपुर, अम्बेडकरनगर (अवधनामा संवाददाता)।** तहसील जलालपुर के ताहापुर हल्का के लेखपाल संतराज गौड़ के निलंबन को लेकर शुक्रवार से शुरू हुआ तहसील जलालपुर के लेखपालों का धरना प्रदर्शन शनिवार को दोपहर बाद स्थगित होगया। लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष की जिलाधिकारी से वार्ता और निलंबित लेखपाल को बहाल करने के आश्वाशन के बाद लेखपालों ने अपना धरना स्थगित किया। बीते दिनों ताहापुर के हल्का लेखपाल संतराज गौड़ को उपजिलाधिकारी ने नाम संसोधन के नाम पर तीन हजार रुपये रिश्वत मांगने की शिकायत पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। जिसे लेकर लेखपालों में आक्रोश फैल गया और लेखपाल संघ जलालपुर के अध्यक्ष जयकरन पाल के नेतृत्व में लेखपालों ने तहसील मुख्यालय पर धरना शुरू कर दिया था।



# बार्डर बाजारों में बाल श्रम का बढ़ता जाल नाबालिगों से करा रहे 'कैरियर' का काम

अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** भारत नेपाल सीमा से सटे कोटिया, खुनुवा में इन दिनों बाल श्रम का गंभीर मामला सामने आ रहा है। यहां छोटे-छोटे बच्चे और नाबालिग खुलेआम 'कैरियर' बनकर भारत से नेपाल तक सामान ढोते नजर आ रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि यह काम बिना किसी रोक-टोक के रोजमर्रा की तरह चल रहा है, जबकि कानूनन यह अपराध की श्रेणी में आता है।

सीमा से जुड़े बाजारों में सुबह से शाम तक कम उम्र के बच्चे सिर पर बोझ उठाए, कंधों पर बोरे लादे नेपाल की ओर जाते दिख जाते हैं। सूत्रों के मुताबिक इन बच्चों का इस्तेमाल इसलिए किया जा रहा है क्योंकि इन पर न तो ज्यादा शक किया जाता है और न ही सख्त जांच होती है। यही वजह है कि तस्करी से जुड़े लोग इन्हें आसानी से आगे कर देते हैं।



■ क्या सीमा पर तैनात एजेंसियां इससे अनजान
■ बाल श्रम रोकने के लिए बने कानून सिर्फ कागजों तक सीमित

स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ बच्चे स्कूल जाने की उम्र में मजदूरी करने को मजबूर हैं। गरीबी और लालच के बीच इन मासूमों का भविष्य दांव पर लगाया जा रहा है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि प्रशासन और जिम्मेदार विभागों की निगरानी के बावजूद यह खेल धड़ल्ले से चल रहा है।

बाल अधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह सिर्फ बाल श्रम नहीं, बल्कि बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला है। सीमा क्षेत्र में इस तरह बच्चों से काम कराना उनके शारीरिक और मानसिक विकास दोनों के लिए खतरनाक है।

जरूरत इस बात की है कि प्रशासन इस पर तत्काल संज्ञान ले, सख्त जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करे और इन बच्चों को मजदूरी नहीं, शिक्षा की ओर लौटाए। वरना सीमा पर पनपता यह बाल श्रम का जाल आने वाले समय में और भी गंभीर रूप ले सकता है।

# धर्मगुरुओं एवं शिक्षकों की स्मृति में मजलिस आयोजित

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** जाफराबाद स्थित बहिश्त -ए -वफा में हुसैनी कमेटी के बैनर तले दिवंगत सामाजिक, धर्मगुरुओं एवं शिक्षकों की स्मृति में आयोजित मजलिस को खिताब करते हुए इमाम -ए -जुमा मौलाना रहबर सुल्तानी ने कहा कि ईश्वरीय शक्ति सर्वोपरि है।मौत और हयात अल्लाह के नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का महत्व हर दौर में रहा है।

मोहम्मद साहब ने कहा कि मैं शहर -ए- इल्म हूं। और अली उसके दरवाजा हैं। उन्होंने हज़रत अली को इल्म का पैकर बताते हुए कहा कि शिक्षा मानव जीवन के लिए वरदान है। मौलाना ने मजलिस के अंत में हज़रत अब्बास के मसाएब बयान किया तो मोमनीन अशकबार हो गए। मजलिस से पूर्व शरफ जलालपुरी, कुमैल जलालपुरी, खलील जलालपूरी ने पेश ख्वानी किया। हिफाजत हुसैन व उनके हमनवां ने मर्सिया ख्वानी पेश किया।

# भगवत भक्ति ही मानव जीवन का मुख्य उद्देश्य : प्रेम शरण

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** क्षेत्र के चौखड़ा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में श्रीमद् भागवत वक्ता कथा प्रेम शरण जी ने कहा कि मानव के श्रीमद्भागवत कथा के श्रावण मात्र से सभी पाप कट जाते हैं और वह मृत्यु लोक के आवागमन से मुक्ति प्राप्त कर सकते है।

कथा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने बताया कि मानव के मुक्ति का मार्ग श्रीमद्भागवत कथा से ही खुलता है। उन्होंने बताया कि महाभारत की समाप्ति के बाद कलयुग के आगमन की आहट के बीच राजा परीक्षित जंगल शिकार के लिए गए जहां कलयुग के प्रभाव से परीक्षित का मति भ्रमित हो गया और प्यास से ब्याकुल हो कर पानी की तलाश में शमीक ऋषि के आश्रम पहुंचे जहां शमीक ऋषि को ध्यान मग्न देख उन्हे अपशब्द बोलने लगे तथा पास पड़े मृत सर्प को उनके गले में डाल कर चलते बने। नदी पर स्नान करने गए शमीक ऋषि के पुत्र श्रृंगी ऋषि को अन्य बच्चों ने उनके पिता के साथ राजा द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की सूचना दी गई। अपने पिता के साथ दुर्व्यवहार की सूचना पर श्रृंगी ऋषि ने जल लेकर राजा परीक्षित को 7 दिनों के अंदर तक्षक सर्प के डसने से मौत का श्राप दे डाला। शुकदेव जी के द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया इस दौरान राजा परीक्षित ने शुकदेव जी से पूछा कि मानव मात्र का उद्देश्य है,इस पर शुकदेव जी ने कहा कि मानव मात्र का उद्देश्य भगवत भक्ती है।



# हिंदू सम्मेलन को लेकर घर-घर जनसंपर्क, 23 को आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आगामी 23 दिसंबर को डुमरियागंज स्थित राजकीय कन्या इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर शनिवार को डुमरियागंज कस्बे में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं एवं संघ से जुड़े लोगों ने घर-घर पहुंचकर हिंदू जनमानस को सम्मेलन में शामिल होने का आमंत्रण दिया। जनसंपर्क के दौरान कार्यकर्ताओं ने लोगों को हिंदू सम्मेलन के उद्देश्य और कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील की। उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्र निर्माण के मूल्यों को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि 23 दिसंबर को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित होने वाला यह सम्मेलन क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक आयोजन होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र प्रचारक अनिल सम्मलित होंगे, वही बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रबुद्धजन शामिल होंगे।

# पिकअप चालक की संदिग्ध मौत से उठे गंभीर सवाल

**गोंडा।** कटरा बाजार क्षेत्र में पिकअप चालक विपुल सिंह (45) की मौत को लेकर उठे सवालों के बीच दोबारा कराए गए पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में मौत का कारण हार्ट अटैक और फेफड़ों में गंभीर संक्रमण बताया जा रहा है। वहीं मृतक के परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, विपुल सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए प्रशासन से दोबारा पोस्टमार्टम की मांग की थी। मांग को देखते हुए प्रशासनिक स्तर पर दोबारा जांच कराई गई, लेकिन दूसरी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी पहले जैसी ही पुष्टि हुई। चिकित्सकीय रिपोर्ट के मुताबिक, मृतक को पहले से हृदय संबंधी समस्या थी और फेफड़ों में गंभीर इंफेक्शन पाया गया, जिसकी वजह से उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई। हालांकि परिजन अब भी संतुष्ट नहीं हैं और मामले को लेकर सवाल उठा रहे हैं।

# शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम गठित किया जाए : जिलाधिकारी

देवी अवस्थी

**गोण्डा।** शासन की मंशानुरूप जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील करनैलगंज में जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन तथा पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। जनसुनवाई के दौरान तहसील करनैलगंज में कुल 103 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 15 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया है शेष को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाय, तथा टीम द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर पूरी गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण तथा चकमार्ग के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें।



■ डीएम व एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनी फरियादियों की समस्याएं

# तबादले को एक माह बाद भी एडीओ पंचायत नहीं संभाला कार्यभार

अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** इटवा विकास खंड से शोहरतगढ़ विकास खंड स्थानांतरित किए गए सहायक विकास अधिकारी (पं.) संजय पटेल ने तबादला आदेश के एक माह बाद भी कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। जबकि स्थानांतरण आदेश में साफ तौर पर उल्लेख था कि तबादला तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 नवंबर को विकास खंड इटवा से शोहरतगढ़ स्थानांतरण के बावजूद एडीओ पंचायत संजय पटेल ने अब तक योगदान नहीं किया है। एक माह बीत जाने के बाद भी कार्यभार न संभालने से क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। आदेश के बावजूद कार्यभार ग्रहण न करना सरकारी सेवा नियमों की खुली अवहेलना माना जा रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि बिना किसी अधिकार और जिम्मेदारी के संजय पटेल आखिर कहां और किसके संरक्षण में घूम रहे हैं, जबकि कागजी रूप से उनकी कोई आधिकारिक जिम्मेदारी तय नहीं हो पा रही है। सेवा नियमों के अनुसार स्थानांतरण के बाद तय समयसीमा में नई तैनाती स्थल पर योगदान अनिवार्य होता है, लेकिन यहां न तो योगदान कराया गया और न ही अब तक किसी तरह की विभागीय कार्रवाई की सूचना सामने आई है। इससे प्रशासनिक स्तर पर मौन स्वीकृति या संरक्षण की आशंका और गहरा गई है। यह मामला केवल एक अधिकारी के तबादले तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे पूरे विकास तंत्र की कार्यप्रणाली और अनुशासन पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। यदि आदेशों की अनदेखी इसी तरह होती रही, तो शासन की सख्ती केवल कागजों तक सिमट कर रह जाएगी।

■ सरकारी सेवा नियमों की खुली अवहेलना

# 'भारत तोड़ो' की साजिशें

बीती 16 दिसंबर वह तारीख थी, जब 1971 में पाकिस्तान के 93,000 फौजियों को भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण करना पड़ा था। उन्हें अपने हथियार जमीन पर रखने पड़े थे। नतीजतन बांग्लादेश की मुक्ति का आगाज हुआ था। भारतीय सेनाओं ने बांग्ला मुक्ति संग्राम में विशेष योगदान दिया था और पाकिस्तान को दोफाड़ करने की लड़ाई लड़ी थी। पूर्वी पाकिस्तान, अंततः बांग्लादेश बना था। वह भारत का ही सृजन था, लेकिन शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से तख्तापलट के बाद हमारी ही 'औलाद' अब हमें आंखें दिखा रही है। यह असहनीय होना चाहिए। भारत को कड़ी प्रतिक्रिया, बल्कि कार्रवाई करनी चाहिए। सिर्फ उसके राजदूत को मंत्रालय में बुला कर विरोध जताने से कुछ नहीं होगा, क्योंकि नौबत 'भारत तोड़ो' तक की आ गई है। बांग्लादेश के अराजक और जेहादी तत्त्व धमकियां दे रहे हैं। पूर्वोत्तर के सात राज्यों को भारत से अलग करने, वहां विद्रोहियों को पुनः सक्रिय करने और तनाव, उग्रवाद फैलाने की धमकियों के अलावा साजिशें भी रची जा रही हैं। अब पाकिस्तान बांग्लादेश को अपना 'भाई' बता रहा है और साज़िशों का सूत्रधार बना है। उल्फा की सैन्य ईकाई के सरगना परेश बरुआ को चीन से ढाका लाने की कोशिशें जारी हैं, ताकि पूर्वोत्तर को फिर अस्थिर किया जा सके। ढाका में भारतीय दूतावास के बाहर बेहद उत्तेजक और उन्मादी विरोध-प्रदर्शन किया गया। दूतावास में घुसने की कोशिशें की गईं। नारे लगाए गए-'बाबर के रास्ते पर चलो, सात राज्यों को आज़ाद कराओ'ज'जो हत्यारे को पनाह दे, उसे तोड़ दो, तोड़ दो।' शेख हसीना को 'हत्यारा' करार दिया जा रहा है, जिन्हें भारत ने शरण दी है। बांग्लादेश सरकार की ओर से बार-बार आग्रह किया जा रहा है कि भारत शेख हसीना को सौंप दे। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार (परोक्ष रूप से प्रधानमंत्री) मुहम्मद यूनुस 85 साल के हो गए हैं, लेकिन उनका एकमात्र मकसद शेख हसीना को फांसी पर लटकाने का लगता है।

इस संदर्भ में वहां की एक अदालत से 'सजा-ए-मौत' का फैसला भी करा लिया गया है। यूनुस को 2006 में नोबेल पुरस्कार से नवाजा गया था, लेकिन अब इस उम्र में उनकी राजनीतिक महत्त्वाकांक्षाएं उभर आई हैं। देश का विकास जाए भाड़ में, उन्होंने बांग्लादेश को कट्टरपंथी इस्लामी देश में तबदील करने का मानो संकल्प लिया है! देश में हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं, हिंदुओं की हत्याएं की जा रही हैं और देश से बेदखल करने की धमकियां दी जा रही हैं, हिंदुओं के मंदिर, घर-दुकानों को तोड़-फोड़ कर आग के हवाले किया जा रहा है। यह पराकाष्ठा है कि अब पूर्वोत्तर राज्यों को भारत से अलग करने की साज़िशें सामने आ रही हैं। बांग्लादेश के कठमुल्ला, कट्टरपंथी बयान सामने आ रहे हैं कि बांग्लादेश और पूर्वोत्तर के बीच 'चिकननेक' को बंद किया जाए, ताकि पूर्वोत्तर अपने आप ही भारत से कट जाए। बांग्लादेश की कट्टरपंथी, भारत-विरोधी जमात यह नहीं जानती कि भारत 1971 में ही इस 'चिकननेक' को चौड़ा कर सकता था अथवा इसे अपने कब्जे में ले सकता था, लेकिन भारत ने बांग्ला की मुक्ति और आजादी का सम्मान किया। बीते गुरुवार को संसद में विदेश मंत्रालय की स्थायी समिति की रपट में कहा गया है कि बांग्लादेश की वायुसेना के लालमोनिरहाट एयरबेस की हवाई पट्टी चीन बना रहा है। यह इलाका सिलीगुड़ी कॉरिडोर के बेहद करीब है, जिसे संवेदनशील 'चिकननेक' के तौर पर जानते हैं।

## नेचर का 'रिसेट' बटन : जब कुदरत लेती है नई करवट


दिलीप पाठक

शीतकालीन संक्रांति वह दिन है जो मध्य शीतकाल का प्रतीक है और वर्ष के किसी भी अन्य दिन की तुलना में सबसे कम दिन के उजाले वाला दिन होता है। यह तब होता है जब दक्षिणी या उत्तरी ध्रुव सूर्य से अधिकतम दूरी पर होते हैं। इसका अर्थ है कि सूर्य वर्ष के किसी भी अन्य समय की तुलना में देर से उगता है और जल्दी अस्त होता है, सरल शब्दों में कहें तो सबसे लम्बी रात एवं सबसे छोटा दिन यह एक प्रमुख खगोलीय घटना है।

पृथ्वी के ध्रुवों की ध्रुवीयता के कारण, उत्तरी गोलार्ध में शीतकालीन संक्रांति तब होती है जब दक्षिणी गोलार्ध में ग्रीष्मकालीन संक्रांति होती है, और इसके विपरीत भी होता है। ग्रीष्मकालीन संक्रांति वह दिन होता है जिसमें सबसे अधिक दिन का प्रकाश होता है और सूर्य अपनी अधिकतम ऊंचाई पर होता है, ऐतिहासिक रूप से, यह माना जाता था कि शीतकालीन संक्रांति सर्दियों के ठीक मध्य का प्रतीक है। हालाँकि, समय के साथ, अब कई लोग इसे सर्दियों की शुरुआत मानते हैं। मौसम विज्ञानी आमतौर पर संक्रांति से 3 सप्ताह पहले से ही सर्दियों की शुरुआत मानते हैं। 2026 में, उत्तरी गोलार्ध के देशों के लिए शीतकालीन संक्रांति आज 21 दिसंबर को होगी, जो दक्षिणी गोलार्ध में होने वाली ग्रीष्मकालीन संक्रांति के साथ मेल खाएगी। मानव इतिहास में, शीतकालीन संक्रांति को एक महत्वपूर्ण अवसर माना गया है, जिसे इसके प्रतीकात्मक महत्व के कारण मनाया और पौराणिक कथाओं से जोड़ा गया है। कई समाजों ने इस घटना को आध्यात्मिकता और आस्था से जोड़ा है, जबकि वैज्ञानिकता की दृष्टि से ये एक बड़ी घटना है।यह इंग्लैंड के स्टोनहेंज स्मारक में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है, जिसके बारे में माना जाता है कि यह लगभग 3000 ईसा पूर्व से अस्तित्व में है। इसके मुख्य पत्थर शीतकालीन और ग्रीष्मकालीन संक्रांति के दौरान सूर्य के चाप के साथ पूरी तरह से संरेखित होते हैं, और इसी से यह मान्यता बनी है कि प्रागैतिहासिक काल से ही लोग शीतकालीन संक्रांति की घटना को महत्व देते थे। इसका प्रमाण आयरलैंड गणराज्य में स्थित न्यूग्रेन्ज कब्रगाह है, जो 5,000 वर्ष से भी अधिक पुरानी है और मिस्र के पिरामिडों और स्टोनहेंज से भी पुरानी है। शीतकालीन संक्रांति के दौरान, न्यूग्रेन्ज का कक्ष पूरी तरह से प्रकाशित हो जाता है, जो वर्ष में एक बार होने वाली एक अनोखी घटना को दर्शाता है। वहीं, भारत में शीतकालीन संक्रांति, मकर संक्रांति नामक एक पवित्र हिंदू त्योहार की शुरुआत का प्रतीक है। चीन में, इसे 24 सौर अवधियों में से 22वीं अवधि माना जाता है और आज भी इसे डोंग्ज़े त्योहार के साथ मनाया जाता है, जिसमें परिवार एक साथ मिलते हैं और साल की सबसे लंबी रात एक साथ बिताते हैं। ये प्रकृति अपने आप में बहुत विशाल एवं दिलचस्प है, आज के दिन एक रोचक मगर सत्यापित आश्चर्य होता है शीतकालीन संक्रांति के दिन, अगर आप दोपहर में बाहर खड़े होकर अपनी परछाई देखें, तो वह पूरे साल में आपकी सबसे लंबी परछाई होगी। इसका कारण भी प्रमुख है, हर दिन, सूर्य पूर्व से उगता है और पश्चिम में अस्त होता है, आकाश में एक चाप बनाता है। पृथ्वी की सूर्य के चारों ओर वार्षिक परिक्रमा के दौरान उस चाप की ऊँचाई बदलती रहती है। जैसे-जैसे हमारा ग्रह परिक्रमा करता है, एक ध्रुव सूर्य की ओर झुकता है और दूसरा ध्रुव उससे दूर झुकता है। उत्तरी गोलार्ध में सर्दियों के दौरान, उत्तरी ध्रुव सूर्य से दूर झुका होता है, इसलिए चाप की ऊँचाई कम होती है—और आपकी परछाई लंबी दिखाई देती है। दरअसल, शीतकालीन संक्रांति के आसपास के दिनों में सूर्य क्षितिज पर इतना नीचे होता है कि ऐसा प्रतीत होता है मानो वह एक ही स्थान से उगता और अस्त होता है। इसीलिए लैटिन भाषा में संक्रांति शब्द का अनुवाद सूर्य का स्थिर रहना होता है। शीतकालीन संक्राति को लेकर दुनिया में खूब उत्सुकता देखी जा सकती है, इसीलिए जापान में लोग सर्दी-जुकाम से बचने के लिए गर्म पानी में युज़ू (खट्टे फल) डालते हैं और अपने शरीर को उसमें भिगोते हैं। कोरिया में लोग सौभाग्य पाने और अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए लाल सेम का दलिया खाते हैं। कुछ लोग साल के सबसे छोटे दिन सूर्योदय देखने के लिए आयरलैंड की यात्रा करते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।
किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।
पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

**बच्चों के शरीर पर इसका असर इसलिए भी ज्यादा गंभीर है क्योंकि उनके फेफड़े और प्रतिरक्षा तंत्र अभी विकसित हो रहे होते हैं। शोध बताते हैं कि प्रदूषित हवा में पले-बढ़े बच्चों की फेफड़ों की क्षमता सामान्य बच्चों की तुलना में 10-20 प्रतिशत तक कम हो सकती है। इसका असर केवल उनके स्वास्थ्य पर नहीं, बल्कि उनकी सीखने की क्षमता, शारीरिक विकास और भविष्य की उत्पादकता पर भी पड़ता है। यह एक ऐसा नुकसान है जिसकी भरपाई वर्षों बाद भी मुश्किल होती है। ऐसी स्थिति में आवश्यक है कि शोध आधारित वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक उपायों से इस गम्भीर संकट का सामना किया जाए।**

# दिल्ली प्रदूषण : पर्यावरण नहीं स्वास्थ्य की समस्या बन चुका


डॉ. नीलम महेंद्र

दिल्ली की हवा अब केवल प्रदूषित नहीं है, वह हमारे समय की सबसे बड़ी चुपचाप फैलती हुई आपदा बन चुकी है। यह संकट अचानक नहीं आया, बल्कि वर्षों की लापरवाही, गलत प्राथमिकताओं और आधे-अधूरे समाधानों का नतीजा है। हर सर्दी में जब स्मॉग की मोटी परत राजधानी को ढक लेती है, तब हम कुछ दिनों के लिए चिंतित होते हैं, फिर हालात सामान्य दिखने लगते हैं और हम मान लेते हैं कि समस्या टल गई। लेकिन सच यह है कि समस्या कहीं नहीं जाती, वह हमारे फेफड़ों में जमा होती रहती है।

दिल्ली के प्रदूषण को समझने के लिए सबसे पहले यह स्वीकार करना होगा कि इसका कोई एक कारण नहीं है। यह कई स्रोतों से पैदा हुआ एक सम्मिलित संकट है। वाहनों की बात करें तो दिल्ली-एनसीआर में पंजीकृत वाहनों की संख्या 1.2 करोड़ से अधिक है। इनमें से बड़ी संख्या डीज़ल आधारित है, जो PM2.5 और नाइट्रोजन ऑक्साइड जैसे घातक प्रदूषक छोड़ती है। इसके अलावा रोज़ाना लगभग 10-12 लाख वाहन दिल्ली में बाहर से प्रवेश करते हैं। यह संख्या किसी भी महानगर के लिए असामान्य है और यही वजह है कि सड़क परिवहन दिल्ली के कुल प्रदूषण में लगभग 30 प्रतिशत तक योगदान देता है।

निर्माण गतिविधियां दूसरा बड़ा कारण हैं। दिल्ली एक ऐसा शहर बन चुका है जो लगातार खुद को तोड़कर फिर से बना रहा होता है। फ्लाईओवर, मेट्रो विस्तार, हाउसिंग प्रोजेक्ट्स और व्यावसायिक परिसरों के कारण उड़ने वाली धूल PM10 का प्रमुख स्रोत है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, शहरी धूल दिल्ली के प्रदूषण में लगभग 15-20 प्रतिशत तक योगदान देती है। नियमों के बावजूद अधिकांश निर्माण स्थल खुले रहते हैं, जहां न तो पानी का छिड़काव नियमित होता है और न ही धूल रोकने की आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल।

इस क्रम में औद्योगिक प्रदूषण को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में हजारों छोटी औद्योगिक इकाइयां हैं, जो कोयला, फर्नेस ऑयल और अन्य प्रदूषणकारी ईंधनों का उपयोग करती हैं। ईंट भट्टे, प्लास्टिक जलाना, अवैध फैक्ट्रियां और कचरे का खुले में दहन—ये सब मिलकर हवा को और जहरीला बनाते हैं। विभिन्न अध्ययनों में यह पाया गया है कि उद्योग और ऊर्जा उत्पादन से जुड़े स्रोत दिल्ली के प्रदूषण में लगभग 15 प्रतिशत तक हिस्सेदारी रखते हैं। इन सबके बीच पराली जलाने का मुद्दा हर साल चर्चा के केंद्र में आता है। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, अक्टूबर-नवंबर के दौरान दिल्ली के प्रदूषण में पराली का योगदान औसतन 20 से 35 प्रतिशत के बीच रहता है। कुछ चरम दिनों में, जब हवा की दिशा प्रतिकूल होती है, यह योगदान 40 प्रतिशत तक भी पहुंच जाता है। लेकिन यह भी उतना ही बड़ा सच है कि साल के बाकी महीनों में, जब पराली नहीं जलाई जाती, तब भी दिल्ली की हवा खराब ही रहती है। इससे साफ है कि पराली एक अहम कारण है, लेकिन उसे ही पूरे संकट का दोषी ठहराना एक आसान, लेकिन अधूरा तर्क है।




इन तमाम कारणों का नतीजा यह है कि दिल्ली दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में लगातार शीर्ष पर बनी हुई है। नवंबर 2024 में तो दिल्ली के कुछ इलाकों का aqi 1000 के पार चला गया था जबकि इसका सामान्य मानक शून्य से 50 के बीच होता है। यह कोई नजरंदाज करने वाला तथ्य नहीं है, बल्कि यह इस बात का संकेत है कि राजधानी की हवा विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से कई गुना ज्यादा जहरीली हो चुकी है। WHO के अनुसार PM2.5 का सुरक्षित स्तर 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है, जबकि दिल्ली में सर्दियों के दौरान यह स्तर 150 से 300 तक पहुंच जाता है। यानी सुरक्षित सीमा से 30 से 60 गुना अधिक। इस प्रदूषण का असर अब आंकड़ों से आगे बढ़कर इंसानी शरीर पर साफ दिखने लगा है। दिल्ली में हर साल लाखों लोग सांस संबंधी बीमारियों के लिए इलाज करवाते हैं। हार्ट अटैक और स्ट्रोक के मामलों में भी प्रदूषण की भूमिका को अब वैज्ञानिक रूप से स्वीकार किया जा चुका है। लेकिन सबसे भयावह असर बच्चों पर पड़ रहा है। हालिया मेडिकल रिसर्च में यह सामने आया है कि दिल्ली के कई बच्चों के फेफड़ों में ऐसे पैच देखे गए हैं, जो कोविड के बाद दिखाई देने वाले फेफड़ों के नुकसान से मिलते-जुलते हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि यहां कारण संक्रमण नहीं, बल्कि लगातार जहरीली हवा में सांस लेना है। बच्चों के शरीर पर इसका असर इसलिए भी ज्यादा गंभीर है क्योंकि उनके फेफड़े और प्रतिरक्षा तंत्र अभी विकसित हो रहे होते हैं। शोध बताते हैं कि प्रदूषित हवा में पले-बढ़े बच्चों की फेफड़ों की क्षमता सामान्य बच्चों की तुलना में 10-20 प्रतिशत तक कम हो सकती है। इसका असर केवल उनके स्वास्थ्य पर नहीं, बल्कि उनकी सीखने की क्षमता, शारीरिक विकास और भविष्य की उत्पादकता पर भी पड़ता है। यह एक ऐसा नुकसान है जिसकी भरपाई वर्षों बाद भी मुश्किल होती है। ऐसी स्थिति में आवश्यक है कि शोध आधारित वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक उपायों से इस गम्भीर संकट का सामना किया जाए।

हालांकि दिल्ली सरकार ने प्रदूषण रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं। ग्रैप के तहत आपातकालीन प्रतिबंध, ऑड-ईवन योजना, स्कूलों का अस्थायी बंद होना, निर्माण कार्यों पर रोक और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा—ये सभी कदम दिखाते हैं कि समस्या को स्वीकार किया गया है। लेकिन सवाल यह है कि क्या ये उपाय पर्याप्त हैं। सच तो यह है कि ये अधिकतर प्रतिक्रियात्मक कदम हैं, न कि निवारक क्योंकि सालों से दिल्ली में प्रदूषण की समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है।

इन परिस्थितियों में हमें दुनिया के उन शहरों से सीखने की जरूरत है जिन्होंने कभी ऐसे ही संकट का सामना किया था। लंदन का ग्रेट स्मॉग (1952) एक ऐतिहासिक उदाहरण है, जिसने वहां की सरकार को क्लीन एयर एक्ट लाने पर मजबूर किया। आज लंदन की हवा दिल्ली से कहीं बेहतर है क्योंकि वहां निजी वाहनों पर भारी कंजेशन चार्ज लगाया गया और सार्वजनिक परिवहन को विश्व स्तरीय बनाया गया। इसी तरह, बीजिंग ने पिछले एक दशक में अपने प्रदूषण स्तर को 40 फीसदी तक कम किया है। उन्होंने कोयले से चलने वाले बिजली संयंत्रों को शहर से बाहर किया, इलेक्ट्रिक वाहनों को अनिवार्य स्तर तक बढ़ावा दिया और रीयल-टाइम सख्त निगरानी प्रणाली लागू की। दिल्ली भी इन उपायों पर काम करके प्रदूषण की समस्या से निजात पा सकती है। इसके साथ ही, शहरी हरित क्षेत्र भी बढ़ाने होंगे। रिसर्च यह बताती है कि यदि किसी शहर के कुल क्षेत्रफल का 20-25 प्रतिशत हिस्सा हरित क्षेत्र हो, तो प्रदूषण के स्तर में उल्लेखनीय गिरावट आ सकती है।

# अराजक मोड़ पर बांग्लादेश

**भारत-विरोधी नारे, भारतीय उच्चायोग और वीज़ा केंद्रों के बाहर हिंसक प्रदर्शन, और भारतीय मिशन बंद करो जैसी मांगें यह दिखाती हैं कि आंतरिक असंतोष को बाहरी दुश्मन की ओर मोड़ना कितना आसान और राजनीतिक रूप से उपयोगी होता है। बांग्लादेश की युवा राजनीति में पहले से मौजूद यह धारणा कि भारत शेख़ हसीना का संरक्षक रहा है, इस आग में घी का काम कर रही है।**


महेन्द्र तिवारी

बांग्लादेश आज जिस उथल-पुथल से गुजर रहा है, वह केवल एक देश की आंतरिक राजनीतिक अस्थिरता नहीं है, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया के लिए चिंता का विषय बनती जा रही है। शेख़ हसीना के सत्ता से हटने के बाद पैदा हुआ राजनीतिक शून्य अब एक ऐसे मोड़ पर आ खड़ा हुआ है, जहाँ सत्ता, सड़कों और विचारधाराओं के बीच का टकराव हिंसक रूप ले चुका है। छात्र नेता और उभरते जनाक्रोश आंदोलन के प्रतीक चेहरे शरीफ़ उस्मान हादी की हत्या ने इस अस्थिरता को विस्फोटक दिशा दे दी है। यह घटना अपने-आप में जितनी दुखद और भयावह है, उससे कहीं अधिक गंभीर इसके राजनीतिक और सामाजिक निहितार्थ हैं।

मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार मूलतः एक संक्रमणकालीन व्यवस्था है, जिसके पास न तो जनादेश की नैतिक ताकत है और न ही प्रशासनिक मशीनरी पर वैसी पकड़, जो गहरे राजनीतिक संकट को संभाल सके। निष्पक्ष चुनाव, संस्थागत सुधार और कानून-व्यवस्था बहाल करने के वादों के बावजूद सरकार पर लगातार यह आरोप लग रहे हैं कि वह न तो समयबद्ध निर्णय ले पा रही है और न ही विभिन्न राजनीतिक शक्तियों के बीच विश्वास कायम कर पा रही है। फरवरी 2026 के लिए घोषित आम चुनाव अभी दूर हैं, और उससे पहले ही अवामी लीग द्वारा पूरी चुनाव प्रक्रिया को पक्षपाती और फासिस्ट÷ बताकर खारिज कर देना इस आशंका को बल देता है कि आने वाले महीनों में टकराव और तेज़ होगा।




ऐसे माहौल में शरीफ़ उस्मान हादी की हत्या एक ट्रिगर की तरह सामने आई। हादी केवल एक छात्र नेता नहीं था; वह 2024 के छात्र-आंदोलन और तथाकथित जुलाई क्रांति का प्रतीक बन चुका था। उसकी हत्या को अलग-अलग राजनीतिक खेमे अपने-अपने हिसाब से परिभाषित कर रहे हैं—कोई इसे पुराने सत्ता तंत्र की साज़िश बता रहा है, तो कोई इसे उभरते जनतांत्रिक नेतृत्व को कुचलने की कोशिश कह रहा है। जांच में कुछ संदिग्धों के भारत की ओर भागने की आशंका ने इस पूरे घटनाक्रम को अंतरराष्ट्रीय रंग दे दिया और गुस्से का रुख़ भारत की तरफ़ मोड़ दिया गया।

भारत-विरोधी नारे, भारतीय उच्चायोग और वीज़ा केंद्रों के बाहर हिंसक प्रदर्शन, और भारतीय मिशन बंद करो जैसी मांगें यह दिखाती हैं कि आंतरिक असंतोष को बाहरी दुश्मन की ओर मोड़ना कितना आसान और राजनीतिक रूप से उपयोगी होता है। बांग्लादेश की युवा राजनीति में पहले से मौजूद यह धारणा कि भारत शेख़ हसीना का संरक्षक रहा है, इस आग में घी का काम कर रही है। अंतरिम सरकार की प्रशासनिक कमजोरी और स्पष्ट संवाद की कमी ने अफ़वाहों और उग्र नैरेटिव को खुला मैदान दे दिया है।

यहाँ सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि बांग्लादेश के इतिहास में राजनीतिक हिंसा अक्सर बहुत जल्दी साम्प्रदायिक रूप ले लेती है। 2021 और 2024 के बाद के अनुभव बताते हैं कि जब राज्य की पकड़ ढीली होती है, तो भीड़ का गुस्सा सबसे पहले अल्पसंख्यकों पर टूटता है। मौजूदा हालात में भी यह खतरा वास्तविक है। हालिया घटनाओं में हिन्दू समुदाय के खिलाफ़ हिंसा की खबरें और मयमन सिंह जैसे इलाकों में भीड़ द्वारा हत्या की घटनाएँ इस आशंका को पुष्ट करती हैं कि राजनीतिक अराजकता फिर से धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए असुरक्षा का माहौल बना सकती है।

भारत-बांग्लादेश संबंध इस समय स्पष्ट रूप से तनावपूर्ण दौर से गुजर रहे हैं। एक ओर ढाका भारत पर हमलावरों को शरण देने जैसे आरोपों के जरिए घरेलू दबाव को संतुलित करने की कोशिश कर रहा है, तो दूसरी ओर दिल्ली ने अपने राजनयिक मिशनों की सुरक्षा को लेकर कड़ी चिंता जताई है और कूटनीतिक स्तर पर विरोध दर्ज कराया है। वीज़ा सेवाओं में कटौती और सीमित आवाजाही जैसे कदम दोनों देशों के आम नागरिकों पर भी असर डाल रहे हैं। यह स्थिति न तो भारत के हित में है और न ही बांग्लादेश के, लेकिन राजनीति में तात्कालिक लाभ अक्सर दीर्घकालिक नुकसान को अनदेखा कर देता है।

इस पूरे संकट में अंतरिम सरकार की भूमिका निर्णायक होनी चाहिए थी, लेकिन वह अब तक प्रतिक्रियात्मक ही दिखी है। राष्ट्रीय शोक, आधा झुका ध्वज और कुछ गिरफ्तारियाँ प्रतीकात्मक कदम हैं; वे सड़कों पर फैले अविश्वास और गुस्से को शांत करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। जरूरत एक पारदर्शी, विश्वसनीय और तेज़ जांच की है, जो किसी भी राजनीतिक दबाव से ऊपर उठकर सच्चाई सामने ला सके। साथ ही, सभी प्रमुख राजनीतिक शक्तियों के बीच संवाद का रास्ता खोलना भी अनिवार्य है, वरना चुनाव तक यह अस्थिरता और हिंसा बांग्लादेश को एक ऐसे दलदल में धकेल सकती है, जहाँ से निकलना मुश्किल होगा।

दक्षिण एशिया के संदर्भ में देखें तो बांग्लादेश की अस्थिरता केवल उसकी सीमाओं तक सीमित नहीं रहेगी। सीमा सुरक्षा, व्यापार, शरणार्थी संकट और क्षेत्रीय कट्टरता—ये सभी मुद्दे इससे प्रभावित होंगे। भारत के लिए चुनौती यह है कि वह संयम और कूटनीतिक संतुलन बनाए रखते हुए अपने नागरिकों, मिशनों और सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करे, बिना इस नैरेटिव को और मजबूत किए कि वह बांग्लादेश के आंतरिक मामलों में दखल दे रहा है।

अंततः, शरीफ़ उस्मान हादी की हत्या एक व्यक्ति की मौत से कहीं अधिक का संकेत है। यह बांग्लादेश के सत्ता-संक्रमण की विफलताओं, राजनीतिक ध्रुवीकरण, उग्र राष्ट्रवादी-इस्लामी विमर्श और अल्पसंख्यक असुरक्षा के संकट का प्रतीक बन चुकी है। अगर इस क्षण को केवल बदले और आरोप-प्रत्यारोप के जरिए जिया गया, तो नुकसान अपूरणीय होगा। बांग्लादेश के लिए यह आत्ममंथन का समय है—कि वह लोकतांत्रिक संक्रमण को हिंसा के रास्ते से गुजारेगा या संवाद, न्याय और संवैधानिक मर्यादा के सहारे। यही फैसला आने वाले वर्षों में न केवल उसके भविष्य, बल्कि पूरे क्षेत्र की स्थिरता तय करेगा।

# किताबें हैं मगर पढ़ने का विकल्प नहीं

**यूनिसेफ और शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्रों में माध्यमिक स्तर पर पहुँचते-पहुँचते लड़कियों की स्कूल छोड़ने की दर शहरी क्षेत्रों की तुलना में कहीं अधिक है। NFHS-5 के अनुसार उत्तराखंड में 10वीं के बाद लड़कियों की निरंतर शिक्षा में साफ़ गिरावट देखी जाती है, और इसके पीछे प्रमुख कारण दूरी, सुरक्षा और विषयों की सीमित उपलब्धता है। अंजलि बताती हैं कि उसे आगे पढ़ने के लिए कपकोट क्षेत्र के एक स्कूल में जाना पड़ता है।**


संजना

उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में बसे गाँव बाहर से शांत दिखाई देते हैं, लेकिन भीतर कई ऐसी परेशानियाँ छिपी हैं, जिनकी गूंज बहुत दूर तक जाती है। यह परेशानी केवल स्थानीय लोगों को ही नहीं बल्कि विद्यार्थियों को भी है। बागेश्वर जिले का पोथिंग भी ऐसा ही एक गाँव है। जहां 12वीं तक की पढ़ाई के लिए राजकीय इंटर कॉलेज तो है, लेकिन दसवीं के बाद विज्ञान में रुचि रखने वाले छात्र-छात्राओं के लिए इस कॉलेज के दरवाजे बंद हो जाते हैं क्योंकि यहां आर्ट्स की पढ़ाई तो होती है लेकिन विज्ञान की नहीं। अंजलि, जो इसी गाँव की रहने वाली हैं और इस समय कक्षा ग्यारह में पढ़ रही हैं, अपनी कहानी साझा करते हुए बताती हैं कि उसने दसवीं तक की पढ़ाई पोथिंग के इसी स्कूल से पूरी की थी। वह कहती हैं कि यह स्कूल उनके लिए सिर्फ़ पढ़ने की जगह नहीं था, बल्कि एक ऐसा माहौल था जहाँ अध्यापक और विद्यार्थी एक-दूसरे को समझते थे। लेकिन जैसे ही दसवीं से आगे विज्ञान पढ़ने की बात आई, तो उसे वह स्कूल छोड़ना पड़ा। अंजलि अकेली नहीं हैं। उनके साथ विज्ञान विषय चुनने वाली अन्य लड़कियों को भी दूसरे स्कूल में एडमिशन लेना पड़ा, क्योंकि इस इंटर कॉलेज में आगे विज्ञान की पढ़ाई का विकल्प नहीं था। ऐसे में लड़कियाँ, या तो दूर के स्कूलों में जाने को मजबूर होती हैं या फिर पढ़ाई वहीं रोक देती हैं।

यूनिसेफ और शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्रों में माध्यमिक स्तर पर पहुँचते-पहुँचते लड़कियों की स्कूल छोड़ने की दर शहरी क्षेत्रों की तुलना में कहीं अधिक है। NFHS-5 के अनुसार उत्तराखंड में 10वीं के बाद लड़कियों की निरंतर शिक्षा में साफ़ गिरावट देखी जाती है, और इसके पीछे प्रमुख कारण दूरी, सुरक्षा और विषयों की सीमित उपलब्धता है। अंजलि बताती हैं कि उसे आगे पढ़ने के लिए कपकोट क्षेत्र के एक स्कूल में जाना पड़ता है, जो घर से काफ़ी दूर है। रोजाना सुबह जल्दी निकलना, पैदल लंबा सफर तय करना और शाम को देर से लौटना उनकी दिनचर्या बन गई। कई बार वाहन मिल जाता है, लेकिन कई बार नहीं। ऐसे में घर लौटते-लौटते अंधेरा हो जाता है।



पोथिंग गाँव में कई ऐसे माता-पिता हैं जो अपनी बेटियों को घर से दूर पढ़ने के लिए भेजने में हिचकिचाते हैं। इसका कारण केवल दूरी नहीं, बल्कि सुरक्षा की चिंता भी है। ऐसे में कई लड़कियाँ चाहकर भी आगे पढ़ाई नहीं कर पातीं हैं। अंजलि की दोस्त सोनम जोशी का उदाहरण इस सच्चाई को और गहराई से दिखाता है। सोनम विज्ञान विषय लेना चाहती थीं, लेकिन दूर स्कूल में जाने की अनुमति नहीं मिल सकी। नतीजा यह हुआ कि उनकी पढ़ाई रुक गई, और वे सपने, जो उसने अपने लिए देखे थे, अधूरे रह गए। यह स्थिति केवल व्यक्तिगत कहानियों तक सीमित नहीं है। यूडीआईएसई प्लस के हालिया आंकड़ों के अनुसार, उत्तराखंड के कई पहाड़ी जिलों में माध्यमिक स्तर पर स्कूलों में विषयों की उपलब्धता सीमित है। विज्ञान जैसे विषयों के लिए प्रयोगशाला, प्रशिक्षित शिक्षक और संसाधनों की आवश्यकता होती है, जो कई ग्रामीण विद्यालयों में नहीं हैं। इसी वजह से हर साल बड़ी संख्या में बच्चे या तो स्कूल बदलते हैं या पढ़ाई छोड़ देते हैं।

इस इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल विमल कुमार भी इस समस्या से भली-भांति परिचित हैं। वह बताते हैं कि इस स्कूल की स्थापना 8वीं तक हुई थी। 2004 में इसे 10वीं और 2017 में इंटर कॉलेज यानी 12वीं तक का दर्जा मिला। लेकिन दसवीं के बाद केवल आर्ट्स विषय पढ़ाने की अनुमति मिली। ऐसे में विज्ञान में रुचि रखने वाले बच्चों विशेषकर लड़कियों के लिए गांव से दूर जाकर पढ़ना मुश्किल हो जाता है। इस स्कूल में 60 लड़के और 69 लड़कियां पढ़ती हैं। जिनमें से कई बच्चों को केवल विज्ञान विषय नहीं होने के कारण स्कूल छोड़ना पड़ता है। इसका असर स्कूल की संख्या और भविष्य दोनों पर पड़ता है। वह कहते हैं कि यहां 10वीं से आगे विज्ञान विषय की पढ़ाई शुरू कराने के लिए संबंधित प्रस्ताव विभाग को भेज चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

ग्राम प्रधान सरस्वती देवी भी इस समस्या को गंभीर मानती हैं। उनका कहना है कि विज्ञान विषय की सुविधा न होने के कारण उन्होंने अपनी बेटियों को भी गाँव के स्कूल में नहीं पढ़ाया। उनका साफ कहना है कि अगर यही स्थिति बनी रही, तो धीरे-धीरे गांव का स्कूल खाली होता जाएगा और एक दिन बंद होने की नौबत आ सकती है। आज का समय विज्ञान और तकनीक का समय है। हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए वैज्ञानिक समझ और शिक्षा की आवश्यकता बढ़ती जा रही है। लेकिन जब गाँव के स्कूलों में ही इसकी बुनियाद न मिले, तो बच्चे शुरू से ही पीछे रह जाते हैं। यह स्थिति केवल शिक्षा की नहीं, बल्कि अवसरों की असमानता की भी है।

पोथिंग गांव की लड़कियों की यह कहानी हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या शिक्षा केवल किताबों तक सीमित है, या यह रास्तों, दूरी, संसाधनों और फैसलों से भी जुड़ी हुई है। अगर गांव के विद्यालयों में दसवीं के बाद विज्ञान विषय उपलब्ध कराया जाए, तो न केवल लड़कियों की पढ़ाई जारी रह सकती है, बल्कि उन्हें घर से दूर जाने की मजबूरी से भी राहत मिलेगी। वास्तव में, स्कूल भविष्य की उम्मीदें होती हैं, लेकिन यही उम्मीद केवल विषय नहीं होने के कारण टूट जाती है। जिसकी तरफ केवल विभाग ही नहीं बल्कि समाज को भी ध्यान देने की जरूरत है।

# 'शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयबद्ध निस्तारण करें'

अवधनामा संवाददाता



■ संपूर्ण समाधान दिवस में आई 198 शिकायतें, 27 का निस्तारित

**कन्नौज।** तहसील छिबरामऊ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 198 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 27 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष 171 प्रकरणों के संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।

शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आमजन की सुविधा हेतु चिकित्सा विभाग द्वारा जागरूकता एवं सेवा शिविर भी लगाए गए। इस दौरान होम्योपैथी विभाग द्वारा 145 तथा चिकित्सा विभाग की ओपीडी में 74 मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श व औषधि प्रदान की गई। साथ ही 05 वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इस अवसर पर डीएम एवं एसपी द्वारा संयुक्त रूप से 06 लाभार्थियों को पात्र गृहस्थी राशन कार्ड तथा 01 लाभार्थी को अन्त्योदय राशन कार्ड वितरित किए गए। साथ ही शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए जरूरतमंद वृद्धजनों को कंबल वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 196-छिबरामऊ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में एसआईआर के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए खण्ड विकास अधिकारी, तालग्राम उमाशंकर एवं नायब तहसीलदार छिबरामऊ राम प्रकाश को प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि चकमार्ग, विद्युत आपूर्ति, नाली-खड़ंजा निर्माण अथवा अन्य किसी भी जनसमस्या के समाधान हेतु अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करें तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।

# ईडी कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, घेरा भाजपा कार्यालय

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ ईडी द्वारा की जा रही कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर भाजपा कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच नोकझोंक भी हुई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर पुलिस लाइन भेज दिया, जहां से कुछ घंटों बाद सभी को रिहा कर दिया गया।

विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने किया। उन्होंने कहा कि माननीय न्यायालय के फैसले ने भाजपा सरकार की नीयत को बेनकाब कर दिया है। भाजपा सरकार ने नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा सोनिया गांधी को फर्जी मुकदमों में फंसाकर देश की राजनीति को विपक्षविहीन करने का प्रयास किया, लेकिन न्यायालय के निर्णय ने सरकार के मंसूबों पर पानी फेर दिया। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि बीते एक दशक से केंद्र की मोदी सरकार कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से गैरकानूनी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि यंग इंडिया मामले में ईडी की कार्रवाई दुर्भावनापूर्ण थी, जिसे माननीय न्यायालय ने अवैध और अधिकार क्षेत्र से बाहर बताया है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकरण में न तो मनी लॉन्ड्रिंग है, न अपराध से अर्जित आय और न ही किसी संपत्ति का हस्तांतरण हुआ है।

# गुजरहना गांव में फार्म-6 भरने की प्रक्रिया शुरू

■ नए मतदाताओं को दी गई जानकारी

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** ग्राम गुजरहना में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फार्म संख्या-6 भरने की प्रक्रिया शुरू की गई। यह कार्य बीएलओ संतोष कुमार रावत की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के ब्लॉक संरक्षक शकील लेड़ी अंसारी (मिहींपुरवा) ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए उन लोगों के फार्म जमा कराए, जिनके एसआईआर फार्म पहले भरने से छूट गए थे या अब तक जमा नहीं हो पाए थे। इस दौरान डबल और मृतक व्यक्तियों के नाम वाले फार्मों को भी सत्यापन के बाद निरस्त कराया गया। साथ ही शकील लेडी ने गांव के लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि जिन युवाओं की आयु 19-20 वर्ष हो चुकी है और जिन्होंने अभी तक वोटर आईडी कार्ड नहीं बनवाया है, वे फार्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं।

बीएलओ द्वारा नए वोटर आईडी कार्ड बनवाने के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी भी दी गई। बताया गया कि आवेदन के लिए वर्ष 2003 की मतदाता सूची में माता-पिता, दादा-दादी या नाना-नानी में से किसी एक का नाम होना आवश्यक है। इसके अलावा आधार से लिंक मोबाइल नंबर, जन्मतिथि प्रमाण, निवास प्रमाणपत्र, परिवार रजिस्टर, स्कूल की मार्कशीट आदि दस्तावेज मान्य होंगे। आयु का 18 वर्ष से अधिक होना अनिवार्य बताया गया।

कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को मतदाता अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया और यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे।

# अपर जिला जज ने राजकीय बाल गृह का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया धनेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया मनोज कुमार तिवारी द्वारा राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा बच्चों के साथ आत्मीय संवाद स्थापित किया गया। सचिव के द्वारा बच्चों की स्थिति, देखभाल व्यवस्था, पोषण, चिकित्सा सुविधा, शैक्षणिक गतिविधियों और सुरक्षा व्यवस्था हेतु विस्तार से जानकारी ली गयी।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया द्वारा मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों हेतु विशेष देखभाल तथा बच्चों के लिए एक सुरक्षित, सम्मानजनक और प्रेमपूर्ण वातावरण के लिए निर्देशित किया गया। उनके द्वारा राजकीय बाल गृह के प्रपत्रों का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य के लिए उनकी नियमित जॉच व बच्चों को नियमित व्यायाम कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा राजकीय बाल गृह के परिसर, भण्डार कक्ष की साफ-सफाई तथा सुरक्षा हेतु विशेष दिशा निर्देश दिया गया।

# प्राथमिक विद्यालय बलरामपुर में छात्रों को वितरित किए जूते-मोजे

**बलदेव (मथुरा)।** विकास खंड बलदेव के प्राथमिक विद्यालय बलरामपुर में अग्रवाल समाज संगठन बलदेव द्वारा छात्रों को जूते- मोजे वितरित किए गए। इस अवसर पर अग्रवाल समाज संगठन के संस्थापक अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने बताया कि सर्दी के इस भीषण मौसम में जूते-मोजे पहनकर स्कूल आने से बच्चों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि जब बच्चे यूनिफॉर्म और जूते पहनकर स्कूल आयेंगे, तो उनका आत्मविश्वास व आत्म सम्मान बढ़ेगा, अनुपस्थिती कम होगी और छात्र पूरी एकाग्रता से पढ़ाई कर पाएंगे व दूसरे छात्रों के साथ बराबरी महसूस करेंगे, जिससे शैक्षणिक परिणाम काफी अच्छे होंगे।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ जगदीश पाठक ने बताया कि भीषण सर्दी में जरूरतमंद स्कूली बच्चों को जूते व मोजे वितरित करना शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों ही दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है।

# बांग्लादेश में भीड़ हिंसा की ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने की कड़ी निंदा

अवधनामा संवाददाता

■ धार्मिक उन्माद मानवता और इस्लाम-दोनों के खिलाफ

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने बांग्लादेश में हुई एक अमानवीय और निंदनीय घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है, जिसमें 27 वर्षीय हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की कथित तौर पर पैगंबर हज़रत मुहम्मद के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी के आरोप में उग्र भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या कर दी गई और बाद में शव को आग के हवाले कर दिया गया। यह घटना छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मृत्यु के बाद फैली अशांति के दौरान हुई, जिससे पूरे क्षेत्र में भय और तनाव का माहौल बन गया।

आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने अपने जारी बयान में कहा कि इस प्रकार की भीड़ हिंसा न केवल मानवता के खिलाफ अपराध है, बल्कि यह इस्लाम की मूल शिक्षाओं का भी घोर उल्लंघन है। संगठन ने स्पष्ट किया कि इस्लाम कभी भी हिंसा, बदले या भीड़ द्वारा न्याय करने की इजाजत नहीं देता। पैगंबर हज़रत मुहम्मद का पूरा जीवन दया, क्षमा, सहिष्णुता और इंसानियत की मिसाल रहा है। बयान में कहा गया कि धार्मिक भावनाओं के नाम पर की गई ऐसी बर्बर घटनाएं समाज को विभाजित करती हैं और अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करती हैं। पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने कहा कि इस जघन्य कृत्य में शामिल लोग न तो मानवता के हितैषी हैं और न ही इस्लाम के सच्चे अनुयायी हो सकते हैं। संगठन ने बांग्लादेश सरकार से मांग की कि इस मामले में निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कर दोषियों को कानून के अनुसार कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए अल्पसंख्यकों की सुरक्षा, धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने और सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर प्रभावी नियंत्रण के ठोस कदम उठाए जाएं। पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने कहा कि कानून को हाथ में लेना किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। एक लोकतांत्रिक और सभ्य समाज में शांति, सह-अस्तित्व और मानवाधिकारों की रक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। संगठन ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों से भी इस घटना पर संज्ञान लेने की अपील की है।

ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने दिवंगत दीपू चंद्र दास के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए न्याय और शांति की बहाली की उम्मीद जताई।

## संक्षिप्त समाचार

### चौधरी चरण सिंह का सामाजिक चिंतन पर संगोष्ठी



**मेरठ (अवधनामा संवाददाता)।** चौधरी चरण सिंह जी की जन्म जयंती कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत इतिहास विभाग एवं साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय संगोष्ठी चौधरी चरण सिंह का सामाजिक चिंतन विषय पर इतिहास विभाग स्थित वीर बंदा बैरागी सभागार में संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक एवं एन एएस कॉलेज के सचिव राजेन्द्र शर्मा ने चौधरी चरण सिंह जी के साथ अपने संस्मरण को सुनते हुए कहा कि चौधरी साहब सरलता और सहजता के प्रति मूर्ति थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन खेत खलियान गांव गरीब मजदूरों के उत्थान के लिए लगा दिया था। मुख्य वक्ता के रूप में एकेपी कॉलेज खुर्जा की प्राचार्य प्रोफेसर डिंपल विज ने कहा कि चौधरी साहब की आर्थिक दृष्टि गांव आधारित थी।

### असहायों को बांटा कंबल

**मांट, मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** विधायक राजेश चौ धरी ने कहा कि तहसील स्तर पर् साशन द्रारा ठंड को देखते हुए भेजे कंबलों को एस, डी, एम, मांट -श्रीमती रितु सिरोही,ने गरीवों को कंबल वितरित कर स्थानीय प्रशासन ने सराहनीय कार्य किया है। यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। मौके पर् उपस्थित विधायक राजेश चौधरी ने शनिवार को तहसील परिसर में आयोजित कंबल वितरण के अवसर पर लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार गरीबों की सरकार है।

### छात्राओं ने किया शैक्षिक प्रशिक्षण भ्रमण



**मेरठ (अवधनामा संवाददाता)।** शहीद मंगल पांडे राजकीय महिलास्नातकोत्तर महाविद्यालय, माधवपुरम, मेरठ की बी.एस.सी. प्रथम वर्ष की छात्राओं को स्किल डेवलपमेंट कोर्स के अंतर्गत संचालित कम्युनिकेशन स्किल एंड पर्सनालिटी डेवलपमेंट कोर्स के तहत एम.ओ.यू. (समझौता ज्ञापन) के अंतर्गत चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के तिलक स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन विभाग में एक दिवसीय शैक्षिक एवं प्रशिक्षण भ्रमण कराया गया। यह शैक्षिक भ्रमण महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अंजू सिंह के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन डॉ. रूबी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। शैक्षिक भ्रमण के दौरान छात्राओं ने जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन विभाग की विभिन्न शैक्षणिक एवं व्यावहारिक इकाइयों का अवलोकन किया।

### बदमाश का तांडव, युवक को मारी गोली

**मेरठ (अवधनामा संवाददाता)।** आपको बता दे कि थाना परतापुर में थाना इंचार्ज की एंट्री और देर रात स्कार्पियो सवार बदमाशों का तांडव,वार्ड 20 समाजवादी पार्टी के जिला पंचायत भावी प्रत्याशी के साथ देर रात बड़ी घटना को अंजाम देने से चुके बदमाश, पूरा मामला थाना परतापुर क्षेत्र के भूड़बराल का है जहां दिल्ली देहरादून रोड पर बदमाश ने एक बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए थाना इंचार्ज का स्वागत किया, देर रात स्कार्पियो सवार बदमाश ने गाली गलोज करना शुरू कर दिया और ललित विकल पर फायरिंग झोंक दी जिसमें ललित विकल ने जैसे तैसे अपनी जान बचाई लेकिन गोली ललित विकल की बाह को छूते हुए निकल गई जिसके बाद आसपास के लोगों ने बदमाश को मौके पर ही पकड़ लिया।

# उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षकों का तीन दिवसीय सामाजिक विज्ञान प्रशिक्षण

अवधनामा संवाददाता



**चन्दौली।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सकलडीहा, चंदौली के न्यू ऑडिटोरियम हॉल में चल रहा उच्च प्राथमिक,कम्पोजिट कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षिकाओं का तीसरे चरण के प्रशिक्षण सम्पन्न होने के साथ ही तीन दिवसीय सामाजिक विज्ञान प्रशिक्षण का समापन हो गया। तीसरे चरण में नियामताबाद, सकलडीहा एवं शहाबगंज विकास खंड के 157 शिक्षक, शिक्षिकाओं को राज्य शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उप्र द्वारा विकसित सामाजिक विज्ञान (दिशांतरण) माड्यूल आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम सत्र को संबोधित करते हुए डायट प्राचार्य विकायल भारती ने कहा कि शिक्षकों को प्रदान किये गये सामाजिक प्रशिक्षण से शिक्षकों में अंतर्विषयक समझ एवं एकीकृत दृष्टिकोण का विकास होगा। शिक्षक बच्चों में सामाजिक परिवेश की घटनाओं, मानव एवं प्रकृति की समझ को आईसीटी की नवीन पद्धति एवं दृष्टिकोण से समझ सकेंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार ने कहा सामाजिक विज्ञान का अध्ययन से बच्चों में जीवन व परिवेश की समझ विकसित होती है उनमें इथिकल नालेज व समाज के साथ व्यवहार स्थापित करने, लीडरशिप की क्षमता का विकास होता है। यह प्रशिक्षण शिक्षकों में उपयोगी साबित होगा। तीन चरणों में सम्पन्न इस प्रशिक्षण में जनपद के 471 शिक्षक, शिक्षिकाओं को डायट द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के अन्तर्गत प्रभारी लिली श्रीवास्तव, सह प्रभारी डॉ जितेन्द्र सिंह, सन्दर्भ दाता देवेन्द्र कुमार, डॉ बैजनाथ पांडेय, डॉ स्वाति राय, डॉ रोशन कुमार सिंह, जयंत कुमार सिंह, प्रवीण राय, अजहर सईद जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# संत गाडगे के निर्वाण दिवस पर मथुरा में हुई श्रद्धांजलि सभा

**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाउंडेशन एवं महात्मा ज्योतिबा फूले विकास समिति मथुरा द्वारा बहुजन महापुरुष महात्मा गाडगे जी के 69 वें निर्वाण दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रुप से पधारे संरक्षक समाजसेवी कुंवर नरेंद्र सिंह जीने श्रद्धा सुमन अर्पित कर संत गाडगे जी द्वारा कुरीतियों आडंबर भेदभाव के खिलाफ किए गए समाज सुधार के प्रयासों यादों को याद कर बताया कि भारतीय समाज हमेशा उनका ऋणी रहेगा। साथ ही जानकारी दी कि संत गाडगे के निर्वाण दिवस पर आयोजित केंद्र सरकार कि जन विरोधी नीतियों के दुष्परिणाम देशव्यापी निजीकरण, समान शिक्षा लागू कराने, किसान हित में एमएसपी पर तत्काल कानून बनाने की मांग को लेकर आयोजित संविधान बचाओ भव्य दंडवत यात्रा की शासकीय अनुमति उत्तर भारत की प्रमुख सड़कों पर कोहरा, ठंड के कारण सड़क दुर्घटनाओ में मारे गए निर्दोष लोगों और प्रति दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओ के चलते जिला प्रशासन द्वारा तिथि तक स्थगित की गई है।

# मेसंत गाडगे बाबा की पुण्यतिथि मनी



अवधनामा संवाददाता

■ समाज सेवा करने का लिया संकल्प

**गाज़ीपुर।** उ.प्र. धोबी कल्याण समिति गाजीपुर के तत्वाधान में लंका स्थित अम्बेडकर पार्क में संत गाडगे बाबा की पुण्यतिथि मनायी गया। कन्नौजिया समाज के सैकड़ों लोगों ने शिरकत करते हुए अपने नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ संत गाडगे बाबा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके बताये रास्ते पर चलकर समाज की सेवा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव सिकंदर कन्नौजिया ने संत गाडगे महाराज को महान समाज सुधारक बताते हुए कहा कि आज देश को सही रास्ता दिखाने के लिए संत गाडगे जैसे महान संतों की जरूरत है। उन्होंने भीख मांगकर तमाम विद्यालयों एवं धर्मशालाओं एंव अस्पतालों का निर्माण कराया। खुद ताउम्र सड़क की पटरियों और पेड़ों के नीचे रहकर अपनी जिंदगी गुजार दी। इतना ही नहीं उन्होंनेअपने पूरे जीवन में कुछ ई अनाथालय,रैन बसेरा और नदियों और तालाबों के किनारे पक्के घाटों का निर्माण कराया। वह जिस रास्ते पर चलते थे उसे साफ करते हुए चलते थे इसीलिए उनको स्वच्छता आंदोलन के जनक के रूप में भी याद किया जाता है। आजीवन अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष किया।

# जनसमस्याओं को गंभीरता से ले, करें निस्तारणः डीएम

अवधनामा संवाददाता

■ डीएम और एसपी ने सदर तहसील में समाधान दिवस में की सुनवाई

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने संपूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस में अवसर पर तहसील सदर में आम-जनमानस की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। जिलाधिकारी ने प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के नियमानुसार त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने समस्त विभागीय अधिकारीयों को तहसील दिवस में आने वाले आम-जनमानस/शिकायतकर्ताओं को विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाएं पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे, यह हमारी प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का मौके पर जाकर मुआयना करने तथा क्षेत्रीय जनसमस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करके पीड़ित लोगों को राहत पहुँचाने हेतु अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है। कोई भी फरियादी तहसील दिवस या किसी भी कार्यालय से निराश होकर नहीं जाना चाहिए। पारदर्शिता के आधार पर संबंधित को नियमानुसार न्याय दिया जाए। उप जिलाधिकारी सदर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट। अभिनव जे जैन ने अवगत कराया है कि तहसील सदर में 33 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 3 शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया गया। अन्य शिकायतों को जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए ससमय निराकरण के निर्देश दिए गए।

# यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए जाने पर किया निरीक्षण

**मथुरा।** यातायात व्यवस्था को सुचारू, सुरक्षित एवं सुदृढ़ बनाए जाने के उद्देश्य से नगर आयुक्त द्वारा नरहौली थाना परिसर में एसपी ट्रैफिक, सीओ ट्रैफिक एवं नरहौली थाना प्रभारी के साथ समीक्षा की। मथुरा में यातायात व्यवस्था को बेहतर किए जाने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं गहन मंथन किया गया। अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह एवं अधिशासी अभियंता (निर्माण) अमरेंद्र गौतम भी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त द्वारा एसपी ट्रैफिक, सीओ ट्रैफिक, नरहौली थाना प्रभारी, अपर नगर आयुक्त एवं अधिशासी अभियंता के साथ नरहौली चौराहा एवं उसके आसपास के क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया इस दौरान नगर आयुक्त द्वारा मुख्य मार्गों के दोनों ओर से अतिक्रमण को पूर्णतः हटाने हेतु अपर नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया, नरहौली थाना के सामने स्थित डिवाइडर को भारी वाहनों की आवाजाही हेतु बंद किए जाने के निर्देश दिए गए।

# यूपीडा की क्रेन, एम्बुलेंस व पेट्रोलिंग गाड़ियां समन्वय से कार्य करें

अवधनामा संवाददाता



■ आईजी एवं डीआईजी ने एक्सप्रेसवे पर दुर्घटनाओं को कम करनें के लिये किया गोष्ठी का आयोजन

**कन्नौज।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर आलोक सिंह व पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र कानपुर हरीश चन्दर द्वारा शुक्रवार की रात्रि 10 बजे थाना ठठिया क्षेत्रान्तर्गत एक्सप्रेस-वे की चौकी पर भारी कोहरा और धुंध के कारण हो रही दुर्घटना और दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु को कम करने तथा अन्य सावधानी बरतने के सम्बन्ध में गोष्ठी का आयोजन किया गया।

आयोजित गोष्ठी में आईजी एवं डीआईजी ने निर्देश देते हुये कहा कि एक्सप्रेसवे में अधिकतर नींद आने के कारण हो रही दुर्घटनाओं के संबंध में चालकों को सचेत करने के लिए यूपी 112 की गाड़ियों पर ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से उन्हें सचेत किया जाए और तत्काल प्रभाव से यह कार्यवाही शुरू की जाए। आज से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां एक्सप्रेसवे चौकी से मय उपकरण राउंड द क्लॉक ड्यूटी लगाकर उपस्थित रहेंगी। यूपीडा की क्रेन, एम्बुलेंस व पेट्रोलिंग गाड़ियां से समन्वय स्थापित कर उनके रिस्पांस टाइम को न्यूनतम किए जाने का निर्देश प्राप्त हुआ जिससे दुर्घटना स्थल पर गोल्डन आवर में पहुंचकर त्वरित कार्यवाही की जा सके। रात्रि में 12 बजे के बाद भी ट्रैफिक्र पुलिस, एआरटीओ, जनपद पुलिस व यूपीडा द्वारा गति प्रवर्तन की कार्यवाही होगी। एक्सप्रेस वे पर गति सीमा निम्न प्रकार निर्धारित है- कार दिन में 80 एवं रात्रि में 60, बस दिन में 60 एवं रात्रि में 50, ट्रक दिन में 50 एवं रात्रि में 40 की गति पर चलायें। सड़क दुर्घटनाओ को रोकने व वाहनों को गति सीमा में रखने व अन्य सावधानियां बरतने संबंधी निर्देश एक्सप्रेस वे पर चलने वाली पीआरबी में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से लगातार चलाया जाएगा। एक्सप्रेस वे पर मैपिंग कराने व दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र में रिफ्लेक्टर तथा विशेष पुलिस बल प्रबंध कराया जाएगा।

# सकारात्मक दृष्टिकोण मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है



अवधनामा संवाददाता

**मेरठ।** केरल वर्मा सुभारती कॉलेज ऑफ साइंस, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ में 'सकारात्मक सोच और आध्यात्मिकता की भूमिका : जीवन में सफलता प्राप्त करने हेतु' विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संकाय एवं कर्मचारियों में मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन तथा समग्र विकास को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में डॉ. रविन्द्र कुमार जैन, डीन, फैकल्टी ऑफ साइंस, डॉ. महावीर सिंह, निदेशक, दूरस्थ शिक्षा, विभागाध्यक्षों एवं संकाय सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रगति जैन के स्वागत भाषण से हुआ, जिसके पश्चात सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई, जिससे कार्यक्रम का वातावरण सकारात्मक एवं आध्यात्मिक हो गया। अतिथि वक्ता के रूप में डॉ. राहुल बंसल, प्रोफेसर एवं सलाहकार, सामुदायिक चिकित्सा विभाग, सुभारती मेडिकल कॉलेज, तथा अध्यक्ष, वेलनेस हेल्थ सेंटर, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय ने व्याख्यान दिया। उन्होंने व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक जीवन में सफलता प्राप्त करने हेतु सकारात्मक सोच और आध्यात्मिक संतुलन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सकारात्मक दृष्टिकोण मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, आत्मविश्वास एवं सहनशीलता बढ़ाता है तथा प्रभावी निर्णय लेने में सहायक होता है।

# क्रिसमस को शानदार बनाने के लिए स्नैक्स में बनाएं मशरूम टार्टलेट्स

क्रिसमस का त्योहार नजदीक आ चुका है। दुनियाभर में क्रिसमस त्योहार को धूम-धाम से मनाया जाता है। हर साल 25 दिसंबर को क्रिसमस का त्योहार मनाया जाता है। क्रिसमस ईसा मसीह के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। ईसाई परंपरा के अनुसार, यीशु का जन्म 25 दिसंबर को हुआ था। इस दिन हर स्कूल, ऑफिस, मॉल और रेस्टोरेंट में क्रिसमस के लिए सुंदर सजावट देखने को मिलती है। इस त्योहार को मनाने के लिए लोग अपने घर में क्रिसमस पार्टी जरुर रखते हैं। 25 दिसंबर को क्रिसमस ट्री को सजाया जाता है और सेंटा बनाकर लोग एक-दूसरे को गिफ्ट जरुर देते हैं। अगर आप भी इस बार क्रिसमस पार्टी आयोजित कर रहे हैं, तो अपने टेस्टी मशरूम टार्टलेट्स जरुर बनाएं। क्रिसमस पार्टी को शानदार बनाने के लिए नोट करें मशरूम टार्टलेट्स की रेसिपी।



**मशरूम टार्टलेट्स की रेसिपी**

- 1 शीट पफ पेस्ट्री
- 2 बड़े प्याज कटे हुए
- 2 बड़े चम्मच जैतून का तेल
- 1/4 छोटा चम्मच नमक
- 1 छोटा चम्मच डार्क ब्राउन शुगर
- 8 औंस मशरूम पतले कटे हुए
- 2 लहसुन की कलियां कटी हुई
- 2 बड़े चम्मच सूखी थाइम
- 1 अंडा और 1 बड़ा चम्मच पानी एक साथ फेंटा हुआ
- ङ कप कद्दूकस किया हुआ चीज

**मशरूम टार्टलेट्स कैसे बनाएं**

-सबसे पहले आप कटी हुए प्याज को ऑलिव ऑयल में पकाएं। आपको उन्हें कैरामलाइज करने के लिए लगभग 15 मिनट तक पकाना है।

-जब प्याज गोल्डन ब्राउन हो जाएं। इसके बाद, कटे हुए मशरूम और अपनी पसंद की थोड़ी चीनी डालें (जो ऑप्शनल है)।

-जब मशरूम पूरी तरह पक जाएं और हल्के भूरे हो जाएं, तो इसमें लहसुन और कुछ ताज़ी जड़ी-बूटियां, जैसे रोज़मेरी, सेज या थाइम डालें और एक और मिनट के लिए पकाएं। आखिर में जड़ी-बूटियां डालने से उनका स्वाद और भी अच्छा आएगा।

-अब आप मशरूम टार्टलेट्स बनाने के लिए तैयार हैं। इसके बाद आप पफ पेस्ट्री की एक शीट लेंगे और कुकी कटर या किसी और छोटे गोल आकार से छोटे गोले काट लेंगे। यह रेसिपी लगभग 24, 2-इंच के गोलों के लिए काफी है, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि आप उनमें कितना भरते हैं। अगर आप रेसिपी को और बढ़ाना चाहते हैं, तो आप बची हुई पफ पेस्ट्री को दोबारा रोल करके लगभग 12 और गोले बना सकते हैं।

-पफ पेस्ट्री पर अंडे का घोल ब्रश करें। फिर आपको बीच में छेद करने होंगे या पफ पेस्ट्री के बीच में निशान बनाने के लिए छोटे कुकी कटर का इस्तेमाल करना होगा। इससे बीच का हिस्सा ज्यादा फूलता नहीं है। अब इसके ऊपर लगभग 2 बड़े चम्मच मशरूम का मिश्रण डालें।

-अब आप ऊपर से चीज डालने के लिए तैयार हैं। चीज को कद्दूकस कर लें, ताकि ओवन में बेक होने पर इसके किनारे क्रिस्पी हो जाएं। अगर कुछ चीज मशरूम पफ पेस्ट्री से गिर जाए तो चिंता न करें, यह फिर भी एकदम चीजी बनेगा।

-अब यह ओवन में बेक करने के लिए तैयार हैं, जब तक कि पफ पेस्ट्री क्रिस्पी न हो जाए और चीज पिघल न जाए। जब आप इसे ओवन से बाहर निकलेंगे, तो खुद को इसे खाने के लिए रोक नहीं पाएंगे।

# शाही पनीर को भूल जाइए! घर पर एक बार बनाकर देखिए शाही मटर प्याज की सब्जी

सर्दियों के मौसम में हर रसोई में मटर की सब्जी जरुर बनती हैं! अगर आप मटर से बनी कुछ खास और मजेदार डिश ट्राई करना चाहते हैं, तो यह रिच और फ्लेवरफुल 'शाही मटर प्याज ' आपके लिए एकदम परफेक्ट है। इसकी क्रीमी टेक्सचर वाली मुलायम ग्रेवी रोटी, पराठे या चावल हर चीज के साथ लाजवाब लगती है।

सर्दियों के दौरान हर घर में हरी मटर की सब्जी सबसे ज्यादा बनती हैं। कई बार लोग आलू-मटर की सब्जी खाकर बोर हो जाते हैं। अगर आप भी इस सर्दियों में मटर की तरह-तरह डिश बनाना चाहते हैं, तो आप शाही मटर प्याज की रेसिपी ट्राई करें। यह स्वाद में एकदम क्रीमी टेक्सचर वाली मसालेदार सब्जी,यह पूड़ी पराठे और चावल के साथ भी बेहद अच्छी लगती है। इसे बनाने के लिए आपको ज्यादा झंझट नहीं करनी होगी। कुछ ही बेसिक मसालों के साथ ही आप इसे बना सकती हैं। विंटर्स में शाही मटर प्याज की डिश जरुर बताएं, तो चलिए फटाफट आफको इसकी रेसिपी बताते हैं।

**शाही मटर प्याज बनाने के लिए सामग्री**

- 2 प्याज
- 2 टमाटर
- 8-10 लहसुन की कलियां
- 2-3 हरी मिर्च
- अदरक का टुकड़ा
- हींग
- जीरा
- नमक स्वादनुसार
- हल्दी पाउडर
- धनिया पाउडर
- लाल मिर्च पाउडर
- दही (2 चम्मच)
- मटर (1 कप)
- 2 कप कटी हुई प्याज
- आधा चम्मच गरम मसाला
- कसूरी मेथी
- गार्निशिंग के लिए फ्रेश हरा धनिया पत्ता
- तेल और घी

इस तरह से शाही मटर प्याज बनाएं

शाही मटर प्याज बनाने के लिए सबसे पहल कटी हुई प्याज, टमाटर, हरी मिर्च, अदरक का टुकड़ा और लहसुन की कलियां मिक्सर में डालकर एक पेस्ट तैयार कर लें। इसके बाद एक पैन में थोड़ा सा तेल और देसी घी गर्म करें, इसमें हींग-जीरा चटका लें। अब तैयार की हुई ग्रेवी मिलाएं और साथ ही नमक, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और धनिया पाउडर मिलाकर लगभग 5-7 मिनट के लिए पका लें। इसके बाद गैस की फ्लेम को एकदम लो कर लें और दो चम्मच फेंटी हुई दही एड कर लें। इन सभी चीजों को अच्छे से मिक्स कर लें और 5 मिनट के लिए और पकने दें।

# स्किन के लिए गुणकारी है पत्थरचट्टा, जानें कैसे इसका इस्तेमाल कर सकते हैं

खराब जीवनशैली और गलत खानपान की वजह से है कई सारी समस्याएं उत्पन्न हो जाती है। स्किन से जुड़ी कई समस्याओं को दूर करने के लिए महिलाएं महंगे-महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का प्रयोग कर सकते हैं। आमतौर पर कई महिलाएं पार्लर जाकर मेकअप या स्किन ट्रीटमेंट स्किन को स्वस्थ रखने के लिए किया जा सकता है, इसमें पत्थरचट्टा भी शामिल है। स्किन से जुड़ी समस्याओं से बचाव या राहत का लिए आप अपने स्किन केयर रुटीन में पत्थरचट्टा भी यूज कर सकते हैं। पत्थरचट्टा की पत्तियां एक्ने से राहत दिलाने में मदद करती है। स्किन की एलर्जी कम होती है।



पत्थरचट्टा की पत्तियों का इस्तेमाल कर सकते हैं

पत्थरचट्टा की पत्तियां में फ्लेवोनोइड्स, एल्कलॉइड्स और ग्लाइकोसाइड्स समेत कई बायोएक्टिव कंपाउंड्स पाए जाते हैं। यह आपकी स्किन पर एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट प्रभाव पैदा करते हैं, जिससे खुजली जैसी समस्या से राहत मिल सकती है। आइए आपको बताते हैं कैसे इसका प्रयोग करें।

- पत्थरचट्टा की पत्तियों को कुचलकर थोड़ा सा पानी मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को अपनी स्किन के प्रभावित त्वचा पर 15 मिनट के लिए लगाएं और बाद में गुनगुने पानी से अपना मुंह धो लें।

- पत्थरचट्टा की पत्तियों का इस्तेमाल करके आप फेस मास्क के रुप में भी यूज कर सकते हैं। इन पत्तियों का फेस मास्क बनाने के लिए पहले आप इन्हें अच्छे तरीके से ग्राइंड कर लें या किसी चीज से पीस लें और फिर अपने चेहरे पर लगाकर 15 मिनट बाद चेहरा धो लें।

# सर्दियों में गुड़ से बनाएं स्वादिष्ट खीर, स्वाद के साथ सेहत को भी मिलेगा फायदा

गुड़ न सिर्फ खीर को गहरा और कैरेमलाइज्ड स्वाद देता है, बल्कि यह शरीर को अंदर से गर्म रखने में भी सहायता करता है। गुड़ वाली खीर सामान्य खीर को फेल कर देता है। ऐसे में आज हम आपके साथ गुड़ की खीर की रेसिपी शेयर करने जा रहे हैं।

सर्दियों के मौसम में कुछ लोग चीनी छोड़कर गुड़ का सेवन करना पसंद करते है। ऐसा इसलिए क्योंकि गुड़ की तासीर गर्म होती है, जोकि ठंड से राहत दिलाता है। अब गुड़ न सिर्फ ठंड बल्कि हेल्थ के लिए भी काफी फायदेमंद माना जाता है। अगर आप चीनी से बनी मिठास से थोड़ा ब्रेक लेना चाहते हैं, तो गुड़ वाली खीर एक अच्छा ऑप्शन है।

गुड़ न सिर्फ खीर को गहरा और कैरेमलाइज्ड स्वाद देता है, बल्कि यह शरीर को अंदर से गर्म रखने में भी सहायता करता है। जोकि सर्दियों के मौसम के लिए काफी फायदेमंद होता है। गुड़ वाली खीर सामान्य खीर को फेल कर देता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके साथ गुड़ की खीर की रेसिपी शेयर करने जा रहे हैं।

**राहत**

**सर्दियों के मौसम में कुछ लोग चीनी छोड़कर गुड़ का सेवन करना पसंद करते है। ऐसा इसलिए क्योंकि गुड़ की तासीर गर्म होती है, जोकि ठंड से राहत दिलाता है।**

**सामग्री**

दूध- 1 लीटर

चावल- 1/4 कप (1 घंटे पहले भिगोए हुए)

गुड़- 1/2 कप या स्वादानुसार (कद्दूकस किया हुआ या छोटे टुकड़ों में)

घी-1 छोटा चम्मच

इलायची पाउडर-1/2 छोटा चम्मच



बादाम

काजू

किशमिश (कटे हुए)

केसर के धागे

**गुड़ की खीर बनाने की विधि**

खीर बनाने के लिए सबसे पहले एक भगोने में घी गरम करके इसमे भीगे हुए चावल डालकर भूनें।

फिर एक मिनट भूनने के बाद इसमें दूध डालकर तेज आंच पर एक उबाल आने दें। फिर जब उबाल आ जाए, तब फ्लेम को स्लो करके धीरे-धीरे पकने दें।

अब दूध को धीमी आंच पर तब तक पकाना चाहिए, जब तक चावल अच्छे से पक न जाए।

दूध की मात्रा जब आधी रह जाए और खीर मलाईदार हो जाए, तो इसमें कटे हुए मेवे और इलायची पाउडर मिलाएं।

अब गैस बंद कर खीर को आंच को उतारें और 5-10 मिनट रुकने के बाद कद्दूकस किया हुआ गुड़ डालें और इसको अच्छे से मिलाएं।

आप पाएंगे कि कुछ ही देर में गुड़ पिघल जाएगा और खीर को एक अच्छा रंग और मीठा स्वाद मिलेगा।

खीर को बाउल में निकालकर ऊपर से कटे हुए मेवों और थोड़े से गुड़ के टुकड़ों से सजाकर सर्व करें।

**इन बातों का रखें ध्यान**

गुड़ वाली खीर बनाने के दौरान गैस की फ्लेम का खास ध्यान रखना चाहिए।

बीच-बीच में दूध और चावल को अच्छे से चलाते रहें। जिससे कि यह बर्तन की तली में चिपके नहीं।

गुड़ की खीर में गुड़ मिलाने का समय ध्यान रखें, वरना दूध फट जाएगा।

खीर के ठंडा होने के बाद इसमें कद्दूकस किया हुआ गुड़ मिलाएं।

अब खीर को गाढ़ा और स्वादिष्ट बनाने के लिए फुल क्रीम दूध या फिर भैंस के दूध का इस्तेमाल करें।

# त्वचा को हाइड्रेट रखने का देसी नुस्खा, घर पर बनाएं असरदार फेस सीरम, फायदे जानकर हैरान रह जाएंगे

आज हम आपको होममेड फेस सीरम के बारे में बताने जा रहे हैं। फेस सीरम लगाने से हमारी स्किन हाइड्रेट और ग्लोइंग नजर आएगी। तो आइए जानते हैं आप घर पर फेस सीरम कैसे बनाएं और किस तरह से इसका चेहरे पर इस्तेमाल कर सकती हैं। बदलते मौसम के कारण हमारी त्वचा डल और ड्राई नजर आती है। ऐसे में जरूरी होता है कि हम कुछ ऐसी घरेलू चीजों का इस्तेमाल करें, जिसको लगाने से हमारा फेस ग्लो करे। चेहरे पर ग्लो लाने के लिए अधिकतर महिलाएं मार्केट में मिलने वाले प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं, जिसके साइड इफेक्ट भी होते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको होममेड फेस सीरम के बारे में बताने जा रहे हैं। फेस सीरम लगाने से हमारी स्किन हाइड्रेट और ग्लोइंग नजर आएगी। तो आइए जानते हैं आप घर पर फेस सीरम कैसे बनाएं और किस तरह से इसका चेहरे पर इस्तेमाल कर सकती हैं।

**डल और ड्राई**

**बदलते मौसम के कारण हमारी त्वचा डल और ड्राई नजर आती है। ऐसे में जरूरी होता है कि हम कुछ ऐसी घरेलू चीजों का इस्तेमाल करें, जिसको लगाने से हमारा फेस ग्लो करे।**

**फेस सीरम लगाने के फायदे**

जब चेहरा अधिक ड्राई हो जाता है, तो हम समय-समय पर फेस पर मॉइस्चराइजर क्रीम और लोशन लगाते हैं। लेकिन रोजाना सुबह-शाम चेहरे पर फेस सीरम का इस्तेमाल करेंगी, तो आपके फेस का निखार बढ़ेगा। साथ ही ड्राईनेस की वजह से सफेद दाग भी नहीं नजर आएंगे। आप फेस सीरम को घर पर रखी चीजों से तैयार कर सकती हैं। घर बनाने से इसके कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होंगे।



**ऐसे बनाएं फेस सीरम**

फेस सीरम बनाने के लिए फ्रेश एलोवेरा जेल एक कटोरी में निकाल लें।

अब इसमें एक चम्मच गुलाब जल, 2-3 बूंद ग्लिसरीन की मिक्स करें।

फिर इन सभी चीजों को अच्छे से मिक्स करें और फेस पर अप्लाई करें।

इसको फेस पर लगाने के बाद अच्छे से मसाज करें।

इसको लगाने से आपके फेस का निखार दोगुना हो जाएगा।

फेस सीरम लगाने के बाद क्या लगाएं

चेहरे पर फेस सीरम लगाने के बाद आपको किसी भी तरह की क्रीम या फिर अन्य चीजों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इसको तब लगाना चाहिए, जब आपकी स्किन रिलैक्स हो। वहीं चेहरे पर किसी अन्य प्रोडक्ट का इस्तेमाल न करें। इससे आपकी त्वचा हाइड्रेट होने के लिए तैयार होती है। वहीं इसे लगाने का फायदा भी उसी समय नजर आता है।

जब भी फेस पर किसी चीज को लगाएं, तो पहले पैच टेस्ट जरूर कर लें। इससे आपको स्किन पर किसी तरह की कोई समस्या नहीं होती है।

# कहीं आप भी असली समझकर केमिकल पॉलिश खजूर खा रहे हैं, इस तरह से करें असली-नकली की पहचान

खजूर खाना सेहत के लिए अच्छा माना जाता है। ठंड के मौसम में इसे सबसे ज्यादा खाया जाता हैं क्योंकि इसकी तासीर बहुत गर्म होती है। इसके सेवन से शरीर को कई पोषक तत्व उपलब्ध होते हैं। इस समय बाजार में खजूर की भरमार है, इन्हें हम खरीद तो लेते हैं, लेकिन हमे खजूर की असली-नकली पहचान बिल्कुल भी नहीं होती है। अगर आप भी नकली खजूर खा रहे हैं, तो यह आपकी और आपके परिवार की सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। ठंड के मौसम में गर्म दूध के साथ खजूर जरुर खाया जाता है। क्योंकि यह शरीर को गर्माहट पहुंचाता है व सेहत को भी कई फायदे पहुंचाता है। अगर आप बाजार से असली खजूर की बजाय नकली खजूर खरीद लाते हैं, तो यह न सिर्फ आपके लिए बल्कि आपके पूरे परिवार की सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। इसलिए खजूर खरीदते समय उनकी असलियत पहचानना बेहद जरूरी है। आइए जानते हैं कि असली और नकली खजूर की पहचान कैसे की जा सकती है।



**खजूर का स्वाद**

बाजार में मिलने वाले खजूर खरीदने से पहले आप इसका स्वाद जरुर चेक करें। खजूर मीठे की जगह अजीब लगे और इसका छिलका सख्त हो जाएं, तो यह नकली खजूर है। दरअसल, असली खजूर में नेचुरल मीठापन होता है और छिलका बेहद ही सॉफ्ट होता है, जिसको आसानी से चबाया जा सकता है।

**खजूर की झुर्रियां और बनावट**

जो असली खजूर होता है उसमें हल्की-हल्की प्राकृतिक झुर्रियां होती हैं। जबकि नकली खजूर बिल्कुल चिकने और एक जैसे नजर आते हैं, जैसे मशीन से बनें हो।

**पानी से करें टेस्ट**

असली-नकली खजूर की पहचान करने के लिए आप एक बर्तन में पानी भरकर उसमें खजूर डालकर देख सकते हैं। यदि पानी में कोई रंग घुला हुआ दिखाई दे तो वह खजूर नकली है। नकली खजूर को ऊपर से हमेशा केमिकल कोटिंग की जाती है। जो असली खजूर होगा वह पानी में डालने से बिल्कुल रंग नहीं छोड़ेगा।

**खजूर के रंग से पहचानें**

खजूर लेने से पहले यह जरुर देखें कि इसके छिलके का रंग हल्का या गहरा भूरा रंग का मेट फिनिश है तो वो असली खजूर की पहचान है। नकली खजूर का छिलका एकदम चमकदार और बिल्कुल गहरे ब्राउन रंग का होता है।

**छूकर चेक करें**

असली खजूर आमतौर पर हल्के नरम और थोड़े सूखे होते हैं और इन्हें छूने पर ज्यादा चिपचिपापन महसूस नहीं होता। इसके विपरीत, नकली खजूर हाथ में लेते ही बहुत ज्यादा चिपचिपे और गीले जैसे लगते हैं, क्योंकि उनमें चमक और मिठास बढ़ाने के लिए ग्लूकोज सिरप या चीनी की चाशनी मिलाई जाती है।

# एक बार घर पर बना लें कोरियन चिली पोटैटो बॉल्स

## सब बार-बार खाने के लिए मांगेंगे, नोट करें आसान विधि



भारत में इन दिनों कोरियन खाने का ट्रेंड खूब बढ़ गया है। आजकल सोशल मीडिया पर भी कोरियन खाने की रेसिपीज वायरल होती रहती हैं। कोरियन स्पाइसी नूडल्स को ज्यादातर लोग खाना पसंद करते हैं क्योंकि ये खाने में काफी अलग और बेहद टेस्टी है। यदि आप ने भी कोरियन डिशेज नहीं खाई हैं, तो आप घर आसानी से कोरियन चिली पोटैटो बॉल्स बना सकते हैं। इसे बनाना काफी आसान है, चलिए आपको रेसिपी बताते हैं।

***कोरियन चिली पोटैटो बॉल्स बनाने के लिए आपको चाहिए***

- चार उबले मसले हुए आलू
- चार बड़े चम्मच कॉर्नफ्लोर
- एक बड़ा चम्मच तेल
- चार से पांच लहसुन की कटी हुई कलियां
- दो बड़े चम्मच सोया सॉस
- एक बड़ा चम्मच कटा हुआ हरा धनिया
- आधा बड़ा चम्मच कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर
- आधा छोटा चम्मच सफेद तिल
- एक से डेढ लीटर पानी

***कैसे बनाएं कोरियन चिली पोटैटो बॉल्स***

इसे बनाने के लिए चिली पोटैटो बॉल्स बनाने के लिए सबसे पहले कुछ आलू लें और इसे अच्छे से धो लें। फिर इन आलू को अच्छे से उबाल लीजिए। उबालने के बाद इन आलू को मसले लें। अब 4 बड़े चम्मच कॉर्नफ्लोर आटा मसले आलू में डाल दीजिए और इसे अच्छे से मिलाएं। आलू का आटा आपका तैयार है।

इस आटे का छोटा-छोटा हिस्सा लें और बॉल्स तैयार कर लें। अब एक पैन में एक लीटर पानी और एक बड़ा चम्मच तेल डालें और इसमें आलू के बॉल्स डालें। फिर इसे कम से कम 10 मिनट तक उबालें। अब इन उबले आलू में धनिया पत्ती. चार लहसुव की कटी हुई कलियां, जो बड़े चम्मच सोया सॉस, आधा बड़ा चम्मच कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर, सफेद तिल और आधा कप गर्म तेल डालें। सभी को अच्छे से मिलाएं और कोरियाई चिली पोटैटो बॉल्स का मजा लें।

# सर्दियों में गुड़ नहीं होगा पत्थर की तरह टाइट

## फॉलो करें नरम रखने के लिए ये आसान तरीकें

सर्दियों में अक्सर गुड़ को संभालकर रखना मुश्किल हो जाता है, क्योंकि ठंड में यह बहुत कठोर हो जाता है और इसे तोड़ना या उपयोग करना परेशानी भरा बन जाता है। लेकिन यदि आप चाहें, तो पूरे मौसम गुड़ को नरम बनाए रख सकती हैं, बस इसे सही तरीके से सही से स्टोर करने की आवश्यकता होती है।

सर्दियों के सीजन में सबसे ज्यादा गुड़ ही खाया जाता है। यह सेहत के साथ ही ठंड में शरीर को गर्म रखता है। आमतौर पर सर्दियों में एक समस्या आती है, वह गुड़ स्टोर करने में क्योंकि यह सर्दी में पत्थर जैसा हो जाता है, इसको तोड़ना या इस्तेमाल करना काफी मुश्किल हो जाता है। यदि आप चाहे तो गुड़ पूरे मौसम में नरम और मुलायम रख सकती हैं, इसको आपको सही तरीके से स्टोर करना है। इस लेख में हम आपको बताएंगे कुछ आसान तरीके, जिन्हें अपनाकर आप गुड़ को पत्थर होने से बचा सकती है।

**डल और ड्राई**

**गुड़ को मुलायम रखने के लिए उसके कंटेनर में हल्की नमी बनाए रखना जरूरी होता है। इसके लिए आप डिब्बे में गुड़ के साथ दो-तीन ब्रेड के टुकड़े या कुछ साफ किशमिश रख सकती हैं।**

**एयरटाइट कंटेनर का इस्तेमाल करें**

इस मौसम में गुड़ सख्त होने का कारण हवा और नमी का संपर्क में आना है। अगर आप ऐसे में हमेशा गुड़ को एयरटाइट कंटेनर या जार में रखना चाहिए। इसके लिए कांच और अच्छी क्वालिटी के प्लास्टिक के डिब्बे सबसे बेहतरीन है।



**किशमिश का करें इस्तेमाल**

गुड़ को मुलायम रखने के लिए उसके कंटेनर में हल्की नमी बनाए रखना जरूरी होता है। इसके लिए आप डिब्बे में गुड़ के साथ दो-तीन ब्रेड के टुकड़े या कुछ साफ किशमिश रख सकती हैं। ये चीजें नमी को संतुलित रखती हैं, जिससे गुड़ कठोर नहीं होता। आपको बताते चलें कि ब्रेड या किशमिश धीरे-धीरे अपनी नमी छोड़ते हैं, जिससे गुड़ का वातावरण नम बना रहता है और वह सख्त नहीं होता है।

**कपड़े में लपेटकर करें गुड़ को स्टोर**

यदि आप गुड़ को छोटे टुकड़े या फिर भेली के रुप में स्टोर कर रहे हैं, तो यह तरीका बहुत काम आता है। इसके लिए आप गुड़ को पहले किसी प्लास्टिक रैप या एल्युमिनियम फॉइल में अच्छे से लपेटकर रख सकते हैं। आप चाहें तो गुड़ को किसी साफ सूती कपड़े में लपेटकर एयरटाइट कंटेनर में रख सकते हैं।

**यदि गुड़ पहले से टाइट तो क्या करें?**

यह सवाल भी बेहद काम का है कि अगर गुड़ पहले से ही टाइट तो क्या किया जाए। टाइट गुड़ को नरम बनाने के लिए आप माइक्रोवेव बाउल में रखें और 10-15 सेकंड के लिए इसे ऑन करें। अब इसको थोड़ी देर के लिए गर्म पानी की भाप पर रखें। ध्यान रखें कि गुड़ को पिघलाने से बचें। हल्का करने से वह कुछ ही देर के लिए नरम हो जाएगा और इसको आप आसानी से यूज कर सकते हैं।

# फेस पर एक्स्ट्रा ऑयल हटाने के लिए लगाएं फेस पैक, मिलेगा गजब का निखार

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ऑयल कंट्रोल करने के लिए कुछ फेस पैक के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको अप्लाई करके आप ऑयल फ्री स्किन पा सकती हैं, साथ ही इससे आपकी स्किन भी साफ और ग्लोइंग नजर आएगी।

हम सभी चाहते हैं कि हमारी स्किन ग्लोइंग और साफ हो। इसके लिए हम सभी जरूरी स्किन केयर भी करते हैं। लेकिन जब फेस पर एक्स्ट्रा ऑयल को कम करने की बात आती है, तो हम स्क्रब करते हैं। लेकिन आप ऑयल को कंट्रोल करने के लिए फेस पैक की मदद ले सकते हैं। इससे आपकी स्किन पर मौजूद एक्स्ट्रा गंदगी साफ हो जाएगी। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ऑयल कंट्रोल करने के लिए कुछ फेस पैक के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको अप्लाई करके आप ऑयल फ्री स्किन पा सकती हैं, साथ ही इससे आपकी स्किन भी साफ और ग्लोइंग नजर आएगी।

**फेस पैक लगाने के फायदे**

**एक्सट्रा**

**फेस पैक को लगाने से चेहरे पर मौजूद एक्सट्रा गंदगी साफ हो जाती है। साथ ही, चेहरे का रंग भी निखरता है।**

फेस पैक को लगाने से चेहरे पर मौजूद एक्सट्रा गंदगी साफ हो जाती है। साथ ही, चेहरे का रंग भी निखरता है। इसका इस्तेमाल आप हफ्ते में 1 बार करें। इसके बाद आपको पार्लर जानें कि या महंगे प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आपकी त्वचा में नेचुरली निखार नजर आएगा। बस आपको ऑयली त्वचा के हिसाब से फेस पैक की सामग्री को चूज करना होगा।

**चंदन और दही का फेस पैक**

आप चंदन और दही का फेस पैक चेहरे पर लगा सकती हैं। इस तरह के फेस पैक को लगाने से



आपकी स्किन साफ हो जाएगी। साथ ही इससे आपके फेस पर अलग निखार आएगा और इस फेस पैक को आसान तरीके से बना सकती हैं।

**ऐसे बनाएं चंदन और दही का फेस पैक**

इस फेस पैक को बनाने के लिए एक कटोरी में 2 चम्मच चंदन पाउडर लें।

फिर इसमें 2 चम्मच दही मिक्स करें।

अब थोड़ी सी हल्दी मिलाकर पेस्ट बना लें।

अब इसको फेस पर अप्लाई करें और सूखने के लिए छोड़ दें।

कुछ देर बाद जब यह सूख जाए, तो नॉर्मल पानी से फेस को हाथों से रब करते हुए साफ करें।

इस फेस पैक को लगाने से चेहरे पर मौजूद एक्स्ट्रा ऑयल साफ हो जाएगा।

**मुल्तानी मिट्टी और एलोवेरा जेल फेस पैक**

अगर आपके फेस पर ऑयल के कारण से रेडनेस होने लगी है, तो आप एलोवेरा जेल और मुल्तानी मिट्टी को मिलाकर फेस पैक लगाएं। इस तरह के फेस पैक को लगाने से आपकी स्किन में मौजूद आसानी से साफ हो जाएगी। इससे आपके फेस पर ग्लोइंग नजर आएगी।

**ऐसे बनाएं मुल्तानी मिट्टी और एलोवेरा जेल फेस पैक**

सबसे पहले एक कटोरी में मुल्तानी मिट्टी का पाउडर लें।

फिर इसमें 2 चम्मच एलोवेरा जेल को मिक्स करें।

अब हल्का सा पानी डालकर अच्छे से मिक्स करें और ब्रश की मदद से फेस पर अप्लाई करें।

फिर 20 मिनट बाद इसको पानी से साफ कर लें।

इससे आपकी स्किन साफ और ग्लोइंग नजर आएगी।

इन फेस पैक को लगाने से आपकी स्किन साफ नजर आएगी। वहीं आपके फेस पर अलग सा निखार दिखाई देगा। आप सही तरह से इन फेस पैक को बनाकर लगाना है। साथ ही आपको ऑयली स्किन से भी छुटकारा मिल जाएगा।

# साड़ी के साथ स्टाइल करेंगी ये हील्स तो पैरों को मिलेगा नया टच, आसानी से कर सकेंगी वियर

अगर आप साड़ी के साथ कुछ अलग डिजाइन की हील्स वियर करना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। अलग डिजाइन वाली हील्स को वियर करने से आपके पैरों को नया टच मिलेगा। साथ ही आप इन हील्स को साड़ी के नीचे पहनकर आसानी से घूम भी पाएंगी। हील्स पहनना अधिकतर लोगों को पसंद होता है। लेकिन जब साड़ी के साथ हील्स को स्टाइल करने की बात आती है, तो हम अक्सर ऐसे डिजाइन पसंद करते हैं, जिनको पहनकर हम आसानी से चल सकें। अगर आप साड़ी के साथ कुछ अलग डिजाइन की हील्स वियर करना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। अलग डिजाइन वाली हील्स को वियर करने से आपके पैरों को नया टच मिलेगा। साथ ही आप इन हील्स को साड़ी के नीचे पहनकर आसानी से घूम भी पाएंगी।

**ब्लॉक हील्स**

अगर आप हील्स के इंच को बढ़ाना चाहती हैं, तो आपको साड़ी के साथ ब्लॉक हील्स पहनना चाहिए। इसमें आप 2 से 5 इंच की



हील्स आसानी से पहनकर चल पाएंगी। वहीं इस तरह की हील्स को स्टाइल करने में आपको किसी भी तरह की परेशानी भी नहीं होगी। आप साड़ी के कलर या डिजाइन के हिसाब से खरीद सकती हैं। इसमें आपके पैर काफी सुंदर नजर आएंगे। वहीं आप मार्केट में इस तरह की हील्स 1000-2000 रुपए तक में ले सकती हैं।

**पेंसिल हील्स**

साड़ी के साथ स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप पेंसिल हील्स वियर कर सकती हैं। यह हील्स पहनने के बाद काफी अच्छी लगती हैं। वहीं इस हील्स को पहनने के बाद आपका लुक पटोला नजर आएगा। मार्केट में आपको इस तरह की हील्स आसानी से मिल जाएगी। जिसको आप साड़ी की डिजाइन के हिसाब से पसंद करके पहन सकती हैं।

**वेजेज हील्स**

अगर आप भी साड़ी लुक में कंफर्टेबल रहना चाहती हैं, तो ऐसे में आप वेजेज हील्स वियर कर सकती हैं। इस तरह की हील्स साड़ी के साथ पहनने के बाद काफी अच्छी लगती हैं। इसमें आपको पीछे की तरफ सपोर्ट के लिए बेल्ट मिलती है। जिसके कारण आपका पैर ज्यादा खिसकता नहीं है और आप इसको देर तक वियर कर सकती हैं।

# कॉटन साड़ी के साथ ट्राई करें ये 3 ज्वेलरी सेट, क्लासी और एलिगेंट लगेगा आपका लुक



कॉटन साड़ी के साथ भी कई ज्वेलरी डिजाइंस ऐसी होती हैं, जिनको वियर करने से आपके लुक में चार चांद लग सकते हैं। ऐसे में आज हम आपको ऐसी ज्वेलरी के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको आप कॉटन की साड़ी के साथ वियर कर सकती हैं।

जब भी साड़ी स्टाइल करने की बात आती है, तो जरूरी होता है कि आप साड़ी के फैब्रिक के हिसाब से ज्वेलरी को स्टाइल करें। ऐसा करने से आपका लुक काफी अट्रैक्टिव नजर आता है। ऐसे में कॉटन साड़ी के साथ भी कई ज्वेलरी डिजाइंस ऐसी होती हैं, जिनको वियर करने से आपके लुक में चार चांद लग सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ऐसी ज्वेलरी के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको आप कॉटन की साड़ी के साथ वियर कर सकती हैं। इनको वियर करने से आपका लुक क्लासी और एलिगेंट नजर आएगा।

**स्टोन वर्क वाली ज्वेलरी**

कॉटन वाली साड़ी के साथ आप स्टोन वर्क वाली ज्वेलरी वियर कर सकती हैं। कॉटम साड़ी के साथ यह ज्वेलरी पहनने पर काफी अच्छी लगेगी। इसमें आपको नेकलेस और इयररिंग्स दोनों में स्टोन स्टड का डिजाइन मिलेगा। इसके साथ ही इसमें छोटे-छोटे पर्ल भी मिलेंगे, जिससे यह ज्वेलरी काफी क्लासी लगेगी। इससे आपका लुक अट्रैक्टिव नजर आएगा। मार्केट में आपको इस तरह की ज्वेलरी काफी कम पैसे में मिलेगा।

**घुंघरू वर्क वाली ज्वेलरी**

घुंघरू डिजाइन वाली ज्वेलरी को भी आप कॉटन वाली साड़ी के साथ वियर कर सकती हैं। कॉटन साड़ी के साथ यह ज्वेलरी पहनने पर काफी अच्छी लगेगी। इसमें भी आपका लुक क्लासी लगेगा। इसमें आप चोकर स्टाइल वाली ज्वेलरी खरीदें और साड़ी के साथ पेयर करके पहनें। इसमें आपका लुक अच्छा लगेगा। आप मार्केट से 300-400 रुपए तक में इस तरह के ज्वेलरी सेट खरीद सकते हैं।

**मिरर वर्क वाली ज्वेलरी**

आप मिरर वर्क वाली ज्वेलरी को भी कॉटन साड़ी के साथ वियर कर सकती हैं। इस तरह की ज्वेलरी कॉटन साड़ी के साथ काफी अच्छी लगती है। इसको पहनने के बाद लुक भी काफी ज्यादा अट्रैक्टिव लगता है। इस ज्वेलरी में छोटे-छोटे डिजाइन में मिरर वर्क मिलेगा। इसके अलावा आपको कलर वाला डिजाइन भी मिलेगा। इस ज्वेलरी को आप मार्केट 200-300 रुपए में खरीद सकती हैं।

# स्वीटहार्ट पैडेड ब्लाउज, साड़ी के साथ मिलेगा एलिगेंट लुक

अगर आपकी बॉडी फ्लैट है, तो साड़ी के साथ एलिगेंट और बैलेंस्ड लुक पाने के लिए ब्रेस्ट में थोड़ी सी वॉल्यूम एड करनी होगी। तो आइए जानते हैं इन ब्लाउज डिजाइंस के बारे में, जो आपके साड़ी लुक को ग्लैमरस और फिगर को भी ब्यूटिफुल दिखाएंगे।

फैशन की दुनिया में कितने भी नए ट्रेंड्स आ जाएं, लेकिन महिलाओं की पहली पसंद साड़ी रहती है। साड़ी की लोकप्रियता का एक कारण यह भी है कि इसमें लगातार नए और स्टाइलिश बदलाव, जोकि हर उम्र और पसंद की महिलाओं को अच्छे लगते हैं। जैसे-जैसे साड़ी में नयापन आता जा रहा है, महिलाओं के लिए इसका चुनाव करना थोड़ा मुश्किल होता जा रहा है। लेकिन सबसे ज्यादा उलझन साड़ी के ब्लाउज को लेकर होती है, क्योंकि आजकल पूरे ओवर ऑल लुक में ब्लाउज ही सबसे ज्यादा ध्यान खींचता है।

ऐसे में आज हम आपको उन ब्लाउज डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं, जो छोटे ब्रेस्ट साइज वाली महिलाओं के लिए बिल्कुल परफेक्ट



हैं। आप इस डिजाइनों वाले ब्लाउज को किसी भी अच्छे टेलर से सिलवा सकती हैं। अगर आपकी बॉडी फ्लैट है, तो साड़ी के साथ एलिगेंट और बैलेंस्ड लुक पाने के लिए ब्रेस्ट में थोड़ी सी वॉल्यूम एड करनी होगी। तो आइए जानते हैं इन ब्लाउज डिजाइंस के बारे में, जो आपके साड़ी लुक को ग्लैमरस और फिगर को भी ब्यूटिफुल दिखाएंगे।

**स्वीटहार्ट पैडेड ब्लाउज**

यह ब्लाउज डिजाइंस काफी ज्यादा पसंद की जाने वाली नेकलाइन है। छोटे आकार वाले ब्लाउज के लिए बेस्ट यह नेकलाइन बेस्ट रहती हैं और ब्रेस्ट को शेप देती हैं। अगर आप भी ब्रेस्ट साइज में थोड़ी वॉल्यूम एड करना चाहती हैं, तो आपको ब्लाउज में पैड जरूर लगाना चाहिए। इससे ब्रेस्ट साइज नॉर्मल से थोड़ा ज्यादा बड़े नजर आएंगे। वहीं साड़ी में आपको अच्छा फिगर मिल जाएगा। आप इसमें फुल स्लीव्स, हाफ स्लीव्स या केप स्लीव्स बनवा सकती हैं।

**क्वीन ऐने ब्लाउज**

यह ब्लाउज ब्रेस्ट शेप को डिफाइन करता है। बेसिकली यह एक नेकलाइन है, जिसको आप किसी टॉप, ड्रेस और ब्लाउज में देख सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज के साथ फ्रिल स्लीव्ज, कॉलर डिजाइन, केप स्लीव्ज, बैक बटन डिजाइन या फिर बैक कटआउट डिजाइन काफी अच्छी लगती है। आप हैवी या लाइट वेट किसी भी तरह की साड़ी के साथ इस तरह के ब्लाउज को कैरी कर सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज में क्वीन ऐने डिजाइन चाहिए, तो आपको लटकन वाली डोरी लगवानी चाहिए।

**इल्यूजन नेकलाइन ब्लाउज**

यह ब्लाउज हार्टशेप नेकलाइन के साथ हॉल्टर नेक स्टाइल में नेट का काम किया जाता है। यह नेट वर्क ब्लाउज के बेस कलर से मैच करता होता है। जिससे यह एक इल्यूजन क्रिएट करता है। यह आपके ब्रेस्ट को बड़ा दिखाता है। इस तरह के ब्लाउज पार्टी वियर साड़ी के साथ काफी अच्छे लगते हैं। आप इसको फुल स्लीव्स या स्लीव्लेस किसी भी अंदाज में बनवा सकती हैं। आपको मार्केट में 250 रुपए से 500 रुपए में ऐसे ब्लाउज मिल जाएंगे।

# चेहरे की झाइयों को जड़ से खत्म कर देगा फेस जेल, स्किन को भी मिलेगा पोषण

हम आपको एक ऐसे जेल के बारे में बताने जा रहे हैं, जो झाइयों की समस्या को जड़ से खत्म कर सकता है। इस जेल को आप आसानी से घर पर बना सकती हैं। यह जेल फेस की झाइयों की खत्म करने के साथ ही स्किन को भी पोषण देगा और त्वचा को चमकदार बनाने का काम करेगा।

चेहरे की खूबसूरती उम्र बढ़ने के साथ ही ढलने लगती है। खासकर तब जब चेहरे पर दाग-धब्बे और झाइयां दिखने लगती हैं। अगर झाइयों की बात की जाए, तो यह समस्या और भी बढ़ जाती है, क्योंकि यह इतनी आसानी से दूर नहीं होती हैं। फेस पर एक छोटा सा निशान आपके पूरे लुक को बर्बाद कर सकता है। वहीं झाइयां होने पर आत्मविश्वास पर भी असर पड़ने लगता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसे जेल के बारे में बताने जा रहे हैं, जो झाइयों की समस्या को जड़ से खत्म कर सकता है। इस जेल को आप आसानी से घर पर बना सकती हैं, वह भी कम खर्च में। यह जेल फेस की झाइयों की खत्म करने के साथ ही स्किन को भी पोषण देगा और त्वचा को चमकदार बनाने का काम करेगा।

**साफ होंगी झाइयां**



नींबू में विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में अगर आप भी झाइयों से परेशान हैं, तो आपको एक बार नींबू के जेल का इस्तेमाल करके देखना चाहिए। इसको आप आसानी से घर पर ही बना सकती हैं।

**एंटी पिग्मेंटेशन फेस जेल**

विटामिन सी स्किन के दाग-धब्बों को कम करता है। आज हम आपको जिस जेल के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें विटामिन सी की मात्रा भरपूर है। इस जेल को बनाने में आपको ज्यादा पैसे भी नहीं खर्च करने होंगे और बाकी की सामग्री घर पर ही मिल जाएगी।

**फेस जेल बनाने की सामग्री**

नींबू का रस - 1

एलोवेरा जेल- 1 बड़ा चम्मच

विटामिन-ई कैप्सूल- 1

गुलाब जल- 1 छोटा चम्मच

**ऐसे बनाएं फेस जेल**

सबसे पहले एक छोटी कटोरी में नींबू का रस निकाल लें। आपको पीले नींबू का रस लेना है। हरे नींबू रस में एसेडिक ज्यादा होता है।

अब कटोरी में एलोवेरा जेल डालें। आप चाहें तो एलोवेर के पौधे से तोड़कर उसका जेल इस्तेमाल कर सकती हैं।

फिर इसमें विटामिन ई कैप्सूल को डालें और गुलाबजल डालकर मिक्स कर लें।

अब इसको अपने फेस और गर्दन पर अप्लाई करें। यह जेल लगाने के दौरान फेस की हल्की मसाज करें और 2 मिनट मसाज करके इसको 20-25 मिनट के लिए छोड़ दें।

फिर चेहरे को धो लें और अपनी स्किन टाइप का मॉइश्चराइजर लगाएं।

नियमित इस नुस्खे को ट्राई करने से आपको जल्द ही अच्छे रिजल्ट्स देखने को मिल जाएंगे।

**इन बातों का रखें ध्यान**

यह जेल विटामिन सी से भरपूर होता है, इसलिए इसको रात के समय चेहरे पर लगाएं। अगर आप इस जेल को लगाकर धूप में जाएंगी, तो स्किन टैन हो जाएगी।

जब आपके चेहरे पर कोई घाव, मुंहासे या फिर संक्रमण न हों, तब ही इस जेल को चेहरे पर लगाना चाहिए। स्किन संबंधी समस्या खत्म होने के बाद आप इस जेल को फेस पर लगा सकती हैं।

इस जेल को लगाने से आपके फेस पर ग्लो आ सकता है। लेकिन अगर आप इस जेल का प्रयोग फेस पर निखार लाने के लिए कर रही हैं, तो आपकी सोच गलत है।

# मेथी से घर पर ही बनाएं सीरम और जिद्दी पिग्मेंटेशन को कहें अलविदा



मेथी दाना एक देसी स्किनकेयर हीरो है जिसमें स्किन को हल्का करने और हील करने की गजब की ताकत होती है। इसकी मदद से ना सिर्फ पिग्मेंटेशन धीरे-धीरे कम होती है, बल्कि यह स्किन टोन को इवन लुक देने के साथ-साथ ग्लो भी लेकर आता है।

आज के समय में हम सभी कई तरह की स्किन समस्याओं से जूझना पड़ता है। इन्हीं में से एक है पिग्मेंटेशन। पिग्मेंटेशन के चलते स्किन की नेचुरल ब्यूटी कहीं छिप जाती है और इससे निपटने के लिए हम सभी तरह-तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट्स में इनवेस्ट करना शुरू कर देते हैं। जबकि आपकी इस समस्या का हल किचन में रखे एक सिंपल से मसाले में छिपा है और वह मसाला है मेथीदाना।

मेथी दाना एक देसी स्किनकेयर हीरो है जिसमें स्किन को हल्का करने और हील करने की गजब की ताकत होती है। इसकी मदद से ना सिर्फ पिग्मेंटेशन धीरे-धीरे कम होती है, बल्कि यह स्किन टोन को इवन लुक देने के साथ-साथ ग्लो भी लेकर आता है। अगर आप इसे अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल करना चाहती हैं तो ऐसे में मेथीदाने की मदद से सीरम बनाया जा सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको मेथीदाने से बनने वाले सीरम के बारे में बता रहे हैं, जिसकी मदद से आप भी पिग्मेंटेशन से छुटकारा पा सकती हैं-

**मेथी का सीरम बनाने के लिए क्या-क्या चाहिए**

- 1 बड़ा चम्मच मेथी दाना
- 1/2 कप पानी
- 1 बड़ा चम्मच एलोवेरा जेल
- 2-3 बूंद विटामिन ई ऑयल या 1 कैप्सूल
- 1-2 बूंद टी ट्री ऑयल या रोज़हिप ऑयल

**मेथी का सीरम कैसे बनाए**

- रात को 1 चम्मच मेथी को 1/2 कप पानी में भिगोकर रख दें। 6-8 घंटे बाद ये अच्छे से फूल जाएगी।
- सुबह उसी पानी के साथ मेथी को 5-7 मिनट धीमी आंच पर उबाल लें। पानी थोड़ा हल्का भूरा और जेल जैसा हो जाएगा। फिर ठंडा होने दें।
- अब इसे सूती कपड़े या छन्नी से छान लें। जो पानी निकलेगा, वही मेथी का एक्सट्रेक्ट है।
- अब इसे किसी साफ बोतल या कटोरी में डालें।
- अब इसमें एलोवेरा जेल, विटामिन ई ऑयल व 1-2 बूंद टी ट्री या रोज़हिप ऑयल डालकर मिक्स कर लें।

**होममेड सीरम कैसे लगाएं**

रात को फेस वॉश के बाद कुछ बूंदें उंगलियों पर लें और चेहरे पर हल्के हाथों से लगाएं।

जहां दाग या पिगमेंटेशन है, वहां ज़्यादा फोकस करें।

इसे पूरी रात लगे रहने दें और सुबह गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।

आप इसे हर रात लगा सकती हैं।

## कलर्ड बालों के लिए घर पर ही बनाएं ये सीरम

अक्सर अपने लुक को चेंज करने के लिए हम सभी बालों के साथ एक्सपेरिमेंट करना पसंद करते हैं। कभी एक नया हेयरकट तो कभी बालों को कलर करना हमें काफी अच्छा लगता है। एक बार जब बालों को कलर कर दिया जाता है तो पूरा लुक इंस्टेंट चेंज हो जाता है। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि कलर्ड हेयर देखने में काफी अच्छे लगते हैं, लेकिन इसके साथ-साथ ऐसे बालों को बेहतर तरीके से केयर करने की जरूरत होती है। दरअसल, कलर, ब्लीच या हाइलाइट्स में जो केमिकल्स होते हैं, वो बालों को रूखा व बेजान बना देते हैं। ऐसे में जरूरी होता है कि बालों की स्मूथनेस को बनाए रखने के लिए हेयर सीरम का इस्तेमाल किया जाए।

एक अच्छा हेयर सीरम बालों में चमक और स्मूदनेस वापस लाता है। साथ ही साथ, कलर को जल्दी फेड होने से भी बचाता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको घर पर ही कलर्ड हेयर के लिए सीरम बनाने के आसान तरीके के बारे में बता रहे हैं-

**हेयर सीरम बनाने के लिए क्या-क्या चाहिए**

- 2 टेबलस्पून आर्गन ऑयल
- 1 टेबलस्पून जोजोबा ऑयल
- 1 टेबलस्पून नारियल तेल
- 5 बूंद विटामिन ई ऑयल
- 5 बूंद लैवेंडर एसेंशियल ऑयल
- 3 बूंद रोज़मेरी एसेंशियल ऑयल

**हेयर सीरम कैसे बनाएं**

- एक छोटा कांच का ड्रॉपर वाला डार्क कलर बॉटल लें।
- अब इसमें आर्गन, जोजोबा और नारियल तेल डालें।
- फिर इसमें विटामिन ई और एसेंशियल ऑयल की बूंदें डालें।
- बॉटल बंद करके अच्छे से हिलाएं ताकि सब अच्छे से मिक्स हो जाए।
- इसे ठंडी और सूखी जगह पर रखें।

**हेयर सीरम कैसे लगाएं-**

- हेयर सीरम लगाने के लिए सिर्फ 2-3 बूंद सीरम हथेली में लें।
- हाथों से रगड़कर थोड़ा गर्म करें और फिर बालों के मिड-से लेकर एंड्स तक लगाएं।
- हल्के गीले या सूखे बालों पर लगाएं।
- अगर लीव-इन सीरम की तरह लगा रहे हैं, तो आप इसे स्कैल्प पर ना लगाएं।

## पिंपल्स की समस्या से बचने के लिए फॉलो करें ये स्किन केयर रूटीन

# ऑयली स्किन से भी मिलेगा छुटकारा

अगर सही तरीके से स्किन केयर रूटीन फॉलो न किया जाए, तो पिंपल्स की समस्या ज्यादा बढ़ सकती है। यह समस्या न हो, इसके लिए कुछ बातों का खास ध्यान रखना जरूरी होता है। ऐसे में आज हम आपको पिंपल्स की समस्या से बचने के लिए कुछ जरूरी बातें बता रहे हैं।

वैसे तो पिंपल्स की समस्या कभी भी आ सकती है, लेकिन खासकर यह समस्या तब होती है, जब आपकी स्किन ऑयली होती है। ऑयली स्किन के कारण त्वचा के पोर्स बंद हो जाते हैं, जिसकी वजह से पिंपल्स से जुड़ी समस्या पैदा हो सकती है। इस दौरान अगर सही तरीके से स्किन केयर रूटीन फॉलो न किया जाए, तो यह समस्या ज्यादा बढ़ सकती है। यह समस्या न हो, इसके लिए कुछ बातों का खास ध्यान रखना जरूरी होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पिंपल्स की समस्या से बचने के लिए कुछ जरूरी बातें बता रहे हैं, जिनको फॉलो करने से पिंपल्स की समस्या से बचा जा सकता है।

**चेहरे को धोने से पहले जरूर करें ये काम**

कई महिलाएं पिंपल्स की समस्या से बचने के लिए बाहर से आते ही फेस धोने लगती है। ऐसा करने से यह समस्या बढ़ सकती है। इससे बचने के लिए फेस धोने से पहले उसको टिश्यू पेपर की सहायता से साफ करें। फिर कुछ समय रुककर फेस वॉश से चेहरा धोएं।

**बार-बार न करें फेसवॉश**



अगर आप अपने फेस को बार-बार पानी से धोती हैं, साथ ही इस दौरान फेस वॉश का इस्तेमाल करती हैं, तब भी यह समस्या आ सकती है। इसलिए चेहरे को बार-बार धोने से बचना चाहिए। आप सुबह और शाम के समय फेस वॉश के मदद से चेहरा धोएं।

**मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल न करना**

ऑयली स्किन होने पर स्किन को नमी की जरूरत पड़ती है। हालांकि कई महिलाएं मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल नहीं करती है। ऐसे में यह समस्या पैदा हो सकती है। इसलिए आप ऐसी मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें, जो जेल-बेस्ड या फिर ऑयल फ्री मॉइश्चराइजर हो।

**ज्यादा स्क्रब का न करें इस्तेमाल**

पोर्स में जमा गंदगी को साफ करने के लिए स्क्रब करना चाहती हैं, तो अधिक स्क्रब का इस्तेमाल करती हैं। ऐसे में स्किन को नुकसान हो सकता है और सप्ताह में 1 दिन ही स्क्रब का इस्तेमाल करना चाहिए।

**तरह-तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल**

अगर आप तरह-तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं, तो पिंपल्स की समस्या आ सकती है। इसलिए इस बात का ध्यान रखें कि त्वचा के मुताबिक ही प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना चाहिए।

**इन बातों का रखें ख्याल**

सबसे पहले फेस को अच्छे से क्लीन करें।

सही मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें।

फिर सनस्क्रीन जरूर अप्लाई करें।

आप कम से कम मेकअप का इस्तेमाल करें।

सप्ताह में 3 दिन फेस मास्क का इस्तेमाल करना चाहिए।

# आईटीबीपी सिपाही की सेवा वरिष्ठता को मिलेगी नई पहचान

**पहचान**

**आईटीबीपी सिपाही के बाजू पर फीती लगाकर सीनियर सिपाही की सेवा की वरिष्ठता को पहचान देने के लिए फीती लगाने का फैसला इसी सप्ताह लिया गया है।**




**नई दिल्ली।** लद्दाख में काराकोरम दर्रे से अरुणाचल प्रदेश में जाचेप ला तक 3,488 किलोमीटर लंबी भारत-चीन सीमा की सुरक्षा में तैनात आईटीबीपी ने अपने सिपाहियों के लिए एक अनूठी योजना प्रारंभ की है। डीजी प्रवीण कुमार के आदेश के बाद अब आईटीबीपी के सिपाही की सेवा वरिष्ठता को नई पहचान मिलेगी। लद्दाख में काराकोरम दर्रे से अरुणाचल प्रदेश में जाचेप ला तक 3,488 किलोमीटर लंबी भारत-चीन सीमा की सुरक्षा में तैनात आईटीबीपी ने अपने सिपाहियों के लिए एक अनूठी योजना प्रारंभ की है। डीजी प्रवीण कुमार के आदेश के बाद अब आईटीबीपी के सिपाही की सेवा वरिष्ठता को नई पहचान मिलेगी। उनके दाहिने हाथ पर एक खास फीती लगेगी, जिस पर सीनियर कांस्टेबल लिखा रहेगा। हालांकि यह फीती उन्हीं सिपाहियों को मिलेगी, जिन्हें पहला मॉडिफाइड एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन (एमएसीपी) मिल चुका है। पहले केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में आर्मी की तर्ज पर लांस नायक और नायक का पद भी होता था। बाद में ये पद खत्म कर दिए गए। अब केवल सिपाही और हवलदार का पद है। अब दूसरे केंद्रीय बलों में यह चर्चा शुरु हो गई है कि क्या उनमें भी सिपाही की सेवा वरिष्ठता को नई पहचान देने की पहल प्रारंभ होगी। आईटीबीपी सिपाही के बाजू पर फीती लगाकर सीनियर सिपाही की सेवा की वरिष्ठता को पहचान देने के लिए फीती लगाने का फैसला इसी सप्ताह लिया गया है। कई बार सिपाहियों को पदोन्नति मिलने में देरी हो जाती है। उनके पास लंबा अनुभव और वरिष्ठता होती है, लेकिन इसके बावजूद वे बतौर सिपाही ही ड्यूटी देते हैं। इसके मद्देनजर अब डीजी प्रवीण कुमार ने जवानों के उत्साह को बढ़ाने के लिए और उनकी वरिष्ठता को सम्मान देने के लिए सीनियर सिपाही को फीती लगाने का आदेश जारी किया है। सीनियर सिपाही की फीती हासिल करने के लिए यह शर्त रखी गई है कि उस जवान को पहला मॉडिफाइड एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन मिल गया हो।

यिह शर्त पूरी करने के बाद ही वह सिपाही अपने दाहिने हाथ पर कंधे से चार इंच नीचे की तरफ सीनियर सिपाही की फीती लगा सकता है। यह फीती, सभी सिपाही लगाएंगे, भले ही वह बल के किसी भी कैडर में ड्यूटी कर रहा हो। फीती का रंग पीला होगा और बैक ग्राउंड हरा रहेगा।

## धर्म की राजनीति को नकारेंगे मुंबई के मतदाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में होने वाले नगर निगम चुनावों से पहले राजनीतिक पार्टियों के बीच हलचल तेज है। इसी बीच मुंबई कांग्रेस की अध्यक्ष और लोकसभा सांसद वर्षा गायकवाड़ ने शनिवार को भाजपा पर धर्म की राजनीति करने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि मुंबई के लोग भाजपा की धार्मिक राजनीति और दोहरे मापदंड को आने वाले नगर निगम चुनाव में खारिज कर देंगे। उन्होंने कहा कि मतदाता धर्म के नाम पर नहीं, बल्कि शहर से जुड़े असली मुद्दों पर वोट देंगे। बता दें कि मुंबई समेत राज्य की 29 नगर निगमों के चुनाव 15 जनवरी को होंगे और 16 जनवरी को मतगणना होगी। वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि जब भी चुनाव आते हैं, भाजपा धार्मिक राजनीति शुरू कर देती है।

## नियम तोड़ने पर राजस्थान के 10 डेंटल कॉलेज भरेंगे 10-10 करोड़ का जुर्माना



**नई दिल्ली।** मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि कॉलेजों ने 2007 के नियमों का खुला उल्लंघन किया। राज्य सरकार ने न केवल बिना अनुमति छूट दी, बल्कि केंद्र सरकार और डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया के फैसलों को समय पर लागू भी नहीं किया। सुप्रीम कोर्ट ने बीडीएस (बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी) में दाखिले के नियमों का उल्लंघन करने पर राजस्थान के 10 निजी डेंटल कॉलेजों पर कड़ा रुख अपनाया है। अदालत ने इन सभी कॉलेजों पर 10-10 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने कहा कि इन कॉलेजों ने जानबूझकर नियमों की अनदेखी की, जिससे मेडिकल शिक्षा के मानकों को नुकसान पहुंचा। न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई और न्यायमूर्ति जेके महेश्वरी की पीठ ने कॉलेजों के साथ-साथ राज्य सरकार की भूमिका पर भी नाराजगी जताई। अदालत ने बीडीएस दाखिले (शैक्षणिक सत्र 2016-17) में कानूनी प्रक्रिया का पालन न करने पर राजस्थान सरकार को 10 लाख रुपये राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (आरएसएलएसए) में जमा करने का आदेश दिया। बीडीएस में दाखिले के लिए एनईईटी परीक्षा में न्यूनतम प्रतिशत तय है। राजस्थान सरकार ने बिना अधिकार के इस न्यूनतम प्रतिशत में पहले 10 प्रतिशत और फिर पांच प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दे दी। इस छूट के कारण कई ऐसे छात्रों को दाखिला मिल गया, जो तय पात्रता पूरी नहीं करते थे। इतना ही नहीं, कुछ कॉलेजों ने इस 10+5 प्रतिशत की छूट से भी आगे जाकर छात्रों को दाखिला दे दिया, जो पूरी तरह नियमों के खिलाफ था। सुप्रीम कोर्ट ने मानवीय आधार पर 2016-17 में दाखिला पाए छात्रों को राहत दी। अदालत ने अपने विशेष अधिकार का इस्तेमाल करते हुए उनकी बीडीएस डिग्री को वैध (रेग्युलराइज) कर दिया। हालांकि, जिन छात्रों को राहत मिली है, उन्हें निर्देश दिया गया है कि वे राजस्थान हाईकोर्ट में हलफनामा दाखिल करेंऔर राज्य में आपदा, महामारी या किसी आपात स्थिति में निःशुल्क सेवा देने के लिए तैयार रहें।

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले को लेकर बरसे अबू आजमी



**मुंबई** समाजवादी पार्टी से महाराष्ट्र में विधायक अबू आजमी ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पीड़ित किसी भी धर्म से हो, अगर कोई किसी के साथ गलत करता है तो उसे सजा मिलनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे कथित हमलों को लेकर महाराष्ट्र से समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि चाहे पीड़ित हिंदू हो या मुस्लिम, अगर कोई किसी के साथ गलत करता है तो उसे सख्त सजा मिलनी चाहिए। ऐसी घटनाएं जहां भी हों और जिसके साथ भी हों, उनकी निंदा होनी चाहिए।

अबू आजमी ने यह भी कहा कि किसी भी देश में अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना जरूरी है, लेकिन साथ ही अपने देश में हो रही घटनाओं पर पहले सवाल उठना चाहिए। उन्होंने कहा, %मेरे देश में जिन लोगों ने आजादी की लड़ाई में हिस्सा लिया, जिन्होंने कभी देश से गद्दारी नहीं की, आज उन्हें देशद्रोही कहा जा रहा है। यह कैसा इंसाफ है? इसके अलावा, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जुड़ा एक वायरल वीडियो सामने आने पर भी सपा विधायक अबू आजमी ने तीखी प्रतिक्रिया दी। वीडियो में नीतीश कुमार एक महिला का हिजाब हटाने की कोशिश करते दिख रहे हैं। इस पर अबू आजमी ने कहा कि यह हरकत बिल्कुल गलत है और इसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए।

## गुवाहाटी एयरपोर्ट पर मिलेंगी नई सुविधाएं



**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुवाहाटी के लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल-2 का उद्घाटन किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि आज का दिन विकास के अवसर का दिन है। यह केवल असम का नहीं, बल्कि पूरे पूर्वोत्तर भारत के विकास का जश्न है। आइए जानते है पीएम मोदी ने और क्या-क्या कहा?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को असम की राजधानी गुवाहाटी में स्थित लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने गुवाहाटी में एक कार्यक्रम को भी संबोधित किया। जहां उन्होंने कहा कि आज का दिन विकास का उत्सव है। यह केवल असम का नहीं, बल्कि पूरे पूर्वोत्तर भारत के विकास का जश्न है। पीएम मोदी ने आगे वहां उपस्थित सभी लोगों से अपने फोन के फ्लैश को जलाने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश देख रहा है कि असम में विकास का पर्व मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में पूर्वोत्तर राज्यों में बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और सुविधाओं के क्षेत्र में तेजी से काम हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार पूर्वोत्तर को देश के विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले समय में असम और पूरा पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि जब किसी राज्य में आधुनिक और विश्वस्तरीय हवाई अड्डे बनते हैं, तो इससे उस राज्य के लिए नई संभावनाएं और अवसर खुलते हैं। ऐसे एयरपोर्ट राज्य के बढ़ते आत्मविश्वास और जनता के भरोसे की मजबूत नींव बनते हैं। उन्होंने कहा कि आज असम में जिस तरह की शानदार और आधुनिक सड़कें और हाईवे बन रहे हैं, उन्हें देखकर हर कोई कहता है कि अब असम के साथ सही न्याय हो रहा है। इस दौरान पीएम मोदी ने विपक्षी दल कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकारों के लिए असम और पूरे पूर्वोत्तर का विकास कभी एजेंडे में नहीं था। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के नेताओं का सोच था कि असम और पूर्वोत्तर में कौन जाता है? पीएम मोदी ने कहा कि इसी सोच की वजह से दशकों तक इस पूरे क्षेत्र की उपेक्षा हुई। उन्हें आधुनिक एयरपोर्ट, बेहतर रेलवे या हाईवे की जरूरत नहीं समझी गई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस की ये गलतियां दशकों तक जारी रहीं, लेकिन उनकी सरकार एक-एक करके इन गलतियों को सुधार रही है और पूर्वोत्तर को विकास की नई दिशा दे रही है।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि पहले के समय में असम और पूर्वोत्तर भारत का विकास कांग्रेस की प्राथमिकता में नहीं था। लेकिन अब केंद्र सरकार पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है और तेजी से काम किया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले समय में असम और पूरा पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास के नए रास्तों पर आगे बढ़ेगा और यहां के लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इस दौरान पीएम मोदी ने असम की विकास को लेकर भी कई सारी बातें कही। उन्होंने कहा कि आज एक बार फिर असम के विकास में नया अध्याय जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह ब्रह्मपुत्र नदी असम में लगातार बहती रहती है, उसी तरह भाजपा की डबल इंजन सरकार के तहत राज्य में विकास की धारा भी बिना रुके आगे बढ़ रही है।

## नौ ठिकानों पर दबिश के बाद भी चकमा देता रहा एमडी




**नई दिल्ली।** एक हाईप्रोफाइल मामले में अपराध को अंजाम देने वाला शातिर नौ ठिकानों पर दबिश के बाद भी ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसी को चकमा देने में सफल रहा। अंत में ईडी की हैदराबाद यूनिट के अफसरों ने खुफिया इनपुट के आधार पर 18 दिसंबर की शाम को चेन्नई से काकरला श्रीनिवास नाम के इस शख्स को गिरफ्तार किया। जानिए पूरा मामला मैसर्स जयश्री इंफ्रास्ट्रक्चर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एमडी काकरला श्रीनिवास, ईडी को लगातार गचा दे रहा था। हालांकि साइबरबाद स्थित केपीएचबी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन वह जमानत पर रिहा हो गया। उसके बाद ईडी उसे ढूंढती रही, मगर उसका कहीं भी कोई सुराग नहीं मिल सका। घर खरीदारों और निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने वाले एमडी को गिरफ्तार करने के लिए ईडी ने नौ ठिकानों पर दबिश दी थी, लेकिन वह नहीं मिला। इसके बाद ईडी ने खुफिया इनपुट के आधार पर आरोपी काकरला श्रीनिवास को गिरफ्तार कर लिया। वहां पर भी आरोपी श्रीनिवास, एक गुप्त सौदा करने आया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत चल रही जांच के सिलसिले में 18.12.2025 को मेसर्स जयश्री इंफ्रास्ट्रक्चर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक काकरला श्रीनिवास को गिरफ्तार किया है।

## पुतिन की प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजनीति से हटकर रोमांस




**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सालाना प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक अनोखा और भावुक पल देखने को मिला, जब युवा पत्रकार ने लाइव प्रसारण में अपनी गर्लफ्रेंड को शादी का प्रस्ताव दे दिया। इस अप्रत्याशित घटनाक्रम ने गंभीर राजनीतिक माहौल को कुछ देर के लिए रोमांटिक बना दिया।

युद्ध की आशंकाओं और रूस की अर्थव्यवस्था पर सवालों के बीच व्लादिमीर पुतिन की सालाना, घंटों चलने वाली प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक ऐसा पल आया जिसने सख्त राजनीतिक माहौल को अचानक रोमांटिक बना दिया। बीच सत्र में एक युवा क्षेत्रीय पत्रकार ने लाइव प्रसारण के दौरान शादी का प्रस्ताव रख दिया और पूरा हॉल तालियों और हंसी से गूंज उठा।

लाल बो-टाई पहने 23 वर्षीय पत्रकार किरिल बाझानोव ने मैं शादी करना चाहता हूं लिखा पोस्टर उठाकर पुतिन का ध्यान खींचा और स्क्रिप्ट से हटते हुए कहा, मुझे पता है मेरी गर्लफ्रेंड यह प्रेस कॉन्फ्रेंस देख रही है। ओल्गा, क्या तुम मुझसे शादी करोगी? यह सुनते ही दर्शकों के बीच ठहाके और तालियां गूंज उठीं, जबकि लाइव प्रसारण देश-विदेश में जारी रहा।

प्रस्ताव के बाद बाझानोव अपने मूल सवाल पर लौटे। उन्होंने महंगाई और ऊंची मॉर्गेज किस्तों का जिक्र करते हुए कहा कि वे और उनकी साथी आठ साल से साथ हैं, लेकिन आर्थिक दबावों के कारण परिवार शुरू करना मुश्किल हो रहा है।

करीब एक घंटे बाद मंच संचालकों ने सत्र के बीच ब्रेकिंग अपडेट दिया। रूसी समाचार एजेंसी TASS के हवाले से बताया गया कि ओल्गा ने प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। वह आपसे शादी करेंगी, यह कहते ही फिर तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई दी। पुतिन भी मुस्कुराते हुए तालियां बजाते नजर आए।

हौसला पाकर बाझानोव ने राष्ट्रपति को शादी में आने का न्योता दे डाला। पुतिन ने आमंत्रण तो ठुकराया, लेकिन मौके पर चुटकी लेना नहीं भूले। उन्होंने कहा, किरिल युवा परिवारों की आर्थिक हालत पर सवाल पूछ रहे थे और यह सही भी है। एक आदमी को परिवार का सहारा बनना चाहिए। अब टोपी घुमा देते हैं, कम से कम शादी के लिए कुछ तो इकट्ठा हो जाएगा।

## टैरिफ मेरा पांचवां पसंदीदा शब्द, डोनाल्ड ट्रंप ने गिनाए फायदे

**नॉर्थ कैरोलिना।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नॉर्थ कैरोलिना में एलान किया कि नए साल से इतिहास की सबसे बड़ी कर कटौती लागू होगी, महंगाई रुक गई और फिर से अमेरिका की शक्ति लौट रही है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नॉर्थ कैरोलिना में अपने भाषण में एलान किया कि नए साल से अमेरिकी नागरिकों को इतिहास की सबसे बड़ी कर कटौती का लाभ मिलेगा। ट्रंप ने कहा कि इसमें टिप्स पर कर नहीं लगेगा, ओवरटाइम पर कर नहीं लगेगा और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सोशल सिक्योरिटी पर कर नहीं लगेगा।

ट्रंप ने अपने भाषण में कहा चार साल के संकट और गिरावट के दौरान पूरी दुनिया हमारी हंसी उड़ाती रही। लेकिन अब हम अमेरिका के सबसे शानदार वर्षों की शुरुआत कर रहे हैं।

## बलूचिस्तान में जाफर एक्सप्रेस समेत दो ट्रेनों को बनाया गया निशाना




**कराची।** पाकिस्तान में एक बार फिर जाफर एक्सप्रेस को निशाना बनाकर धमाका किया गया है। बलूचिस्तान प्रांत में हुए इस धमाके में किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है, हालांकि धमाके से रेलवे ट्रैक का लगभग तीन फीट हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं दाश्त क्षेत्र में हुए एक अन्य धमाके में भी पटरियों को नुकसान पहुंचा। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में संदिग्ध विद्रोहियों ने रेल पटरियों को निशाना बनाकर बम धमाके किए, जिससे जाफर एक्सप्रेस समेत दो यात्री ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हो गई। इन धमाकों में रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचा और ट्रेन सेवाएं अस्थायी रूप से बाधित करनी पड़ीं। क्वेटा के सीनियर सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस (एसएसपी) शाहिद नवाज ने बताया कि शुक्रवार को मुश्काफ इलाके में हुए एक बम धमाके से रेलवे ट्रैक का लगभग तीन फीट हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, दाश्त क्षेत्र में हुए एक अन्य धमाके में भी पटरियों को नुकसान पहुंचा। उन्होंने कहा कि इन दोनों घटनाओं में जाफर एक्सप्रेस और बोलन मेल यात्री ट्रेनों को निशाना बनाया गया था। धमाकों के बाद मुख्य रेल लाइन पर ट्रैक क्षतिग्रस्त होने से क्वेटा से पाकिस्तान के अन्य प्रांतों की ओर जाने वाली ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुईं।

एसएसपी नवाज ने कहा कि शनिवार से क्वेटा से चलने वाली सभी यात्री ट्रेनों के समय-सारिणी को सुरक्षा मंजूरी मिलने के बाद ही अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा, यात्रियों की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। क्वेटा से बाहर जाने वाली सभी ट्रेनों के लिए विशेष सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं।

सुरक्षा चिंताओं के बीच शनिवार को जाफर एक्सप्रेस की एक विशेष सेवा को पेशावर के लिए रवाना होने की अनुमति दी गई। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए यह विशेष सेवा चलाई गई, जबकि सामान्य ट्रेन सेवाएं सुरक्षा मंजूरी का इंतजार कर रही हैं।

यह पहली बार नहीं है जब जाफर एक्सप्रेस को निशाना बनाया गया हो। इस ट्रेन पर पहले भी कई बार हमले हो चुके हैं और इसी साल इसकी सेवाएं कई बार प्रभावित हुई हैं। बीते दो महीनों में विद्रोहियों ने जाफर एक्सप्रेस और बोलन मेल पर कम से कम तीन बार हमले किए हैं, जिनमें रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचा, हालांकि इन घटनाओं में कोई जान नहीं गई।

इससे पहले 11 मार्च को जाफर एक्सप्रेस एक अभूतपूर्व हमले का शिकार हुई थी, जब आतंकवादियों ने ट्रेन के इंजन पर गोलीबारी कर करीब 400 यात्रियों को बंधक बना लिया था। उस हमले में 20 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी, जबकि सुरक्षा बलों ने बाकी यात्रियों को सुरक्षित बचाया और 33 विद्रोहियों को मार गिराया था।

## सीरिया में आतंक के अड्डों पर अमेरिकी वार

**वॉशिंगटन।** सीरिया में अमेरिकी सैनिकों की मौत के बाद ट्रंप प्रशासन ने इस्लामिक स्टेट पर बड़ा हमला किया है। अमेरिकी सेना ने 70 ठिकानों को निशाना बनाकर हवाई और जमीनी कार्रवाई की। ट्रंप ने इसे बदले की कार्रवाई बताया। सीरिया में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के खिलाफ अमेरिका ने बड़ा सैन्य अभियान शुरू किया है। अमेरिकी सैनिकों और एक अमेरिकी दुभाषिये की मौत के बाद ट्रंप प्रशासन ने बदले की कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को सीरिया में आईएस ठिकानों पर व्यापक हवाई हमले किए। अमेरिका ने साफ शब्दों में कहा है कि यह कोई युद्ध की शुरुआत नहीं, बल्कि अपने नागरिकों की हत्या का जवाब है। वहीं, अमेरिकी रक्षा मंत्री ने भी कहा कि ये युद्ध की शुरुआत नहीं, हमारा बदला है।

## हादी की मौत पर अखबार के दफ्तर में भीड़ ने बरपाया कहर

**हवाले**

**गौरतलब है कि हादी की मौत के बाद बांग्लादेश में लोगों का गुस्सा फूटा। कई जगहों पर मीडिया हाउस, सांस्कृतिक केंद्र और यहां तक कि शेख मुजीबुर रहमान का घर भी आग के हवाले कर दिया गया।**



**ढाका।** ढाका में प्रदर्शनकारियों ने स्थनीय अखबार प्रोथोम आलो के कार्यालय पर हमला किया, वहां मौजूद कार्यकारी संपादक ने बताया कैसे प्रदर्शनकारियों ने दफ्तर में तोड़फोड़ की, जिससे अखबार की प्रिंट और वेबसाइट पर काम ठप हो गया। बांग्लादेश की राजधानी ढाका में स्थनीय अखबार प्रोथोम अलो के कार्यालय पर बृहस्पतिवार देर रात प्रदर्शनकारियों ने हमला किया, जिससे पत्रकारों की जान खतरे में पड़ गई। प्रोथोम आलो के कार्यकारी संपादक सज्जाद शरीफ ने बताया कि यह हमला पिछले साल के आंदोलन के प्रमुख शख्स शरिफ उस्मान हादी की हत्या के बाद गुस्से में हुई हिंसा का परिणाम था।

उन्होंने कहा कुछ बदमाशों ने हमारे मीडिया कार्यालय को नुकसान पहुंचाया। कल रात जब हमारे पत्रकार अगले दिन के अखबार और ऑनलाइन सामग्री पर काम कर रहे थे, तब यह दुखद घटना हुई। पत्रकार डर के मारे कार्यालय छोड़ने पर मजबूर हो गए। सज्जाद शरीफ ने यह भी बताया कि इस घटना के कारण प्रोथोम आलो का आज का प्रिंट संस्करण प्रकाशित नहीं हो सका और ऑनलाइन वेबसाइट भी रात से बंद है। 1998 में स्थापना के बाद यह पहली बार है जब अखबार प्रकाशित नहीं हुआ। उन्होंने इसे पत्रकारिता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला बताया और सरकार से अपील की कि दोषियों को खोजकर कानून के तहत कार्रवाई की जाए। पूर्व भारतीय उच्चायुक्त पिनाक रंजन चक्रवर्ती ने बांग्लादेश में जारी प्रदर्शनों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वहां शासन काफी कमजोर है, जिसका फायदा कुछ चरमपंथी, अपराधी और इस्लामिक ताकतें उठा रही हैं।

गौरतलब है कि हादी की मौत के बाद बांग्लादेश में लोगों का गुस्सा फूटा। कई जगहों पर मीडिया हाउस, सांस्कृतिक केंद्र और यहां तक कि शेख मुजीबुर रहमान का घर भी आग के हवाले कर दिया गया।

इस घटना ने बांग्लादेश में राजनीतिक और सामाजिक तनाव को और बढ़ा दिया है। हालांकि सुरक्षा एजेंसियां स्थिति को काबू में करने की कोशिश कर रही हैं।

शरीफ उस्मान हादी बीते साल बांग्लादेश में हुए शेख हसीना के तख्तापलट के बाद बने इंकलाब मंच के प्रवक्ता थे।

अगले साल होने वाले राष्ट्रीय चुनाव में उस्मान हादी भी उम्मीदवार थे। बीती 12 दिसंबर को ढाका में चुनाव प्रचार के दौरान नकाबपोश हमलावरों ने उनके सिर में गोली मार दी थी।

## हिंदू युवक की हत्या में शामिल सात आरोपी गिरफ्तार



**ढाका।** बांग्लादेश के मयमनसिंह में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की हत्या के मामले में रैपिड एक्शन बटालियन ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया। यह जानकारी अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने दी।

बांग्लादेश के मयमनसिंह जिले के वालुका इलाके में हिंदू धर्म के अनुयायी युवक दीपू चंद्र दास (27) की पीट-पीटकर हत्या के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने बताया कि रैपिड एक्शन बटालियन ने इस जघन्य घटना में शामिल सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन सभी से पूछताछ जारी है और मामले की गहन जांच की जा रही है।

मोहम्मद यूनुस ने सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह की सांप्रदायिक हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मोहम्मद यूनुस ने कहा कि यह घटना न केवल मानवता के खिलाफ अपराध है, बल्कि सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने की कोशिश भी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि दोषियों के खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाएगा।

गौरतलब है कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने कल एक बयान में कहा था कि नए बांग्लादेश में ऐसी हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। बयान में आगे कहा गया कि इस जघन्य अपराध के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। बांग्ला ट्रिब्यून समाचार पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार, मयमनसिंह शहर में गुरुवार को कथित ईशनिंदा के आरोप में दीपू चंद्र दास नामक एक हिंदू शख्स की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। भीड़ ने हत्या करने के बाद उसके शव को आग लगा दी।

मुख्य सलाहकार की मीडिया टीम की ओर से जारी बयान में कहा गया- हम हिंसा, धमकी, आगजनी और संपत्ति को नष्ट करने के सभी कृत्यों की कड़ी और स्पष्ट रूप से निंदा करते हैं। बयान में कहा गया था कि इस नाजुक घड़ी में, हम प्रत्येक नागरिक से हिंसा, उकसावे और नफरत को अस्वीकार करके और उनका विरोध करके हादी का सम्मान करने का आह्वान करते हैं।

# ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ महाराज को भारत रत्न देने की मांग



- विश्व हिंदू महासंघ ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** विश्व हिंदू महासंघ (भारत) की ओर से ब्रह्मलीन राष्ट्रीय संत, पूर्व गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ महाराज को उनके असाधारण सामाजिक, धार्मिक एवं मानव सेवा कार्यों के लिए भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की मांग की गई है।

विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने जिलाधिकारी जौनपुर के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजते हुए कहा कि महंत अवैद्यनाथ महाराज का संपूर्ण जीवन सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता और मानव सेवा को समर्पित रहा।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि महंत अवैद्यनाथ महाराज ने धर्मांतरण और लव जिहाद जैसे सामाजिक विषयों पर समाज को जागरूक करने के साथ-साथ जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर सामाजिक एकता को मजबूत किया। धार्मिक क्षेत्र में उनकी भूमिका श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन और अयोध्या में श्रीरामलला की स्थापना में ऐतिहासिक रही, जिसे शब्दों में व्यक्त करना कठिन है।

संगठन के अनुसार, महाराज जी ने मानव सेवा के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व योगदान दिया। गरीब एवं असहाय बच्चों की शिक्षा के लिए स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालयों की स्थापना, साथ ही निर्धन एवं जरूरतमंद रोगियों के लिए अस्पतालों एवं चिकित्सा संस्थानों की नींव रखकर उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने का कार्य किया।

विश्व हिंदू महासंघ ने भारत सरकार से मांग की है कि ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ महाराज के निस्वार्थ सेवा, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक समर्पण को देखते हुए उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाए।

# तहसील दिवस के दौरान डीएम ने जरूरतमंदों को दिया कंबल



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** शासन के निर्देश के क्रम में बढ़ती ठंड एवं शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा आज तहसील केराकत में जनसुनवाई के पश्चात जरुरतमंदों में कंबल वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जगह-जगह पर अलाव जलाए जा रहे हैं तथा कंबल वितरित किए जा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि विभिन्न स्थानों पर अस्थायी रैन बसेरा बनाया गया है।जरुरतमंद वहां ठहर सकते है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि रैन बसेरों में साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा एवं समय-समय पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी व्यक्ति को असुविधा न हो। उन्होंने आमजन से अपील किया है कि ठण्ड में घर के अन्दर सुरक्षित रहें जब तक बहुत आवश्यक न हो तब तक घर से बाहर न निकले। ठण्ड से बचाव हेतु शरीर पर उपयुक्त ऊनी कपड़े पहने, बाहर निकलते समय सिर, चेहरे, हाथ एवं पैर को गर्म कपड़े से ढकें, शरीर को गर्म रखने हेतु गर्म पेय पदार्थों एवं पौष्टिक आहार का सेवन करे।

# गरीब व्यक्ति को परेशान करने वालों के विरुद्ध करें कड़ी कार्रवाई : जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज तहसील लालगंज के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि इसमे किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी, जन समस्याओं का गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर कुल 118 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त आये, जिसमें से 17 प्रकरण का मौके पर निस्तारण कराया गया। प्राप्त प्रार्थना पत्र में राजस्व विभाग के 68, विकास के 06, पुलिस के 17, विद्युत के 03, शिक्षा के 02, स्वास्थ्य के 02, पूर्ति निरीक्षक के 04, समाज कल्याण के 02, सिंचाई के 01, जल निगम के 02 एवं अन्य के 11 मामले शामिल है। जिलाधिकारी ने कहा की पैमाइश के बाद भी यदि कोई व्यक्ति खूंटा उखड़े, कब्जा करे या गरीब व्यक्ति को परेशान करे, तो पीड़ित पक्ष से तहरीर लेकर कड़ी कार्रवाई करें। जिलाधिकारी ने कहा कि चकरोड, सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए तथा लेखपाल, कानूनगो, तहसीलदार, एसडीएम एवं पुलिस विभाग आपस में समन्वय कर मौके पर जाकर निरीक्षण करें तथा जो भी नियमों का उल्लंघन करे, उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को प्रभावी कार्रवाई करते हुए मौके पर ही समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की जमीनों से संबंधित किसी भी प्रकार का विवाद जिला मुख्यालय तक नहीं पहुंचना चाहिए। जिलाधिकारी ने देवगांव से सबसे अधिक जमीनों से संबंधित प्रकरण आने पर कहा कि यहां पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा राजस्व में पुलिस के अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतकर्ता एवं पक्ष /विपक्ष दोनों को बुलाकर प्रभावी कार्रवाई करते हुए विवादों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा बढ़ती हुई ठंड के दृष्टिगत कुल 105 गरीब एवं असहाय व्यक्तियों को कंबल का वितरण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में दिए गए निर्देश के क्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने का कैंप लगाया गया, जिसमें आज 07 दिव्यांग व्यक्तियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया गया।

# फांसी के फंदे पर लटका मिला छात्र का शव

- परिजनों का आरोप- खुला था दरवाजा, कोई सुसाइड नोट नहीं मिला

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** जार्जटाउन थाना क्षेत्र के अल्लापुर में बजरंग चौराहे के पास शनिवार सुबह एक 23 वर्षीय युवक का शव किराए के कमरे के भीतर फांसी पर लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान नीतीश कुमार के रूप में हुई है, जो मूल रूप से प्रतापगढ़ जिले का रहने वाला था। परिजनों के अनुसार नीतीश पिछले करीब दो महीने से अल्लापुर के बजरंग चौराहे के पास कुल्लू मार्केट स्थित किराए के कमरे में रह रहा था। वह सिविल लाइंस स्थित आरोग्यवरम् अस्पताल में पार्ट-टाइम नौकरी करता था और साथ ही नीट की तैयारी भी कर रहा था। नीतीश पांच भाई-बहनों में चौथे नंबर पर था। उसके पिता लेखपाल पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात परिजनों ने कई बार नीतीश से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं हो सकी। इससे परिजन चिंतित हो गए और शनिवार सुबह कमरे पर पहुंच गए। कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। अंदर जाकर देखा तो पंखे के चूल्ले में फंसे फंदे के सहारे नीतीश का शव लटका हुआ मिला। यह देख परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का कहना है कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। कमरे में सामान भी सामान्य स्थिति में मिला है। सूचना मिलने पर जॉर्जटाउन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जॉर्जटाउन थानाध्यक्ष ने बताया कि फील्ड यूनिट को बुलाया गया है। फील्ड यूनिट के आने के बाद मौके से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए जाएंगे। थानाध्यक्ष के अनुसार जांच पूरी होने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होगा, जिसके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

# जन-शिकायत निस्तारण में मैनपुरी प्रदेश के टॉप-10 में

- समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं
- गलत बिजली बिल पर डीएम सख्त, सुधार के निर्देश
- स्मार्ट मीटर के बाद बढ़े बिल पर कार्रवाई के आदेश

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील कुरावली में जन शिकायतें सुनने के दौरान जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने संतोष व्यक्त करते हुये कहा कि जनपद में जन-शिकायतों के निस्तारण की प्रगति काफी बेहतर है, विगत् कई माह से जनपद मंडल में शीर्ष पर एवं प्रदेश में टॉप-10 में चल रहा है। उन्होने कहा कि सभी अधिकारी इसी निष्ठा, लगन के साथ आगे भी आमजन की समस्याओं के त्वरित निदान के लिए कार्य करें। उन्होने कहा कि किसी भी स्तर से प्राप्त शिकायत का स्वयं संज्ञान लेकर निस्तारित करायें, अधीनस्थों की रिपोर्ट पर निर्भर न रहें बल्कि स्वयं निस्तारण की गुणवत्ता देखें, शिकायतकर्ता से अवश्य वार्ता करें, शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है। उन्होने कहा कि अनाधिकृत कब्जों के प्रकरण में राजस्व, पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर समस्या का निदान कराएं, दोनों पक्षों की मौजूदगी में अनाधिकृत कब्जा हटवाकर पात्र व्यक्ति को कब्जा दिलाया जाए, गरीब, कमजोर व्यक्ति की भूमि पर भी कोई दबंग काबिज न रहे, भूमि पर अनाधिकृत कब्जा करने वालों के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाये, अधिकारी जन-शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में करें, निस्तारण में गुणवत्तापरक का विशेष ध्यान रखा जाये, जिन शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में निस्तारण संभव न हो तो टिप्पणी अंकित कर वापस की जाये, किसी भी दशा में शिकायती प्रार्थना पत्र को कार्यालय में अनिस्तारित न रखा जाये। जन-समस्याएं सुनने के दौरान जब नगला हविलिया, कुरावली नि. सुरेंद्र ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि माह अगस्त तक उसे विद्युत का सही बिल उपलब्ध कराया जा रहा था, उसके द्वारा बिल जमा भी किया जा चुका है लेकिन सितंबर में स्मार्ट मीटर लगाने के बाद विद्युत विभाग द्वारा रू. 16 हजार का बिल उपलब्ध कराया गया है, प्रार्थी का 01 किलो वाट का कनेक्शन है, अधिक बिल जमा करने में प्रार्थी असमर्थ है, बिल संशोधित कर उपलब्ध कराया जाए ताकि वह बकाया राशि जमा कर सके, जिस पर उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को गलत विद्युत बिलिंग के कारण असुविधा का सामना न करना पड़े, उपभोक्ताओं को समय से सही बल उपलब्ध कराये जाएं। उन्होंने कहा कि ओ.टी.एस. योजना की प्रत्येक उपभोक्ता को जानकारी हो, प्रदेश सरकार ने पहली बार विद्युत बकाया बिल में 25 प्रतिशत की छूट के साथ शत-प्रतिशत सरचार्ज में छूट प्रदान की है, ओ.टी.एस. योजना का अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ मिले। सुजरई देहात नि. अमर सिंह ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि उसका राशन कार्ड निरस्त कर दूसरे के नाम जारी कर दिया गया है, प्रार्थी काफी गरीब है जबकि वह व्यक्ति अपात्र है, शिकायतकर्ता ने पुनः जांच कर राशन कार्ड जारी कराये जाने की मांग की।

## चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जनपद में चकबंदी प्रक्रियाधीन 97 गांवों की चकबंदी अधिकारीवार विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होने निर्देशित किया कि अधिक से अधिक वादों का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से धारा-9 से संबंधित आपत्तियों के निस्तारण हेतु गांव में कैंप लगाकर समयबद्ध कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि चकबंदी कार्यों में अनावश्यक विलंब न करें तथा सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रगति में तेजी लाएं। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट, उप संचालक चकबंदी रामकिशोर, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी शैलेश कुमार पांडे सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कुछमुछ गांव में हुई मारपीट के मामले में चार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के कुछमुछ गांव में शुक्रवार को हुई दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष में एक पक्ष के तहरीर पर पुलिस ने चार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली वही एक महिला का सिर फटा है वह अभी भी गंभीर बताई जा रही है। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के कुछमुछ गांव में पुरानी लड़को के झगड़े को लेकर प्रमिला देवी और प्रकाश गौतम के परिवार के सदस्यों के बीच शुक्रवार को लाठी डंडे, ईट पत्थर चल गए। जिसमे दोनों तरफ से कुल पांच लोग घायल हो गए। जिसमे एक प्रमिला देवी 45 का सिर फट गया। जिसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा। सात टाके लगे है। वही जहां प्रमिला के परिजन अस्पताल में रहे वही घायल महिला प्रमिला देवी के पति दलसिंगार ने आरोप लगाया कि उल्टा ही पुलिस ने उसकी घायल पत्नी सहित परिवार के चार लोगों पर केस दर्ज कर लिया। सीओ केराकत अजीत रजक ने बताया कि एक महिला घायल है। उसके परिजनों द्वारा तहरीर नही दी गई है। पुलिस की लापरवाही की बात की जानकारी नही है। फिर भी जांच करवाई जाएगी।

## चौकी प्रभारी का हुआ विदाई सम्मान समारोह



**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** थाना निजामाबाद की पुलिस चौकी रसीदगंज के निवर्तमान चौकी प्रभारी शमशाद खान का एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। रशीदगंज पुलिस चौकी के निवर्तमान प्रभारी शमशाद खान का तबादला थाना मुबारकपुर में वरिष्ठ उप निरीक्षक पद पर हुआ है। उनके स्थान पर शाहिद खान को रसीदगंज पुलिस चौकी का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में शनिवार को चौकी परिसर में एक विदाई सम्मान समारोह का आयोजित हुआ। निवर्तमान प्रभारी शमशाद खान को क्षेत्रीय लोगों ने अंग वस्त्र देकर विदाई दी बता दे की चौकी प्रभारी शमशाद खान का कार्यकाल लगभग 3.5 साल का था जो अब तक का सबसे लम्बा था। इस पर लोगों ने जमकर उनकी सराहना की इस अवसर पर हेड मास्टर मानसिंह यादव, कांस्टेबल रूपेश पासवान, हेड कांस्टेबल मनोज सोनकर, प्रधान प्रकाश यादव, प्रधान चंदन यादव, प्रधान अबरार राजा फैजी , समाजसेवी अनस सिद्दीकी, सैयद फहद ,फैसल खान सहित सभी लोगों ने कार्यकाल की सराहना की लोगों ने कहा शमशाद खान ने अपराध से जुड़े असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार करवाई गई जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रही लोगों ने नव पद स्थापित चौकी इंचार्ज शाहिद खान से भी बेहतर पुलिसिंग की अपेक्षा की है।

## महिला रिक्रूट आरक्षियों के लिए मेडिकल अवेयरनेस सेशन आयोजित किया गया

**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** पुलिस लाइन में महिला रिक्रूट आरक्षियों के स्वास्थ्य संरक्षण एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष मेडिकल सेशन का आयोजन किया गया। इस सेशन में गायनोलॉजिस्ट डॉ0 खुशबु सिंह द्वारा महिला रिक्रूट आरक्षियों को पुलिस ड्यूटी के दौरान अपने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, तनाव प्रबंधन तथा व्यक्तिगत हाइजीन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। डॉ0 खुशबू सिंह ने महिला आरक्षियों को ड्यूटी के समय स्वास्थ्य संतुलन बनाए रखने, आवश्यक सावधानियां अपनाने तथा किसी भी स्वास्थ्य समस्या को नजरअंदाज न करने के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी सदर आस्था जायसवाल सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ठंड से कांपे लोग, 11 सेल्सियस पहुंचा पारा

- शहर के स्कूलों में छुट्टी, कई के टाइम बदले
- 5 जनवरी को खुलेगा हाईकोर्ट



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज में ठंड और कोहरे का कहर बढ़ता जा रहा है। तेज गलन से लोग कांपते दिख रहे हैं। शहर के कई बड़े स्कूलों में आज से शीतलहर की छुट्टियां कर दी गई हैं। सेंट जोसेफ गर्ल्स कॉलेज समेत अन्य स्कूलों कई में 3 जनवरी तक के लिए छुट्टी घोषित कर दी गई है। बाकी जो स्कूल खुलेंगे उनकी टाइमिंग सुबह 10 बजे से तीन बजे तक के लिए निर्धारित की गई है। हाईकोर्ट में भी शीतकालीन छुट्टी शुरू हो गई है। अब 5 जनवरी को हाईकोर्ट खुलेगा। दूसरी ओर डॉक्टर भी लोगों को इस ठंड से बचने की सलाह दे रहे हैं। बच्चों, बुजुर्गों व बीमार लोगों को बहुत जरूरी होने पर ही घर से निकलने की सलाह दी जा रही है। पिछले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान 11एष्ट दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, अभी अगले कुछ दिनों तक इसी तरह से ठंड बरकरार रहेगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट में शनिवार को शीतकालीन छुट्टी हो गई है। न्यायिक कार्य 5 जनवरी 2026 से फिर से शुरू होंगे। हालांकि, इस दौरान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से संचालित फोटो आइडेंटिफिकेशन सेंटर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहेगा। घने कोहरे का असर ट्रेनों पर भी पड़ा है। शुक्रवार दिल्ली-हावड़ा रेल रूट पर कई ट्रेनें लेट रहीं। प्रयागराज आने वाली प्रीमियम और वीआईपी ट्रेनें 3 घंटे से अधिक लेट रहीं। इसमें प्रयागराज एक्सप्रेस 3.30 घंटे की देरी से सुबह 10:30 बजे जंक्शन पहुंची। हमसफर एक्सप्रेस 4.20 घंटे, पुरुषोत्तम 4.30 घंटे, रीवा 4.00 घंटे, नेता जी एक्सप्रेस 6.20 घंटे, मुरी एक्सप्रेस 6.45 घंटे लेट रही। वहीं शुक्रवार को महानंदा एक्सप्रेस, झांसी-कोलकाता एक्सप्रेस एवं आनंद विहार- हटिया एक्सप्रेस निरस्त रही।

# एमएमए गोल्ड मेडलिस्ट खुशबू निषाद का कांग्रेसियों ने किया सम्मान

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** मिक्स मार्शल आर्ट्स में गोल्ड मेडल जीतकर प्रयागराज का नाम रोशन करने वाली खुशबू निषाद के घर आज जश्न का माहौल रहा। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर कांग्रेस नेताओं ने उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया।

कांग्रेस नेताओं ने खुशबू को माला पहनाकर, बुके भेंट कर और मिठाई खिलाकर उनकी जीत की मुबारकबाद दी। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता इरशाद उल्ला ने खुशबू के जज्बे को सलाम करते हुए कहा कि मंजिल उनको मिलती है जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है। उन्होंने कहा कि खुशबू ने साबित कर दिया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। कांग्रेस नेताओं ने उम्मीद जताई कि जल्द ही राहुल गांधी या प्रियंका गांधी भी होनहार खुशबू निषाद से मुलाकात करेंगे। वसीम उर रहमान (मन्नू) ने बधाई देते हुए कहा कि खुशबू ने गोल्ड मेडल जीतकर देश और प्रदेश में प्रयागराज का नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा दिया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अयान अकील, उज्ज्वल अरोरा, मोहम्मद असबान, अमन अंसारी आदि मौजूद रहे।

## शहीद रौशन सिंह की शहादत पर दीपदान कर किया गया नमन



**प्रयागराज।** काकोरी एक्शन में बलिदान हुए अमर शहीद रौशन सिंह की शहादत पर शहीद वॉल पर आज एक प्रदर्शनी लगायी गयी। इसमें काकोरी एक्शन के नायकों के पत्र व अन्य प्रमाणिक जानकारी प्रदर्शित की गयी। शाम को आज शहादत पर एक रौशनी प्रज्वलित करके नमन किया गया। शहीदों अमर रहो के नारे लगाए गये।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नजमा बानो पत्नी स्व. अब्दुल समद निवासी 258 क/390, संजय नगर मिल रोड, ऐशबाग जनपद लखनऊ।

मेरा पुत्र अब्दुल मतीन का चाल चलन ठीक नहीं है, वह मेरे कहने सुनने में नहीं रहता है। उसकी गलत हरकतों के चलते मैं और मेरा परिवार त्रस्त है।

अतः मैं अपने पुत्र अब्दुल मतीन को अपने चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। अब से मेरा उससे सरोकार नहीं है और न ही किसी कृत्य से कोई लेना देना है।

# स्कॉर्पियो की टक्कर से सीओडी के दो कर्मचारियों की मौत

- कानपुर में थी तैनाती, बाइक से स्टेशन जा रहे थे

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** नैनी थाना क्षेत्र में स्कॉर्पियो की टक्कर से सीओडी के दो कर्मचारियों की शनिवार को सुबह मौत हो गई। दोनों कर्मचारी बाइक से रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों कर्मचारी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही नैनी पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को तुरंत स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मूल रूप से मेजा दुबे पुर के रहने वाले दिलीप कुमार नैनी चक बबुरा त्रिवेणी नगर में रहते थे। दिलीप के तीन बेटे बेटे दिव्यांशु, वैभव और दक्ष हैं। उनकी पत्नी बबिता बौद्ध की मौत बीते 15 अगस्त को हो गई थी। दिलीप कुमार कानपुर सीओडी में कार्यालय अधीक्षक के पद पर तैनात थे। इसके पहले वह सीओडी प्रयागराज में कार्यरत थे। दिलीप के भाई संदीप ने बताया कि वह कानपुर में किराए का कमरा लेकर भी रहते थे, लेकिन अधिकतर नैनी से कानपुर के लिए अप डाउन करते थे। कुछ दिन के लिए छुट्टी पर आए थे। शनिवार को अपने साथी राम आशीष शर्मा के साथ बाइक लेकर कानपुर जाने के लिए नैनी स्टेशन जा रहे थे। पुराने यमुना पुल पर सड़क हादसे में उनकी मौत हो गई।दूसरे साथी मृतक राम आशीष पुत्र कोदई राम शर्मा मूल रूप से गोरखपुर के रहने वाले थे। वह सीओडी में सीनियर मटेरियल असिस्टेंट के पद पर कार्यरत थे। वह अपने परिवार के साथ नैनी के प्रेम नगर में मकान बनवाकर रह रहे थे। राम आशीष के एक बेटे सूरज और एक बेटी रागनी के साथ पत्नी शोभा नैनी के मकान में रहती थी। जो एक सप्ताह पहले ही अपने गांव गोरखपुर गई हुई थी। नैनी इंस्पेक्टर ब्रज किशोर गौतम ने बताया कि पुराने यमुना पुल पर सड़क हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को तत्काल स्वरूप रानी चिकित्सालय भेजा गया। जहां दोनों को डॉक्टर ने अमित घोषित कर दिया।

# एक्ट्रेस डेजी शाह से धक्का-मुक्की

- नाज हॉस्पिटल में 15 मिनट तक लिफ्ट में फंसी रहीं, सेल्फी के लिए बेकाबू हुए फैंस

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** फिल्म प्रमोशन के लिए पहुंची बॉलीवुड एक्ट्रेस डेजी शाह ओवरलोड की वजह से लिफ्ट में फंस गई। इस दौरान करीब 15 मिनट तक फंसी रहीं। इसके बाद किसी तरह से उन्हें बाहर निकाला गया। जबकि सीढ़ी के रास्ते स्टेज पर जाते समय फैंस के साथ धक्का मुक्की का सामना करना पड़ा।

वह शुक्रवार को नाज हॉस्पिटल के 5वें इनॉगरेशन डे पर अपने फिल्म बिहू अटैक का प्रमोशन करने पहुंचीं थी। वह कार्यक्रम से पहले होटल कान्हा श्याम में थोड़ी देर रूकीं। फिर उन्हें कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया।

नाज हॉस्पिटल में कार्यक्रम शुरू हुआ तो स्टेज पर लगा माइक खराब हो गया। मजबूरन एक्ट्रेस डेजी शाह को बिना माइक के ही अपनी बात रखनी पड़ी। उन्होंने कहा कि प्रयागराज आने का सफर उनके लिए काफी यादगार रहा। वह महानायक के शहर में आई है, इसलिए सबसे पहले अभिनेता अमिताभ बच्चन और शहर के लोगों को सलाम। उन्होंने कहा कि शहर के युवा और उभरते कलाकारों के लिए दुआ की कि वह अभिनय के क्षेत्र में कामयाबी हासिल करें और प्रयागराज का नाम रोशन हो।

डेजी शाह ने अपनी फिल्म बिहू अटैक के बारे में बात की। उन्होंने कहा- यह फिल्म देश के बहादुर सैनिकों को समर्पित है। मैंने फिल्म में सेना के अधिकारी के साथ हाउस वाइफ के किरदार में भी हूं। जिस पर परिवार और देश सेवा की जिम्मेदारी का बोझ होता है। जिस जिम्मेदारी को पूरा करने में मानव जीवन की कशमकश एवं आतंकियों के सामने देश की नारी की उस छवि को दिखाया गया है। इसमें नारी अपने परिवार से ऊपर अपने देश को रखकर एक देवी की तरह देश के दुश्मनों का संहार करती है।

उनके साथ देश के लिए गोल्ड जीतने वाली खुशबू निषाद भी रहीं। उन्होंने फिल्म की अभिनेत्री के अभिनय को सैल्यूट कर उन्हें आने वाली फिल्म बिहू अटैक के सफल होने की बधाई दी।

उन्होंने कार्यक्रम के आयोजनों को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह उनके लिए प्राउड मोमेंट्स है कि वह प्रयागराज शहर में अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए लोगो के बीच है। जिस शहर ने हमेशा से गंगा यमुना तहजीब से देश को एकता का बड़ा संदेश दिया है।

**कार्यालय : जिला पंचायत, लखीमपुर-खीरी।**

पत्रांक : 36/ई-टेण्डर/जि0पं0/2025-2026 दिनांक : 20 दिसम्बर, 2025

**संशोधित निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्र संख्याः 1285/नि0अ0/ई-टेण्डर/जि0पं0/2025-26 दिनांकः 28 नवम्बर, 2025 द्वारा आमंत्रित निविदा के क्रमांक 06 व 07 पर अंकित कार्यों के तकनीकी स्वीकृति के समय BOQ में संशोधन होने के कारण BOQ में संशोधन किया जाता है। उक्त की सूचना बेबसाईट http//etender.up.nic.in व http//kheri.nic.in पर उपलब्ध है।

नोट :- उक्त दोनों कार्यों पर आप द्वारा दी जा रही दरें संशोधित BOQ पर मान्य होगी। निविदा की शेष शर्तें पूर्ववत् रहेगी। अन्य जानकारी कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है।

**अभियन्ता**
**जिला पंचायत,**
**लखीमपुर-खीरी।**

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत,**
**लखीमपुर-खीरी।**

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने बिदादी (कर्नाटक) में किया नेशनल ऑटोमोबाइल ओलंपियाड 2025 का आयोजन



**बेंगलुरु।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने 17 से 19 दिसंबर 2025 तक कर्नाटक के बिदादी स्थित अपने संयंत्र (प्लांट) में नेशनल ऑटोमोबाइल ओलंपियाड (एनएओ) के सफल आयोजन की घोषणा की। स्किल इंडिया मिशन के अनुरूप, यह पहल ऑटोमोटिव स्किल्स डेवलपमेंट काउंसिल (एएसडीसी) और टोयोटा टेक्निकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का एक संयुक्त प्रयास है। इस कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12 तक के उन 188 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जिन्हें भारत और यूएई के 970 स्कूलों के 1,36,000 से अधिक प्रतिभागियों में से कड़ी चयन प्रक्रिया के बाद चुना गया था। एनएओ 2025 स्कूली छात्रों के लिए विश्व की सबसे बड़ी ऑटोमोटिव कौशल विकास पहलों में से एक है। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री विंकेश गुलाटी (चेयरपर्सन, एएसडीसी) और डॉ. बिश्वजीत साहा (निदेशक, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड - सीबीएसई) ने किया। इस मंच ने छात्रों के लिए ऑटोमोटिव जगत की बारीकियों को समझने और सीखने का एक नया मार्ग प्रशस्त किया है।इस आयोजन के दौरान आयोजित मास्टरक्लास और दो चरणों वाली प्रतियोगिताओं में रोबोटिक्स, वेल्डिंग सटीकता, तकनीकी समस्या निवारण और भविष्य के परिवहन जैसे विषयों पर छात्रों के कौशल का परीक्षण किया गया। साथ ही, उद्योग के अनुभवी विशेषज्ञों ने छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया।तीन दिनों तक चले इस ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का समापन एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। इस दौरान विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नन्हे चैंपियंस की उपलब्धियों का जश्न मनाया गया और उन्हें सम्मानित किया गया।इस आयोजन के दौरान 188 चयनित छात्रों के साथ आए लगभग 150 अभिभावकों और शिक्षकों को भी टोयोटा की विश्वस्तरीय कार्यप्रणाली का अनुभव करने का अवसर मिला। उन्होंने अत्याधुनिक प्लांट और प्रसिद्ध टोयोटा टेक्निकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट सेंटर का भ्रमण किया, उद्योग जगत के विशेषज्ञों से संवाद किया और टेस्ट ट्रैक पर टोयोटा वाहनों के परिचालन का आनंद लिया।ऑटोमोटिव स्किल्स डेवलपमेंट काउंसिल के चेयरपर्सन श्री विंकेश गुलाटी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, नेशनल ऑटोमोबाइल ओलंपियाड युवाओं की प्रतिभा को निखारने और जेन-जी को ऑटोमोबाइल क्षेत्र में एक सार्थक भविष्य तलाशने के लिए प्रेरित करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# एसयूडी लाइफ़ गिफ्ट ग्लोबल अपॉर्च्युनिटी मैक्सिमाइज़र फ़ंड लॉन्च किया

**लखनऊ।** स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ़ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एसयूडी लाइफ़) ने अपने जीवन बीमा प्लान एसयूडी लाइफ़ इंटरनेशनल वेल्थ क्रिएटर के अंतर्गत नए फ़ंड 'एसयूडी लाइफ़ गिफ्ट ग्लोबल अपॉर्च्युनिटी मैक्सिमाइज़र फ़ंड' और 'एसयूडी लाइफ़ गिफ्ट इंडिया फ़ोकस्ड फ़ंड' की शुरुआत की है।

इन फ़ंडों के माध्यम से पॉलिसीधारक और निवेशक गिफ्ट सिटी के ज़रिए वैश्विक संपत्ति निर्माण के अवसरों का लाभ उठा सकेंगे।एसयूडी लाइफ़ गिफ्ट ग्लोबल अपॉर्च्युनिटी मैक्सिमाइज़र फ़ंड निवेशकों को अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों और विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में विविध और संतुलित निवेश का अवसर प्रदान करता है। फ़ंड का प्रमुख निवेश इक्विटी में होगा, जबकि फ़ंड प्रबंधकों को कमोडिटी जैसे क्षेत्रों में निवेश करने की भी स्वतंत्रता होगी। इससे निवेशकों को चक्रीय और संरचनात्मक–दोनों प्रकार के विकास अवसरों में भागीदारी मिलेगी। विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाओं में उपलब्ध थीम-आधारित और सेक्टर-आधारित अवसरों का उपयोग करते हुए, यह फ़ंड बेहतर डॉलर-आधारित रिटर्न प्रदान करने का लक्ष्य रखता है।एसयूडी लाइफ़ के मुख्य निवेश अधिकारी श्री राम कमल समंता ने कहा, ÷यह उत्पाद उन व्यक्तियों के लिए तैयार किया गया है जिनकी जोखिम वहन क्षमता अधिक है और जो भौगोलिक क्षेत्रों, परिसंपत्ति वर्गों और सेक्टरों में व्यापक विविधीकरण की तलाश में हैं।

एसयूडी लाइफ़ इंटरनेशनल वेल्थ क्रिएटर योजना के अंतर्गत उपलब्ध एसयूडी लाइफ़ गिफ्ट ग्लोबल अपॉर्च्युनिटी मैक्सिमाइज़र फ़ंड एनआरआई, पीआईओ, ओसीआई और निवासी भारतीयों को वैश्विक स्तर पर विविध संपत्ति निर्माण के अवसर प्रदान करता है, साथ ही व्यापक प्रोटेक्शन समाधान भी उपलब्ध कराता है। एसयूडी लाइफ़ गिफ्ट ग्लोबल अपॉर्च्युनिटी मैक्सिमाइज़र फ़ंड की सदस्यता 22 दिसंबर 2025 तक खुली है।

# बैटरी स्मार्ट 100 मिलियन ईवी बैटरी स्वैप पार करने वाली भारत की पहली कंपनी बनी




**लखनऊ।** भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की तेज़ी से बढ़ती रफ्तार को दर्शाने वाली एक बड़ी उपलब्धि में, बैटरी स्मार्ट देश की पहली कंपनी बन गई है जिसने अपने इलेक्ट्रिक दोपहिया और तीनपहिया वाहनों के नेटवर्क पर 100 मिलियन बैटरी स्वैप पूरे कर लिए हैं। कंपनी की स्थापना के लगभग पांच साल के भीतर हासिल किया गया यह मुकाम, भारत में स्वच्छ, किफायती और सभी के लिए सुलभ इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर बढ़ते बदलाव को दर्शाता है। यह बैटरी स्मार्ट के पैन-इंडिया, टेक्नोलॉजी आधारित, विस्तार योग्य बैटरी-स्वैपिंग मॉडल के प्रति प्रतिबद्धता को भी दिखाता है, जो किफायत और मजबूत इकोसिस्टम साझेदारी पर आधारित है। आज के समय में, कंपनी के पास भारत के लगभग 70 प्रतिशत बैटरी स्वैपिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के संचालन का अनुमान है। इस उपलब्धि पर बात करते हुए, बैटरी स्मार्ट के को-फाउंडर्स पुलकित खुराना और सिद्धार्थ सिक्का ने कहा 100 मिलियन बैटरी स्वैप का आंकड़ा पार करना सिर्फ हमारे लिए नहीं, बल्कि भारत में ईवी अपनाने की दिशा में एक बड़ा पड़ाव है। यह दिखाता है कि बैटरी स्वैपिंग कैसे बड़े स्तर पर स्वच्छ मोबिलिटी को सुलभ, किफायती और समावेशी बना सकती है। हर एक बैटरी स्वैप एक फैसले का प्रतीक है, जहां एक ड्राइवर ईंधन से चलने वाले वाहनों की बजाय स्वच्छ मोबिलिटी को चुनता है, चिंता के बजाय भरोसे को और लंबे इंतज़ार के घंटों की जगह बेहतर अपटाइम को प्राथमिकता देता है। यह उपलब्धि हमारे ड्राइवर समुदाय, बैटरी स्वैप स्टेशन पार्टनर्स, ओईएम सहयोगियों, निवेशकों और नीति-निर्माताओं की है, जिन्होंने भारत में बैटरी स्वैपिंग को सफल बनाने में विश्वास दिखाया। बैटरी स्मार्ट के को-फाउंडर सिद्धार्थ सिक्का ने कहा ड्राइवर वेलफेयर फंड हमारे उस समुदाय के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है, जिसने इस सफर को संभव बनाया। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ेंगे, हमारा ध्यान स्मार्ट आईओटी बैटरियों, ज्यादा कुशल स्टेशन संचालन और मजबूत सुरक्षा प्रणालियों के माध्यम से भारत की ईवी मोबिलिटी की नींव को और मजबूत करने पर रहेगा।

# शिक्षा को अधिक सुलभ और असरदार बनाने में महत्वपूर्ण कदम

VIROHAN

**कानपुर।** भारत में हेल्थकेयर शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान, विरोहन ने अपनी चल रही सीरीज़-बी फंडिंग के तहत 65 करोड़ रुपये (7.5 मिलियन डॉलर) जुटाए हैं, जिसका नेतृत्व मायनावी कॉर्पोरेशन ने किया है। इस निवेश दौर में विरोहन के मौजूदा निवेशकों जैसे ब्लूम वेंचर्स, भारत इनक्लूसिव टेक्नोलॉजीज़ सीड फंड और रीब्राइट पार्टनर्स ने भी भाग लिया।यह फंडिंग उत्पाद नवाचार, संचालन दक्षता में सुधार और रणनीतिक रूप से प्रतिभाशाली पेशेवरों की टीम के विस्तार के माध्यम से विरोहन को लाभप्रदता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने में मदद करेगी।विरोहन यूपीईएस (देहरादून), बीबीडी यूनिवर्सिटी (लखनऊ), सीएमआर यूनिवर्सिटी (बेंगलुरु), असम डॉन बॉस्को यूनिवर्सिटी (गुवाहाटी), एमआईटी यूनिवर्सिटी (शिलांग), जी.एच. रायसोनी यूनिवर्सिटी (नागपुर और पुणे), सिल्वर ओक यूनिवर्सिटी (अहमदाबाद) सहित कई प्रमुख विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर एलाइड हेल्थकेयर, नर्सिंग और हेल्थकेयर मैनेजमेंट में उच्च गुणवत्ता के स्नातक कार्यक्रम संचालित करने में सक्षम बनाता है। उद्योग स्तर पर, विरोहन लेंसकार्ट, मेदांता, हेल्थियंस, डॉ. लाल पैथलैब्स जैसी प्रमुख हेल्थकेयर कंपनियों के साथ मिलकर काम करता है, जिससे उसके छात्रों के लिए पढ़ाई से लेकर नौकरी तक का मजबूत रास्ता तैयार होता है।

# लीगलएज ने बढ़ाया लखनऊ का मान, क्लैट 2026 में छात्रों का शानदार प्रदर्शन

## लीगलएज लखनऊ के 30 से अधिक छात्रों ने क्लैट में दर्ज की उल्लेखनीय सफलता



**लखनऊ।** राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों (हस्न्ह्य) में प्रवेश के लिए आयोजित क्लैट 2026 परीक्षा के परिणामों में लीगलएज बाय टॉपरैंकर्स ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता और भरोसेमंद मार्गदर्शन को सिद्ध करते हुए लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। लीगलएज लखनऊ के कुल 30 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट रैंक प्राप्त कर न केवल अपने सपनों को साकार किया, बल्कि शहर का नाम भी रोशन किया। शौर्य वर्धन त्रिवेदी ने ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 78, देवांश वर्मा ने एआईआर 192, कुशल राय श्रीवास्तव ने एआईआर 285, रिभव कृष्णा ने एआईआर 283, अर्नव ने एआईआर 431, गौरी मिश्रा ने एआईआर 461, अपूर्वश्री ने एआईआर 561, शौर्य प्रताप सिंह ने एआईआर 611, राघव निगम ने एआईआर 615, अरीजीत सिंह ने एआईआर 784 प्राप्त की। वहीं श्रेणीवार रैंकिंग में अपूर्वश्री ने ओबीसी श्रेणी में एआईआर 39 और दिव्यांश यादव ने ओबीसी श्रेणी में एआईआर 187 हासिल कर उल्लेखनीय सफलता दर्ज की। इन सफलताओं के पीछे केवल रैंक नहीं, बल्कि संघर्ष, समर्पण और आत्मविश्वास की प्रेरक कहानियाँ भी जुड़ी हैं। एआईआर 78 प्राप्त करने वाले शौर्यवर्धन त्रिवेदी ने पारिवारिक पृष्ठभूमि के बावजूद अपनी अलग पहचान बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने अपने जुनून और निरंतर मेहनत के बल पर यह उपलब्धि हासिल की। इसी तरह दिव्यांश यादव ने आईआईटी-जेईई की तैयारी छोड़कर कानून के क्षेत्र को चुना। गोरखपुर से लखनऊ आकर किराये के कमरे में रहकर उन्होंने कठिन परिश्रम किया और आज सफलता का स्वाद चखा। एक अत्यंत प्रेरणादायी उदाहरण अपूर्व श्री का भी है, जिन्होंने एंज़ायटी जैसी चुनौतियों से जूझते हुए नियमित काउंसलिंग, आत्मसंयम और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ क्लैट परीक्षा उत्तीर्ण की। उनकी सफलता मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और साहस की मिसाल है। इस खास मौके पर लीगलएज लखनऊ के निदेशक विशाल शर्मा ने कहा कि इस वर्ष लीगलएज के छात्रों ने एआईआर 1, एआईआर 2 और एआईआर 3 प्राप्त किए हैं तथा टॉप 10 में कुल 7 रैंक हासिल कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। यह उपलब्धि किसी संयोग का परिणाम नहीं है। संस्थान अब तक 7 बार एआईआर 1 दे चुका है और पिछले पाँच वर्षों में 4 बार टॉप 3 रैंक (एआईआर 1, 2, 3) हासिल कर एक सशक्त रिकॉर्ड स्थापित कर चुका है। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि लीगलएज टीम ने इस सफलता का श्रेय छात्रों की अनुशासित तैयारी, संरचित शैक्षणिक मार्गदर्शन, सशक्त टेस्ट प्रैक्टिस प्रणाली और छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण को दिया। संस्थान ने कहा कि यह उपलब्धियाँ महीनों की निरंतर मेहनत, विश्वास और दबाव में भी आगे बढ़ते रहने के संकल्प का परिणाम हैं।

# टाटा एसेट मैनेजमेंट ने प्रस्तुत किया भारत का पहला मल्टीकैप कंज़म्प्शन इंडेक्स फंड

**मुंबई।** भारत की एक अग्रणी फंड कंपनी, टाटा एसेट मैनेजमेंट ने भारत का पहला मल्टी-कैप कंजम्पशन इंडेक्स फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। यह फंड निवेशकों को एक ही उत्पाद के माध्यम से लार्ज, मिड और स्मॉल-कैप कंजम्पशन नामों में विविध निवेश की सुविधा प्रदान करता है।नया टाटा बीएसई मल्टीकैप कंजम्पशन 50:30:20 इंडेक्स फंड एक ओपन-एंडेड योजना है। इसे बीएसई मल्टीकैप कंजम्पशन 50:30:20 इंडेक्स को दोहराने और ट्रैक करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह फंड भारतीय अर्थव्यवस्था की उस कहानी में भाग लेने का अवसर देता है, जहाँ मध्यम वर्ग की बढ़ती आय, युवा आबादी और जीवन शैली में बदलाव के कारण उपभोक्ता खर्च लगातार बढ़ रहा है। फंड इसी आर्थिक विकास का लाभ उठाना चाहता है। भारत के लिए कंज़म्प्शन एक दीर्घकालिक संरचनात्मक विषय बना है। वर्तमान में देश की जीडीपी में इसका योगदान 60त्न से अधिक है (स्रोतः बार्कलेज इन्वेस्टमेंट आउटलुक)। हालांकि, पारंपरिक खपत सूचकांक पहले से ही लार्ज-कैप (बड़ी कंपनियों) और एफएमसीजी या ऑटोमोबाइल शेयरों की ओर बहुत अधिक झुके रहे हैं। इस कारण वे अक्सर नए क्षेत्रों की उच्च-विकास क्षमता को नज़रअंदाज़ कर देते थे। टाटा बीएसई मल्टीकैप कंजम्पशन 50:30:20 इंडेक्स फंड इस समस्या का समाधान करता है। यह फंड लार्ज-कैप से स्थिरता, मिड-कैप और स्मॉल-कैप से विकास की क्षमता – इन दोनों को जोड़ता है। यह फंड किसी भी एक सब-सेगमेंट या मार्केट-कैप श्रेणी में अत्यधिक एकाग्रता से बचते हुए एक संतुलित दृष्टिकोण प्रदान करता है। अंतर्निहित बीएसई मल्टीकैप कंजम्पशन 50:30:20 इंडेक्स बीएसई 500 यूनिवर्स से उपभोक्ता विवेकाधीन और एफएमसीजी क्षेत्रों में औसत छह महीने के कुल बाजार पूंजीकरण के आधार पर शीर्ष 100 कंपनियों का चयन करता है।

# 10वीं यूपी स्टेट पैरा पावरलिफ्टिंग और पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025-26 का बरेली में सफल शुभारंभ



**बरेली।** उत्तर प्रदेश में पैरा स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, 10वीं यूपी स्टेट पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप और पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025-26 का उद्घाटन आज बरेली के माननीय मेयर श्री उमेश गौतम ने शहर के बीएल एग्रो स्टेडियम में किया। इस कार्यक्रम में बीएल एग्रो के चेयरमैन श्री घनश्याम खंडेलवाल, यूपी पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संरक्षक और बीएल एग्रो के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री आशीष खंडेलवाल; और पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया में पैरा-पावरलिफ्टिंग के चेयरमैन और यूपी पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के विशेष सदस्य श्री जे.पी. सिंह मौजूद थे।

उत्तर प्रदेश के एथलीट ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर शानदार टैलेंट दिखा रहे हैं, और अपने गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीतकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। आज इस इवेंट में कई जाने-माने एथलीट अपने साथी खिलाड़ियों को प्रेरित और मोटिवेट करने के लिए मौजूद थे। खास मेहमानों में साक्षी कसाना (ओलंपियन, डिस्कस थ्रो), प्रीति पाल (पैरालंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट - पैरा एथलेटिक्स), सिमरन शर्मा (पैरालंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट - पैरा एथलेटिक्स), विनय (वर्ल्ड चैंपियन, गोल्ड मेडलिस्ट - 72 किलो जूनियर कैटेगरी), सुवर्णा राज (पैरा एथलीट और मेडलिस्ट - पावरलिफ्टिंग), ज़ैनब खातून (पैरा एथलीट और मेडलिस्ट - पावरलिफ्टिंग) शामिल थे।

# ग्रीनपैनल ने लॉन्च किया ड्युरोबॉयलtm: उबलते पानी में भी सुरक्षित रहने वाला मजबूत फाइबरबोर्ड








**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े वुड पैनल निर्माता ग्रीनपैनल इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने नए बॉयलिंग वॉटरप्रूफ हाई डेंसिटी फाइबरबोर्ड (एचडीएफ)- ड्युरोबॉयलtm के लॉन्च की घोषणा की है, इसे ज़्यादा नमी, गर्म पानी के संपर्क में रहने वाले और ज़्यादा इस्तेमाल वाले इंटीरियर स्पेसेज़ के लिए डिज़ाइन किया गया है।लम्बा चलने वाला ड्युरोबॉयल भारत का सबसे मजबूत, सबसे टफ़ और सबसे हैवी एचडीएफ है, ऐसे में यह आर्कीटेक्ट्स, इंटीरियर डिज़ाइनरों एवं फर्नीचर निर्माताओं के लिए भरोसेमंद विकल्प है।

इसकी मजबूत और कॉम्पैक्ट संरचना बेहतरीन स्थिरता एवं क्षमता को सुनिश्चित करती है, यहां तक कि मुश्किल वातावरण में भी इसका परफोर्मेन्स शानदार रहता है, जहां आम बोर्ड जल्दी खराब हो जाते हैं स्मूद, फिनिश रैडी सरफेस-लेमिनेट्स, वेनीर्स, पीयू फिनिश एवं डिजिटल प्रिंटिंग के लिए उपयुक्त हैं। साथ ही, यह दीमक एवं कीटों से सुरक्षित रहता है, बेहतरीन मशीनेबिलिटी के चलते कटिंग, शेपिंग, राउटिंग एवं कार्विंग में आसान है। ऐसे में इंटीरियर डिज़ाइनों के लिए इसे आसानी से कस्टमाइज़ किया जा सकता है।इस लॉन्च पर बात करते हुए श्री शोभन मित्तल, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, ग्रीनपैनल इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने कहा, ''ड्युरोबॉयलङ्ग सिर्फ एक प्रोडक्ट का लॉन्च नहीं' बल्कि यह ग्रीनपैनल के इरादों को स्पष्ट करता है। यह आधुनिक निर्माण क्षमता एवं मटीरियर साइंस में हमारे निवेश तथा बेहतरीन परफोर्मेन्स वाले फाइबरबोर्ड समाधान बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो मुश्किल परिस्थितियों में भी मजबूती, क्षमता एवं विश्वसनीयता के नए बेंचमार्क स्थापित कर सकें।'

# रीजेंसी हॉस्पिटल लखनऊ ने गांवों में स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए ग्रामीण स्वास्थ्य योजना को किया लॉन्च



**लखनऊ।** रीजेंसी हॉस्पिटल, लखनऊ ने ग्रामीण इलाकों में हेल्थकेयर की सुविधा बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। दरअसल हॉस्पिटल ग्रामीण स्वास्थ्य योजना को सफलतापूर्वक लॉन्च किया है। यह एक ऐसी पहल है जिसका उद्देश्य वंचित समुदायों को सस्ती और आसानी से मिलने वाली मेडिकल सेवाओं को उपलब्ध कराना है। इस कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन लखनऊ के कुम्हरवां से माननीय विधायक श्री योगेश शुक्ला जी की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। माननीय विधायक जी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए थे। लॉन्च के तहत माननीय विधायक जी ने ग्रामीण स्वास्थ्य योजना कार्ड का भी अनावरण किया। यह कार्ड ग्रामीण स्वास्थ्य इकोसिस्टम को मज़बूत करने के लिए रीजेंसी हॉस्पिटल की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान ग्राम सरपंचों और सचिवों को सामुदायिक कल्याण के लिए उनके लगातार प्रयासों को देखते हुए शॉल देकर सम्मानित किया गया। रीजेंसी हॉस्पिटल ने आशा कार्यकर्ताओं को भी जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में उनके निस्वार्थ योगदान और ग्रामीण आबादी को ज़रूरी मेडिकल सेवाओं से जोड़ने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए सम्मानित किया। रीजेंसी हॉस्पिटल के सीनियर डॉक्टर जैसे कि डॉ. डी. पी. सिंह- एमडी मेडिसिन, डॉ. आकांक्षा गुप्ता- ष्ठह्नक्च फैमिली मेडिसिन, डॉ. रोहित जैन- कंसल्टेंट-ऑर्थोपेडिक्स, और डॉ. अम्मार जावेद- नियोनेटोलॉजी सभी इस कार्यक्रम में मौजूद थे और उन्हें माननीय विधायक ने अच्छी क्वालिटी और दयालु हेल्थकेयर देने के लिए उनके समर्पण के लिए सम्मानित किया।

# लखनऊ में सजेगी सूफी शाम, रंग-ए-अवध की रिवायत से रूबरू होगा शहर



**लखनऊ।** अदीरा की ओर से रितिका चौधरी और राहुल वर्मा ने बताया उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को समर्पित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम 'रिवायत' का आयोजन 19, 20 और 21 दिसंबर को संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ में किया जाएगा। तीन दिवसीय इस उत्सव में लखनऊ की तहज़ीब और रंग-ए-अवध की झलक देखने को मिलेगी।

कार्यक्रम के अंतिम दिन सूफी शाम, भव्य मुशायरा और कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश के जाने-माने शायर और कवि अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। गुलाबी सर्दी की शामों में संगीत, शायरी और सूफियाना कलाम का यह संगम शहरवासियों के लिए एक यादगार अनुभव होगा। इसके साथ ही उत्सव में महिला फैशन शो, किड्स फैशन शो और अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाएंगी। लोक नृत्य, संगीत और कलात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता को मंच मिलेगा, वहीं रचनात्मकता और प्रतिभा का उत्सव भी मनाया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए शिल्पकार अपनी पारंपरिक हस्तकलाओं का प्रदर्शन करेंगे। साथ ही प्रदेश की पारंपरिक क्राफ्ट, कल्चर और कुजीन को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे स्थानीय कलाकारों, शिल्पकारों और उद्यमियों को पहचान और प्रोत्साहन मिल सके। अदीरा पत्रिका लंबे समय से महिलाओं के सशक्तिकरण, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और उनकी प्रतिभा को मंच देने के लिए कार्य कर रही है। 'रिवायत' उत्सव भी इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाता है, जहां महिला कलाकारों, महिला शिल्पकारों और महिला उद्यमियों की सक्रिय भागीदारी रहेगी।

अदीरा परिवार की ओर से बताया गया कि 'रिवायत' केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि लखनऊ की तहज़ीब, परंपरा और महिलाओं की रचनात्मक शक्ति का उत्सव है। इस आयोजन के माध्यम से समाज में सकारात्मक सोच, सांस्कृतिक चेतना और महिला सहभागिता को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। अदीरा परिवार ने सभी कला प्रेमियों, संस्कृति प्रेमियों और शहरवासियों से इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

# पीएनबी मेटलाइफ ने झांसी, उत्तर प्रदेश में नई शाखा खोलकर अपनी उपस्थिति मजबूत की



**झांसी।** भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (पीएनबी मेटलाइफ), ने झांसी, उत्तरप्रदेशमें अपनी नई शाखा का उद्घाटन किया। शाखाओं का उद्घाटन कंपनी की इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वह बीमा को और अधिक सुलभ बनाना चाहती है, ताकि ग्राहक जहाँ कहीं भी हों, उन्हें वहाँ पॉलिसी सेवाएँ और भरोसेमंद सलाह उपलब्ध हो सकें। समीर बंसल, एमडी और सीईओ, पीएनबी मेटलाइफ ने कहा, ÷विश्वास हमेशा से पीएनबी मेटलाइफ के अपने ग्राहकों के साथ संबंधों की नींव रहा है। भारत भर में अब 180शाखाओं के साथ, हम न केवल अपनी पहुँच का विस्तार कर रहे हैं, बल्कि इस भरोसे को और मजबूत कर रहे हैं कि ग्राहक हर कदम पर हम पर निर्भर कर सकते हैं।

हमारा फोकस वहीं उपस्थित रहना है, जहाँ उन्हें हमारी सबसे अधिक जरूरत है, जिसमें सुरक्षा को करीब लाना, उसे सरल बनाना और उन्हें आत्मविश्वास के साथ अपना वित्तीय भविष्य योजना बनाने में मदद करना शामिल हैं। अपनी 180शाखाओं के अलावा, कंपनी 20,000 से अधिक बैंकएश्योरेंस पार्टनर स्थानों के माध्यम से ग्राहकों तक पहुँचती है, जिससे उसके सुरक्षा और बचत समाधान तक व्यापक और भरोसेमंद पहुँच सुनिश्चित होती है।

# रात अकेली है: द बंसल मर्डर्स की टीम ने नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर से पहले, लखनऊ में फैंस के लिए एक खास मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम रखा





**लखनऊ।** नेटफ्लिक्स की फ़िल्म रात अकेली है- द बंसल मर्डर्स के आने से पहले, नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी आज नेशनल कॉलेज, लखनऊ पहुँचे। उन्होंने छात्रों से बातचीत की, जिसमें उन्होंने अपने फ़िल्मी सफ़र की बातें बताईं और आने वाली फ़िल्म के बारे में जानकारी दी। यह फ़िल्म 19 दिसंबर को रिलीज़ होगी। इस बातचीत में नवाज़ुद्दीन ने लखनऊ से अपने खूबसूरत रिश्ते के बारे में बताया और उसके साथ अभिनय कैसे करते हैं और अपने काम पर टिके रहने की ज़रूरत के बारे में सरल शब्दों में बताया। उन्होंने यह भी कहा कि मुश्किल और अलग-अलग तरह के किरदार निभाना आसान नहीं होता। साथ ही, उन्होंने जटिल यादव के रोल में वापसी के बारे में बताया कि इस बार कहानी में तेज़ जाँच के साथ कुछ और गहरे मोड़ देखने को मिलेंगे। इस बातचीत में छात्रों ने पूरे उत्साह से भाग लिया और कहानी, अभिनय और फ़िल्म इंडस्ट्री पर सवाल पूछे। नवाज़ुद्दीन ने बताया कि रात अकेली है: द बंसल मर्डर्स एक हैरान करने वाले मामले पर बनी फ़िल्म है। यह मामला जटिल यादव की नौकरी और उसकी निजी ज़िंदगी दोनों को मुश्किल में डाल देता है। सच और न्याय की खोज में उसे कुछ कड़वी सच्चाइयों का सामना भी करना पड़ता है। रात अकेली है: द बंसल मर्डस फ़िल्म के निर्देशक हनी त्रेहान हैं और इसे स्मिता सिंह ने लिखा है। यह एक रहस्य और अपराध पर बनी फ़िल्म है। इसमें नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी के साथ चित्रांगदा सिंह, रजत कपूर, दीप्ति नवल, रेवती और संजय कपूर दिखाई देंगे।

# रेंजर ने बरामद किए काटे गए जामुन के अवैध बोटे



*अवधनामा संवाददाता*

**बोदरवार, कुशीनगर।** मुखबिर की सूचना पर मंसूरगंज भिसवां पहुंची हाटा रेंजर अमृता सिंह ने जामुन के छः ताजा कटे पेड़ों के बोटे एक आरा मशीन से बरामद कर अग्रीम कार्रवाई शुरू कर दी। शनिवार को हाटा वन विभाग की रेंजर अमृता चंद को मुखबिर से सूचना मिली कि मंसूरगंज भिसवां पानी की टंकी के पास जामुन का बागीचा है। जिसमें अवैध रूप से जामुन की लकड़ी काटी जा रही है। रेंजर अमृता चंद अपने ड्राइवर को साथ लेकर काटी जा रही लकड़ी के लोकेशन पर निकल पड़ीं। लेकिन नई ज्वाइनिंग होने के चलते क्षेत्र का लोकेशन ठीक से समझ नहीं पाईं और पहुंचने में थोड़ी देरी हो गई। इसी बीच लकड़ी माफियाओं को किसी माध्यम से सूचना मिल गई कि रेंजर आ रही है। लकड़ी माफियाओं ने आनन फानन में कटी हुई लकड़ियों को पास के एक आरा मशीन पर पहुंचा कर उसकी चिराई शुरू कर दी। इधर रेंजर बागीचे में पहुंचीं तो बागीचे से लकड़ियां गायब थीं और कटे पेड़ों के जड़ों को मिट्टी डालकर ढक दिया गया था और उपर से पुआल बिछा दिया गया था ताकि पता न चल सके। रेंजर ने पुआल और मिट्टी हटाकर जड़ों को देखा और उसकी नाप भी ली। फिर अपने मातहतों को बुलाकर पास के आरा मशीन पर जा पहुंचीं। जहां जामुन की ताज़ा कटे बोटे की शकरुल्लह नाम का व्यक्ति चिराई करा रहा था। रेंजर ने जब कड़ाई से उससे पूछा तो शकरुल्लह अंसारी ने कबूल कर लिया कि बिना परमिट जामुन का छः पेड़ मैं ही कटवा कर आरा मशीन पर लाया हूं।

उसने रेंजर से बहुत ही मान-मनौव्वल की, लेकिन रेंजर मैडम ने कहा कि यह अपराध है। आप परमिट बनवा कर वैधानिक ढंग से काम करें। यह लकड़ी सीज की जा रही है। इसका जुर्माना भरना होगा।

# लापरवाही पर एसडीएम ने लेखपाल व राजस्व निरीक्षक को जारी किया नोटिस

*अवधनामा संवाददाता*



**तमकुहीराज, कुशीनगर।** तमकुहीराज तहसील में राजस्व कर्मियों की लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए तहसील प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। एसडीएम तमकुहीराज आकांक्षा मिश्रा के निर्देश पर तहसीलदार महेश कुमार ने राजस्व निरीक्षक हरि नारायण एवं लेखपाल रामचन्द्र को नोटिस जारी किया है। मामला अधिकारियों के निर्देशों के बावजूद समय से रिपोर्ट प्रेषित न किए जाने से संबंधित बताया जाता है।

तहसील स्तर पर लंबित मामलों की समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि संबंधित राजस्व कर्मियों द्वारा समयबद्ध रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की जा रही थी, जिससे प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहा था और फरियादियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस पर एसडीएम आकांक्षा मिश्रा ने तहसील सभागार में आयोजित बैठक के दौरान नाराजगी जताते हुए स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।एसडीएम ने सभी राजस्व कर्मियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने दायित्वों का समय से निर्वहन सुनिश्चित करें तथा उच्चाधिकारियों द्वारा मांगी गई रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा के भीतर उपलब्ध कराएं। साथ ही फरियादियों की शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता पर करने के निर्देश दिए गए। तहसीलदार महेश कुमार ने बताया कि जारी नोटिस में संबंधित कर्मियों से निर्धारित समय के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। यदि जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया तो उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। तहसील प्रशासन की इस कार्रवाई से अन्य राजस्व कर्मियों को भी स्पष्ट संदेश मिला है कि लापरवाही और लेटलतीफी अब स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य तहसील स्तर पर पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्ध कार्यप्रणाली को मजबूत करना है, ताकि आम जनता को शीघ्र राहत मिल सके।

## बालिकाओं को दिलायी बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ

**सहारनपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में संचालित बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम में बालिकाओं को बाल विवाह मुक्त भारत के बारे में जागरूक कर शपथ दिलाया गयी।

स्थानीय गिल कॉलोनी स्थित भारतीय जूनियर हाई स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को बताया गया कि यदि आपके आसपास कोई भी 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह होता है व 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह होता है तो वह बाल विवाह की श्रेणी में आता है यदि ऐसा आपके आसपास हो रहा है तो तुरंत 1098 पर सूचित करें साथ ही बालिकाओं को सरकारी योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), स्पॉन्सरशिप योजना, महिला हेल्पलाइन नंबर, वन स्टॉप सेंटर आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

## जेई पर भ्रष्टाचार का आरोप, भाजपा जिलाध्यक्ष का शिकायती पत्र वॉयरल

**कुशीनगर। (अवधनामा ब्यूरो)** लोक निर्माण विभाग में तैनात अवर अभियंता अभिजीत कुमार सिंह के खिलाफ भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए गैर जनपद स्थानांतरण की मांग किया है। हालांकि शिकायती पिछले 9 जून 2025 की है, लेकिन शोशल मीडिया पर यह शिकायती पत्र तेजी से वॉयरल हो रहा है। हालांकि वॉयरल पत्र की पुष्टि अवधनामा नहीं करता है। प्रमुख अभियंता विकाश एवं विभागाध्यक्ष लोक निर्माण विभाग उप्र लखनऊ के नाम भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय के पैड से 9 जून 2025 का एक शिकायती पत्र शोशल मीडिया पर खूब वॉयरल हो रहा है। इस पत्र में अवर अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग कुशीनगर अभिजीत कुमार सिंह के खिलाफ आरोप लगाया गया कि ये 10 वर्षों से जिले में जमे हुए है। इनकी तमाम शिकायत जन प्रतिनिधियों व अन्य लोगों द्वारा किया गया है। इनके द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं के विरुद्ध कार्य कर रहे है। इस लिए इन्हें आवश्यक कार्रवाई करते हुए गैर जनपद स्थानांतरण किया जाए। शिकायती पत्र पिछले कई दिनों से सोशल मीडिया पर वॉयरल हो रहा है। बता दें कि अवर अभियंता अभिजीत कुमार सिंह को नगर पालिका परिषद कुशीनगर व नगर पंचायत मथौली का भी अतिरिक्त कार्यभार भी दिया गया है। इस संबंध के अवर अभियंता से बात करने की कोशिश की गई तो उनका फोन नहीं उठा। जबकि भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय से वॉयरल शिकायती पत्र के संबंध में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उक्त पत्रक मेरे ध्यान में नहीं आ रहा है, शायद कोई लिखवाएं होंगे।

## परिनिर्वाण दिवस पर संत गाडगे को दी गई श्रद्धांजलि

**बोदरवार, कुशीनगर। (अवधनामा संवाददाता)** तहसील क्षेत्र कप्तानगंज के मुजडिहा चौराहा स्थित सिद्धार्थ जूनियर हाई स्कूल में एक सादा समारोह आयोजित कर संत गाडसे के 69वें परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य अतिथि मोनू कन्नौजिया ने संत गाडसे के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। शनिवार को आयोजित समारोह में श्रद्धांजली सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि कनौजिया ने कहा संत गाडसे बाबा ने जीवन पर्यन्त बेकारो के लिए रोजगार, बेघरों के लिए घर, भूखों के लिए भोजन, नंगे के लिए बस्त्र, प्यासे के लिए पानी, गरीब लड़के लड़कियों के शिक्षा, अन्धे, लगड़े रोगियों की दवा, गरीब युवक-युवतियों की शादी, दुखी व निःशक्तों को हिम्मत, पशु-पक्षी, मूक बधिर को अभय, अज्ञानियों को ज्ञान देने के दिशा में निरन्तर कार्य करते रहें।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में मात्र 11 मामलों का निस्तारण, 94 लंबित



*अवधनामा संवाददाता*

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की उपस्थिति में शनिवार को खड्डा तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों की गहन समीक्षा करते हुए यथासंभव मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष मामलों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 94 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष 83 मामलों को संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा में निस्तारित करने हेतु सौंपा गया। विभागवार विवरण में राजस्व विभाग से प्राप्त 38 शिकायतों में से 6 का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं पुलिस विभाग से 16, पुलिस व राजस्व के संयुक्त 7 तथा विकास विभाग से 9 शिकायतों में तत्काल निस्तारण संभव नहीं हो सका। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों से प्राप्त 24 शिकायतों में से 5 का निस्तारण मौके पर किया गया, शेष मामलों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा शीतलहर से प्रभावित गरीब एवं असहाय व्यक्तियों के बीच कंबल वितरण कर राहत प्रदान की गई। बढ़ती ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि अलाव जलाने एवं रैन बसेरों की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें, जिससे जरूरतमंदों को राहत मिल सके। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने नगर क्षेत्र सहित समस्त ग्राम सभाओं की सरकारी भूमि की वर्तमान स्थिति का विस्तृत विवरण शीघ्र तैयार करने तथा किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## कबड्डी में सीनियर बॉयज ब्लू, खोखो में ब्लू हाउस व सीनियर गर्ल्स येलो रहे ओवर ऑल चैंपियन



*अवधनामा संवाददाता*

चित्र परिचय = 6 खिलाड़ियों को मेडल देकर पुरस्कृत करते प्रबंधक

द क्रिसेंट स्कूल में चल रहे छह दिवसीय कार्निवाल खेल प्रतियोगिता संपन्न

अवधनामा संवाददाता

कप्तानगंज, कुशीनगर। द क्रीसेंट स्कूल कप्तानगंज में चल रहे छह दिवसीय इंटर हाउस स्पोर्ट कार्निवाल खेल विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत करने के बाद संपन्न हो गया। कबड्डी में सीनियर बॉयज ब्लू, खोखो में ब्लू हाउस व सीनियर गर्ल्स येलो ओवर ऑल चैंपियन रहे।

समापन के मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी विनोद गुप्ता द्वारा मशाल जलाकर एवं खेल को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। कबड्डी सीनियर बॉयज में ब्लू हाउस 36-31 से विजेता रहा और उप-विजेता ग्रीन हाउस रहा, जिसमे सबसे अच्छा प्रदर्शन समीम ने किया। सीनियर बॉयज खोखो का फाइनल मैच ब्लू हाउस और ग्रीन हाउस के बीच खेला गया जिसमे ब्लू हाउस 13-12 से विजय हुआ, जिसमे सबसे अच्छा प्रदर्शन प्रियांशु त्रिपाठी और सूर्या ने किया। खो-खो सीनियर गर्ल्स में येलो हाउस 13-12 से विजेता रहा और उप-विजेता रेड हाउस रहा। जिसमे सबसे अच्छा प्रदर्शन अर्पिता और आकृति ने

## विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने प्रस्तुत किया विभिन्न मॉडल



**कप्तानगंज, कुशीनगर। (अवधनामा संवाददाता)** नगर स्थित स्वामी विवेकानन्द सरस्वती शिशु मंदिर एवं विद्या मंदिर में प्रधानाचार्य दिनेश यादव की देखरेख में अर्द्ध वार्षिक परीक्षा संचालित हुई। पर्यावरण संरक्षण का आधुनिक उपकरण बच्चों ने विज्ञान शिक्षिका, अश्वनी साहनी, कंचन पाण्डेय, व सुमन शर्मा के मार्ग निर्देशन में तैयार किया है।

शनिवार को गृह विज्ञान व प्रोजेक्ट परीक्षा में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता बैजनाथ गुप्त मौजूद रहें। श्री गुप्त ने पर्यावरण संरक्षण के लिए बच्चों द्वारा बनाए गए इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रानिक संयन्त्रों का बारीकी से निरीक्षण किया। श्री गुप्त ने कहा आज के बाल वैज्ञानिक कल के भविष्य है।

इतनी कम उम्र में बच्चों द्वारा बनाया गया हर उपकरण आज के दौर में उपयोगी व आश्चर्य जनक है। अभिभावक इस दिशा में शोध कार्य में लगें बच्चों को आवश्यतानुसार सहयोग प्रदान करें। इस दौरान रमण गुप्त, वीरेन्द कुमार चौबे, योगेन्द नाथ, आशुतोष कुमार, कंचन पाण्डेय, दीपा, सुमन शर्मा, श्रीमती मनोरमा देवी, शोभा यादव आदि शिक्षकों सहित बबलू गुप्ता, प्रदीप खेतान, दिनेश यादव एडवोकेट, रमेश मोदनवाल, प्रदीप केजरीवाल, अमित यादव, सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित रहे है।

## अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने किया संगठन विस्तार, अरुण गुप्ता बने मीडिया प्रभारी

**अमेठी।** अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने संगठन विस्तार करते हुए अरुण कुमार गुप्ता को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है।

यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी विजय नारायण भट्ट द्वारा की गई।

नियुक्ति के अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने अरुण कुमार गुप्ता को नई जिम्मेदारी सौंपते हुए अपेक्षा जताई कि वे संगठन की नीतियों, कार्यक्रमों और गतिविधियों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाएंगे। इस घोषणा के बाद संगठन के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

पत्रकार अरुण कुमार गुप्ता ने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सक्रियता के साथ सौंपे गए दायित्व का निर्वहन करेंगे। उन्होंने संगठन की विचारधारा को मजबूती से आगे बढ़ाने और मीडिया के माध्यम से संगठन की आवाज को व्यापक स्तर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति -5 अभियान स्वालम्बन कैम्पों में भराए गए 130 आवेदन




**अमेठी।** मिशन शक्ति -5अभियान के अन्तर्गत महिला कल्याण विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रमों और स्वालम्बन कैम्पों का आयोजन जारी है। कैम्पों में जिले की चार तहसीलों में बालिका और महिला कल्याण की विभिन्न योजनाओं से संबंधित 130आवेदन भरवाए गए हैं।

सशक्त नारी-समृद्ध प्रदेश की थीम पर आयोजित स्वालम्बन कैम्पों का संयोजन उपजिलाधिकारी और प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव कर रहे हैं। इन कैम्पों में बालिकाओं और महिलाओं को कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना,स्पान्शर शिप योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि योजनाओं के लिए बालिकाओं और महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न एम्बुलेंस सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी जा रही है।

### नव्य विज्ञान महोत्सव के अंतर्गत किया विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

## प्रदर्शनी में विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों को देख आगन्तुकों ने सराहा

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** विज्ञान भारती के तत्वावधान में नव्य विज्ञान महोत्सव के अंतर्गत विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में प्राचीन एवं आधुनिक वैज्ञानिकों तथा उनकी खोजो का प्रभावशाली प्रस्तुतिकरण करने के साथ-साथ विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। आईआईटी रुड़की सहारनपुर कैंपस में जिलाधिकारी मनीष बंसल ने विज्ञान विरासत एवं संस्कृति विरासत का उद्घाटन किया। जेठी शिक्षा का उद्घाटन सहस्त्रांशु कुमार सुमन एवं संयुक्त निदेशक उद्योग श्रीमती अंजू रानी ने किया। वहीं सहारनपुर विरासत का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. अरुण कुमार सैक्सेना, पर्यावरण मंत्री उत्तर प्रदेश तथा सुबोध उनियाल, वन एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री उत्तराखंड द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों, महाविद्यालयों,



विश्वविद्यालयों एवं अन्य राज्यों से आए तकनीकी संस्थानों द्वारा विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। विज्ञान विरासत खंड में प्राचीन एवं आधुनिक वैज्ञानिकों तथा उनकी खोजों का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण रहा। सहारनपुर विरासत में राजीव उपाध्याय द्वारा दशकों की मेहनत से तैयार सहारनपुर के पौराणिक इतिहास को दर्शाया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। सभागार में आयोजित विज्ञान से विकास, आत्मनिर्भर भारत की ओर कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. अरुण कुमार सैक्सेना एवं अति विशिष्ट अतिथि सुबोध उनियाल सहित कुलपति प्रो. विमला बाई, डीन डॉ. मिली पंत, क्षेत्र संगठन मंत्री डॉ. अजय सिंह (महापौर) एवं विभाग प्रचारक आशुतोष द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्र प्रचार प्रमुख पदम सिंह ने राष्ट्र के समक्ष बढ़ती चुनौतियों के समाधान में विज्ञान की भूमिका पर प्रकाश डाला। सुबोध उनियाल ने युवाओं से उच्च शिक्षा प्राप्त कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। डॉ. अरुण कुमार सैक्सेना ने वैज्ञानिक अनुसंधान एवं विकास पर विशेष जोर दिया। क्षेत्र संगठन मंत्री आशुतोष जी ने विज्ञान भारती के परिचय एवं रचनात्मक कार्यों की जानकारी दी।

कुलपति प्रो. विमला बाई एवं डॉ. मिली पंत ने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक एवं रचनात्मक सोच विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में पधारे तकनीकी संस्थानों को सम्मानित किया गया। साथ ही डॉ. संजय पलसुले को उनके पलसुले प्रोसेस पेटेंट तथा अरुण कुमार को स्क्रैप मेटल आर्ट के लिए राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किए जाने पर विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधाकर अग्रवाल, चेयरमैन इंडियन हर्ब्स ने की।

# 7 हजार कम छात्रों पर 194 जंबो सेंटर, DIOS पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

**वित्तविहीन स्कूलों से मोटी वसूली कर तोड़े नियम, नकल माफिया को फायदा देने का चक्र रचने का दावा**

*अवधनामा संवाददाता*

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए 194 परीक्षा केंद्रों पर सवालों का सैलाब। पिछले साल 7 हजार कम छात्र होने के बावजूद इतिहास में पहली बार इतने जंबो सेंटर आवंटित करने और नियम तोड़कर 56 अतिरिक्त केंद्र बनाने के पीछे डीआईओएस श्रवण कुमार गुप्त की मंशा पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लग रहे हैं। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि वित्तविहीन स्कूलों से खुलेआम धन उगाही कर मानकहीन केंद्र बनाए गए, जिससे नकल माफियाओं का दबदबा कायम रहे और परीक्षा के नाम पर वसूली हो सके।

**छात्र संख्या घटी, सेंटर बढ़े, नियमों की उड़ी धज्जियां**

वर्ष 2024-25 में 152 केंद्रों पर परीक्षाएं संपन्न हुईं, जबकि इस बार 7 हजार कम छात्रों के बावजूद 194 सेंटर बनाए गए। गणना से 138 केंद्र ही काफी होने चाहिए थे, लेकिन मोटी रकम वसूलकर वित्तविहीन स्कूलों को प्राथमिकता दी गई। सूत्र बताते हैं कि कई केंद्रों में 220-280 छात्रों पर सेंटर बने, जबकि बोर्ड गाइडलाइन के मुताबिक राजकीय, फिर एडेड और अंत में मानक वित्तविहीन स्कूलों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

**UP बोर्ड के 143 केंद्रों पर DIOS ने 56 अतिरिक्त थोपे**

यूपी बोर्ड ने जिले में 143 केंद्र चयनित किए थे, जिनकी सूची 4 दिसंबर तक आपत्ति के लिए चस्पाई गई। DIOS को केवल 5-10 केंद्र बदलने का अधिकार था, लेकिन श्रवण कुमार गुप्त ने सभी गाइडलाइन ताक पर रखकर 56 अतिरिक्त केंद्र आवंटित कर रिकॉर्ड तोड़ दिया। जानकारों का कहना है कि ये केंद्र CCTV, बाउंड्री वॉल, बिजली-पानी, शौचालय, स्ट्रॉन्ग रूम जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं।

**नकल-विरोधी मंशा पर पानी, जांच की मांग**

विश्वस्त सूत्रों का दावा है कि इन 56 केंद्रों की बारीकी से जांच हो तो शासन निर्देशों का घोर उल्लंघन सामने आएगा। परीक्षा की शुचिता, पारदर्शिता और नकल-मुक्तता पर सवाल खड़े हो गए हैं। अभिभावक व शिक्षाविदों में आक्रोश है, डीआईओएस कार्यालय पर विरोध दर्ज हो रहा है। जिला प्रशासन व उच्च शिक्षा विभाग से तत्काल जांच की मांग तेज हो गई है।

# मुठभेड़ में पुलिस ने घायलावस्था में दबोचा हिस्ट्रीशीटर बदमाश

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना कोतवाली देहात पुलिस ने मुठभेड़ में चोरी व हत्या के प्रयास के मुकदमों में वांछित 25,000 रुपये के ईनामी हिस्ट्रीशीटर व शातिर चोर को घायलवस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से मंदिर से चोरी किया एक घंटा व 5,000 रुपये की नगदी, अवैध अस्लाह व एक बाईक बरामद कर ली तथा बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया। थाना कोतवाली देहात प्रभारी सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात्रि उनके व उपनिरीक्षक भीम प्रकाश व सुबोध शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा बालपुर तिराहा के पास चैकिंग की जा रही थी। तभी बीजोपुरा की ओर से बाईक पर सवार दो व्यक्ति आते दिखायी दिये। टार्च की रोशनी दिखाकर रुकने का ईशारा करने पर बाईक सवार संदिग्ध पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करते हुए चिलकाना रोड की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर उनकी बाईक फिसल कर गिर गयी। पुलिस टीम को अपने नजदीक आता देख बदमाशों ने पुनः पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगने से घायलवस्था में गिरफ्तार किया गया। जबकि उसका एक अन्य बदमाश अंधेरे व जंगल का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गये। फरार बदमाश की तलाश हेतु लगातार कॉम्बिंग की जा रही है। घायल बदमाश की पहचान सलीम उर्फ सगीर पुत्र शकूर निवासी ग्राम पठलोकर थाना बेहट के रूप में हुई। पुलिस ने दबोचे गये बदमाश के कब्जे से 01 तमंचा .315 बोर, 03 जिन्दा/02 खोखा कारतूस .315 बोर, 01 बिना नम्बर प्लेट की बाईक मंदिर से चोरी किया 01 घंटा व 5000 रुपये की नगदी बरामद कर ली तथा घायल बदमाश को प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# कुबेरस्थान की धमाकेदार जीत, फाइनल में बनाई जगह

## हर्षित यादव की तूफानी सेंचुरी, हेतिमपुर को 5 विकेट से हराया

*अवधनामा संवाददाता*

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** टीआरएल कप एवं शाही रथ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल में सीपी हॉस्पिटल कुबेरस्थान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एचसीसी हेतिमपुर को 5 विकेट से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। यह रोमांचक मुकाबला शनिवार को तमकुहीराज क्षेत्र के दाहूगंज पांडेय मुन्नीपट्टी स्थित मिनी स्टेडियम के खेल मैदान पर खेला गया, जहां दर्शकों की भारी भीड़ मौजूद रही।

टॉस जीतकर कुबेरस्थान की टीम ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी हेतिमपुर की टीम 15 ओवर में 8 विकेट खोकर 224 रन ही बना सकी। हेतिमपुर की ओर से रंजीत यादव ने 13 गेंदों पर 40 रन और गोलू ने 15 गेंदों में 34 रन की विस्फोटक पारी खेली। कुबेरस्थान की तरफ से हर्षित यादव ने किफायती और प्रभावी गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में मात्र 39 रन देकर 4 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। 225 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कुबेरस्थान की टीम ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 13.5 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की जीत के नायक हर्षित यादव रहे, जिन्होंने 41 गेंदों पर नाबाद 129 रन की तूफानी पारी खेली। उनकी इस शानदार पारी में 15 छक्के और 7 चौके शामिल रहे। बिट्टू तिवारी ने 34 रन बनाकर उनका भरपूर साथ दिया। हेतिमपुर की ओर से गेंदबाजी में मुलायम ने 3 ओवर में 35 रन देकर 1 विकेट हासिल किया। गेंद और बल्ले दोनों से शानदार प्रदर्शन के लिए हर्षित यादव को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले का उद्घाटन मुख्य अतिथि लोकप्रिय विधायक असीम कुमार एवं केन यूनियन चेयरमैन धीरेन्द्र राय (राजू बाबू) ने फीता काटकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मैच के दौरान कमेंट्री की जिम्मेदारी दिनेश चौहान, सच्चिदानंद यादव एवं दुर्गेश पाल ने निभाई, जबकि निर्णायक की भूमिका भीम कुशवाहा और इंशाद अंसारी ने अदा की। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 22 दिसंबर को रिशु इलेवन महराजगंज और कुबेरस्थान के बीच खेला जाएगा।इस अवसर पर रजनीश राय, अनूप राय, मृत्युंजय ठाकुर, अशोक द्विवेदी, सुरेंद्र द्विवेदी, कृष्ण कुमार गुड्डू, शैलेन्द्र, जहांगीर अंसारी, रंजन कुशवाहा, अनुज यादव, बिट्टू शर्मा, करन यादव एवं खुरशेद का सहयोग सराहनीय रहा। मैच के दौरान बड़ी संख्या में दर्शकों की मौजूदगी से मैदान का माहौल पूरी तरह उत्साहपूर्ण और जोश से भरा रहा।

# संत गाडगे सेवा आश्रम पर मनाई गई संत गाडगे बाबा की पुण्यतिथि

**अवधनामा संवाददाता**



**रोजा शाहजहांपुर।** जनपद में राष्ट्र संत गाडगे बाबा महाराज की 149 वीं पुण्यतिथि पर थाना रोजा क्षेत्र के पट्टी बहादुरपुर स्थित संत गाडगे सेवा आश्रम पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर संत गाडगे अनुयायियों ने संत गाडगे की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए कार्यक्रम की शुरुआत संत गाडगे सेवा आश्रम के संस्थापक अध्यक्ष विशनू कनौजिया ने दीप प्रज्वलित कर की और संत गाडगे महाराज के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की उन्होंने कहा संत गाडगे महाराज एक ऐसे संत थे जिन्होंने जिस समय देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा था उस समय शिक्षा ,स्वच्छता, और समाज में फैली कुरीतियों को लेकर जन जागरण चलाया था जिनका 20 दिसंबर 1956 को निधन (परिनिर्वाण) हो गया इस दौरान संस्था के कोषाध्यक्ष कमलेश भारती ने कहा डॉ भीमराव अंबेडकर साहब संत गाडगे को अपना गुरु मानते थे यही कारण था डॉक्टर भीमराव अंबेडकर साहब के 6 दिसंबर 1956 को निधन होने के बाद संत गाडगे ने अन्न जल त्याग दिया था और 20 दिसंबर को उनका भी निधन हो गया पुष्पांजलि कार्यक्रम के दौरान आश्रम के संस्थापक अध्यक्ष विशनू कनौजिया, कार्यकारिणी सदस्य रामरतन कनौजिया, कमलेश भारती, राजाराम कनौजिया, सूरज सहाय जाटव, कृपाल कनौजिया, मुन्नू कनौजिया, आश्रम के महंत बाबा कल्याण दास, सोनपाल कनौजिया मोनू गौतम आदि संत गाडगे अनुयायी मौजूद रहे।

# मरघट जाने का रास्ता नहीं बनने दे रहे दबंग

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** ब्लाक मदनापुर ग्राम पंचायत दौलतपुर प्रधान राम सुती द्वारा एक प्रार्थना पत्र उप जिला अधिकारी जलालाबाद को दिया गया प्रार्थना पत्र में बताया गया ग्राम पंचायत जिरहु विकासखंड मदनपुर तहसील जलालाबाद के गांव बुधवाना में मदनपुर परौर मार्ग से शमशान घाट को जाने वाला रास्ता काफी खराब है जिसकी कार्य योजना मनरेगा के तहत ग्राम प्रधान द्वारा स्वीकृत है जिसे गांव के ही कुछ दबंग प्रभावशील व्यक्तियों के कब्जे में होने के कारण रास्ते का मरम्मत नहीं होने दे रहे हैं जिस करण गांव वालों एवं क्षेत्र के लोग को श्मशान घाट तक जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है श्मशान घाट पर जाने वाले मुर्दों को दफनाने के लिए 500 मीटर की दूरी पर ही रास्ता खराब होने के कारण वाहनों को खड़ा करना पड़ता है और मुर्दा दफनाने की सामग्री ईंधन आदि का वहां से पैदल ही ढोना पड़ता है ऐसी स्थिति में आम जनमानस को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है तथा ग्राम के प्रधान के द्वारा प्रार्थना पत्र के माध्यम से उच्च अधिकारियों को बताया रास्ते को राजस्व टीम के साथ पुलिस प्रशासन को भेज कर कार्य को कराए जाने की अति शीघ्र प्रधान से लेकर ग्रामीणों ने मांग की है। ज्ञापन देने वाले प्रधान राम सुती रामपाल सुनील कुमार अवधेश प्रवेश कुमार शालू पाठक जिला अध्यक्ष करनी सेना शाहजहांपुर सामिल रहें।

# आपसी विवाद में पत्नी ने पति पर किया धारदार हथियार से हमला, हालत नाजुक

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** हलियापुर थानाक्षेत्र में पति-पत्नी के विवाद में पति गंभीर रूप से घायल हो गए। शुक्रवार रात पत्नी ने धारदार हथियार से पति पर हमला कर दिया, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया है। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। यह घटना शुक्रवार रात पूरे लाला मजरे डोभियारा गांव में हुई। गया प्रसाद (पुत्र संतराम चौहान) और उनकी पत्नी मीरा (पुत्री चैतराम) के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि जब गया प्रसाद खाना खाकर सो रहे थे, तभी मीरा ने उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले के बाद, मीरा अपने पति को गंभीर रूप से घायल छोड़कर घर के बाहर से दरवाजा बंद कर भाग गई। बगल के कमरे में सो रहे उनके दो बच्चे, कविता (15 वर्ष) और बबीता (10 वर्ष), शोर सुनकर जागे और मदद के लिए चिल्लाने लगे। बच्चों का शोर सुनकर आस-पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे। पड़ोसियों ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी। डायल 112 की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल गया प्रसाद को सौ शैय्या पिठला कुमारगंज, अयोध्या भिजवाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें ट्रामा सेंटर दर्शन नगर, अयोध्या रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर से भी गया प्रसाद की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घायल के भाई रामकुमार ने बताया कि जब परिजनों ने पत्नी मीरा को पकड़ने की कोशिश की, तो वह भागते समय गिरकर चोटिल हो गई। उनका इलाज सौ शैय्या पिठला कुमारगंज में किया गया और बाद में उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। इसके बाद उनके मायके वाले उन्हें अयोध्या के कुचेरा बाजार के पास हल्ले गांव ले गए हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी वंदना अग्रहरि ने बताया कि पति-पत्नी के विवाद में मारपीट हुई है।

## प्रतिबंधित दवाओं का बड़ा जखीरा बरामद, संचालक पर एफआईआर

**सुल्तानपुर।** जिले में नशीली और प्रतिबंधित दवाओं के अवैध कारोबार के खिलाफड्रग विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। हलियापुर क्षेत्र में स्थित एक मेडिकल स्टोर पर छापेमारी कर टीम ने प्रतिबंधित कैप्सूल की भारी खेप बरामद की है। मामले में औषधि निरीक्षक राजू प्रसाद की तहरीर पर स्टोर संचालक के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। छापेमारी के दौरान तिरहुत मोड़ स्थित हनुमंत मेडिकल से प्रॉक्सीवान स्पास कैप्सूल के 23,220 पत्ते बरामद हुए। जांच के समय फर्म संचालक दवाओं की खरीद-बिक्री से जुड़े कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। विभाग की ओर से दो दिन का अवसर दिए जाने के बावजूद कागजात न दिखाने पर कार्रवाई की गई। हलियापुर थानाध्यक्ष वंदना अग्रहरी ने बताया कि औषधि निरीक्षक की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाओं की सप्लाई कहां की जानी थी। कार्रवाई के बाद इलाके में दवा कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

# पयागपुर में आयोजित विधायक खेल स्पर्धा का सुभाष त्रिपाठी ने किया उद्घाटन

**अवधनामा संवाददाता**

■ 200 सौ से अधिक खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग



**बहराइच।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय पयागपुर के मैदान पर युवा कल्याण और प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में विधानसभा स्तरीय विधायक खेल स्पर्धा सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी ने द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीपप्रज्वलन तथा खुले आसमान में रंग बिरंगे गुब्बारों को उड़ाकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एसडीएम अश्वनी पांडेय, तहसीलदार अंबिका चौधरी, विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर तिवारी, सीओ हर्षिता तिवारी, युवा कल्याण अधिकारी प्राची पंवार, बीईओ कमलेश कुमार मिश्रा व डाली मिश्रा सहित प्रांतीय विकास दल के अधिकारी, कर्मचारी, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

विधायक खेल स्पर्धा के अंतर्गत बालक बालिका की सब जूनियर व सीनियर वर्ग की खेल प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। एथलेटिक्स, कबड्डी, बैडमिंटन, भारतोलन, वॉलीबॉल, लंबी और ऊंची कूद में ब्लाक पयागपुर, विशेश्वरगंज व हुजूरपुर के 200 से अधिक युवाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। भीषण ठंड के बावजूद प्रतियोगिता में युवाओं का जोश देखते ही बनता था। उद्घाटन अवसर पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय पयागपुर की बालिकाओं के द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत तथा पीएम श्री स्कूल झाला तरहर के द्वारा पीटी व्यायाम प्रदर्शन और योगाभ्यास का प्रदर्शन कर उपस्थित दर्शकों का मनमोहित किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि सांसद खेल स्पर्धा की तर्ज पर युवा कल्याण और प्रादेशिक दल विभाग द्वारा विधानसभा स्तरीय विधायक खेल स्पर्धा आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण स्तर के खिलाड़ियों को ऐसा मंच प्रदान करना है जिससे वे आगे चलकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर अपने क्षेत्र और विधानसभा का नाम रोशन कर सके। श्री त्रिपाठी ने कहा कि खेलों से मन में परस्पर सहयोग और राष्ट्रीय भावना कभी विकास होता है। खेल के मैदान में हार जीत मायने नहीं रखती है। अच्छी खेल भावना के साथ प्रतिभाग करने वाला व्यक्ति की असली विजेता होता है। श्री त्रिपाठी ने प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम का संचालन गोपाल जी शुक्ला व अनुपम कुमार शुक्ला द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर किसान मोर्चा उपाध्यक्ष आनंद पांडेय, भारतीय जनता पार्टी के विजय शंकर दुबे, मंडल अध्यक्ष प्रमोद पांडेय, विष्णु दयाल चौहान व संतोष गौतम, मंडल महामंत्री अजय तिवारी, सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक प्रदीप व छोटू तिवारी, सदस्य जिला पंचायत जनक सिंह, लल्लन पाण्डेय, पवन कमांडो, कपीश कुमार सिंह, पंकज शुक्ला, आनंद शुक्ला, मुकेश शर्मा, ज्योति सरोज, सुनीता देवी, ओंकार नाथ पाण्डेय, मंगल शुक्ल, माधवराज शुक्ल, विमलेश तिवारी, राजू सिंह, प्रवीण त्रिपाठी, सन्तोष गुप्ता, सन्तोष तिवारी, मुन्ना शुक्ल, विकास वर्मा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सदर विधायक का जन्मदिन सेवा एवं उत्सव के रूप में मनाया



**बाँदा (अवधनामा संवाददाता)** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा बाँदा सदर से विधायक प्रकाश द्विवेदी का जन्मदिन पूरे उत्साह, श्रद्धा और सेवा भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों पर केक काटकर जन्मदिन मनाया गया, वहीं अनेक धार्मिक स्थलों पर प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन भी किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने माननीय विधायक की दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए इसे जनसेवा और सामाजिक सहभागिता के उत्सव के रूप में मनाया। कार्यक्रमों का आयोजन मुख्य रूप से रजत सेठ एवं अंकित बासू के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रकाश द्विवेदी के नेतृत्व में बाँदा जनपद निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। उनका सरल स्वभाव, जनसेवा के प्रति समर्पण और कर्मठ कार्यशैली कार्यकर्ताओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रही है। पूरे शहर में विभिन्न स्थानों पर हुए आयोजनों में आम जनमानस की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली, जिससे यह जन्मदिन उत्सव केवल राजनीतिक नहीं बल्कि सामाजिक समरसता और सेवा भावना का प्रतीक बन गया।

## श्रमिकों को वितरित किये गये हितलाभ धनराशि के स्वीकृति पत्र

**बहराइच।** तहसील सदर बहराइच में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील परिसर में श्रम विभाग बहराइच द्वारा निर्माण श्रमिकों के पंजीयन तथा नवीनीकरण हेतु आयोजित किये गये शिविर के माध्यम से 71 श्रमिकों का पंजीयन नवीनीकरण तथा आधार सत्यापन किया गया। शिविर के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने कन्या विवाह सहायता योजना अन्तर्गत 03 श्रमिकों को रू. 1.65 लाख तथा मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना 02 श्रमिकों रू. 57 हज़ार हितलाभ धनराशि के स्वीकृति पत्रों का वितरण किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर श्रीमती पूजा चौधरी, सहायक श्रम आयुक्त सिद्धार्थ मोदियानी व श्रम प्रवर्तन अधिकारी सूरज तिवारी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# किसान पाठशाला कृषि विज्ञान केन्द्र आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** विकास खंड टूंडला के ग्राम मदावली के किसानों की किसान पाठशाला कृषि विज्ञान केंद्र हजरतपुर में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि लक्ष्मी नारायण ब्लॉक प्रमुख फिरोजाबाद, की अध्यक्षता में किसान पाठशाला आयोजित की गई जिसमें संतोष कुमार सविता संयुक्त कृषि निदेशक आगरा मंडल आगरा, सत्येंद्र प्रताप सिंह उप कृषि निदेशक फिरोजाबाद, शैलेन्द्र कुमार उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर, ओमकर सिंह प्रभारी कृषि विज्ञान केंद्र, डॉ नौशाद आलम वरिष्ठ वैज्ञानिक, दलवीर सिंह अवर अभियंता, रमन देव शर्मा वरिष्ठ तकनीकी सहायक, एवं संदीप कुमार बीटीएम, आदि कार्यक्रम में उपस्थित हुए, शैलेंद्र कुमार उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर द्वारा कृषकों को भूमि संरक्षण द्वारा कृषकों के हित में जो योजनाएं चलाई जा रही है उसके बारे में संक्षिप्त जानकारी दें एवं ओंकार सिंह प्रभारी कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा रवि फसलों के बारे में समसामयिक जानकारी कृषकों को दी कार्यक्रम के बीच में प्रगतिशील कृषक राजवीर सिंह ग्राम खेरिया जारखी एवं मोहित कुमार ग्राम नगला बीरी के कृषकों ने कृषकों को अपने द्वारा किए गए कृषि में नवाचारों के बारे में किसान पाठशाला में बताया। अप कृषि निदेशक द्वारा कृषकों को कृषि विभाग की योजनाएं कृषि यंत्रीकरण सोलर पंप एवं फसल बीमा योजना के बारे में विस्तृत रूप से बताया। कार्यक्रम में संयुक्त कृषि निदेशक आगरा मंडल आगरा द्वारा कृषकों को संतुलित उर्वरक प्रबंधन एवं फार्मर रजिस्ट्री करने के लिए कृषकों को कहा गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख फिरोजाबाद ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जाने वाली किसान पाठशाला के बारे में चर्चा की और कृषकों को कृषि विभाग द्वारा चलाई जाने वाली समस्त योजनाओं में बढ़-चढ़कर योगदान एवं लाभ लेने के लिए अपील की।

# बाल विवाह मुक्त भारत (100 दिवसीय व ऑपरेशन जागृति विशेष कार्यक्रम

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** 'बाल विवाह मुक्त' भारत अभियान व ऑपरेशन जागृति कार्यक्रम सुगरा बेगम इंटर कॉलेज फिरोजाबाद में किया गया। कार्यक्रम में डी एच ए सिटी रवि शंकर प्रसाद व जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफवीमेन की मिशन शक्ति की अधिकारी अनम अकाशा ने बताया कि किस तरह से विद्यार्थी सोशल मीडिया से प्रेम प्रसंग में पड़कर खुद को हिंसा का शिकार बनने दे रहे हैं एवं बालिकाओं को 'बाल विवाह मुक्त भारत के बारे में जागरूक किया गया। 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह व 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह होता है तो वह बाल विवाह की श्रेणी में आता है यदि ऐसा आपके आसपास हो रहा है तो आप सूचित करें। हब स्टाफकी मोहिनी शर्मा द्वारा वूमेन हेल्पलाइन नंबर बताए गए और साथ में बाल विवाह न होने देना की शपथ ग्रहण करवाई गए। हब स्टाफ से अरुण द्वारा बालिकाओं को सरकारी योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, महिला हेल्पलाइन नंबर, वन स्टॉप सेंटर आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एचपी सिटी द्वारा समस्त बच्चों को साइबर हिंसा से बचने के टिप्स प्रदान किए गए और समस्त महिला हेल्पलाइन नंबर्स की जानकारी दी गई इसके साथ कार्यक्रम के अंत में डी एच ए व स्टाफ मोहिनी शर्मा द्वारा समस्त को बाल विवाह मुक्त भारत पर शपथ कराई गई। कार्यक्रम में एसपी सिटी फिरोजाबाद का सिटी थाना अध्यक्ष थाना रसूलपुर एस आई अलका एवं संबंधित थाने के आरक्षी और जिला फिरोजाबाद एंपावरमेंट ऑफ वीमेन महिला कल्याण विभाग से मोहिनी शर्मा अरुण कुमार एवं सभी अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।

# 58 शिकायतों में से 12 का निस्तारण

**सम्पूर्ण समाधान दिवस**



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित एवं मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील शिकोहाबाद के सभागार कक्ष में किया गया, जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन विभागों से संबंधित प्रकरण आए हैं, उन सभी प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करें इसमें किसी प्रकार की कोई लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिकायतकर्ता को एक ही शिकायत के लिए बार-बार चक्कर न लगाना पड़े, उसकी शिकायत का एक ही बार में निस्तारण की जाए, यदि शिकायतों का निस्तारण में कोई अधिकारी लापरवाही करेगा तो, उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी, इस दौरान राजस्व, कानून व्यवस्था, पेंशन, पूर्ति विभाग, नगर पालिका, भूमि कब्जा आदि मामले आए, इस दौरान देवेंद्र कुमार जो नगला झील शोभापुर शिकोहाबाद के निवासी हैं, उन्होंने शिकायत की है कि गांव के लोगों को आने-जाने के मार्ग में कठिनाई होती है, इस हेतु चकरोड काफी दिनों से अधूरा पड़ा हुआ, इसकी पैमाइश कराकर चकरोड बनवाने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी शिकोहाबाद को निर्देशित किया की स्थलीय जांच कर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

इसी प्रकार सुदामापुरी निवासी विनोद कुमार ने शिकायत की की संयुक्त चिकित्सालय में महिला डॉक्टर की ड्यूटी निरंतर लगाये जाने के संबंध में बताया कि महिला डॉक्टर अपनी ड्यूटी पर नहीं रहती है और इसके अलावा इस चिकित्सालय में डिजिटल एक्सरे मशीन खराब पड़ी है, उसे चालू कराया जाए, जिस पर जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि नियमित रूप से आवश्यक कार्यवाई करना सुनिश्चित करें, इस दौरान जिलाधिकारी के समक्ष संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 58 शिकायती पत्र आए, जिसमें से 12 का मौके पर निस्तारण किया गया, इस अवसर पर उप जिलाधिकारी डॉ गजेंद्र पाल सिंह, परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडे सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी आज उपस्थित रहें। इसके बाद जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने शिकोहाबाद स्थित बस अड्डा पर बने महिला एवं पुरुष रैन बसेरे का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होने रैन बसेरे में विद्युत, पेयजल, रजाई-गददे, पलंग की उपलब्धता आदि व्यवस्थाओं को देखा, जो रैन बसेरे में पाई गई और बस अड्डे पर शीत लहर को देखते हुए लकड़ी के अलाव एवं गैस के हीटर चलते हुए नजर आए, इस जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने गरीब असहाय लोगों को कंबल भी वितरित किए।


## उत्तर प्रदेश सरकार

## निदेशालय पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ-226007

कंमाक : 1126/क0प्र0से0/ई-निविदा/औषधि/2025-26/II, दिनांक : 19.12.2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद्वारा इस ई-निविदा आमन्त्रण सूचना के माध्यम से पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा पशु औषधि/विटामिन्स/हार्मोन्स आदि (नीचे सारिणी मे में इंगित इंगित शेड्यूल शेड्यूल के अनुसार) की दर निर्धारण (वित्तीय वर्ष 2025-26 की अवधि के लिए) हेतु (1) मूल निर्माता लाइसेन्सधारक, (2), लोन लाइसेन्सी (3) थर्ड पार्टी मैन्युफैक्चरर्स (जो निविददाता हेतु उत्पादन कर रहे हैं), (4) रिपैकिंग लाइसेन्स एवं (5) इम्पोर्ट लाइसेन्सधारक जिसके पास कम से कम विंगत 05 वर्ष का निविदित औषधि बनाने का अनुभव हों, से ई-प्रोक्योरमेण्ट माध्यम से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता फर्म देश में किसी भी राज्य अथवा विभाग/राजकीय संस्था में विगत 02 वर्षों में ब्लैकलिस्ट अथवा प्रतिबन्धित नहीं हुए हों एवं कोटेड प्रोडक्ट्स गत 03 वर्षों में सक्षम प्राधिकारी द्वारा अधोमानक स्तर के घोषित नहीं हुए हों। यदि उत्तर प्रदेश प्रोक्योरमेंट मैनुअले 2016 के प्राविधान के अनुसार सेन्ट्रल ब्यूरो आफ इन्वेस्टिगेशन (सी.बी.आई.) अथवा अन्य सक्षम जॉच एजेन्सियों की अनुशंसा है तो सम्बन्धित फर्मो के प्रचलित दर अनुबंध को स्थगित करने अथवा निरस्त करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। निविदादाता के पास सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत वैध औषधि निर्माण लाइसेन्स, नॉन-कन्विक्शन प्रमाण-पत्र, प्रफार्मेस सर्टिफिकेट, मार्केट स्टैण्डिंग सर्टिफिकेट, जी0एम0पी0 एवं आई0एस0ओ0 प्रमाण पत्र होना चाहिए। साथ ही कोटेड प्रोडक्ट्स के कुल टर्न ओवर का कम से कम 50 प्रतिशत खुले बाजार में विक्रय किया जाता हो एवं निविदा प्रपत्र में दिए गए विवरण के अनुसार पात्रता की अन्य शर्तें पूर्ण करते हों। वॉछित आई0एस0आई0 मार्क आईटमों के निविददाता के पास वैध आई0एस0आई0/ बी0आई0एस0 प्रमाण-पत्र होना अनिवार्य है। वे निविदादाता जिनका गत 03 वर्षों में प्रत्येक वर्ष का वार्षिक टर्न ओवर रू0 05 करोड़ से कम न हो, ही निविदा में भाग लेने लिए पात्र होगें। उ0प्र0 राज्य की एम.एस.एम.ई./एस. एस.आई. इकाइयों को टर्नओवर की शर्त से छूट है तथा उ0प्र0 राज्य की एम.एस.एम.ई./एस.एस.आई. इकाइयों तथा भारत सरकार के उपक्रमों (सी0पी0एस0ई0) को राज्य की वर्तमान नीतियों के अन्तर्गत कय वरीयता प्रदान की जाएगी। यह भी सूचित किया जाता है कि ऐसे निविदादाता जो इस कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति सं0-3157/क0प्र0 से/कय नी0/ई-प्रो0/2016-17 दि0 15.03.2017 के क्रम में ई-टेण्डरिंग के लिए पंजीकृत (उ0प्र0 इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लि0, लखनऊ में पंजीयन प्रमाणन के अभिलेख्यीय साक्ष्य संलग्न करना अनिवार्य) होगें तथा जिनके Digital Signature उपलब्ध होगें, वे निविदादाता फर्मे ही पशुपालन विभाग, उ0प्र0 की ई-टेण्डरिंग प्रणाली में टेण्डर डाल सकेगें। निविदा सम्बन्धी विस्तृत नियम एवं शर्तें तथा अन्य विवरण, निविदा प्रपत्र प्रारूप सहित विभाग की वेबवाइट http://animalhusb.upsdc.gov.in पर एवं उ0प्र0 सरकार की टेण्डर वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निर्धारित अवधि में उपलब्ध होगा।

| मद का नाम | निविदा प्रतिभूति राशि रू. | निविदा प्रपत्र शुल्क रू. |
|---|---|---|
| निम्न शिड्यूल आफ रिक्वायरमेण्ट के अनुसार औषधि/विटामिन्स/हार्मोन्स आदि की दर निविदा (वित्तीय वर्ष 2025-26 की अवधि के लिए)-<br>**शिड्यूल आफ रिक्वायरमेण्ट**<br>1. ए-जनरल मेडिसिन<br>2. बी-एन्थेलमेटिक्स/एण्टीहीमोप्रोटोजोन्स/काक्सीडियोस्टेट्स/एकेरिसाइड्स/एक्एण्टो पैरा-सिटिक/मैगोटिसाइड्स ड्रग्स<br>3. सी-डिसइन्फेक्टेण्ट्स/लोकल एण्टीसेप्टिक्स/सैनिटाइजर्स<br>4. डी एण्टीबायोटिक्स/एण्टीफंगल एण्ड सल्फा ड्रग्स<br>5. ई-मेटाबोलिक रीस्टोरेटिव एण्ड मिनरल स्लीमेण्ट्स (ओरल लिक्विड/पाउडर/टेबलेट/बोलस/इन्जेक्शन/इन्फ्यूजन)<br>6. एफ-इण्ट्रामैमेरी इन्फ्यूजन/इण्ट्रायूट्राइन ड्रग्स फार यूट्राइन एक्टीविटीज अप्लीकेण्ट्स फार स्किन डिजीजेज (एण्टीबायोटिक्स, एण्टीसेप्टिक एण्ड एण्टी फंगल ड्रग्स)<br>7. जी-इन्फ्यूजन्स<br>8. एच हार्मोन्स एण्ड ईस्ट्स इन्ड्यूसर्स<br>9. आई-एनाल्जेसिक, एण्टीपायरेटिक, एण्टी इन्फ्लेमेटरी/एण्टीस्पास्मोडिक्स, एण्टी डायरियल, डायुरेटिक्स<br>10. जे-ट्रेंक्युलाजस, प्रीएनास्थेटिक्स, एनास्थेटिक्स, एण्टी इमिटिक्स एण्ड एण्टासिड्स,<br>11. के एण्टी एलर्जिक, एण्टीहिस्टामिनिक्स, कार्टिकोस्टेरॉयड्स व हीमोस्टेटिक्स | निविदा प्रपत्र के शिड्यूल आफ रिक्वायरमेण्ट के सेक्शन III(B) में उल्लिखित प्रोडक्ट्स हेतु रू0 1.00 लाख (एक लाख) की सीमा तक रू0 1500.00 एवं उसके बाद अतिरिक्त प्रत्येक 1.00 लाख और उसके अंश के लिए 1000.00 की प्रतिभूति /ई बिड सिक्योरिटी के रूप में जमा होगी | रू0 25,000.00+ जी0एस0टी0 |

निविदा प्रपत्र शुल्क (नान रीफण्डेबुल) राष्ट्रीयकृत/शिड्यूल्ड बैंक के डिमाण्ड ड्राफ्ट जो निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के नाम हो एवं बिड प्रतिभूति राशि (इ.एम.डी.) राष्ट्रीयकृत/शिड्यूल्ड बैंक के फिक्स्ड डिपाजिट रसीद (एफ डी.आर.) जो निदेशक, रोग नियन्त्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ के पक्ष में बन्धक हो, अनिवार्य रूप से पशुपालन निदेशालय में जमा किया जाना होगा। निविदा प्रपत्र शुल्क तथा सिक्योरिटी/अर्नेष्ट मनी की स्कैन कापी ई निविदा के साथ जमा की जाये तथा ई निविदा प्रपत्र शुल्क तथा अर्नेस्ट मनी की मूल प्रतियॉ ई-निविदा प्रपत्रों की हार्ड कापी के साथ निविदा की निर्धारित अन्तिम तिथि तक अथवा किसी भी दशा में अन्तिम तिथि के उपरान्त 05 कार्य दिवसो तक निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ के कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा कर दी जाये। ई-बिड उ0प्र0 सरकार की ई-टेण्डर वेबसाइट http://etender.up.nic.in से ही ऑनलाइन सबमिट की जाएगी।

ई-निविदा की नियत तिथि एवं समय-

1-आनलाइन निविदा प्रपत्र उपलब्ध होने की तिथि - दि0 24.12.2025 को सायं 05:30 बजे से
2-आनलाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की प्रारंभ तिथि - दि0 24.12.2025 को सायं 06:00 बजे से
3-प्री-बिड मीटिंग - दि0 30.12.2025 का अपरान्ह 03:00 बजे
4-आनलाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की अन्तिम तिथि - दि0 15.01.2026 को अपरान्ह 1:00 बजे तक
5-आनलाइन निविदा प्रपत्र तकनीकी बिड खोलने की तिथि - दि0 15.01.2026 को अपरान्ह 04:30 बजे

UPID-242845 Dated-19-12-2025

विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

निदेशक

रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग, उ.प्र., लखनऊ।



## उत्तर रेलवे

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
|---|---|
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-AY-MobStore-132-25-1 (Misc-Static-Services-Mobiles and accessories Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 25.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.12.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-AY-OH-607-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 25.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.12.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-LKO-OH-606-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 25.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.12.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-MLJ-OH-609-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 25.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.12.2025 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-NHH-OH-608-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 25.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.12.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-AY-OH-605-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 24.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.12.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-JNU-MobStore-148-25-1 (Misc-Static-Services-Mobiles and accessories Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 24.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.12.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-ON-MobStore-146-25-1 (Misc-Static-Services-Mobiles and accessories Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 24.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.12.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-MBDP-MobStore-147-25-1 (Misc-Static-Services-Mobiles and accessories Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 24.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.12.2025 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-AY-PSKsK-145-25-1 (Misc-Static-Services-Pooja Samagri Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 24.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.12.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-PRG-OH-537-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-PRG-OSD-539-24-1 (Advertising-On Station Premise (NON-Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-PYGS-OSN-492-24-3 (Advertising-On Station Premise (NON-Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2025 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-RBL-MFC-138-25-1 (Misc-Static-Services-Multi Functional Complex) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-AME-MFC-139-25-1 (Misc-Static-Services-Multi Functional Complex) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2025 समय 12:10 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3946/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आयुक्त ने दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

**समाधान दिवस**

**सरीला में किया निरीक्षण**

**अवधनामा संवाददाता**



**सरीला (हमीरपुर)।** आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल, बांदा अजीत कुमार ने पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र, बांदा राजेश एस.के. के साथ शनिवार को तहसील सरीला में आयोजित समाधान दिवस में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मामलों का निस्तारण समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। आयुक्त ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

समाधान दिवस के दौरान आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को ठंड के मद्देनजर आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने, बिजली आपूर्ति रोस्टर के अनुसार और किसानों की जरूरतों के अनुरूप निर्बाध बनाए रखने, खराब ट्रांसफार्मरों व लटकी विद्युत तारों को तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मंडल में खाद की पर्याप्त उपलब्धता है, इसलिए किसानों को समय से समुचित मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए।

इसके साथ ही गौशालाओं में गौवंश के लिए चारा, पेयजल व ठंड से बचाव की व्यवस्था, प्रत्येक ग्राम पंचायत में लाइब्रेरी का शीघ्र संचालन, शुद्ध पेयजल की नियमित आपूर्ति, विद्यालयों में समय से पढ़ाई शुरू कर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने तथा ड्रेस, जूता-मोजा व स्वेटर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने स्कूल वैन की सुरक्षा पर सख्ती बरतते हुए पुरानी या असुरक्षित वैन न चलाने, क्षमता से अधिक बच्चों को न बैठाने और तेज रफ्तार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने को कहा। साथ ही सभी सड़कों की मरम्मत और सड़क किनारे उगी कंटीली झाड़ियों की तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए।

समाधान दिवस के बाद आयुक्त ने गरीब, असहाय व वृद्ध महिलाओं को कंबल वितरित कर जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति प्रशासन की संवेदनशीलता दिखाई।

इसके पश्चात आयुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सरीला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में साफ-सफाई, पेयजल, दवाओं की उपलब्धता और सीसीटीवी व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर सुधार, मरीजों की सुविधा बढ़ाने, ठंड से बचाव के पर्याप्त इंतजाम करने तथा अनावश्यक रेफर न करने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, जरिया (तहसील सरीला) का भी निरीक्षण किया। उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर होने के बावजूद संबंधित कर्मचारी के मौके पर अनुपस्थित पाए जाने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, हमीरपुर को वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। साथ ही विद्यालय संचालन, अनुशासन, छात्राओं की शिक्षा व सुरक्षा को लेकर जिम्मेदारी से कार्य करने को कहा गया। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि सरकार आमजन के प्रति सजग, संवेदनशील और प्रतिबद्ध है। समाधान दिवस व निरीक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से जनहितकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर जनता को त्वरित राहत प्रदान करना ही प्रशासन का मूल उद्देश्य है।

## राजस्व वसूली में हमीरपुर प्रदेश में अव्वल, सीएम डैशबोर्ड में प्रथम स्थान

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड (सीएम डैशबोर्ड) द्वारा नवंबर 2025 माह के लिए जारी ताज़ा रैंकिंग में जनपद हमीरपुर ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जिलाधिकारी घनश्याम मीना के कुशल नेतृत्व, सटीक रणनीति और सतत निगरानी के चलते जनपद ने विविध देयों की राजस्व वसूली में पूरे उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश में अपना परचम लहराया है। उल्लेखनीय है कि बीते माह छठे स्थान पर रहा हमीरपुर इस बार लंबी छलांग लगाते हुए प्रदेश के सभी 75 जिलों को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष पायदान पर पहुंच गया। यह सफलता तहसील स्तर पर की गई नियमित समीक्षा बैठकों, लक्ष्य आधारित कार्ययोजना और राजस्व टीम को दिए गए कड़े व स्पष्ट निर्देशों का परिणाम मानी जा रही है। इस अवसर पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि छठे स्थान से सीधे प्रथम स्थान पर पहुंचना टीम वर्क, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य आने वाले समय में भी जनपद को विकास और राजस्व संग्रहण के प्रत्येक मानक पर प्रदेश में अग्रणी बनाए रखना है।

# जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में 59 शिकायतें प्राप्त

**डीएम ने वितरित किए सहायता प्रमाण पत्र**

**अवधनामा संवाददाता**




**राठ (हमीरपुर)।** शनिवार को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों से कुल 59 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर ही 6 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। प्राप्त शिकायतों में पुलिस विभाग से 5, विद्युत विभाग से 5, नगर पालिका राठ से 8, पूर्ति विभाग से 1, बैंक से 2, विकास विभाग से 5, मंडी से 1, कृषि विभाग से 1, शिक्षा विभाग से 1 तथा राजस्व विभाग से सर्वाधिक 30 शिकायतें शामिल रहीं।

समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी महोदय ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना के अंतर्गत मृतक महेशचंद्र पुत्र गणेशप्रसाद, निवासी ग्राम बरदा के परिजनों को सहायता प्रदान की। मृतक की पत्नी उमाभारती तथा पुत्र आकाश, लोकेश और पुत्री नीतू को कुल पांच लाख रुपये की धनराशि का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इसके अलावा ग्राम धनौरी निवासी नीरज पुत्र शिवकुमार और ग्राम चिल्ली निवासी सचिन पुत्र भूपेन्द्र को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि के प्रमाण पत्र सौंपे गए। वहीं वृद्धावस्था पेंशन के पात्र सरमन पत्नी लालदास, निवासी ग्राम बिहगांव को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

इसके साथ ही संजीवनी वृद्धाश्रम राठ में रह रहे वृद्धजनों मैयादीन पुत्र मोहना, राजाभाई पुत्र महेश्वरीदीन और शिवनाथ पुत्र अमना को कान की मशीनें वितरित की गईं। वहीं कुंवरलाल पुत्र भजनलाल, जगन्नाथ पुत्र हरदयाल, भूरा पुत्र जुगला, हरिश्चन्द्र पुत्र छक्कीलाल, सुरेन्द्र पुत्र रामनारायन, रामरतन पुत्र डिल्लीपत तथा धर्मदास पुत्र जयराम को छड़ियां प्रदान की गईं।

इसी क्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल राठ द्वारा उत्सव पैलेस राठ में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी महोदय ने 1500 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक प्राथमिकता के आधार पर पहुंचाया जाए।

## इटावा महोत्सव में शाम-ए-कव्वाली का भव्य आयोजन आज 21 दिसंबर को

**इटावा।** इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी 2025 के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज 21 दिसंबर 2025 को एक भव्य शाम-ए-कव्वाली का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष सांस्कृतिक संध्या में देश के प्रसिद्ध कव्वाल मुज़्तबा अज़ीज़ नज़ा (मुंबई) अपनी शानदार प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम रात्रि 07:00 बजे से प्रदर्शनी पंडाल, इटावा में आयोजित होगा। शाम-ए-कव्वाली के माध्यम से सूफी संगीत और भारतीय सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत संगम दर्शकों को सुनने को मिलेगा। इस अवसर पर जानकारी देते हुए सुदिति ग्लोबल एकेडमी के निदेशक मयंक यादव ने बताया कि इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि कला, संस्कृति और परंपरा को आगे बढ़ाने का एक सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज को सकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ युवा पीढ़ी को भारतीय संगीत विरासत से जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम का आयोजन इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी समिति द्वारा किया जा रहा है, जिसमें समिति के सभी कार्यकारिणी सदस्यों एवं जिला प्रशासन का सहयोग रहेगा।

## कोहरे के चलते घंटों लेट रहीं ट्रेनें, यात्री परेशान

**सुमेरपुर (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** लगातार पड़ रहे कोहरे के कारण ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। इंटरसिटी एक्सप्रेस, मेमू पैसेंजर और चित्रकूट एक्सप्रेस निर्धारित समय से देरी से पहुंचीं। स्टेशन मास्टर अमानुद्दीन ने बताया कि कोहरे के कारण ट्रेनों की गति प्रभावित हो रही है। यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन पर अलाव की व्यवस्था की गई है।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों का हुआ परीक्षण

**सुमेरपुर (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** आशारानी फिलिंग स्टेशन द्वारा बीपीसीएल के निर्देशन में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर सर्दी से बचाव की सलाह दी।

## पत्नी के मायके जाने से नाराज पति ने की आत्महत्या

**सुमेरपुर (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** पत्नी के मायके जाने से क्षुब्ध युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## रुपये दुगुना करने का झांसा देने वाला डॉक्टर गिरफ्तार

**सुमेरपुर (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** 36 दिन में पैसा दोगुना करने का लालच देने वाले कथित डॉक्टर को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पूछताछ के दौरान कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं।

## पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**सुमेरपुर (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** वर्णिता संस्था द्वारा महाराज छत्रसाल की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। वक्ताओं ने उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया।

## कोहरे से दलहनी-तिलहनी फसलें प्रभावित, किसान चिंतित

**सुमेरपुर (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** लगातार कोहरे से सरसों, चना, मटर व मसूर की फसलों पर कीट प्रकोप बढ़ रहा है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

## प्रेमिका के घर के बाहर युवक की मौत

**सुमेरपुर (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एएसपी ने किया रॉबर्ट्सगंज थाने का निरीक्षण



**सोनभद्र (अवधनामा ब्यूरो)** अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाने पर संधारित अभिलेखों, अभिरक्षा व्यवस्था, मालखाना, शस्त्रागार, सीसीटीएनएस, लंबित एवं प्रचलित विवेचनाओं की प्रगति, भोजनालय कक्ष तथा थाना परिसर की साफ-सफाई आदि का गहनता से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण उपरांत थाना प्रभारी रॉबर्ट्सगंज सहित उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाए रखने, अभिलेखों के समुचित संधारण, विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण तथा जनता के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। अपर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मिशन शक्ति टीम को निर्देशित किया गया कि अभियान को और अधिक प्रभावी बनाए जाने हेतु महिलाओं की चौपाल, जनजागरूकता कार्यक्रमों एवं अन्य माध्यमों से महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी जाए। साथ ही मिशन शक्ति केन्द्र पर प्राप्त महिलाओं से संबंधित प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाए।

## 200 से अधिक पशुओं का नि:शुल्क टीकाकरण

**सोनभद्र/डाला।** इकाई प्रमुख संदीप हिवरेकर के दिशा निर्देशन , मानव संसाधन प्रमुख संजीव राजपूत के मार्गदर्शन में अल्ट्राटेक के सी एस आर विभाग के सतत आजीविका कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी डाला एवं आसपास के क्षेत्र में पशु टीकाकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शासकीय पशु चिकित्सा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया ,जिसके प्रथम चरण में ग्राम खटकर में पशु टीकाकरण, निशुल्क इलाज दवा वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें200 से अधिक गाय, बकरी ,भैंस का टीकाकरण एवं बीमार पशुओं को दवा दिया गया। कार्यक्रम में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनुभव सिंह एवं विकास चौधरी नेआसपास के पशुपालकों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जिसके साथ नियमित टीकाकरण ,समय से बीमा, स्वयं सहायता समूह के लिए योजना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# इटावा प्रदर्शनी पंडाल में यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन का द्वितीय अधिवेशन संपन्न

**पत्रकार समाज की वास्तविक समस्याओं को सामने लाकर जनहित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं : सरिता**

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** इटावा प्रदर्शिनी के विशाल पंडाल में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन इटावा का द्वितीय अधिवेशन भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित इस अधिवेशन ने जनपद में पत्रकार एकता और संगठनात्मक मजबूती के नए आयाम स्थापित किए। कार्यक्रम में इटावा सहित अन्य जनपदों से बड़ी संख्या में पत्रकार शामिल हुए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ पत्रकारिता है। पत्रकार समाज की वास्तविक समस्याओं को सामने लाकर जनहित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने निर्भीक, निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्रकारिता की सराहना करते हुए संगठन को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकार और पुलिस दोनों समाज की सेवा के लिए कार्य करते हैं। उन्होंने मीडिया और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था के साथ-साथ पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है। शिक्षाविद डॉ.विद्या कान्त तिवारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण है, जो सच्चाई को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि आज के समय में सकारात्मक और तथ्यपरक पत्रकारिता समाज को सही दिशा देने में सहायक सिद्ध होती है। प्रदेश अध्यक्ष टी.बी.सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन पत्रकारों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। संगठन भविष्य में भी पत्रकार हितों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाता रहेगा और प्रदेश भर में संगठन को और सशक्त किया जाएगा। वरिष्ठ पत्रकार राजेश कुमार मिश्रा ने कहा कि आज आवश्यकता है कि पत्रकार एकजुट होकर सच्ची और निर्भीक पत्रकारिता करें। वीरेंद्र सिंह ने कहा कि पत्रकारिता को केवल पेशा नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व मानकर कार्य करना चाहिए। वहीं आचार्य अजय त्रिवेदी ने कहा कि पत्रकारों की कलम समाज में परिवर्तन लाने की सबसे बड़ी ताकत है। शिक्षाविद अतिवीर सिंह यादव ने कहा कि पत्रकार समाज के बौद्धिक विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। इंजी शिखर चतुर्वेदी ने कहा कि पत्रकारों द्वारा सही सूचना का प्रसार लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। महामंत्री आनंद स्वरुप त्रिपाठी ने अधिवेशन की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन लगातार पत्रकार हितों के लिए कार्य करता रहेगा। कार्यकारी अध्यक्ष अतुल वी.एन.चतुर्वेदी ने सभी अतिथियों और पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त किया। एडवोकेट अश्विनी सिंह, हेम कुमार शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का बहुत ही शानदार संचालन चित्रा परिहार ने किया। कार्यक्रम में इटावा लाइव के संपादक आशीष कुमार वाजपेयी, प्रेस क्लब मैनपुरी के नवनिर्वाचित महामंत्री आफाक अली खान सहित इटावा और अन्य जनपदों के बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने इस द्वितीय अधिवेशन को पत्रकार एकता और संगठन की मजबूती की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया।

# इटावा हिन्दी सेवा निधि, तैंतीसवाँ सारस्वत समारोह

**वहाज अली निहाल**



**तीन दशक से इटावा जनपद हिन्दी भाषा एवं संस्कृति भाषा का स्थान है : मुख्य न्यायधीश सर्वोच्च न्यायालय**

**इटावा।** इटावा हिन्दी सेवा निधि, तैंतीसवाँ सारस्वत समारोह कार्यक्रम शनिवार को इस्लामिया इण्टर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में न्यायमूर्ति सूर्यकांत, मुख्य न्यायधीश सर्वोच्च न्यायालय भारत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां शारदा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा वंदे मातरम गीत एवं हिन्दी वंदना गीत प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम में सभी मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा तीन पुस्तकों का विमोचन किया गया।मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में बताया कि तीन दशक से इटावा जनपद हिन्दी भाषा एवं संस्कृति भाषा का स्थान है।उन्होंने कहा कि इस्लामियां इण्टर कॉलेज के पढ़े हुए छात्र प्रदेश में उच्च स्तर तक पहुंचकर अपना योगदान दिया।उन्होंने कहा कि इटावा को गंगदेव कि नगरी प्राचीन काल से जाना जाता है साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि दो महान हस्तियों के नाम को मिलाकर गंगदेव नगरी बनाया गया। उन्होंने कहा कि इटावा संस्कृति की एक राजधानी के रूप में उभर के आता है। उन्होंने कहा कि जिस भाषा एवं संस्कृति में हम पैदा हुए ये हमारी धरोहर है एवं उस भाषा को संजो कर रखना एवं उस संस्कृति को आगे बढ़ाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा कि देश के कानून के हिसाब से सुप्रीम कोर्ट की भाषा इंग्लिश भाषा है, लेकिन इसके बावजूद भी 16 अन्य भाषाओं में बहस की जाती है एवं सुप्रीम कोर्ट के सारे फैसले लिए जाते है।कार्यक्रम का संचालन डॉ.कुश चतुर्वेदी द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान पंकज मित्तल, राष्ट्र गौरव वसीम बरेलवी साहब, न्यायमूर्ति ब्रजराज सिंह, कवि पद्मश्री सुरेन्द्र शर्मा, गंग देव सम्मान प्रख्यात समीक्षक डॉ0 पवन अग्रवाल आचार्य लखनऊ विश्वविद्यालय, एयर मार्शल अमित तिवारी, संगीत निर्देशक संजीव कोहली, हिन्दी अनुरागी चिकित्सक डॉ0 शरद अग्रवाल, हिन्दी निष्ठ विधिवेत्ता धर्म नाथ प्रसाद यादव, हिन्दी निष्ठ न्यायमूर्ति चंद्र कुमार राय न्यायधीश इलाहाबाद उच्च न्यायालय, शिक्षाविद् हिन्दी सेवी विवेक मणि त्रिपाठी, कविवर डॉ0सुरेश नीरव, कथा शिल्पी श्रीमती ज्योत्सना सिंह, हिन्दी सेवी राम प्रकाश त्रिपाठी, हॉकी खिलाड़ी अशोक कुमार, हॉकी खिलाड़ी शकील अहमद, प्रवीण लेखक हरीश कुमार, कविवर श्री प्रमोद तिवारी हंस, शायर जनाब रईस इटावी, सुकवि अनिल मान मिश्र, सुकवि सुधीर मिश्र निश्चल घिरोर, युवा नाट्यकार रवीन्द्र चौहान, रजत सिंह जैन जिला जज इटावा, जिला अध्यक्ष अन्नू गुप्ता, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित कवि आदि उपस्थित रहे।

# हिंडाल्को रेणुकूट प्रतिष्ठित IGMC गोल्ड अवॉर्ड से सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड की रेणुकूट एल्युमिना रिफाइनरी को IGMC (इंडियन ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग चैलेन्ज) गोल्ड अवॉर्ड फॉर ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान इंटरनेशनल रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर मैन्युफैक्चरिंग, इंडिया द्वारा पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाते हुए बेहतर और टिकाऊ तरीके से उत्पादन करने के लिए हिण्डाल्को को मुम्बई में आईटीसी मराठा में आयोजित एक कार्यक्रम में दिया गया है। यह अवार्ड हिण्डाल्को की ओर से प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए अल्युमिना प्लांट हेड- रोहित चौरसिया एवं सिद्धार्थ तिवारी ने प्राप्त किया। गौरतलब है कि रेणुकूट एल्युमिना रिफाइनरी में ऊर्जा की बचत पर लगातार काम किया जा रहा है। उत्पादन प्रक्रियाओं को इस तरह बेहतर बनाया गया है जिससे कम ऊर्जा में अधिक कार्य हो सके। इसके साथ ही कचरे को कम करने, उसके दोबारा उपयोग और संसाधनों के सही इस्तेमाल पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस मौके पर एल्युमिना हेड रोहित चौरसिया ने कहा कि रिफाइनरी में सर्कुलर इकॉनमी से जुड़ी पहलों को अपनाया गया है, जिससे अपशिष्ट को उपयोगी संसाधन के रूप में दोबारा इस्तेमाल किया जा सके। पर्यावरण सुरक्षा को केवल योजनाओं तक सीमित न रखकर रोज़मर्रा के कामकाज का हिस्सा बनाया गया है।

यह उपलब्धि पर हिण्डाल्को के मुखिया समीर नायक ने रेणुकूट रिफाइनरी की पूरी टीम को बधाई दी एवं कहा कि यह उपलब्धि टीम के निरंतर प्रयास, अनुशासन और जिम्मेदारी का परिणाम है। टीम ने यह दिखाया है कि उत्पादन में उत्कृष्टता और पर्यावरण की देखभाल साथ-साथ की जा सकती है।

# व्यवसाय उत्कृष्टता मूल्यांकन 2025 के दौरान हुआ कार्यक्रम

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली में आयोजित व्यवसाय उत्कृष्टता मूल्यांकन 2025 के दौरान कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (CSR) के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर स्थानीय युवाओं को स्वरोज़गार एवं कौशल विकास के उद्देश्य से आयोजित मोबाइल रिपेयरिंग वर्कशॉप में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। यह पहल एनटीपीसी की समुदाय-केंद्रित विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके माध्यम से आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को तकनीकी कौशल से सशक्त बनाया जा रहा है। प्रशिक्षण में भाग ले रहे सभी लोगों को प्रशिक्षण किट भी प्रदान किया गया ताकि प्रशिक्षण में उन्हें सुविधा हो सके। इस अवसर पर टीम द्वारा सीएसआर के तहत फीटर एवं इलेक्ट्रीशियन प्रशिक्षण का उद्घाटन एवं भारतीय दिव्यांग टीम के सदस्य चंदन कुमार को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों द्वारा गठित क्वालिटी सर्कल समूह ने भी अपनी गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर आधारित प्रस्तुति दी, जिसमें स्थानीय स्तर पर समस्या समाधान, सहभागिता और निरंतर सुधार के प्रयासों को रेखांकित किया गया। व्यवसाय उत्कृष्टता मूल्यांकन के दौरान उपस्थित मूल्यांकनकर्ताओं ने इन सीएसआर गतिविधियों का अवलोकन किया तथा इन्हें सामाजिक उत्थान, कौशल विकास एवं सतत विकास की दिशा में एक सराहनीय प्रयास बताया।

## छात्रों ने विज्ञान मॉडल से दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

**चुर्क/सोनभद्र।** जय ज्योति इंटर कालेज चुर्क में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि वरिष्ठ महाप्रबंधक सुधीर मिश्रा का स्वागत जय ज्योति इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या अमीता पाण्डेय द्वारा फुलो की बुके देकर किया गया उसके बाद प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ महाप्रबंधक सुधीर मिश्रा द्वारा फीता काट कर किया गया इस मौके पर वरिष्ठ महाप्रबंधक सुधीर मिश्रा ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्र-छात्राओं से माडल के बारे में जानकारी ली। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं के उत्साह व ज्ञान को स्पष्ट रूप से देखा गया। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट हैबर बोर्ड, प्रोजेक्टर रोबोट, सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट तथा अमोनिया गैस का निर्माण के माध्यम से मांडल बनाकर अपनी बुद्धिमता का प्रदर्शन किया प्रधानाचार्या अमीता पाण्डेय ने कहा कि वैज्ञानिक युग में प्रोजेक्ट का बड़ा महत्व है।

# लापरवाही बरतने पर अधिकारियों को किया सचेत

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** राज्य सूचना आयुक्त उत्तर प्रदेश पदुम नारायण द्विवेदी की अध्यक्षता में आज सर्किट हाउस चुर्क में सूचना अधिकार अधिनियम के तहत सूचना आयोग उत्तर प्रदेश में लम्बित अपीलों/शिकायतों की समीक्षा बैठक किये। इस दौरान उन्होंने जनपद स्तर पर लम्बित अपीलों /शिकायतों के सम्बन्ध में जिला स्तरीय अधिकरी अधिकारियों से बारी-बारी से समीक्षा किये, उन्होंने कहा कि सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मांगे जाने वाले सूचनाओं को आवेदककर्ता को ससमय उपलब्ध कराया जाये। कार्यालय में उपलब्ध अभिलेख के आधार पर जन सूचना सम्बन्धित जानकारी/शिकायतों का निस्तारण किया जाये। उन्होंने कहा कि जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मांगी जाने वाली सूचना को निर्धारित समयावधि में ही निस्तारण कराया जाये, निस्तारण प्रक्रिया में लापरवाही व शिथिलता न बरती जायें। उन्होंने जनपद स्तरीय अधिकारियों को सचेत करते हुए कहाकि आयोग में जन सूचना सम्बन्धी प्रकरण कम जाये, सम्बन्धित अधिकारी अपने स्तर पर ज्यादातर प्रकरण का निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगें। उन्होंने कहा कि सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मांगी सूचना से किसी पीड़ित को मदद/न्याय मिल सकती है, इसलिए ससमय आवेदको को सूचना उपलब्ध करा दिया जाये। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि सबको ईमानदारी से कार्य करने की जरूरत है, किसी भी आवेदक को सूचना अधिकार अधिनियम के तहत दी जाने वाली छोटी सूचना पीड़ित के लिए एक मदद साबित हो सकती है, सूचना प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है, इसलिए मांगी गयी सूचना को निर्धारित समयाविध में उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति द्वारा बेवजह की सूचना मांग कर किसी विभाग को परेशान किया जाता है, तो सम्बन्धित अधिकारी आयोग के समक्ष प्रस्तुत होकर साक्ष्य सहित मामले का निस्तारण करा सकता है। उन्होंने कहा जो सूचना अभिलेख में दिया जा सकता है, उसे 30 दिन में सूचना देना सुनिश्चित किया जाये, जिससे प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सकें। इस मौके पर विधायक सदर भूपेश चैबे, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) वागीश कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रमेश चन्द्र सहित जिला स्तरीय अधिकरीगण उपस्थित रहें।

# विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई : मुख्यमंत्री

- जनता दर्शन में आई शिकायत पर सीएम योगी ने अधिकारियों को दिए निर्देश
- कड़ाके की ठंड में भी सीएम योगी ने किया जनता दर्शन, 250 लोगों की समस्याएं सुनीं सीएम ने
- घबराएं मत, हर समस्या का कराएंगे प्रभावी निराकरण: सीएम योगी



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि लोगों को विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एजेंटों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाय। ऐसे एजेंटों से पीड़ितों का पूरा पैसा भी वापस कराया जाय। उन्होंने विदेश भेजने के नाम पर फ्रॉड करने वालों को चिन्हित करने और उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लेने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश शनिवार सुबह कड़ाके की ठंड में आयोजित जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने करीब 250 लोगों से मुलाकात की। सीएम योगी ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का प्रभावी निराकरण कराया जाएगा। जनता दर्शन में आई एक महिला ने परिवार के एक सदस्य को विदेश भेजने के नाम पर एजेंट द्वारा ठगी किए जाने का मामला मुख्यमंत्री को बताया। इस पर मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को एजेंट के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और पीड़ित का पैसा दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला को भी समझाते हुए कहा, विदेश जाने के नाम पर एजेंटों के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। गलत तरीके से जाने पर लोगों को वहां जेल में रहना पड़ जाता है।

जनता दर्शन में आए पुलिस से जुड़े मामलों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि पीड़ितों की मदद में विलंब और लापरवाही कतई नहीं होनी चाहिए। जनता की समस्याओं के समाधान में किसी तरह की लापरवाही हुई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी तय है। मुख्यमंत्री ने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। हर पीड़ित की त्वरित मदद की जाए। उन्होंने जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधिसम्मत कठोर कदम उठाने के निर्देश दिए।

जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कुछ लोग इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध करा दें। इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त मदद की जाएगी। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को प्यार-दुलारकर सीएम योगी ने उन्हें स्कूल जाने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट दिया।

## अब 26 तक जमा होंगे मदरसों के ऑनलाइन फॉर्म

**लखनऊ।** मदरसा बोर्ड ने ऑनलाइन फॉर्म भरने कि तारिख 20 से 6 दिन बढ़ा कर 26 दिसंबर कर दिया है। मदरसा बोर्ड ने अंतिम तिथि में 6 दिन का इजाफा कर परीक्षार्थियों को फार्म भरने और परीक्षा शुल्क जमा करने का मौका दिया है। बोर्ड की परीक्षाओं का शुल्क 24 दिसंबर तक जमा किया सकेगा।मदरसा शिक्षा परिषद की वर्ष 2026 की परीक्षा के आवेदन पत्र मदरसा बोर्ड के पोर्टल पर ऑनलाइन भरवाने की प्रक्रिया 20 नवंबर से शुरू हुई थी।

परीक्षा के आवेदन पत्र मदरसा पोर्टल पर ऑनलाइन भरने की अंतिम तिथि 20 दिसंबर तय की गई थी, जबकि राजकीय कोष में परीक्षा शुल्क चालान के जरिये जमा करने की अंतिम तिथि 19 दिसंबर थी। अंतिम तिथि तक प्रदेश भर से करीब 54 हजार 200 ही फार्म ही भरे जा सके हैं। बोर्ड की रजिस्ट्रार अंजना सिरोही ने बताया कि कम संख्या को देखते हुए परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 24 दिसंबर और मदरसा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन फार्म भरने की अंतिम तिथि 26 दिसंबर की गई है। उन्होंने बताया कि मदरसों के प्रधानाचार्य आवेदन पत्रों को पोर्टल पर 29 दिसंबर तक लॉक कर सकेंगे।

# मनरेगा का नाम बदलने पर सड़क से लेकर संसद तक विरोध करेंगे : नासिर हुसैन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव व सांसद सैयद नासिर हुसैन ने केन्द्र की मोदी सरकार पर गरीब भारतीयों से काम का अधिकार छीनने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने मनरेगा में सुधार के नाम पर महात्मा गांधी की सोच को खत्म करने और गरीब भारतीयों से काम का अधिकार छीनने की जान-बूझ कोशिश की है। शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हम इस जन-विरोधी, श्रमिक-विरोधी और संघीय-विरोधी हमले का हर मंच पर, सड़क से लेकर संसद तक विरोध करेंगे। वहीं उन्होंने नेशनल हेराल्ड मामले में बोलते हुए कहा कि 12 साल बाद कांग्रेस को टारगेट करने के लिए मोदी सरकार का नेशनल हेराल्ड केस का बेशर्मी भरा हव्वा बेइज्जती के साथ खत्म हुआ। सैयद नासिर हुसैन ने कहा कि मनरेगा गांधी जी के ग्राम स्वराज, काम की गरिमा और डिसेंट्रलाइज्ड डेवलपमेण्ट के सपने का जीता-जागता उदाहरण है। लेकिन मोदी सरकार ने न सिर्फ उनका नाम योजना से हटा दिया बल्कि 12 करोड़ नरेगा मजदूरों के अधिकारों को भी बेरहमी से कुचला है। नरेगा करोड़ों ग्रामीण परिवारों के लिए लाइफलाइन रहा और कोविड-19 महामारी के दौरान आर्थिक सुरक्षा के तौर पर जरूरी साबित हुआ। 2014 से पीएम मोदी मनरेगा के बहुत खिलाफ रहे हैं। उन्होंने इसे कांग्रेस की नाकामी की जीती-जागती निशानी कहा था। पिछले 11 सालों में मोदी सरकार ने मनरेगा को सिस्टमैटिक ढंग से कमजोर किया और तोडफ़ोड़ की। बजट में कटौती से लेकर राज्यों से कानूनी तौर पर जरूरी फण्ड रोकने, जॉब कार्ड हटाने और आधार बेस्ड पेमेण्ट की मजबूरी के जरिए लगभग 7 करोड़ मजदूरों को बाहर करने तक। जान-बूझ कर किये गये इस दबाव के नतीजे में पिछले 5 सालों में मनरेगा हर साल मुश्किल से 50 से 55 दिनों तक सिमट गया। उन्होंने कहा कि मनरेगा को सोच-समझ कर खत्म करना सत्ता के नशे में चूर एक तानाशाह सरकार की बदले की कार्रवाई के अलावा और कुछ नहीं है। उन्होंने नेशनल हेराल्ड केस में बोलते हुए कहा कि मोदी-शाह की बदले की राजनीति को तब बड़ा झटका लगा जब ईडी के सोनिया, राहुल गांधी व दूसरों के खिलाफ दर्ज केस को न्यायालय ने खारिज कर दिया। वोट चोर सरकार ने तो अपने एक कठपुतली की शिकायत भी चुरा ली और एक बार फिर एनफोर्समेण्ट डायरेक्टरेट (ईडी) की साख को रौंद डाला।

नासिर हुसैन ने कहा कि सोनिया गांधी और नेता विपक्ष राहुल गांधी को निशाना बनाने वाला राजनीति से प्रेरित केस कभी भी कानून से जुड़ा नहीं बल्कि निजी नफरत से प्रेरित था। राहुल गांधी ने जब भाजपा की वोट चोरी का पूरी तरह पर्दाफाश किया तो मोदी सरकार के पास प्रपंच और झूठ फैलाने के सिवा कोई चारा नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी भाजपा की धमकाने वाली एजेंसी बन कर रह गयी है। मोदी-शाह सरकार ने सालों से गांधी परिवार को परेशान करने के लिए ईडी, सीबीआई और इंकम टैक्स विभाग को एक साथ लगा रखा है।

# हिजाब खींचने के मामले में मायावती ने सत्ता और विपक्ष को घेरा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में मुस्लिम महिला का जिहाब खींचने मामले में उत्तरप्रदेश कि पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा सुप्रीमो मायावती ने सत्ता और विपक्ष दोनों को घेरा है मायावती ने इस मामले पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि यह मामला सुलझने के बजाय मंत्रियों और अन्य नेताओं की बयानबाजी के कारण लगातार तूल पकड़ता जा रहा है, जो दुखद और उन्होने कहा कि अन्य नेताओं की बयानबाजी के कारण लगातार तूल पकड़ता जा रहा है, जो दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। मायावती ने बहराइच मामले पर नाराज़गी जताते हुए कहा कि मायावती ने कहा कि यह मामला महिला सुरक्षा और सम्मान से जुड़ा है और मुख्यमंत्री के सीधे हस्तक्षेप से इसे अब तक सुलझ जाना चाहिए था। उन्होंने सुझाव दिया कि मुख्यमंत्री इस घटना को सही परिप्रेक्ष्य में देखकर पश्चाताप करें और बढ़ते विवाद को समाप्त करने का प्रयास करें। इसके अलावा बसपा सुप्रीमो ने यूपी के बहराइच जिले में पुलिस परेड के दौरान स्थापित परंपराओं और नियमों से हटकर एक कथावाचक को सलामी देने के मामले को भी गंभीर बताया है। उन्होंने कहा कि पुलिस परेड और सलामी की अपनी मर्यादा, अनुशासन और पवित्रता होती है, जिनके साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। मायावती ने यूपी विधानसभा के 19 दिसंबर से शुरू हुए संक्षिप्त शीतकालीन सत्र पर भी टिप्पणी की है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि यह सत्र भी पिछले सत्रों की तरह जनहित और जनकल्याण के मुद्दों से दूर रहा है। उन्होंने किसानों की खाद की समस्या सहित अन्य जनसमस्याओं पर सरकार की जवाबदेही की कमी पर सवाल उठाए हैं।

## त्रैमासिक गोष्ठी पुलिस लाइन लखनऊ में सम्पन्न

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस पेंशनर कल्याण संस्थान, जनपद इकाई लखनऊ की त्रैमासिक गोष्ठी आज पुलिस लाइन लखनऊ में उपाध्यक्ष मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। गोष्ठी में पेंशनर एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में पेंशनरों ने सहभागिता की बैठक के दौरान पेंशनरों से प्राप्त विभिन्न प्रार्थना पत्रों पर विचार-विमर्श किया गया गोष्ठी में एसीपी अकाउंट, कमिश्नरेट लखनऊ एवं चिकित्सा अधिकारी महोदय भी उपस्थित रहे, जिन्होंने पेंशन एवं चिकित्सा से जुड़े विषयों पर जानकारी दी और पेंशनरों की समस्याओं को सुना इसके अतिरिक्त पेंशनर अरविंद कुमार वर्मा के व्यक्तिगत प्रकरण में उपाध्यक्ष द्वारा पुलिस अधीक्षक उन्नाव से दूरभाष पर वार्ता कर उनके प्रार्थना पत्र के शीघ्र निस्तारण हेतु अनुरोध किया गया।

# भाजपा की बैठक में संगठन और चुनाव पर मंथन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** पंकज चौधरी के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद आज शनिवार को पहली बैठक है जिसमे प्रदेश में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के साथ हुई इस बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विशेष रूप से मौजूद रहे इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, बीजेपी महासचिव गोविन्द नारायण शुक्ल समेत उत्तर प्रदेश बीजेपी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।। एक घंटे तक चली इस बैठक को संगठनात्मक और राजनीतिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि संगठन और सरकार आपसी तालमेल के साथ कार्य करें, ताकि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं प्रभावी रूप से जनता तक पहुंच सकें। संगठनात्मक मजबूती और सरकार के कामकाज को लेकर गहन चर्चा की गई।

बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संगठनात्मक जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना संगठन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।सरकार के स्तर पर चल रही प्रमुख योजनाओं, कानून-व्यवस्था की स्थिति और प्रशासनिक निर्णयों पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संगठन और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर बल दिया, ताकि शासन व्यवस्था और अधिक प्रभावी हो सके। बैठक में एसआइआर समेत कई अहम विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। संगठनात्मक कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियानों और सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखने की रणनीति पर भी विचार किया गया। बैठक में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर जनता से सीधा संवाद बनाए रखें। साथ ही यह भी कहा गया कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचे, इसके लिए संगठन को जमीनी स्तर पर निगरानी करनी होगी।

नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या संगठन और सरकार के बीच समन्वय की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक का उद्देश्य आगामी राजनीतिक तैयारियों के साथ-साथ सरकार और संगठन की साझा कार्ययोजना को मजबूत करना रहा।

# अपराधियों को बचा नहीं पाएगी अखिलेश यादव एंड कंपनी: केशव

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कोडीन कफ सिरप मामले में सत्ता पक्ष विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के राष्ट्रिय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर हमलावर है आज उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा की अपराधियों को बचा नहीं पाएगी अखिलेश यादव एंड कंपनी उन्होने कहा की जो भी दोषी पाया जाएगा, चाहे वह कोई भी हो, उसे उल्टा लटकाकर सीधा किया जाएगा और उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस और प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जांच चल रही है। इस अपराध में शामिल लोगों को अखिलेश यादव एंड कंपनी नहीं बचा पाएगी।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस और ईडी मामले की जांच कर रही हैं और अपराध में शामिल किसी भी व्यक्ति को अखिलेश यादव एंड कंपनी नहीं बचा पाएगी। केशव मौर्य ने आरोप लगाया कि सपा सुप्रीमो चोरी और सीनाजोरी की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह अपराध समाज के साथ द्रोह है और सिरप के नाम पर जहर पिलाने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। एक-एक दोषी को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई होगी।माफिया और सपा एक-दूसरे के बिना रह ही नहीं सकते हैं। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव चोरी और सीनाजोरी के रास्ते पर चल रहे हैं।

## ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत, दोस्त गंभीर

**लखनऊ।** राजधानी के दुबग्गा थाना क्षेत्र के हरदोई रोड बाजनगर स्थित आउटर रिंग रोड अंडरपास के नीचे शुक्रवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। गलत दिशा से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक के पीछे बैठे युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार हरदोई जिले के संडीला थाना क्षेत्र के भगवंतपुर निवासी पुनीत सिंह (26) लखनऊ के चारबाग स्थित एक होटल में मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। शुक्रवार रात वह अपने दोस्त विपिन के साथ बाइक से लखनऊ आ रहे थे। बाजनगर आउटर रिंग रोड अंडरपास के पास गलत दिशा से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पुनीत ट्रक के नीचे आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि विपिन उछलकर सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया।

# उर्स के समापन पर देश-प्रदेश में अमन-चैन, तरक्की की दुआ

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** शाह दोस्त मोहम्मद उर्फ दोसी बाबा का तीन दिवसीय सालाना उर्स शनिवार को सम्पन्न हुआ। उर्स के आखिरी दिन डालीगंज के खदरा टीजी हॉस्टल स्थित मजार पर अकीदतमंदों ने पहुंच कर मजार पर चादर चढ़ाई और दुआएं मांगी। उर्स का समापन कुल की महफिल से हुआ जिसमें मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली ने तिलावते कलामे की। उर्स के समापन पर मौलाना ने देश-प्रदेश में अमन-चैन, तरक्की, बीमारों की सेहतयाबी और आपसी भाईचारे की विशेष दुआएं कराई। उर्स के समापन की महफिल को खिताब करते हुए मौलाना अबुल इरफान ने कहा कि रसूल ने फरमाया कि तुम में से कोई मोमिन न होगा जब तक मैं उसके लिए उसके मां-बापस और औलाद में सबसे ज्यादा महबूब न हो जाऊं। उन्होंने कहा कि जो लोग अल्लाह और रसूल की मुखालफत करें और ईमान पर कुफ्र पसंद करें उनसे दोस्ती और मोहब्बत रखना जायज नहीं बल्कि जुल्म और बेदीनी है। मौलाना ने लोगों से रसून की सीरत के बारे में पढने, सुनने और समझ कर अपनी जिंदगी में अमल करते हुए अमन, मोहब्बत और तालीम को आगे बढ़ा कर अल्लाह और उसके रसूल के गुलामों में अपना नाम दर्ज कराने की अपील की। महफिल में मुख्य रूप से मौलाना अबुल हसन मोहम्मद निजामुद्दीन फिरंगी महली, उमर मियां, हाफिज अतीकुर्रहमान, मौलाना अफ्फान अतीक फिरंगी महली, मोहम्मद सगीर खान, मोहम्मद फारुक उर्फ बाबू, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद इश्तियाक, हाफिज शकील निजामी, वारिस अली एडवोकेट, फैजान फिरंगी महली सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# पीआईएल का मक़सद गरीबों को न्याय दिलाना: जस्टिस नक़वी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत के पूर्व प्रधान न्यायमूर्ति, जनहित याचिका के जनक स्वर्गीय पी.एन. भवगती के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर कैण्ट के तोपखाना बाजार स्थित भगवती पब्लिक इंट्रेस्ट फाउण्डेशन के मुख्यालय में गोष्ठी आयोजित की गयी। इस मौके पर भगवती पब्लिक इंट्रेस्ट फाउण्डेशन के मुख्यालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन पूर्व न्यायाधीश बी.डी. नकवी और पीआईएल एक्टिविस्ट रीपक कंसल ने किया। उद्घाटन के बाद जनहित समागम भोज आयोजित हुआ। गोष्ठी का संचालन अरुण कुमार मिश्रा एडवोकेट ने किया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जस्टिस बी.डी. नकवी ने कहा कि पीआईएल की शुरूआत न्याय से वंचित गरीबों, मजलूमों, पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया, जिसका श्रेय स्वर्गीय पी.एन. भगवती को है। आज बड़े से बड़ा मामला पीआईएल के जरिए हल हो रहा है और आम जनता को इसका लाभ मिल रहा है। फाउण्डेशन के महामंत्री व पीआईएल एक्टिविस्ट नुसरत अली ने बताया कि गोष्ठी को अवध बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष आनन्द मणि त्रिपाठी, पीआईएल एक्टिविस्ट एडवोकेट रीपक कंसल ने भी सम्बोधित किया। गोष्ठी में अवध बार एसोसिएशन के महामंत्री ललित तिवारी, जी.एन. शुक्ला चच्चू, मोहम्मद शमीम, आरिफ खान, ओंकार सिंह, किरन पाल, सलमा बानो, विष्णु प्रताप सिंह, ज्योति राजपूत सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण व स्थानीय नागरिक मौजूद थे। नुसरत अली ने अतिथियों का आभार जताते हुए कहा कि अधिवक्ता समाज एकजुट होकर समाज के गरीब, कमजोर वर्ग को न्याय दिलाने के लिए आगे आएगा तो निश्चित तौर पर सभी को आसानी से न्याय मिल सकता है।

# आई आई एम ए वेंचर्स ने भारत को-ऑपाथॉन 2025 की शुरुआत की

**नई दिल्ली।** नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड , जो देश के अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों का अम्ब्रेला ऑर्गेनाइजेशन है, ने IIMA वेंचर्स के साथ मिलकर भारत को-ऑपाथॉन 2025 की शुरुआत की है। यह चयन-आधारित पहल प्रतिभाशाली इन्नोवेटर्स को अपने कंप्लायंट, स्केलेबल और कम लागत वाले डिजिटल समाधान CBs में लागू करने का अवसर देगी और अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों में डिजिटल बदलाव की गति को तेज करेगी। इस पहल में स्टार्ट-अप्स, फिनटेक कंपनियाँ, टेक्नोलॉजिस्ट्स, प्रोडक्ट टीम्स और डेटा इनोवेटर्स CB इकोसिस्टम के अनुरूप अपने समाधान प्रस्तुत करने के लिए भाग ले सकेंगे।

भारत को-ऑपाथॉन 2025 का उद्देश्य UCBs को उनके बैंकिंग सिस्टम को बेहतर बनाने, रिस्क मैनेजमेंट मजबूत करने और कामकाज को आधुनिक बनाने में मदद करना है। कार्यक्रम में शामिल सभी समाधान पारदर्शी तरीके से और तय मानदंडों के अनुसार परखे जाएंगे, जिनमें इनोवेशन, सुरक्षा, नियमों का पालन, बड़े पैमाने पर लागू करने की क्षमता और उपयोगिता शामिल होगी। इस पहल का उद्देश्य अर्बन कोऑपरेटिव बैंकिंग सेक्टर में वित्तीय समावेशन को गहरा करना, गवर्नेंस मानकों को मजबूत करना और दीर्घकालीन विकास को सुदृढ़ करना है। इसमें साइबर सुरक्षा ढांचे पर विशेष जोर दिया जाएगा, जिसमें डेटा संप्रभुता, ग्राहक सुरक्षा और नियामक अनुपालन शामिल हैं।

इस पहल के बारे में बात करते हुए, NUCFDC के सीईओ प्रभात चतुर्वेदी ने कहा, अर्बन कोऑपरेटिव बैंक भारत के वित्तीय समावेशन के एजेंडे में महत्वपूर्ण संस्थान हैं और लंबे समय से समुदाय-आधारित फाइनेंस का केंद्र रहे हैं। जहाँ बड़े CBs ने डिजिटल तकनीक अपनाने में प्रगति की है, वहीं कई छोटे और मध्यम बैंक अब भी सीमित तकनीकी ढांचे के साथ काम कर रहे हैं।

# स्वस्थ नागरिक, स्वस्थ भारत की बुनियाद हैं: डॉ. हाशमी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मौलाना आज़ाद मेमोरियल अकादमी, लखनऊ तथा स्टेट तकमील-उत-तिब्ब कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सहयोग से भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर स्वस्थ नागरिक, स्वस्थ भारत – अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों के आलोक में विषय पर एक संगोष्ठी के साथ-साथ चिकित्सा जागरूकता शिविर का आयोजन मौलाना आज़ाद मेमोरियल अकादमी, औरंगाबाद खालसा, लखनऊ के प्रांगण में किया गया। संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि अकादमी के महासचिव डॉ. अब्दुल क़ुद्दूस हाशमी ने भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वाजपेयी जी का मानना था कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके स्वस्थ नागरिक होते हैं। राष्ट्रीय विकास तभी मजबूत हो सकता है जब जनता शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हो। डॉ. हाशमी ने कहा कि वाजपेयी जी सदैव जनस्वास्थ्य, प्रदूषण-मुक्त वातावरण, बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं तथा रोग-निवारण पर विशेष बल देते रहे। उन्होंने कहा कि ÷स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ भारत की बुनियाद हैं – यही उनकी समग्र सोच की सशक्त अभिव्यक्ति है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति के स्वास्थ्य को राष्ट्रीय प्राथमिकता माना गया है। स्टेट तकमील-उत-तिब्ब कॉलेज एंड हॉस्पिटल की प्रभारी प्रोफेसर सफ़िया लोखंडे ने चिकित्सा जागरूकता शिविर के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि कॉलेज द्वारा विभिन्न स्थानों पर आयोजित जागरूकता एवं चिकित्सा शिविरों का उद्देश्य आम जनता को जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों, जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप और मोटापे के प्रति जागरूक करना है, ताकि लोग समय रहते आवश्यक एहतियाती उपाय कर सकें। संगोष्ठी को प्रोफेसर सफ़िया लोखंडे के अलावा डॉ. मोहम्मद साक़िब, डॉ. फ़ारिया खातून, डॉ. उबैदुर्रहमान, डॉ. अब्दुल अज़ीम, डॉ. आफ़िया हैदर तथा डॉ. अतीक़ा ने भी संबोधित किया और अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए स्वास्थ्य, जीवनशैली और निवारक चिकित्सा के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए।

# अम्बर फाउंडेशन ने बांटे स्वेटर

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सर्दी में नौनिहालों को ठण्ड से बचाव के लिए अमबर फाउंडेशन के स्वेटर वितरण का कारवां इस साल भी जारी है विगत दिवस कई स्कूलों में जारी स्वेटर वितरण का कारवां आज गौघाट स्थित , बेसिक कन्या पाठशाला के निकट, वार्ड दौलतगंज में किया गया।

यह कार्यक्रम आज एन.जी.ओ. गोविंद सेवा संस्थान, उत्तर प्रदेश के सहयोग से संपन्न हुआ।

संसथान के संरक्षक संजय मिश्रा (एडवोकेट), अध्यक्ष आशा मिश्रा एवं सचिव रवि मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति में यह सेवा कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर अम्बर फ़ाउंडेशन की ओर से मुख्य अतिथि नवाब अली अकबर साहब (उतरौला हाउस) उपस्थित रहे। अम्बर फ़ाउंडेशन के मुख्य सदस्य समर मेहंदी तथा फ़ाउंडेशन की एजुकेशन हेड शाज़िया हसन ने भी कार्यक्रम में सहभागिता कर इसकी शोभा बढ़ाई। इस कार्यक्रम में वार्ड दौलतगंज के पूर्व पार्षद राम अवतार कनौजिया एवं श्रीमती रानी कनौजिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान गौघाट क्षेत्र की पुलिस चौकी के पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

अम्बर फ़ाउंडेशन के संस्थापक वफ़ा अब्बास ने बच्चों से आत्मीय संवाद किया, उनसे कई प्रश्न पूछे और उन्हें पढ़ाई के महत्व को सरल शब्दों में समझाया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह मजबूत आधार है जो बच्चों को आत्मनिर्भर बनाकर उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाती है।

वफ़ा अब्बास ने कहा कि हर वर्ष सर्दियों में बच्चों के लिए यह सौग़ात लेकर आना अम्बर फ़ाउंडेशन की निरंतर प्रतिबद्धता है। बच्चों की ज़रूरतों को समझना, उनके भविष्य के बारे में सोचना और सही समय पर सहायता पहुँचाना ही इस पहल का मुख्य उद्देश्य है।